Research & Compilation : 14

SHUKLA YAJURVED

Rudrasukta-Satarudriyam-Rudrapaath

Myths & Reality

Rudra : The Primordial Sat & Rt, Creator of The Panch Bhoot & Tri Tattva

शुक्ल यजुर्वेद

रुद्रसूक्त-शतरुद्रियम-रुद्रपाठ

Research & Compilation : 14

SHUKLA YAJURVED
Rudrasukta-Satarudriyam-Rudrapaath
Myths & Reality
Rudra : The Primordial Sat & Rt, Creator of The Panch Bhoot & Tri Tattva

शुक्ल यजुर्वेद
रुद्रसूक्त-शतरुद्रियम-रुद्रपाठ

Research & Compilation

Ram Shastri

Rashtriya Adhyatmik Punarjagran Abhiyan, India

Publisher :
Rashtriya Adhyatmik Punarjagran Abhiyan,
Spiritual Think Tank of India
National Spiritual Rejuvenation Abhiyan, Charitable Trust,
71, Arya Nagar, Alwar 301001, NCR, Rajasthan, India
+91-9810267700
adhyatmikpunarjagran@gmail.com

Photo - Paintings	: All Courtesy
Editorial Advisor	: Smt. Shubhra Dutt Surolia
English Bhavanuvad Advisor	: Sri Atul Cowshish
Samasodhan	: Dr. Narain Behari Sharma
Guidance :	: Prof. Bharat Bhushan Vidyalankar
	: Acharya Ravi Shankar Shastri Shankaracharya Peeth Pandit

Sincere Thanks for research and reference :
Brahmaleen Jagadguru Shankaracharya Swami Swaroopnand Saraswati, Rajguru Pandit Vidyanath Ojha (Jaipur), Mahant Kailas Nath Yogi, Sri Tipoo Joshi (Jaipur),Mahant Ghanshyam Das (Parashar), Prof. Ila Ghos, Dr. Shyam Sharma, Dr. Sadanand Tripathy, Sri Dharma Veer Panchal Kailasi, Ms Anamika Acharyji, Smt. Sakila Bijoy, Sri P.D. Sharma IITian, Sh. Mahendra Singh, Pandit Ramji Shukla, Ms. Jyotsna Pandey, Sri Vikram Bhardwaj
Sri Tej Karan Jain, Sri Kishor Lal, Sri Amit Goel
Smt. Sudha Shastri
Vikram Samvat 2082

An Offering To Rudra

रुद्र
को सादर समर्पित

Mrityunjaya Rudra
मृत्युजंय रुद्र

Kirata Roopi Rudra & Rudrani

किरात रूप रुद्र एवं रुद्राणी

Author of Paramasambhoo Mahiman Strotra : Brahma Rishi Durvasa
परमशम्भु महिम्न स्तोत्र रचयिता : ब्रह्मऋषि दुर्वासा

Author of Shivmahiman Strota : Yakshraj Pushpdant
शिवमहिम्न स्तोत्र रचयिता : यक्षराज पुष्पदंत

Rudra killing Yamaraj
रुद्र द्वारा यमराज वध

Sister of Vaidic Rudra Ambika
वैदिक रुद्र की भगिनी अम्बिका

Ardhanarishvar
अर्द्धनारीश्वर

Rudra Sabha Kailash
रुद्र सभा कैलाश

Rudra with Bhringi Rishi
रुद्र एवं भृंगी ऋषि

Harihar
हरिहर

Siva Manifests before Penancing Sati
तपस्विनी सती के सामने शिव का प्राकट्य

Rudraveena
रुद्रवीणा

Rudrabhakt Ravana
रुद्र भक्त रावण

Ravana Pleasing Rudra Paramesthi by secrificing his Head
लंकेश्वर रावण द्वारा रुद्र परमेष्ठी को प्रसन्न करने के लिये सिर अर्पण

Rudra Punishes Kamdev
रुद्र शिव द्वारा कामदेव देहन

Rudra Holding Brahma's Fifth Head
रुद्र द्वारा प्रजापति ब्रह्मा का सिर विच्छेद

Rudra Shiv Blessing Vishnu
रुद्र शिव द्वारा विष्णु को प्रसन्न होकर सुदर्शन चक्र देना

Ekapada Rudra
एकपद रुद्र

Rudra destroying Daksh Prajapati Yajna
रुद्र द्वारा दक्ष प्रजापति यज्ञ विध्वंस

After destroying Daksh Prajapati Yajna : Rudra & Dakshayani
दक्ष यज्ञ विध्वंस के बाद : रुद्र शिव एवं दक्षायनी

Rigved : Rudra Consumed The Halahal Poision
ऋग्वेद : रुद्र द्वारा हालाहल विषपान

Dakshinamurti Rudra Shiv
दक्षिणामूर्ति रुद्र शिव

Nandi Devta
नंदी देवता

Gandharva Devta
गन्धर्व देवता

Elephenta Caves : Rudra Statue
एलिफेन्टा गुहा में रुद्र प्रतिमा

Rudra

The Primordial Sat & Rt,
Creator Of The Panch Bhoot & Tri Tattva

The three Vedas—Rk, Yaju and Saam—reveals that Adi Rudra Mahabhoot was present before the creation of the five Bhootas.

This single Aditattva was present everywhere in Paramvyom. The hymn of creation (Nasdiya Sukta) informs us that before the creation of the universe, truth and untruth, light and darkness were and were not present. In other words, there was no other basis for the existence of the five Bhootas—sky, wind, fire, water, earth (Aakash, Vayu, Agni-Tej, Aapah-Jal, Prithivi) and Tritattva (truth, passions, darkness - Sat, Rajas, Tamas).

Aditbhoot, Aditattva, Anadi, Akhand, Sarvavyapt, Ananat Shaktiman, Avyakt, Mahaurja Roopi Mahachetna, Mahaprakriti Adirudra was present in Paramvyom. In other words, Adisristi is indeed Adirudra. From this basis or the main Mahatattva were born five Bhootas and Tritattva respectively. Adirudra was the base of all Bhootas and Tattvas. Because of the excess of the relevant Bhoota their names, attributes and power etc were separated. By this, the foundation of all the five Bhootas remained Adibhoot Rudra. Similar is the situation about the Tritattvas. This is the main reason, the Adibhoot Rudra is identified with every Vaidik God. The allegorical language of the Vedas enforces this truth by stating that "Rudra predominates the heart of all the Gods".

The layers of the secret of Adirudra knowledge are revealed in Rigveda’s Purushsukta, Hiranayagarbhsukta, Vaksukta, Vishvakarmasukta, Prajapatisukta, Nasdiyasukta, Asayavamasyasukta, Martandotpattisukta etc. A common philosophical stream flows through all these Suktas according to which the core of the Sristi consists of a single Aditattva (Mahatattva and Prakrititattva). The desire for this Aditattva, Adibhoot, Adiurja led to the creation of Gods along with infinite

universe and other creations. It means that form assumed by a Devta is determined by the powers of different characteristics of Aditattva-Rudra.

With Gyanmaya and Atmik contemplation, the Adibhoot Aditattva, Adirudra performed Atmayajna as a Virat Purush. The universe was created with the help of Atmayajna. As a result, Virat Purush, Adibhoot Aditattva Adirudra himself adopted different forms and shapes. This Adibhoot Adirudra Parmesthi is known by different names. It is confirmed in the 164th Suktas's sixth Richa in Rigveda's first chapter. Scholars of Brahma address the Parbrahma or Parmesthi by different names—Vayu, Varun, Aryama, Mitra, Agni, Indra, Yam etc. Indra Mitram Varunmagnimahuratho Divyah S Suparno Garutman. Ekam Sadvipra Bahudha Vedatyagniam Yamam Matrishvanmahuh. (Rigveda 1.164.6)

In a sublime way, the Mantradrasta Rishis referred to Rudratattva as Mooltattva. Rt (Rit) tattva is the fundamental Chittatattva located in the universe. Rt Tattva (Rt - Cosmic Order, Eternal Law, The Principle of Natural Order, Universal Nature's Order) (Rt - Gati, Samghatno, Viyiti) is the foundation of the perception and retention of the universe. According to the Vedas, Rt Tatva has remained uninterrupted throughout the three eras. Both the Gods and mankind are obliged to follow the Rt Tattva. From Anadikal, Rt Tattva is the description of the knowledge of the real elements (tattvas). Satya is a form of Rt Tattva. It is the proper accomplishment of proven elements. Violation of the rules of Rt Satya is prohibited. Not obeying the vow is Anart. Apaurooshay Veda holds upholding the truth -

satya and Rt most important for both the Gods and human kind. According to the Vedas, at the time of the incarnation of the universe "Rtam Cha Satyam Cha" was the base. The violators of the rules of the truth -satya and Rt were called ‘Dasyu’.

Rigveda’s Adirudra is the ultimate truth - satya and Rt. Rigveda presents Rudra as the highest punishment giver: ‘Rudra Nyaydhishah’ (Rigveda 1.114.3). Being numerous-eyed, Rudra is able to keep day and night vigil on activities of everyone in the universe. Account of every truth and untruth by mankind is being kept. The divine guptchar ie. detectives of the Rudra in the form of Vayu, Agni, Varun, Sun etc. are compiling details of the activities of mankind. Guptchar Detectives of the Rudra-like Varun are spread in the universe in various forms. No activity of the man is hidden from the innumerable rays of the sun. The Rudra form of Vayu is evaluating the misconduct and good conduct of human beings. Marut, the son of Adirudra, is present everywhere in the mortal world. Rudra, the divine giver of highest punishment, always wears the bow and arrow. He reacts with lighting speed Vidyut Vajra or Baan. The Sun God presents a report on daily activities at sunset to Rudra-like Varun. The Vedas prescribe punishment for wrong deeds. It is the duty of the highest punishment giver to punish those who stray from the path of the Rit satya. Neither Rudra-like Varun nor Rudra hesitate to award punishment.

Vaidik gods faced extraordinary trouble due to the departure of the Prajapati towards his own daughter for sexual desire. The Vedas tell us that Prajapati is a son of Rudra. Who will punish Prajapati for this crime? No god had this capability. Taranhar

Adirudra overcame this grave crisis by killing Prajapati as punishment and re-established moral values. This is a high mark of moral awakening of Vaidik Rudra. Rigved mentions that Rudra consumed poison with Keshi to establish Adiswaroop. In the same context is the description of the construction of impenetrable Tripur in Dyulok, Antariksh and Prithivi by Asurraj. All the Gods failed to penetrate Tripur. In the end, the Gods requested the all-capable Rudra to destroy the Tripur. Rudra demonstrated the extent of his best ability. His 'Yam' form indicates the god of death and the 'Amrit' form indicates Moksha.

Adirudra began to be called "Amritmaya" during the Rigveda era itself. Satyadharma Rudra was hailed as 'Omkar' (Pranav). The Triyambak form is not about three eyes but denotes father of all the three Loks. Triyambak Rudra is the controller of the universe, protection and total destruction. He was also fostering the existence of the three Bhuvans. All the three Loks, all gods and mankind tremble with fear when he is angry. He is the lord of life and death in the Mritunjaya Mantra. From Rigveda to Yajurveda, Rudra requests in most of the Richas two and four-legged beings to shun violence.

From the philosophical point of view, Rudra is the exponent of equanimity and true Dharma. Rudra is also—Adhisthata (Gritspati), Adigyani (Prachetas), Mahavidvan (Pulasti), preacher of the highest knowledge (Udgurman), Updehsak (Adhivakta), counsel for giving advice (Mantri), Prashansaniya (Shlokya), Updeshak (Paramarshak), creator of Bhuvans (Bhuvanani Chaklrip), father of Bhuvans (Bhuvanasya Pita), god of Bhuvan

(Bhuvanasya Ishanah Rudrah) etc. So, the secret of receiving enlightenment and divine knowledge lies with "**Rudravidya"**.

A glimpse of the Vishvaroop or universal nature of Rudra is clearly visible in the Richas of Rigveda. The Rudrasukta of Yajurveda (16th chapter) introduces the gigantic form of Adirudra and Sristi Vidya. Rudrasukta is the gateway to Rudravidya. Deep knowledge of the Vidyas of five Bhootas is a primary compulsion for Rudravidya. Perfect knowledge of the five Bhootas were couched in mysterious, diplomatic, speculative, symbolic, allegorical, multi-meaning, spiritual, expressive language. The Varun Vidya knowledge incorporating Surya Vidya of Madhu Vidya is Sutratmak in Veda. The question is what is Vaidik Madhu Vidya? It appears, the Mantradrashta Rishis kept the secrets of Rudravidya in an Indrajaal due to the Aditattva of Rudratattva.

It is astonishing that the Vedas include two contradictory forms. 'Aghor-Ghor' and 'Bhav-Sharva' of Rudra, these are two opposite forms of Rudra. Aghor means gentle and cool and Ghor means horrible, crude, destroyer. Bhav means convergence, genesis, birth and Sharva means destruction and killing. It lacks in the other prominent gods in Rigveda. In the same vein, one who makes other cry is Rudra. Just the opposite, "the one who spreads knowledge is Rudra". "Rudra! Rootah Satyopdesha. Raati Dadati Tatsambudho (Rigveda 1.114.3). "Roudayati iti Rudrah". Yajurveda says that one who destroys sorrow is called Rudra. Root Dukham Dravayati Rudrah. Ravanam Root Gyanam Rati Dadati (Yajurveda 16.1). Those who give rise to diseases are called Rudra. Rudra is the reason behind pollution,

contaminated water, land emitting foul smell, malpractices etc. Rudra Rogam Raati Dadati Iti Rudrah Rogoutpadak. Ye Dannasu Vividhyanti Patreshu Jananah (Yajueveda 16.39). Rudrah Raganam Pralaygrit (Rigveda 2.33.3). Adirudra is presented as a divine physician in Rigveda. He carries with him medicines that provide relief. On earth, he takes the form of Vaidya and physician. The Vaidik science has called divine physician Ashwino a sons of Rudra.

The inclusion of various characteristics - Satogun, Rajogun and Tamogun—in Adirudra comes as a surprise. He is an Ekadash being in the Vedas. Rudra Ekadash Prana (Yajurveda). Yajurveda mentions Rudra-like Vayu : Rudrah Pranarupa Vayah. Rudra is life. Rudra brings well-being, joy and happiness. "Rudraiya Sukham". "Rudrasaya Shivasya". "Rudra Shankaraya". The Vedas have compared the welfare-minded Rudra with the following words: Shiv, Shivtar, Shivtam, Shambhu, Midhustam, Shankar, Mayobahv, Masyaskar, Tvishimat, Shipivisht, Vidyutaya, Sahsarksh etc. Rudra is a means to remove the sorrows in the world. He is like Bhagwah Bhagwan, Ishan-Ishwar, Kalatamkasya Parmeshwar, Stotribh-Stuti and Rudra Vishwaroop. Virupaksha Rudra adopts different forms. According to the Vaidik science, the Mahavir who makes enemies cry is called Rudra. "Rodyati Shatrun Iti Rudra Mahavirah". Vaidik science says the judge who makes bad elements cry is called Rudra. "Rodyati Dushtan Iti Rudra Nyaydhish". In the Rudrasukta of Yajurveda, Rudra is the highest Brahm-Parbraham and Atyaroop Kanisth Deva. Besides, Rudra is also the Devsabha Adhyaksha and Ganadhipati.

A different kind of Rudra is inherent in inside human beings for which Rudra manifested in many forms. The Rudra is the lord of all the skills, modes, deeds, knowledge, business, agriculture, Shastra etc. of the universe. Rudra is master of all the creative work. The Vedas also present Rudra as a Rishi and a Kavi - poet. Thus, Rudra declares himself as the head of Sadkarm. As opposed to this, Rudra is also the lord of all the criminal activities and degenerates—thieves, looters, swindlers, tyrants, smugglers, dacoits, counterfeiter, deceiver, breaker of the law, courtesans and those who stray with lust. Rudra is the owner of all the things good or bad about mankind. He views everyone with equanimity, without any discrimination. Rudra creates agreements and disagreements. He gives harshest punishment according to the man’s guilt and when pleased awards riches, both spiritual and materialistic.

According to the Suktas in Rigveda and Yajurveda, Rudra is the overlord of the trees and also the tree itself. He has been called "Harikesh, Vanadhipati, Vrikshadhipati" the one with green hair. He also lords over the mountains - Nags. He is the Varun and Agni. In addition, he (Pashupati) is also the owner of animals like the bullock, horse etc. These descriptions make it clear that Rudra is entrenched equally in the root and the consciousness of the universe.

The Vedas say that the blue skies are the hair of the gigantic form of Rudra (Neel Shikhand) (Virat Purush). Absorbing water in the form of the sun, Rudra is Neelgreeva. The constellation in the sky is the garland of Rudra. The Rigveda Rudra appears obscure but as white as crystal and copper coloured with

glimpses of blood dripping. "Ambika", the sister of "self-illuminated Rudra" appears in Yajurveda. Rudra's Vahan is Mooshak. Devangana Ambika is a symbol of the "divine Matrashakti of the Vedas". The name of "Vaidik Chandipath has been given for the Vaaksukta of the Rigveda". Appearing in a Kensukta of Atharva Veda, Rudra (Yaksha Roop) deprives gods Indra, Agni, Vayu etc. of their pride.

The ‘Yavah’ power of Rudra of the Vedas is a matter for research. Rudra's Vahan Mooshak comes as a surprise in Yajurveda and Brahman texts. The trident is not the arm of Rudra in all the four Vedas. Yajurveda calls Rudra’s bow as "Pinak". Vaidik Rudra is Omkar. Adisurya Savita is constantly reciting the Pranav-Omkar, going by the Vedas. America’s NASA has recorded the sun’s sound with uninterrupted recitation of Omkar in the sun. Rigveda clearly preaches that "Rudra be searched in conscience".

According to the Atharvaveda, the Saptmurtti of the rule of Rudra finds mention in the different parts of the constellation in the universe. There is a sudden appearance of Ashtamurtti Rudra, Triyambak Hom, Shatrudiya Hom and Shulgav Hom in Brahman texts. All this is beyond the illusion of rituals. Western spiritual scholars indulged in disinformation on Shulgav etc. representing sacrifice of the bullock, though one of the titles of Rudra in the Vedas is "Rishabh". In the Vedas, Rishabh (bullock) has the form of Agni, Vaak and Ved. Rigveda has clearly instructed not to kill bullock, cow etc as it is prohibited. The word ‘Go’ has many meanings in the Rigveda. It means the power of the senses, knowledge, illumination, light rays, cow

etc. The word ‘Medh’ in the Vedas means no killing. It means increasing strength, improving intellect, being knowledgeable, intellectual, sacred, pure, new, religious, musician and righteousness. According to the Vaidik philosophy, the basic purpose of Yajna Hom is to do good deeds by Atmatyajna and dialogue with spiritual scholars. These efforts involve five prominent Mahayajna-Brahmayajna, Devyajna, Pitrayajna, Bhootyajna and Manushyajna. The Bhautikyajna is other form. The Shulgav Hom of Rudra in this context is a secret procedure.

From the Tattva element point of view, the mankind and living beings in the universe have the Rudra form. The elements are undivided from the Rudra. Rudra is cosmetic consciousness, intimate consciousness, mental consciousness, transcendental consciousness apart from individual consciousness and vital consciousness. Vaidik Rudra is a universal force, universal life, beyond the universe, uninspired and universality. That is why Vaidik Rudra is Durgrahya (imperceptible). Being transcendent in the Vedas, Rudra is described in Guhya - secretive style. Mantradrashta Rishis displayed highest poetic and creative intelligence in composing the Richas of Rudra. The Vaidik Rishis are transmitting Rudravidya through cosmetic intelligence, individual intelligence and individual consciousness. The Vedas explain in detail the cosmic consciousness and gods.

Pursuit of the four Vedas reveals that Rudra is Sarva Devamaya. Rudra includes all the Vaidik Gods. Even gods like Ganpati are portrayed in Rudra form in the Vedas or Rudra is Ganadhipati. Vaidik Mantradrashta Rishis interpreted all basic consciousness in the Rudra form. Aesthetics have been displayed in the

description of the jewels and beauty of Rudra. It is a repetition to say that Vaidik Rudra Tattva element is perceivable and Bhavagamya. Knowledge of Rudra can be gained only through conscious force - Chittshakti and spiritual sense of intelligence. Basically, description of Rudratattva is Shabdateet. The Upanishads have presented the philosophical and spiritual aspect of Rudra. It requires study of prominent 108 Upnishads and the unpublished 78 Upnishads.

The arrival of Vaidik Rudra was presented in a new form in Aagam. As a result, Rudramat or Shaivamat was born. Shaivamat presented the Vaidik context of Rudra’s killing of Prajapati as killing of lustful Brahma accompaning Saraswati. During the Rishikaal the sea churning (Samudra Manthan) took place because of the curse on Indra by Rishisherstha Durvasa. During the sea churning, first appeared the Kaalkoot poison. By consuming the poison, Shiva came to be known as Neelkanth. Shiva killed Tripurasur. It was Shiva who presented the Sudarshan Chakra to Vishnu. The moral climax of Shiva-Sharabh Swaroop came with killing of Vishnu's Narsinghavatar, Yam, Kamdev and Pataki Brahma. The Mahaganpati form of Rudra is a separate god and Uma-Parvati is the wife. ‘Ling’ worshiping became an import form of worshiping Shiva in Shaivamat during Puran era. The second important form of Rudramat-Shaivamat is worship of "Shakti". Mahamata Ambika of the Vaidik era is projected in a big universal form.

The descriptions in Nigam or Trayi Vedas were stretched in Purana, Ramayana, Mahabharata and Tantra. "This extension is opposite to Vaidik philosophy and Upasana". Here it will be

better to remember that according to Rigveda and Yajurveda Mantradrasta Rishis were the first one to praise Vaidik Rudra as Shiv - auspicious (Mangalam). Vaidik Rudra associated with Keshis and Munis and Shiva's Yoga exercises. It led to the emergence of Shiva's Mahayogi form in Pauranic era. Later, Upasana, the "basic Rudra element of ancient Vaidik Rudra disappeared".

The so-called Brahm scholars subscribing to Western values left no stone unturned to weaken the basic premise of Vaidik Rudratattva. They declared Rudra as a secondary God - Madhyam Devata and the Deva of Vidyut, storm and Jhanjhawat etc. Their argument was that the Rigveda had merely three Suktas of Rudra. Pardon! The first Bhoot Aakash has no independent Sukta in Rigveda. In the last Bhoot Prithivi also there is only one Sukta in Rigveda. Also, Rigveda has one Sukta each of Vayu and Vaat. Are the three Bhoots—Akash, Vayu and Prithivi—Gaun? No! Besides, Western scholars have been hopelessly unable to understand the difference between the various shades of the meaning of Sanskrit words—spiritual, philosophical, allegorical, symbolic, expressive, deep, mysterious, multi-meaning, decorative, esoteric, ornamental, coded, compact, symptomatic, secretive, condensed, expressional, phonetic and abbreviated. Commentators of Vaidik Kosha - Maharishi Yaska have accepted that they have been unable to find the meaning of many words used in the Vedas. That is why some Vaidik scholars had the temerity of calling Rudra the god of Akashiya Vidyut, Parvat, Aranya, Toofan (lighting, storm of wind, thunderbolt), mountains etc. This is the result of 'Yatha Drishti Tatha Shrishti' (our world view is

determined by our perception).The philosophy of Rudra did not manifest itself before him.

Parmesthi Rudra Vidya is the mainstay of the highest philosophy and spiritualism of Bharatvarsh, the spiritual guru of the world. Adigyani plead with Vagish Rudra to provide Tattvagyan to the world. To describe Rudra Vidya in words is impossible, like plucking stars from the sky. From the Vedottar era, Vaidik Saptrishis are imparting knowledge and training in Rudravidya in invisible, secret Ashrams (Kailash Himnad). The secret Brahmvid Sabha selects candidates for Rudravidya. Brahm scholars believe that Rudravidya can be assimilated only through acquiring Rudra form.

Rudravidya has outlined parts of the Tattvagyan of Adirudra. But much of Rudratattva still remains to be unveiled.

शोध सन्दर्भ : 14

रुद्र ही परम सत्य, ऋत पँचभूत, त्रि–तत्त्व रचयिता

त्रयी वेद–ऋक्, यजु, साम के अनुसंधान से अभूतपूर्व रहस्योद्घाटन होता है, कि पँच भूतों के प्रगटीकरण से पहिले आदिरुद्रतत्त्व, आदिमहाभूत रुद्र विद्यमान रहा। यह एकमात्र आदितत्त्व रुद्र परमव्योम में सर्वत्र रहा। नासदीय सूक्त के अनुसार सृष्टि रचना से पहिले सत्य एवं असत्य और अंधकार और

प्रकाश भी नहीं रहा अथवा रहा। अर्थात् ब्रह्माण्ड एवं सृष्टि की उत्पत्ति पँच भूत–आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथिवी और त्रितत्त्व–सत्, रजस, तमस के अस्तित्व का भी कोई ओर छोर नहीं रहा।

आदिभूत आदितत्त्व–अनादि, अखण्ड, सर्वव्याप्त, अनन्त शक्तिमान्, अव्यक्त, महाऊर्जा रूपी महाचेतना, महाप्रकृति आदिरुद्र परमव्योम में (अव्यक्त रूप में) विराजमान रहा। अर्थात् आदिसृष्टि आदिरुद्र ही है। मूल अथवा प्रधान ''महतत्त्व आदिरुद्र'' से क्रमशः पँच भूत और त्रितत्त्व प्रगट हुए। सभी भूतों एवं तत्त्वों का आदिरुद्र ही मूल रहा। किन्तु सम्बन्धित भूत के आधिक्य के कारण उनके नाम, गुण–धर्म, शक्ति आदि अलग–अलग हुए। परन्तु सभी पँच भूतों का आधार आदिभूत रुद्रतत्त्व रहा। यही स्थिति त्रितत्त्वों की रही। यही मूलभूत कारण है कि ''आदिभूत रुद्र का तादात्म्य प्रत्येक वैदिक देवता से है।'' वेद की अलंकारिक भाषा में इसी तथ्य को कहा गया है कि ''रुद्र सभी देवताओं के ह्रदय में विराजमान'' है।

आदिरुद्रविद्या के रहस्य दर रहस्य की परतों को ऋग्वेद का पुरुषसूक्त, हिरण्यगर्भसूक्त, वाक्सूक्त, विश्वकर्मासूक्त, प्रजापतिसूक्त, नासदीयसूक्त, अस्यवामस्यसूक्त, मार्तण्डोत्पत्तिसूक्त आदि खोलते हैं। इन सभी सूक्तों में एक ही दार्शनिक महाधारा का प्रवाह है। जिसके अनुसार सृष्टि के मूल में एक ही आदितत्त्व है (महतत्त्व एवं यही प्रकृति का आधार, महाप्रकृति तत्त्व है)। इस आदितत्त्व–आदिभूत–आदिऊर्जा की कामना से समस्त देवों सहित अनन्त ब्रह्माण्डों एवं अनन्त सृष्टियों की उत्पत्ति हुई। इसका अर्थ यह है कि आदितत्त्व रुद्र के विभिन्न कार्यों–शक्तियों के अनुरोध से धारित अलग–अलग नाम रूप हैं।

उस आदिभूत–आदितत्त्व–आदिरुद्र ने विशुद्ध ज्ञानमय, आत्मिक चिन्मय होकर विराट् पुरुष रूप से आत्मयज्ञ किया। आत्मयज्ञ से ही सृष्टि का निर्माण किया। परिणामतः विराट् पुरुष स्वरूप आदिभूत आदितत्त्व आदिरुद्र स्वयं असंख्य रूप धारण करके भिन्न–भिन्न संज्ञाओं का भाग एवं आकार बना। यह आदिभूत आदिरुद्र परमेष्ठी अनेक नाम रूपों से जाना जाता है। इसकी पुष्टि ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के एक सौ चौसठवें सूक्त की छठी ऋचा करती है : ''ब्रह्मविद एक ही परमब्रह्म अथवा परमेष्ठी को अनेक नामों–वायु, वरुण, अर्यमा, मित्र, अग्नि, इन्द्र, यम आदि नामों से सम्बोधित करते हैं।'' इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान्। एकं सद्विप्रा बहुधा वदत्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः।। ऋग्वेद 1.164.6।।''

मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने उदात्तभाव से "रुद्रतत्त्व को ऋततत्त्व एवं सत्य" की संज्ञा दी। ऋततत्त्व जगत् के मूल में अवस्थित "चित्तत्त्व" है। "ऋततत्त्व" ही सृष्टि के विधारण, पालन–पोषण की आधारशिला है। वेद के अनुसार ऋततत्त्व तीनों कालों में निर्बाध रूप से है। "ऋततत्त्व का पालन करने के लिये देवता एवं प्राणिमात्र बाध्य है।" अनादिकाल से अस्तित्ववान् पदार्थों अर्थात् तत्त्व का यर्थाथ ज्ञान वर्णन ऋततत्त्व है। ऋततत्त्व का ही रूप "सत्य" है अर्थात् प्रतिपाद्य पदार्थों वस्तुओं तत्त्वों का यर्थाथ सम्पादन है। ऋत सत्य के नियमों का उल्लंघन अपराध है, ये अलंघनीय हैं, इस वचन का पालन नहीं करना "अनृत" है। अपौरुषेय वेद में देवताओं और मनुष्यों के लिये ऋत एवं सत्य का पालन सबसे महत्वपूर्ण है। वेद के अनुसार समूची सृष्टि की उत्पत्ति के साथ "ऋतं च सत्यं च" मूल में रहा। साथ ही ऋत एवं सत्य के नियमों की अवहेलना करनेवालों को "दैस्यु" की संज्ञा दी गई।

ऋग्वेदीय "आदिरुद्र ऋत एवं सत्य" है। ऋग्वेद में रुद्र महादण्डाधिकारी के रूप में हैं : "रुद्रः न्यायाधीशः"।।ऋग्वेद 1.114.3।। रुद्र सहस्राक्ष होने से जगत् के प्रत्येक प्राणी (मनुष्य) के कार्यों और संकलित संचित कार्यों–कर्मों का निर्निमेष निरीक्षण दिन–रात करते रहते हैं। हर पल मानव के असत्य, सत्य का लेखाजोखा रखा जा रहा है। रुद्रस्वरूप वायु, अग्नि, वरुण, सूर्य आदि के दिव्य गुप्तचर मानवीय कार्यों का संकलन कर रहे हैं। रुद्रस्वरूप वरुण के गुप्तचर जगत् में विविध रूपों में हैं। रुद्रस्वरूप सूर्य की असंख्य किरणों से कोई मानवीय कर्म छिपा नहीं है। रुद्रस्वरूप वायु प्राणियों के कदाचार सदाचार का अंकन कर रहे हैं। आदिरुद्र के पुत्र मरुत् मृत्युलोक–पृथिवी पर सर्वत्र फैले हैं। दिव्य महादण्डाधिकारी रुद्र सदैव धनुष्य पर शर को चढ़ाये रहते हैं। उनका विद्युतमयवज्र है। रुद्रस्वरूप वरुण को प्रतिदिन सूर्यास्त के समय सूर्य देवता दिनभर के कार्यों की रपट पेश करते हैं। वेदानुसार अनृत के लिये दण्ड देने का विधान है। महादण्डनायक देव का कर्तव्य है कि वे ऋत–सत्य उल्लंघन कर्त्ताओं को दण्ड दें। रुद्रस्वरूप वरुण और रुद्र दोनों तत्क्षण दण्ड देने से नहीं चूकते हैं।

वैदिक देवों के सामने "पातकी प्रजापति" द्वारा दुहिता गमन से अप्रत्याशित अभूतपूर्व संकट उत्पन्न हुआ। वेद में प्रजापति रुद्र से जनित होने से उनके पुत्र हैं। प्रजापति को इस महापराध के लिए कौन दण्ड दे? किसी भी देवता में यह सामर्थ्य नहीं थी। इस महासंकट से तारणहार आदिरुद्र रहे। रुद्र ने दण्डस्वरूप प्रजापति वध करके नैतिक मर्यादाओं की पुनर्स्थापना की। यह वैदिक "रुद्र का सर्वोच्च नैतिक उत्कर्ष है।" ऋग्वेद में ही "रुद्र ने केशी

के साथ विषपान कर आदिस्वरूप स्थापित किया।'' इसी श्रृंखला में दैत्यों द्वारा द्युलोक, अन्तरिक्षलोक, पृथिवीलोक पर अभेद्य त्रिपुरों के निर्माण का वृत्तान्त है। सभी देवता त्रिपुरों के विध्वंस में असमर्थ रहे। अन्त में सर्वसामर्थ्यवान् रुद्र से देवताओं ने दैत्यों के पुरों के संहार की प्रार्थना की। रुद्र ने ''त्रिपुर संहार'' कर अपनी सर्वोत्कृष्टता का परिचय दिया। उनका ''यम'' स्वरूप मृत्यु के देवता सूचक है और ''अमृत'' स्वरूप मोक्षदायक है।

ऋग्वेदीय काल में ही ''आदिरुद्र अमृतमय'' कहलाये। सत्यधर्मा रुद्र को ''ओंकार'' (प्रणव) की संज्ञा मिली। ''त्र्यम्बक रूप तीन नेत्रवाले नहीं अपितु तीनों लोकों के पिता हैं।'' त्र्यम्बक रुद्र सृष्टि–स्थिति–संहार के नियामक हैं। त्र्यम्बक रुद्र ही तीनों भुवनों की पुष्टि (उत्पत्ति, संचालन, पालन, वृद्धि) करते हैं। रुद्र के कोप से तीनों लोक, सभी देवता, असुर और मनुष्य काँपते हैं। वैदिक मृत्युंजय मंत्र में रुद्र जीवन एवं मृत्यु के स्वामी हैं। ऋग्वेद से लेकर यजुर्वेद तक की अधिकांश ऋचाओं में रुद्र से कोप में द्विपद एवं चतुष्पद प्राणियों की हिंसा नहीं करने की विनती की गयी है।

दार्शनिक रूप से रुद्र ''समभाव, सत्यधर्म के प्रतिपादक'' हैं। रुद्र आदिज्ञानी (प्रचेतस), ज्ञान के अधिष्ठाता (गृत्सपति), महाविद्वान (पुलस्ति), उत्तम ज्ञान का उपदेश करनेवाले (उद्गुरमाण), उपदेशक (अधिवक्ता), हित की मंत्रणा देनेवाले (मंत्री), प्रशंसनीय (श्लोक्यः), उपदेश देनेवाले (प्रमृशः), भुवनों के रचनाकार (भुवनानि चाक्लृपे), भुवनों के पिता (भुवनस्य पितरं), भुवनों के ईश्वर (भुवनस्य ईशानः रुद्रः) आदि हैं। महापराक्रमी अजेय रुद्र ''आदिब्रह्मज्ञान के एकमात्र व्याख्याता'' हैं। उन्हें ''वागीश'' कहा गया है। अतः आत्मज्ञान, ब्रह्मज्ञान का रहस्य रुद्रविद्या से ही प्राप्त किया जा सकता है।

रुद्र के विश्वरूप की झलक ऋग्वेद की ऋचाओं में स्पष्ट दिखाई देती है। वहीं वाजसनेयी शुक्ल यजुर्वेद का रुद्रसूक्त (सोलहवाँ अध्याय) आदिरुद्र के विराट् स्वरूप और सृष्टिविद्या से परिचय करवाता है।'' ''रुद्रसूक्त रुद्रविद्या का प्रवेशद्वार'' है। ''रुद्रविद्या ज्ञान के लिये पँच भूतों की विद्याओं का गुह्यज्ञान प्राथमिक अनिवार्यता है।'' वेद में पँच भूतों का तत्त्वज्ञान रहस्यात्मक, कूटात्मक, गूढ़ात्मक, प्रतीकात्मक, ध्वनिपरक, लक्षणात्मक, सूत्रात्मक, अलंकारिक, अभिव्यंजनापरक, बहुअर्थी, संहत, संक्षिप्त, अध्यात्मपरक शैली में है। वेद में ''मधुविद्या'' द्वारा ''सूर्यविद्या'', ''वरुणविद्या'' ज्ञान का सूत्र है। यक्षप्रश्न यह है कि वैदिक मधुविद्या क्या है? रुद्रतत्त्व के आदिभूत, आदितत्त्व होने से मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने रुद्रविद्या को रहस्यों के इन्द्रजाल में रखा लगता है।

यह चौंकानेवाला है कि वेद में रुद्र के दो परस्पर विरोधी स्वरूप हैं। "अघोर–घोर एवं भव–शर्व रुद्र", ये रुद्र के दो एक–दूसरे से विपरीत रूप हैं। अघोर का अर्थ है – सौम्य और घोर का अर्थ है – भयानक क्रूर। भव का अर्थ है – संसृति, उत्पत्ति, जन्म और शर्व का अर्थ है – संहार, मार डालना। ऋग्वेद के दूसरे प्रमुख देवों में इसका अभाव है। इसी क्रम में कहा है : "जो दूसरे को रुलाता है, वह रुद्र है : रोदयति इति रुद्रः।।" अथवा रुलाने का धर्म रुद्र है। इसके उलट "जो ज्ञान का सदोपदेश देता है, वह रुद्र है : रुद्र! रुतः सत्योपदेशान् राति ददाति तत्संबुद्धौ।।" ऋग्वेद 1.114.3।। यजुर्वेद में कहा है कि दुःख का जो नाश करता है, वह रुद्र कहलाता है।। "रुत् दुःखं द्रावयति रुद्रः। रवणं रुत् ज्ञानं राति ददाति।। यजुर्वेद 16.1।। रुद्र रोगों को उत्पन्न करनेवाले को कहते हैं। रुद्र ही प्रदूषित वायु, सड़ा हुआ जल, दुर्गन्धयुक्त भूमि, कुपथ्य आदि समस्त का कारण है : "रुद् रोगं राति ददाति इति रुद्रः रोगोत्पादकः।।" "येऽन्नेषु विविध्यन्ति पात्रेषु पिबतो जनान्।।" यजुर्वेद 16.39।। "रुद्रः रोगोणां प्रलयकृत्।। ऋग्वेद 2.33.3।।" ऋग्वेद में "आदिरुद्र दैव्य भिषज्" हैं। वे अपने साथ रोग निवारक ओषधि रखते हैं। उनके पृथिवी पर रुद्ररूपी वैद्य–चिकित्सक हैं। वैदिक विज्ञान में दिव्य चिकित्सक अश्विनौ को रुद्र का पुत्र कहा गया है।

आदिरुद्र में सतोगुण, रजोगुण, तमोगुण तीनों का समावेश चकित करता है। वेद में रुद्र एकादश प्राण हैं : "रुद्राः एकादश प्राणाः।।" यजुर्वेद।। यजुर्वेद में रुद्रस्वरूप वायु का उल्लेख है : "रुद्राः प्राणरूपा वायवः।" रुद्र ही प्राण है। रुद्र कल्याण, मंगल, सुखकर्ता हैं। "रुद्रियं–सुखं"।। "रुद्रस्य शिवस्य"।। "रुद्राय शंकराय"।। वेद में कल्याणकारी रुद्र के लिये – "शिव, शिवतर, शिवतम, शम्भु, शंकर, मयोभव, मयस्कर, अघोर, सुमंगल, शंगु, मीढुष्टम, त्विषीमत्, शिपिविष्ट, विद्युत्य, सहस्राक्ष" आदि उपमाओं का प्रयोग किया गया है। रुद्र जगत् के दुःखों को दूर करने का साधन है। रुद्र "भगवः भगवान्," "ईशान–ईश्वर", "कालात्मकस्य परमेश्वर", "स्तोतृभि–स्तुति योग्य" एवं "विश्वरूप" हैं। वे "विरूपाक्ष" – नाना प्रकार के रूप धारणकर्त्ता हैं। वैदिक विज्ञान के अनुसार शत्रुओं को रुलानेवाले महावीर को रुद्र कहते हैं : "रोदयतिशत्रून् इति रुद्रः महावीरः।।" दुष्टों को रुलानेवाले न्यायधीश को रुद्र कहते हैं : "रोदयति दुष्टान् इति रुद्रः न्यायाधीशः।।" यजुर्वेद के रुद्रसूक्त में रुद्र श्रेष्ठतम ज्येष्ठ ब्रह्म–परमब्रह्म और अत्यरूप कनिष्ठ देव भी हैं। इसके अलावा रुद्र देवसभाध्यक्ष एवं गणाधिपति हैं।

इससे भिन्न रुद्र ही प्राणिमात्र में है। इसीलिये एक रुद्र और असंख्य रुद्र प्रस्तुत हुए। रुद्र रूप ही जगत् के समस्त कौशल, विधाओं, कर्मों–विद्या–वाणिज–क्षत्र–कृषि आदि के अधिपति हैं। जगत् के सभी सृजनात्मक कर्मवालों के अधिष्ठाता रुद्र ही हैं। वेद में रुद्र "ऋषि" और "कवि" रूप में भी प्रगट होते हैं। इस प्रकार रुद्र जगत् सद्कर्मों के अधिपति स्वयं को ही घोषित करते हैं। इससे बिलकुल अलग जगत् के सभी पतित कर्म, अपराधिक कर्म, दुष्कर्म, कदाचार करनेवालों–चोर, लुटेरा, कपटी, आततायी, तस्कर, दस्यु, जालसाज, धोखेबाज, नियम तोड़नेवाला, गणिका, रात्री में दुष्ट कामना से विचरण करनेवाला आदि के स्वामी स्वयं रुद्र हैं। रुद्र मनुष्यों के सभी कर्मों–अच्छे, बुरे के अधिष्ठाता हैं। अर्थात् रुद्रांश ही प्राणिमात्र में है। रुद्र सभी को समभाव से देखते हैं, भेद नहीं करते हैं। रुद्र ही सद्मति और दुर्मति को उत्पन्न करते हैं। रुद्र मानवीय कर्मों के अनुरूप घोर रूप में कठोरतम दण्ड देते हैं और प्रसन्न होकर धन–अध्यात्मिक, भौतिक, दैविक देते हैं।

ऋग्वेद और यजुर्वेद के रुद्रसूक्त के अनुसार रुद्र ही वनों के अधिपति एवं वृक्ष स्वरूप हैं। उन्हें हरिकेश–हरे पत्तों के केशवाला कहा गया है। रुद्र ही पर्वतों के अधिपति हैं। रुद्र ही वरुण–जल और अग्नि हैं। इतना ही नहीं रुद्र वृषभ, अश्व आदि पशुओं के भी स्वामी हैं। यह वर्णन स्पष्ट करता है कि जगत् के जड़ और चेतन दोनों में समान रूप से रुद्र अवस्थित हैं।

वेद में "विराट् स्वरूप रुद्र का नीला आकाश ही केश है" (नीलशिखण्ड)। "सूर्य रूप में जल हरण के कारण रुद्र नीलग्रीवा हैं।" आकाश का "नक्षत्र मण्डल रुद्र का मुण्डमाल" है। ऋग्वेदीय रुद्र अव्यक्त, स्फटिक के समान श्वेत वर्ण और रक्त झलकने से ताम्र प्रतीत होते हैं। स्वयं प्रकाशी रुद्र की भगिनी "अम्बिका" यजुर्वेद में अवतरित होती है। देवांगना अम्बिका वैदिक "दिव्य मातृशक्ति"–"दैवी शक्ति" का प्रतीक हैं। ऋग्वेद के "वाकसूक्त" को वैदिक "चण्डीपाठ" की संज्ञा दी गई है। वैदिक सरस्वती के अधिष्ठाता रुद्र हैं। अथर्ववेद के केनसूक्त में "रुद्र यक्ष" के रूप में प्रगट होकर इन्द्र, अग्नि, वायु आदि देवों का गर्वहरण करते हैं।

वेदोक्त रुद्र की "यव्ह" शक्ति अनुसंधान, शोध का विषय है। यजुर्वेद एवं ब्राह्मण ग्रन्थों में "रुद्र का पशु मूषक" होना चौंकाता है। चारों वेदों में रुद्र का शस्त्र "त्रिशूल" भी नहीं है। यजुर्वेद में रुद्र के धनुष्य का नाम "पिनाक" है। वैदिक "रुद्र ओंकार है।" वेद में आदिसूर्य सविता निरन्तर प्रणव–ओंकार का पाठ कर रहा है। अमेरिकी नासा ने सूर्य की ध्वनि अंकित की, उसमें सूर्य

लगातार ओंकार पाठ कर रहा है। ऋग्वेद में अत्यन्त स्पष्ट रूप से उपदेश है कि रुद्र को अन्तःकरण में ही खोजें।

ब्रह्माण्ड के नक्षत्रों की कक्षाओं, समस्त दिशाओं के अधिष्ठाता रुद्र की सप्तमूर्त्ति का उल्लेख अथर्ववेद में है। ब्राह्मण ग्रन्थों, श्रौतसूत्रों में एकाएक अष्टमूर्त्ति रुद्र, त्र्यम्बक होम, शतरुद्रिय होम और शूलगव होम प्रगट होते हैं। ये सभी कर्मकाण्ड के प्रपंच से परे हैं। पश्चिमी अध्यात्मिक विद्वानों ने ''शूलगव होम'' में वृषभ अथवा बैल की बलि का दुष्प्रचार किया। यद्यपि वेद में रुद्र की एक उपाधि ''वृषभ्'' है। वेद में वृषभ–साक्षात अग्नि, वाक् और वेद स्वरूप है। ऋग्वेद में स्पष्ट निर्देश है कि वृषभ, बैल, गाय, ब्रह्म आदि का वध नहीं करें। ये सभी ''अवध्य'' हैं। ऋग्वेद में ''गो'' शब्द बहुअर्थी है। गो का अर्थ ब्रह्म, इन्द्रिय शक्तियाँ, ज्ञान, प्रकाश किरण, गाय आदि है। दूसरे, वेद के ''मेध'' शब्द का अर्थ वध करना नहीं है। मेध का अर्थ–बलवर्धन, बुद्धिवर्धन, ज्ञानी, बौद्धिक, पवित्र, शुद्ध, नवीन, संवर्धन, संगतिकरण, धर्म्य आदि है। वैदिक विचार से यज्ञ होम का मूलभूत आशय सद्कर्म, सद्कार्य के लिये आत्मत्याग–समर्पण, अध्यात्मविदों–ब्रह्मविदों की ब्रह्मतत्त्व संवाद आदि है। वैदिक यज्ञों के दो प्रकार हैं : व्यष्टि, समष्टि। समष्टि यज्ञ महायज्ञ है। वैयक्तिक यज्ञों में पँच महायज्ञ–ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ, भूतयज्ञ एवं मनुष्ययज्ञ मुख्य हैं। परन्तु भौतिक यज्ञ इत्तर है। इस पृष्ठभूमि में रुद्र का ''शूलगव होम रुद्रस्वरूप होने की गोपन प्रक्रिया है।'' यह रुद्र ज्ञान की सर्वोच्च स्थिति है।

तत्त्व के दृष्टि से जगत् के समस्त मनुष्य अथवा जीव रुद्र रूप हैं। हम तत्त्वशः रुद्र से अविभक्त हैं। रुद्र ब्रह्माण्डचैतन्य, अध्यात्मिक चैतन्यम्, मनःस्थाचितिः, सर्वातीत चैतन्यम् के साथ व्यक्ति चैतन्यम् है। रुद्र शारीरिक चितिः एवं प्राणस्थचितिः है। वैदिक रुद्र समष्टिशक्तयः, विश्वप्राण–समष्टिप्राण, विश्वातीत, आवेशशून्य एवं सर्वलोकिकत्वम है। इसीलिये वैदिक रुद्र दुर्गाह्य है। वेद में रुद्रतत्त्व सर्वातीत होने से गुह्य शैली में वर्णित है। मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने रुद्र की ऋचाओं में सर्वोच्च काव्य कला रसिक प्रज्ञा का प्रदर्शन किया है। वैदिक ऋषि ब्रह्माण्ड गतबुद्धि चैतन्य और व्यक्तिभूत चैतन्य की रुद्रविद्या की व्याख्या कर रहे हैं। वेद विश्वज्ञानम् और विश्वाधिदेवता रुद्र का विस्तार से वर्णन करता है।

चतुर्वेदों के अनुशीलन से रहस्योद्घाटन होता है कि रुद्र सर्वदेवमय हैं। ''सभी वैदिक देव रुद्र में समाहित हैं।'' यहाँ तक कि गणपति आदि आगम वर्णित देवता भी वेद में रुद्र रूप हैं। सभी जड़– चेतन रुद्र रूप हैं

(रुद्रसूक्त)। वैदिक मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने रुद्र और उनके आभूषणों के सौन्दर्य वर्णन में सौन्दर्यप्रज्ञा का परिचय दिया गया है। यह पुनरुक्ति है कि वैदिक रुद्रतत्त्व अनुभवगम्य और भावगम्य है। रुद्र का ज्ञान चित्छक्ति, अध्यात्मिक बुद्धि से ही किया जा सकता है। रुद्रतत्त्व वर्णन मूलतः शब्दातीत है।

रुद्र के दार्शनिक, अध्यात्मिक पक्ष को उपनिषदों में प्रस्तुत किया गया है। इसके लिये प्रमुख एक सौ आठ उपनिषद् और अप्रकाशित अठहत्तर उपनिषद् (कुल 186) का अध्ययन आवश्यक है।

वैदिक रुद्र का आगम में नवस्वरूप प्रगट हुआ। परिणामतः "रुद्रमत अथवा शैवमत" ने अवतार लिया। रुद्रमत–शैवमत में रुद्र द्वारा प्रजापति वध प्रसंग ब्रह्मा के सरस्वती गमन पर वध के रूप में प्रगट हुआ। ऋषिकाल में ऋषिश्रेष्ठ दुर्वासा द्वारा इन्द्र को श्रीविहीन होने के शाप के कारण "समुद्रमंथन" हुआ। समुद्रमंथन के समय सर्वप्रथम "कालकूट विष" प्रगट हुआ। आगम में "शिव विषपान कर नीलकण्ठ" कहलाये। आगम में "शिव ने त्रिपुरासुर" का संहार किया। रुद्र–शिव ही विष्णु को "सुदर्शन चक्र" प्रदान करते हैं। आगम में शिव का सर्वोच्च नैतिक उत्कर्ष पदच्युत विष्णु के नृसिंहावतार वध और पातकी ब्रह्मा के वध से होता है। आगम में रुद्र का गणपति स्वरूप पृथक देवता है और उमा–पार्वती पत्नी है। शैवमत में लिंगपूजा शिवोपासना का प्रमुख रूप बन गई। शैवमत का दूसरा बड़ा स्वरूप "शक्ति, पूजा" है। वैदिक काल की महामाता जगन्माता अम्बिका यहाँ विराट् स्वरूप में है।

अतः निगम अर्थात् त्रयी वेद के वृत्तान्तों को आगम–पुराण, रामायण, महाभारत एवं तन्त्र में मायावी नवविस्तार देकर समावेश किया गया है। यह "नवविस्तार वैदिक दर्शन एवं उपासना के बिलकुल प्रतिकूल है।" यहाँ यह पुनः स्मरण करना चाहते हैं कि यजुर्वेद में सबसे पहिले वैदिक रुद्र की प्रशंसा उपाधि "शिव" पाई जाती है। वैदिक "रुद्र के केशियों एवं मुनियों" के साथ साहचर्य के परिणाम स्वरूप पौराणिक शिव के योगाभ्यास के साथ सम्बन्ध की उत्पत्ति हुई। अन्ततः पौराणिक काल में शिव का "महायोगी" स्वरूप उत्पन्न हुआ। "आगम में प्राचीन वैदिक रुद्र उपासना का मूल रुद्रतत्त्व गौण हो गया।"

वैदिक रुद्रतत्त्व के मूलाधार को पश्चिमी विचार के कथित ब्रह्मविदों ने अत्यन्त कमजोर करने में समूची शक्ति झौंकी। उन्होंने रुद्र को अप्रधान देवता और विद्युत्, तूफान, झंझावात आदि का देव घोषित किया। उनका तर्क रहा कि ऋग्वेद में रुद्र के मात्र तीन पूर्ण सूक्त हैं। क्षमा करें! प्रथम भूत आकाश

का ऋग्वेद में एक भी स्वतन्त्र सूक्त नहीं है। अन्तिम भूत पृथिवी का भी ऋग्वेद में मात्र एक सूक्त है। ऋग्वेद में वायु और वात के भी एक–एक सूक्त हैं। क्या तीन भूत–आकाश, वायु एवं पृथिवी गौण हैं, नहीं। दूसरे, पश्चिमी विद्वान वेद की संस्कृत के शब्दों के अध्यात्मपरक, दार्शनिक, सूत्रात्मक, प्रतीकात्मक, अभिव्यंजनात्मक, गूढ़, रहस्यात्मक, बहुअर्थी, अलंकारपूर्ण, संक्षिप्त, संहत, लक्षणात्मक, ध्वन्यात्मक आदि रूप के मूल अर्थ को समझने में बुरी तरह असफल रहे। ''वैदिक कोश के भाष्यकार आचार्य यास्क तक ने स्वीकारा है कि वे वेद के अनेक शब्दों के अर्थ नहीं खोज पाये।''यही कारण है कि कुछ वैदिक विद्वानों ने रुद्र को आकाशीय विद्युत्, पर्वत, अरण्य, तूफान आदि का देवता कहने का दुःसाहस किया। यह ''यथा दृष्टि तथा सृष्टि'' का प्रभाव है। रुद्र की दार्शनिकता उनके समक्ष प्रगट नहीं हुई।

विश्व के अध्यात्मिक गुरु भारतवर्ष के सर्वोच्च दर्शन, अध्यात्म का मूलाधार परमेष्ठी रुद्रविद्या है। आदिज्ञानी वागीश रुद्र ही जगत् को तत्त्वज्ञान देने का अनुग्रह करते हैं। रुद्रविद्या को शब्दों में वर्णन करना ''आकाश कुसुम तोड़ने'' के समान असम्भव मुहिम है। वैदोत्तर काल से ''वैदिक सप्त ऋषि गोपनीय अदृश्य गुप्त आश्रमों में रुद्रविद्या की शिक्षा दीक्षा दे रहे हैं। गोपनीय ब्रह्मविद् सभा ही रुद्रविद्या के लिये चयन करती है।'' ब्रह्मविदों का मानना है कि ''रुद्र स्वरूप होकर ही रुद्रविद्या आत्मसात की जा सकती है।'' माया के स्वामी रुद्र ही मायाजाल हटाने का अनुग्रह ब्रह्मजिज्ञासुओं पर करते हैं। उनका अनुग्रह नहीं होने पर माया का विभ्रम छाया रहता है।

रुद्रविद्या में आदिभूत आदितत्त्व आदिरुद्र के तत्त्वज्ञान के अंशों को रेखांकित किया गया है। यद्यपि रुद्रतत्त्व के अनेक रहस्यों का अभी भी उद्घाटित होना शेष है।।ऊँ।।

शुक्ल यजुर्वेद
रुद्रसूक्त—शतरुद्रियम—रुद्रपाठ

शुक्ल यजुर्वेदीय रुद्रसूक्त–शतरुद्रियम्–रुद्रपाठ
सत्य और मिथ्या

शुक्ल यजुर्वेद का 16वाँ अध्याय ''शतरुद्रिय–रुद्रसूक्त–रुद्रोपनिषत्'' (रुद्रपाठ) के नाम से चतुर्युगों से सुप्रसिद्ध है। चौंकें नहीं! शुक्ल यजुर्वेद के शतरुद्रिय में मात्र 66 मंत्र–ऋचाएँ हैं। यह स्मरण रहे कि ''शुक्ल यजुर्वेद में कुल 40 अध्याय और 1975 मन्त्र हैं।'' वहीं वैदिक देवों के शास्ता, त्रितत्त्वों के आदितत्त्व एवं पँच भूतों के आदिभूत रुद्र को सम्पूर्ण समर्पित एक अध्याय है। वैदिक सूक्त के मन्त्रों में वृद्धि अथवा कम करने का अधिकार किसी को नहीं है। वेद अपौरुषेय हैं। ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य को शुक्ल यजुर्वेद का ज्ञान स्वयं सूर्य देव ने दिया था। ''ऐसे में शतरुद्रिय में अष्ट अध्याय और 800 मन्त्र कैसे हो सकते हैं?''

वेद का ज्ञानकाण्ड ऋग्वेद कर्मकाण्ड रहित है और ''निराकार परमेष्ठी'' रुद्र की उपासना है। इसी श्रृंखला में शुक्ल यजुर्वेद के सर्वमेध में सिंहगर्जना की गई है कि ''परमेष्ठी की कोई प्रतिमा नहीं है।'' लिंग का अर्थ भी चिन्ह है। ऋग्वेद के अनुसरण में शतरुद्रिय के 66 मन्त्रों में सर्वोच्च अध्यात्मिक–दार्शनिक तत्त्व है। ऋग्वेद के महामृत्युंजय मन्त्र की व्याख्या भी अद्‌भुत है। शुक्ल यजुर्वेद के ''रुद्र सूक्त के साथ रुद्राभिषेक का विधान भी नहीं है।''

मूलभूत रूप से रुद्रसूक्त देवों के शास्ता रुद्र का ''मानस–यज्ञ–उपासना'' है। ''रुद्रसूक्त–रुद्रपाठ–शतरुद्रिय के 66 मन्त्रों का पाठ मात्र 17 मिनट में किया जा सकता है।'' इसका नित्य पाठ किये जाने का निर्देश है। ब्राह्मण ग्रन्थों आदि में शतरुद्रिय होम, त्र्यम्बक होम आदि का वर्णन मिलता है। त्र्यम्बक होम भी कर्मकाण्ड रहित है। सारतः ''शतरुद्रिय–रुद्रसूक्त–रुद्रोपनिषत् मुक्ति प्रदाता है।''

शुक्ल यजुर्वेदीय रुद्र
शतरुद्रिय : विराट् ब्रह्मस्वरूप
रुद्रपरमेष्ठी : उदात्त सर्वत्र व्यापक

यजुर्वेद के सोलहवें अध्याय के छियासठवाँ मन्त्र ''रुद्रसूक्त'' अथवा ''शतरुद्रिय'' सूक्त के नाम से सुविख्यात हैं। यह ''नमोवाक्'' भी कहलाता है। यह शोध अनुसंधान का विषय है कि सोलहवें अध्याय को शतरुद्रिय कहने की पृष्ठभूमि–आधार क्या है? शतरुद्रिय में मन्त्रों की संख्या सौ से कम है, अर्थात् छियासठ है। दूसरी अवधारणा यह है कि यजुर्वेद की एक सौ शाखाएँ हैं। यजुर्वेद की सभी शाखाओं में रुद्रपाठ–रुद्रोपनिषद् है।'' एकशतं यजुश्शाखास्तासु रुद्रोपनिषदाम्नायते'' (भट्टपाद)। ''शतशाखागतेसाक्षाच्छत – रुद्रीयमुत्तमां तस्मात्तज्जपमात्रेण सर्वपापैः प्रमुच्यते'' (सूतसंहिता)। ''वेदे चास्य समाम्नातं शतरुद्रियमुत्तमं।'' ''तदिति ह वा एतस्य महतो भूतस्य नामधेयानि।'' अतः शुक्ल यजुर्वेद की शत शाखाओं के कारण शतरुद्रिय कहा गया। इसमें तत् का आशय ब्रह्म है। ''शातातप स्मृति'' में यजुर्वेद के रुद्राध्याय को सर्वोत्तम जप की संज्ञा दी गई है : ''भ स्मच्छन्नो भस्मशय्याशयनो रुद्राध्यायी मुच्यते सर्वपापैः।''

ऋग्वेद के ''पुरुष सूक्त'' की तरह यजुर्वेद का ''रुद्राध्याय–रुद्रोपनिषद्–रुद्रपाठ रुद्रसूक्त रुद्र परमेष्ठी के विराट् ब्रह्मस्वरूप का नमोवाक् है।'' विराट् ब्रह्मस्वरूप में रुद्र के घोर–उग्रमूर्त्ति और अघोर–अनुग्रह सौम्य मूर्त्ति दोनों को नमन किया गया है। यजुर्वेद के रुद्राध्याय के अनेक शब्दों के अध्यात्मिक अर्थ शाब्दिक अर्थ से इतर हैं। ''रुद्र को ज्येष्ठाय नमः'' कहने का गूढ़ आशय है। ''अथर्ववेद में ज्येष्ठ ब्रह्मसूक्त ज्येष्ठ पहेली का समाधान करता है।'' ''अथर्ववेद में ज्येष्ठ ब्रह्म का तात्पर्य श्रेष्ठ ब्रह्म–परमब्रह्म–परमेष्ठी से है।'' यजुर्वेद के मन्त्रदृष्टा ऋषि याज्ञवल्क्य रुद्र को परमेष्ठी तत्त्व ज्येष्ठ कह रहे हैं। इसी शृंखला में ''नीलशिखिण्डन्'' शब्द है, इसका अध्यात्मिक आशय – ''नीला आकाश ही जिनके केश स्वरूप है।'' त्र्यम्बक का अर्थ तीन नेत्रवाला नहीं है। त्र्यम्बक का भावार्थ त्रिलोकी (तीन लोकों) के पिता से है। वहीं ''विरूपाक्ष अथवा विरूप का अर्थ विविध रूप धारण करनेवाला है।'' रुद्र ही वायुस्वरूप, सूर्यस्वरूप, वरुणस्वरूप, अग्निस्वरूप, द्यौस्वरूप, इन्द्रस्वरूप आदि

है। ''प्रभे शुभन्त जनयो न सक्तयो यामन् रुद्रस्य सूनवः सुदमसः रोदसीः मसतश्च चक्रवे वृधे।।'' ।।ऋग्वेद 1.85.1।। यजुर्वेद में कहा है : ''प्राणो वा एष रुद्रः।।'' प्राण रुद्र है। तैत्तिरीय शाखा में कहा है : ''रुद्रो वा एष यदग्निः।।''

विराट् ब्रह्मस्वरूप में रुद्र समस्त प्राणियों, वृक्षों, जड़–चेतन आदि कण–कण में व्याप्त है। रुद्र ही वागीश, आदिगुरु, आदिदार्शनिक, समस्त सनातन एवं ब्रह्म ज्ञान के अधिष्ठाता हैं। ''रुद्र ही सृष्टि को उत्पन्न करनेवाले भव और संहार करनेवाले शर्व हैं।'' वे ही विश्वरूप हैं। महर्षि याज्ञवल्क्य ने इस अध्याय में जगत् के सभी प्रकार के प्रौद्योगिकी, विज्ञान, कौशल कर्मियों का अधिष्ठाता रुद्र को कहा है। जगत् में छल– कपट–पाप–दुष्कर्म करनेवालों के भी रुद्र स्वामी हैं। रुद्र अविद्यावालों को रुदन करवाते हैं। अर्थात् रुद्र प्राणिमात्र के स्वामी हैं।

''रुद्र कर्मेन्द्रियों–ज्ञानेन्द्रियों के नियंता हैं। उनका निवास धर्मप्राय हुए अन्तःकरण में है।'' धर्म से ही वृष्टि एवं वृष्टि से अन्न है। ''मानवीय शरीर के मस्तिष्क के सहस्रार अथवा ब्रह्मरन्ध्र के ऊपर रुद्र स्थित है।'' वे ही साधक को मोक्ष मार्ग की ओर प्रेरित करनेवाले हैं। अर्थात् ज्ञानरूप प्रकाश के प्रतिपादक हैं। यह आठवाँ आश्चर्य है कि सर्वज्ञ रुद्र स्वयं ही प्राणिमात्र में रोग–व्याधि उत्पन्न करनेवाले और दिव्य महाभैषज्य–ओषधि स्वामी के रूप में रोग निवारण करनेवाले हैं। रुद्र ही नक्षत्र–ग्रहों के स्वामी हैं।

महर्षि याज्ञवल्क्य ने पुरुष सूक्त के अनुकरण में रुद्र को सहस्राक्षाय, सहस्रशोऽवैषां, श्रवाय–प्रतिश्रवाय, पशुपति, शम्भवाय, मयोभवाय, वेदरूप पर्ण, कल्याणस्वरूप, समग्र धर्म, सहस्राणि–सहस्रशो बाव्होस्तव, असंख्याता सहस्राणि ये रुद्रा, आकाशगंगा–नक्षत्रसमूहों के अधिष्ठाता, सभी भुवनों के स्वामी, समस्त मार्गों–तीर्थों के रक्षक, सभी दिशाओं–समूचे जगत्–कालों में व्याप्त, दैव्योभिषक् आदि कहा है। समूचे रुद्राध्याय में सर्वज्ञ, सर्वव्यापक, स्वयं प्रकाशी, सृष्टि–स्थिति–प्रलय के स्वामी रुद्र से विनती की गई है कि हे रुद्र! आप हमें घोर रूप में प्रगट होकर दर्शन नहीं देने का अनुग्रह करें। यह स्मरण रहे कि यह जगत् ''अग्निषोममय'' है। ''अग्नि घोर है एवं सोम अघोर है।'' ''अहं को त्यागकर, शुद्ध अन्तःकरण से ही रुद्र की कृपा प्राप्त होती है।'' रुद्र से संसार बंधन से छुड़ाने की प्रार्थना अनेक मन्त्रों में की गई है। रुद्र के कल्याणकारी वचन, कल्याणकारी वाक् (वाणी) से सम्पूर्ण जगत् दुःखों से रहित हो जाता है।

रुद्राध्याय से रुद्र के नित्य–शुद्ध–बुद्ध–मुक्त रूप का ज्ञान होता है। इनको पँचकोशों से अलग करके जानना आवश्यक है। रुद्र के मन्त्रों का

अध्यात्मिक अभिप्राय है कि "बंधन अविचार से और मुक्ति विचार से है।" हमारा अहं अविवेक से है और विवेक उत्पत्ति पर यह रुद्र (कल्याणमय, मंगलमय, शुभ–शिव) है। रुद्र परमव्योम के अनन्त ब्रह्माण्डों, ब्रह्माण्डों की त्रिलोकी में प्रथम और सर्वाधिक पूज्य हैं। रुद्र से पहिले सृष्टिक्रम भी नहीं था (नासदीय सूक्त)।

यजुर्वेद के रुद्राध्याय में ब्रह्माण्ड (जगत् भी) को "सुमंगल" – श्रेष्ठ मंगल कहा है। यह ब्रह्माण्ड रुद्र का विराट् ब्रह्मस्वरूप है : "पवित्राणां पवित्रंयो मंगलानां च मंगलं।।" इस परमेष्ठी रुद्र ने सृष्टि को (ब्रह्माण्डों) चारों ओर से घेर रखा है। "येचैनं रुद्रा अभितोदिक्षु श्रिताः।।" अर्थात् परर्मेष्ठी द्वारा रक्षित है।

पँच महाभूतों में सभी अवस्थित है। रुद्र में ये सभी भूत अवस्थित हैं। एकादश रुद्र भी मूलतः दश इन्द्रियाँ एवं ग्यारहवाँ प्राण अथवा आत्मा है। "दशेमे पुरुषे प्राणा आत्मैष दशः।।" महर्षि याज्ञवल्क्य ने स्पष्ट किया कि जब शरीर से ज्ञानेन्द्रियाँ, कर्मेन्द्रियाँ एवं अन्तःकरण निकलते हैं, तब सभी रुदन करते हैं। "तद्यद्रोदयन्ति तस्माद्रुद्रा।" यही रुद्र है। प्रजापति नियामक तत्त्व है। "रुद्र का मायारहित रूप–आनन्दस्वरूप है।" यह ही आनन्द की वर्षा करता है। "रुद्र विषय से विमुख होने का आत्मज्ञान देते हैं। रुद्र आत्मविद्या है। मूलतः विषय ही सभी दुःखों का कारण है।" "इदमद्यमया लब्धं इदं प्राप्स्ये मनोरथं। इदमस्तीदमपि मे भविष्यति पुनर्धनम्।।"श्रुति।। आत्मनिवृत्ति सत्त्व का बल है। "अथो ये अस्य सत्वानोहन्तेभ्योकरन्नमः।।"

इसलिये यजुर्वेद के शतरुद्रिय का ज्ञान आत्म चक्षुओं (अन्तर्मुखी होकर) से ही जाना जा सकता है। इसके प्रत्येक शब्द के पीछे वैदिक अवधारणा का सम्पूर्ण ज्ञान छिपा हुआ है। विराट् रुद्र (पुरुष) परमसत्य एवं एकमात्र स्रष्टा है। रुद्र ऋत एवं सत्य का मूर्त्तमान स्वरूप है। रुद्र की माया के माध्यम से सृष्टि कार्य सम्पन्न होते हैं। रुद्र की माया सृष्टि की अभिव्यक्ति में सक्रिय कार्य करती है, विराट रुद्र मात्र प्रेरक हैं। इसीलिये ऋग्वेद में रुद्र को भुवन–जगत् का पिता एवं ईशान कहा गया है। "भुवनस्य ईशानः रुद्रः।।9।। भुवनस्य पितरं रुद्रः।।10।।ऋग्वेद 2.33.9; 6.49.10।।" यही नहीं ऋग्वेद (2.33.10) में रुद्र को एकमात्र सर्वशक्तिमान कहा गया है : "त्वत् ओजीयो न वा अस्ति।" ऋग्वेद में रहस्योद्घाटन किया गया है कि "परमसत्य रुद्र को अपने अन्तःकरण में ही प्राप्त कर सकते हैं" : अन्तरिच्छन्ति तं जने रुद्रं परो मनीषया।।" 8.72.3।। अर्थात् "रुद्र विशुद्ध कर्मकाण्ड के देवता नहीं हैं।" अथवा कर्मकाण्ड से इतर है।

उदात्त, सर्वज्ञ, सर्वव्यापक, वैदिक देवों के शास्ता, महान् रुद्र का नैतिक उत्कर्ष केशी के साथ विषपान एवं पातकी प्रजापति का वध प्रकरण से होता है। रुद्र देव एवं प्राणियों की रक्षा के लिये दैत्यों के तीनों पुरों को नष्ट करते हैं। रुद्र अग्नि, वायु, सूर्य, आकाश, इन्द्र एवं वरुण स्वरूप आदि हैं। रुद्र त्र्यम्बक है। इसका अर्थ तीन नेत्रवाला नहीं है। अम्ब शब्द का अर्थ पिता है। अर्थात् रुद्र तीनों लोकों–द्यु, अन्तरिक्ष एवं पृथिवी के पिता हैं। अग्निस्वरूप रुद्र तीनों भुवनों में व्याप्त है। विरूपाक्ष रूपी रुद्र भिन्न–भिन्न रूप धारण करनेवाले हैं, सो अनेक अथवा असंख्य रुद्र अवधारणा प्रस्तुत हुई। पशुपति रुद्र प्राणिमात्र के स्वामी हैं। वे देवाधिपति हैं। रुद्र प्रकृति के प्रलयंकर विनाशक शक्तियों के भी प्रतीक हैं। त्र्यम्बक की अम्बिका देवांगना–दिव्यशक्तियाँ हैं। जगन्माता अम्बिका रुद्र की बहिन है।

यजुर्वेद के रुद्र सूक्त पर मनन से स्पष्ट होता है कि जगत् की प्रत्येक वस्तु, प्राणिमात्र, वनस्पति, जड़, चेतन आदि रुद्राधीन है। इसमें यह महत्वपूर्ण है कि समदृष्टि रुद्र सद्जन और दुष्टजन में तनिक भी भेद नहीं करते हैं। जगत् के छोटे से छोटे काम करनेवाले अन्तिम व्यक्ति के अभ्योद्य करनेवाले रुद्र हैं और इसके ठीक विपरीत रुद्र समाज के अनैतिक कार्यों में संलग्नों के भी अधिपति हैं। अर्थात् रुद्र समभाव के प्रतिपादक हैं। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त की तरह रुद्र न सत् है, न असत् है। रुद्र ब्रह्माण्डों की उत्पत्ति से पहिले विद्यमान रहे। रुद्र आदिभूत, आदितत्त्व है। यह पुनः स्मरण रहे कि रुद्रसूक्त में रुद्र दर्शन–सम्यक भाव अथवा समभाव का सर्वोच्च विचार सहज, सरल, हृदयग्राही रूप से प्रस्तुत किया गया है। रुद्रसूक्त में परमरुद्र परमानन्द शक्ति, रुद्र की सर्वज्ञता, रुद्र की क्रिया शक्ति एवं रुद्र की इच्छा शक्ति को सूत्रात्मक–संकेतात्मक–प्रतीकात्मक–अभिव्यंजनात्मक–अलंकारिक–कूट शैली रूप में प्रस्तुत किया गया है। परमरुद्र का अनुग्रह आत्मानुभूति की शक्ति–चित्शक्ति से ही प्राप्त (साक्षात्कार) किया जा सकता है। परिणामतः जीवात्मा बन्धनत्रयी–अविद्या–काम–माया से मुक्ति प्राप्त कर सकता है (ताप त्रयी–अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक से मुक्ति)। शतरुद्रिय का उपदेश है कि अनुग्रह मूर्त्ति करुणासागर परमेष्ठी रुद्र सदैव जीवात्मा में भी वास करता है। परन्तु रुद्रानुग्रह से ही मोक्ष मिलता है।

मन्त्रद्रष्टा महर्षि याज्ञवल्क्य ने यजुर्वेद के रुद्रसूक्त में आत्मविद्या –ब्रह्मविद्या–सृष्टिविद्या का गूढ़तम ज्ञान प्रस्तुत किया है। वेदज्ञ याज्ञवल्क्य का उद्देश्य अविद्या–अज्ञान–अविवेक–अन्धकार को नष्ट कर जगत् कल्याण है। जगत् कल्याण के हेतु ही रुद्र दैव्यभिषक् स्वरूप में प्रगट होते हैं।

सद्ज्ञान के प्रवर्तक रुद्र के लिये एवं अध्यात्मिक उन्नति के लिये कृत्रिम कर्मकाण्ड को व्यर्थ कहा गया है। वैदिक काल अथवा उनतालीस लाख वर्ष पूर्व जीवन–मृत्यु–अमरता के परमेष्ठी सर्वत्र व्याप्तता से कर्मकाण्ड की अष्टपदीय पकड़ से कोसों दूर रहे। वेद में लगातार दोहराया है कि परमेष्ठी की कोई प्रतिमा नहीं है (अन्तःकरण में खोजें)।

यह अन्वेषक–शोधकों का विषय है कि यजुर्वेद के मात्र 66 मन्त्रों के रुद्रसूक्त को महाविस्तार देकर एक के स्थान पर आठ अध्यायों का महारूप किस काल में, कैसे, क्यों किया गया? यजुर्वेद के रुद्रसूक्त पर रुद्र त्रिशती भी अधिक वैदिक एवं प्राचीन नहीं प्रतीत होती है। छियासठ सूक्त का रुद्रपाठ स्वयं में दिव्य शक्ति सम्पन्न है। ''रुद्र के त्र्यम्बक होम से ही शक्ति पूजा का श्रीगणेश हुआ।'' जगन्माता अम्बिका शक्तिरूपा देवांगना (दैवी शक्ति) है। त्र्यम्बक होम के मन्त्रों में सर्वज्ञ रुद्र के साथ अम्बिका अवतरित होती है (अम्बिका रुद्र की बहिन है और रुद्र का वाहन मूषक है।)। इसमें रुद्र से मृत्यु से मुक्ति और अमरत्व की प्राप्ति की प्रार्थना की गई है। त्र्यम्बक होम वास्तव में शतरुद्रिय स्तोत्र का पूरक है। वैदिक परम्परा में यजुर्वेद के रुद्र स्तोत्र का बहुत जल्दी–जल्दी, अथवा बहुत धीमी गति से और गायन कर पाठ अधम पाठ कहलाता है।

वाजसनेयी संहिता शुक्ल यजुर्वेद
रुद्रसूक्त : माध्यन्दिन संहिता–वाजसनेयी संहिता, तैत्तिरीय संहिता, कपिष्ठल कठ संहिता, काठक संहिता, मैत्रायणी संहिता, काण्व संहितादि

वैदिक काल से रुद्र अर्चना के लिये ''शतरुद्रिय–रुद्रसूक्त'' सूक्त पाठ और ''त्र्यम्बक होम'' की समृद्ध परम्परा चली आ रही है। शतरुद्रिय का पाठ प्रतिदिन करने का विधान रहा है। शतरुद्रिय पाठ जन्ममरण से मुक्ति का सहज एवं सरल मार्ग है।

ऊँ नमस्ते रुद्र मन्यव उतोत इषव नमः।
नमस्ते अस्तु धन्वने बाहुभ्यामुतते नमः।।

हे रुद्र! आपके यज्ञ करनेवाले स्वरूप को प्रणाम है और आपके इषव–बाण (दिव्य महाशक्ति) को प्रणाम है। आपके धनुष्य को प्रणाम है। आपके दोनों हाथों को प्रणाम है। इस मन्त्र में मन्यु नाम तेज, ओज का है। तेज ही संहार की क्रोध शक्ति है। वैसे मन्यु का अर्थ यज्ञ और जोड़ने का भी है। स्तोत्र एवं कर्म का नाम मन्यु है। ज्ञान का मनन करनेवाली उत्तम बुद्धि

का नाम मन्यु है। रुद्र की दैवी माया ही वज्र रूप रथ है : "वज्रो वे रथः।।" श्रुति के अनुसार : "वज्रो वै यज्ञः।।" प्राणशक्ति ही यज्ञ है। प्राणशक्ति ही बाण है : "वज्रो वै शरः।।" प्राणशक्ति ही धनुष्य है : "वज्रो वै धनुः।।" श्रुति में कहा है : मन्यु ही महेश्वर नामवाला है। मन्यु की माया देह ही धनुष्य बाण–मृत्यु कार्य–अमृत क्रिया है। इन मृत्यु अमृतमय धनुष्य बाण की उपाधि से घोर अघोर नाम को रुद्र धारण करता है। माया रूप अज्ञान से सबको बचाने के लिये रुद्र का यजन करते हैं : "यज्ञस्यमायया सर्वानव यजामहे।" इस मन्त्र का अध्यात्मिक गूढ़ आशय जानना आवश्यक है।

यातइषुः शिवतमा शिवं बभूवते धनुः।
शिवाशख्या यातव तायानो रुद्र मृडय।।1।।

हे रुद्र! आपका बाण हवि नमस्कार के द्वारा अतिशांत हुआ है, आपका धनुष भी सुख स्वरूप हुआ है। आपकी त्रिलोक संहार करनेवाली शक्ति शान्त है। हमें उस शक्ति के द्वारा सुखी करो।।1।।

याते रुद्र शिवातनू रघोराऽपापकाशिनी।
तयानस्तु नुवा शन्त मयागिरि शन्ता भिचाकशीहि।।2।।

हे रुद्र! आपकी देह सुख रूप सौम्य, पापमय माया से रहित है, आपकी ज्ञान के प्रकाश करनेवाली शक्ति है, उस अतिसुख स्वरूप आत्मा से हमें कैलासवासी देव, सर्वत्र से देखो। रुद्र के प्रसिद्ध दो पाश हैं, एक घोर एवं दूसरा अघोर। घोर संसार रूप प्रलय करनेवाला है। अघोर असंहारमय यज्ञ करनेवाला है, वह शिव है। "द्वौ वै पाशो घोरोऽन्यः शिवोन्ययोयज्ञियः सघोरो योऽ यज्ञियः स शिवः।।" "द्वौ वै वज्रो घोरोऽन्यः शिवोऽन्योयः शुष्कः स घोरो य आर्द्रः सशिवः।।" "रुद्रो वा एव यदग्निस्तस्यैते तनु वौ घोराभ्य शिवाऽन्या।। यहच्छतरुद्रीयं जुहोति यै वास्य घोरातनूस्तां तेन शमयति। यद्वसोर्धारां जुहोति यैवास्य शिवातनूस्तां तेन प्रीणाति।।" इस रुद्र की प्रसिद्ध जो घोर देह है, उस घोर देह को प्रसन्न करने के लिये शतरुद्रीय से यजमान हवन करता है। उस शतरुद्रिय से घोर रुद्र शान्त होता है। "रुद्र की अघोर देह वसोर्धारा (घृतधारा)" से शान्त होता है।।2।। अतः यज्ञ में गोरस प्रवाहित किया जाता है।

यामिषु गिरिशन्त हस्ते बिभर्ष्यस्तवे।
शिवांगिरि त्रतां कुरुमाहिं सीः पुरुषं जगत्।।3।।

नगराज कैलास में, सूर्य में बसनेवाले हे देव, शत्रु पर फेंकने के लिये जिस बाण को हाथ में धारण करते हो, हे वेद प्रतिपालक रुद्र! आप उपासकों के लिये उस शक्ति को शान्त करो। हमारे मनुष्य मात्र की और वन में

चरनेवाले पशु मात्र (गो आदि) की हिंसा नहीं करो। इस मन्त्र में गिरि शब्द—सूर्य, मेघ, पँचप्राण, वेद, ब्रह्मलोक वाचक है।।3।।

शिवेन वचसा त्वागिरि शाच्छा वदामसि।
ययानः सर्वमिज्जग दयक्ष्मँ् सुमना असत्।।4।।

आप सबके पूज्य सूर्यमण्डल में विराजमान हैं। सूर्यमण्डलस्थ रुद्र! हम आपकी प्रणव के सहित ऋचा से प्रार्थना करते हैं। हमारे स्वजन, परिजन, पशु आदि रोग रहित प्रसन्न मुखवाले होवें। उस प्रकार ही सुख होवे। सायण भाष्यानुसार समस्त ग्रहों में श्रेष्ठ सूर्य, सभी इन्द्रियों में श्रेष्ठ नेत्र और समस्त पर्वतों में सर्वोत्कृष्ट कैलास है। सामान्य रूप से रुद्र सर्वत्र व्याप्त है, परन्तु अधिदैव सूर्य, अध्यात्म नेत्र, अधिभौतिक कैलास, इन तीनों में रुद्र के विशेष स्वरूप की प्राप्ति है।।4।।

अध्यवोचदधिवक्ता प्रथमो दैव्य भिषक।
अहीं श्चसर्वांजम्मयन्सर्वा श्चयातुधान्यः।। (धराचीः परासुवा) 5।।

सबसे पहिले वेद का वक्ता, अन्तर्मुख इन्द्रियरूप, देवों का हितकारी, सर्व रोगनाशक वैद्यनाथ रुद्र, हमारे लिये वेदों के गूढ़, रहस्यात्मक, अध्यात्मिक, गोपनीय रहस्य प्रणव का उपदेश करे। रुद्र सर्प, व्याघ्रादि हिंसक प्राणियों का संहार करते हुए सभी यातुधान भी नष्ट करे (यातुधान—अश्वादि को मार कर खानेवाले शरीरस्थ राक्षस)। रुद्र के स्मरण मात्र से दुःख दूर होता है।।5।।

असौ यस्ताम्रो अरुण उतबभ्रुः सुमंगलः।
ये चेमां रुद्रा अभितो दिक्षु श्रिताः सहःस्रशोऽवैषां हे डईमहे।।6।।

यह प्रत्यक्ष सूर्य उदय काल में रक्त वर्णमाला, मध्यान्ह काल में श्वेत वर्णमाला और अस्त काल में सुन्दर मंगल रूप लाल वर्णमाला है। सूर्य की असंख्य रश्मियाँ इस भूमि पर समस्त दिशाओं से सर्वत्र व्यापक हुई हैं। असंख्य किरण भेद से सूर्य मण्डल का एक ही रुद्र अनन्त रुद्र रूपों में अवस्थित है। इस किरण व्यापी रुद्रों का हम मल मूत्रादि से अपमान करते हैं। उससे क्रोधित हुए रुद्रों के कोप को सायं प्रातःकाल शतरुद्रिय स्तोत्र के जप से हम शान्त करते हैं।।6।।

असौ योऽवसर्पतिनीलग्रीवो विलोहितः।
उतैनं गोपा अदृशन्न दहार्युः।
उतैनं विश्वा भूतानि सदृष्ठो मृडयातिनः।।7।।

सूर्य उदय अस्त रूप से गमन करता है। जल को किरण समूह से निगलनेवाला विशेष लाल वर्ण है। इस सूर्य को गो आदि पशु चरानेवाले गोप (गो रक्षक) और जल भरती नारियाँ देखती हैं। साथ ही सम्पूर्ण प्राणिमात्र

देखते हैं। इसके ब्रह्मलोकवर्ती महाकैलासवासी स्वरूप को मुक्त पुरुष देखते हैं। ध्यान करनेवाले अपने हृदयवासी को जानते हैं। भूलोकवर्ती कैलासवासी रुद्र की वैदिक उपासना करनेवाले उपासक दिव्य दर्शन करते हैं। प्रत्यक्ष उदय रूप से दृष्टि गोचर होनेवाला रुद्र स्वरूप सविता हमें सुखी करे।।7।। (इस मन्त्र में नीलग्रीवः का आशय जल को निगलनेवाला है। एक अन्य भौतिक रूप से नीलकण्ठ है।)

नमो अस्तु नीलग्रीवाय समस्राक्षायमीढुषे।
अथोये अस्य सत्त्वानोऽहं तेभ्योऽकरं नमः।।8।।

सूर्य मण्डलमय निवास को धारण करके उसमें अवस्थित अपरिमित रश्मि रूप नेत्रवाले, जल की वर्षा करनेवाले रुद्र के लिये मेरा प्रणाम हो। इस रुद्र के प्रथम गण भृंगी, नंदी आदि को भी मैं नमस्कार करता हूँ। "स्थूल सूर्यमण्डल कृत्ति है। इस मण्डल रूप को धारण करनेवाला रुद्र ही कृत्तिवास है"।।8।। पृथिवी के महासमुद्रों का जल नीला भासता है। सूर्यस्वरूप रुद्र उस जल का हरण करता है। इसे अलंकारिक रूप से रुद्र की नीलग्रीवा की उपमा दी गई है।

प्रमुंच धन्वनस्त्य मुभयोरार्त्नियो ज्याम्।
याश्चते हस्त इषवः पराता भगवो वप।।9।।

हे सर्व प्रभुता सम्पन्न रुद्र! आप "संवत्सरात्मक धनुष" आदि और अन्त की दोनों कोटीमय—अनावृष्टि, अतिवृष्टि की भावना का त्याग करो। आपके हाथों (वश में) अनेक उपद्रव रूप बाण हैं, उनको भी हमारे स्थान से दूर करो।।9।।

अवतत्य धनुस्त्वं सहस्राक्षशतेषुधे।
निर्शीर्य शल्यानां मुखा शिवो नः सुमना भव।।10।।
विज्यं धनुः कपर्दिनो बिशल्यो बाण वाँ उत।
अनेशन्नस्येषव आभुरस्य निषंगथिः।।11।।

हे असंख्य नेत्रवाले देव, असंख्य बाण रखने के तूणीर अथवा निषंग वाले आप धनुष्य को प्रत्यंचा रहित करने का अनुग्रह करें। साथ ही बाणों के मुखों—धारदार फलों को निकालकर रखें। आपकी प्रजा (हम) जिस प्रकार उत्तम मनवाली होवें उसी प्रकार सुख होवे।

"रुद्र के विराट् स्वरूप का भूमि—पृथिवी चरण, आकाश उदर और द्यौ मस्तक है। रुद्र का जटाकेश सूर्य की अनन्त किरणे हैं।" रुद्र का वर्षा ऋतु में प्रचण्ड वायु मर्यादायुक्त धनुष्य होवे। बाण मर्यादासम्पन्न वर्षामय होवे। रुद्र के रोगरूप बाण वर्षा के अन्त में प्रगट होते हैं। शरद ऋतु में यज्ञ द्वारा रोगों

का नाश होवे। इस रुद्र के विद्युत्मय तलवार अथवा वज्र रखनेवाले मेघकोश हैं। ये मेघकोश शरद ऋतु में जल रहित होवे।।10।।

याते हेतिर्मी ढुष्टम हस्ते बभूवते धनुः।
तयास्मान् विश्वतस्त्वमयक्ष्मया परिब्भुज।।12।।

हे सर्व सामर्थ्य सिंचक रुद्र! आपके हाथ में जो धनुष्य एवं बाण है, उसके द्वारा हमारी सर्वत्र रक्षा करो।।12।।

नमस्ते अस्त्वा युधायाना तताय धृष्णवे।
उभाभ्यामुतते नमो बाहुभ्यां तवधन्वने।।13।।
परिते धन्वनो हेतिर स्मान वृणक्तु विश्वतः।
अयो य इषुधिस्तवाऽऽरे अस्मन्निधे हितम्।।14।।

हे रुद्र आपके धनुष्य पर चढ़े हुए शत्रुओं को मर्दन करनेवाले बाण को प्रणाम होवे। आप घोर अघोर क्रियामय जगत् के उपादान स्वरूप हैं। आपके द्यावा भूमि मय हाथों को नमन करता हूँ। "महेश्वर रुद्र कार्य क्रिया मृत्यु अमृतमय हाथों से पँच भूतों को धारण करता है।" "पृथिवी नाम कार्य की समष्टि शक्ति है। द्यौ नाम क्रिया कारण की समष्टि शक्ति है।" ये दोनों शक्ति प्राणशक्ति की बाह्य और अभ्यन्तर अवस्था है। "यह प्राणशक्ति माया" है। इस "माया देह का देही महेश्वर" है। इसलिये घोर अघोर मायिक रुद्र महेश्वर के हाथ हैं।

रुद्र के अन्तरिक्षमय धनुष्य में नक्षत्रगण अवस्थित हैं। उनका सय्वन्धि दैवकोप रूप बाण हमें सर्वत्र से बचावे। आपके रोग रूप बाणों के रहने का स्थान कुसमय वर्षा का मेध है। उस वर्षानेवाले मेघमण्डल को हमसे बहुत दूर स्थापना करो।।13, 14।।

मा नो महान्तमुत मा नो अर्भकं मा न उक्षन्तमुतमा न उक्षितम्।
मा नो वधीः पितरं मोत मातरंमा नः प्रियास्तन्वो रुद्र रीशिषः।।15।।

हे रुद्र! आप हमारे महान व्यक्ति को नहीं मारो। हमारे शिशु को नहीं मारो। गर्भाधान करते युवॉ को नहीं मारो। परिसिक्त गर्भ को नष्ट नहीं करो। हमारे माता–पिता को नहीं मारो। हे रुद्र! हमारे प्रिय शरीर को (असमय) नष्ट मत करो।।15।।

मा नस्तोके तनये मा न आयुषि मा नो गोषु मा नो अश्वेषु रीरिषः।
मा नो वीरान् रुद्र भामिनो वधीर्हविष्मन्तः सदमित्त्वा हवामहे।।16।।

हे रुद्र! आप हमारे पौत्र–पौत्री में, पुत्र–पुत्री में, हमारी आयु अथवा गायों, अश्वों आदि के विषय में पुनः पुनः कोप नहीं करें। हे रुद्र! आप हमारे वीरों को भी नष्ट नहीं करो। आपका हम सदैव हविर्युक्त होकर आवाहन करते

हैं।।16।। इन दोनों मन्त्रों में रुद्र से अकाल मृत्यु से रक्षा की विनती की गई है।।तैत्तिरीया संहिता 4.5.1।।1–16।।

नमो हिरण्य बाहवे सेनान्ये दिशां च पतये नमः।।1।।

हे सुनहरी बाहुवाले (अर्थात् आदि सूर्य सविता)! आप देव सेनाओं के नायक, दिशाओं के स्वामी! आपको बारंबार प्रणाम है। ''सविता हिरण्यहस्तः।।'' हम रक्षा के लिए तेजोमय हाथवाले सविता को बुलाते हैः ''हिरण्य पाणि सूतये सवितारं।।'' सविता आठ दिशा प्रकाशक, अन्तरिक्ष, द्यौ, पृथिवी आदि लोकों को युक्त करनेवाला है : ''अष्टौव्यख्यक कुमः पृथिव्या स्त्री धन्वयोजना सप्तसिन्धून् हिरण्याक्षः।।'' स्वर्ण हस्तवाला सविता रोगादि नष्ट करनेवाला है, सूर्य को सर्वत्र प्रकाशित करता है और अन्धकार समाप्त कर द्यौ को तेज से व्याप्त करता है : ''हिरण्य पाणि सविता ....अपामीवां बधतेवेति सूर्यमभि कृष्णेनरजसाद्या मृणोति।।''ऋग्वेद में रुद्र अघोर हिरण्यमय हाथवाला असुर है : ''हिरण्य हस्तो असुरः।।'' आठ दिशाओं का आठ दिक्पाल इन्द्र आदि की देव सेना है। उन देवों सहित दिशाओं का स्वामी रुद्र है।'' ऋग्वेदानुसार अमृत ही हिरण्य है। प्रकाश ही तेज है। यह भूमि प्रकाश रहित है और सूर्य प्रकाशयुक्त है। ''अमृतं वै हिरण्यं।। तेजो वै हिरण्यं।। इयं वै रजताऽसौ हिरण्यं।।'' अमृतशक्ति की बाह्य अवस्था ही मृत्युशक्ति है। स्थूल जड़ मात्र कार्य का मूल स्वरूप मृत्यु है। इस आधार के विना अभ्यन्तर अमृत आधेय का विकास नहीं होता है। इसलिये ही घोर अघोर परस्पर मिले हुए असंख्य विभूतियों के रूप में ओतप्रोत हो रहे हैं। घोर अमृत में लय होता है और अमृत भी निर्विशेष रूप से अनन्त शक्ति रूप रुद्र में विराजता है। यहाँ निराकार रुद्र का विशेष स्वरूप सूर्य में सविता नाम से है। इसप्रकार ''नमो हिरण्य बाहवे'' का अध्यात्मिक आशय है।

नमो वृक्षेभ्यो हरि केशभ्यः पशूनां पतये नमः।।2।।

ऋग्वेद में त्रिलोकी में व्याप्त विराट् वृक्ष ब्रह्म है। दूसरे श्रुति में आत्मा–घोर अघोर व्यापक स्वरूप ही पशु कहा गया है : ''आत्मा वै पशुः।।'' प्राण शक्ति ही व्यापक है। घोर अघोर घोरतर रूप ही प्राण महाशक्ति है : ''द्यौ बृहतीः।।'' ''पशवो वै बृहतीः।।'' श्रुति अनुसार अग्नि पशु है, वायु पशु है, सूर्य पशु है। प्राण सूर्य, अपान अग्नि, व्यान वायु है और अम्बा–इडा भूमि देवी है। अम्बिका, सरस्वती, अन्तरिक्ष देवी और अम्बालिका–भारती द्यौ देवी है। समस्त पशुओं का नियंता रुद्र है। हरिकेश ही सूर्य की किरण हैं। अर्थात् रुद्र की महिमा को प्रणाम है।।2।।

नमः सस्पिंजरा यत्विषीमते पथीनां पतये नमः।।3।।

कृष्ण लाल पीत रंगवाला तेजस्वी अग्नि विद्युत् पथिकों के स्वामी को बारंबार प्रणाम है।।3।।

नमो वभ्लुशाय विव्याधिनेऽन्नानां पतये नमः।।4।।

पापीगणों, व्याधियों को नाश करनेवाले, धर्म रूप अन्नादि पदार्थों के स्वामी (रुद्र) को बारंबार प्रणाम है।।4।।

नमो हरि केशायोपवीतिनं पुष्टानां पतये नमः।।5।।

नमो भवस्य हेत्यै जगतां पतये नमः।।6।।

जगत् के दुःख को नाश करनेवाले, समस्त ब्रह्माण्डों के स्वामी को अनेकबार प्रणाम है।।6।। इस मन्त्र में रुद्र के केशों का रंग पुनः हरित कहा गया है।

नमो रुद्रायाऽऽतताविने क्षेत्राणां पतये नमः।।7।।

सृष्टि के विस्तार करनेवाले, ब्रह्मा के स्वरूप में प्रकट होनेवाले, अव्याकृत, सूत्रात्म विराट्मय समष्टि क्षेत्रों के स्वामी रुद्र को प्रणाम है।।7।।

नमः सूतायाहन्त्यायवनानां पतये नमः।।8।।

समष्टि व्यष्टि ब्रह्माण्ड पिण्ड समूहों के उत्पन्न, पालन, संहार करनेवाले रुद्र को नमन है।।8।। रुद्र वनों के अधिपति हैं।

नमो रोहिताय स्थपतये वृक्षाणां पतये नमः।।9।।

सूर्यमण्डल में स्थित नाशवान शरीरों को अनेक बार प्रणाम है।।9।। सूर्यमण्डलस्थ रुद्र का रोहित वर्ण है, वे वृक्षों के स्वामी हैं। वेद में वृषभ एवं सूर्य का भी वर्ण रोहित है।

नमो मन्त्रिणे वाणि जायकक्षाणां पतये नमः।।10।।

सृष्टि विचार को करके यथाक्रम विभाग करनेवाले नक्षत्रों के स्वामी को नमन है।।10।।

नमो भुवन्तये वारिवस्कृतायौषधीनां पतये नमः।।11।।

प्राणियों का विस्तार करनेवाले, भौतिक–दैविक–अध्यात्मिक धन प्रदाता और वृक्ष, लता, कुंज, गुल्मादि ओषध के स्वामी को प्रणाम है। ऋग्वेद में रुद्र ओषधियों–वनस्पतियों के अधिष्ठाता हैं। तीनों लोकों में व्याप्त विराट् वृक्ष ब्रह्म (रुद्र) है। रुद्र दैव्य भिषज् हैं।।11।।

नमे उच्चेर्घोषाय ऽऽ क्रन्दयते पत्तिनां पतये नमः।।12।।

महागगनभेदी घोष करनेवाले, शत्रुओं–त्रिलोकी को कोप से रुदन करानेवाले और पदतिका सेनाओं के स्वामी को नमन है।।12।।

नमः कृत्स्न वीताय धावते सत्वानां पतये नमः।।13।।

सैन्य व्यूह में घिरे उपासकों (घोर संकटाग्रस्त) की रक्षा के लिये मन के वेग से दोड़नेवाले, दिव्य देहधारी गणों के स्वामी को मेरा प्रणाम है। पौराणिक काल में रुद्र ने उपासक की रक्षा के लिये मृत्यु के देवता यम का वध किया। स्वयं रुद्र ने अनैतिक प्रजापति का वध किया। नृसिंह अवतार का वध रुद्र के शरभेश्वरावतार ने किया। रामायण काल में रुद्र ने अपने उपासक की रक्षार्थ श्रीराम की सेना के साथ युद्ध किया।।13।।अर्थात् एकमात्र रुद्र ही महाविकट संकटों से मुक्ति दिलानेवाले हैं।

नमः सहमानायनि व्याधिन आव्याधिनीनां पतये नमः।।14।।

समस्त को पराजित करनेवाले, अपने महातेज से छेदन (भस्मीभूत) करनेवाले और सर्वत्र प्रहार करनेवाली सेनाओं के महाधिपति को प्रणाम है।।14।।

नमः क कुभाय निषंगिणेस्तेनानां पतये नमः।।15।।

पुरुष रूप ईश प्राण ही ककुभ है : "पुरुषो वै ककुभः।।" शस्त्रधारी महाबली गुप्तचरों के स्वामी को प्रणाम है।।15।। यह स्मरण रहे कि रुद्र के गुप्तचर जगत् में सर्वत्र व्याप्त हैं। वे प्राणिमात्र के सत् असत् की सूचना रुद्र को निरन्तर दे रहे हैं।

नमो निषंगिण इषुधिमते तस्कराणां पतये नमः।।16।।

सशस्त्र प्रगट तस्करों के स्वामी को मेरा प्रणाम है।।

नमो वंचते परिवंचते स्तायूनां पतये नमः।।17।।

ठग, विश्वासघाती, स्वामी का विश्वासपात्र बनकर धनादि हरनेवालों के स्वामी को अनेक–अनेक प्रणाम हैं।।17।।

नमो निचेरवेपरिचराया रेण्यानां पतये नमः।।18।।

चोरी की कामना से सर्वत्र विचरनेवालों के स्वामी को प्रणाम है।।18।।

नमः सृकाविभ्यो जिघाँसदभ्यो मुष्णतां पतये नमः।।19।।

वज्रधारी आक्रमण कर मारनेवाले और खेतों के अन्न को लूटनेवालों के स्वामी को बारंबार प्रणाम है।।19।।

नमोऽसिमद्भ्यो नक्तं चरदभ्यः प्रकृन्ताना पतये नमः।।20।।

रात्री में सशस्त्र विचरनेवाले, दिन में मारकर चोरी करनेवालों के स्वामी को प्रणाम है।।20।।

नमः उष्णीषिणे गिरिचाय कुलुंचानां पतये नमः।।21।।

पगड़ीवाले, गिरिवासी, दुर्बलों को लूटनेवालों के स्वामी को प्रणाम है। ये छह मन्त्र रुद्र के समभाव को उद्घाटित करते हैं। वैदिक देवों के शास्ता

देव, दानव एवं मनुष्यों में समान रूप से पूजित हैं। वे किसी में भी भेद नहीं करते हैं। रुद्र वेद में मर्यादाहीनता के लिए प्रजापति का वध; त्रिपुरों का संहार; विषपान आदि से परमेष्ठी कहलाये। इन मन्त्रों का आशय है कि रुद्र सभी प्राणियों के स्वामी हैं।। कपिष्ठल कठ संहितायां सप्त विंशति तमोऽध्यायः।। अनुवाकः।।2।।

रुद्र की अनन्त शक्ति को एक निर्विशेष प्रलयस्थ बीज सत्ता– सृष्टि के कुछ पहिले मायारूप से भासती है। भासरूप भस्म को रुद्र महेश्वर रूप से धारण करता है। इस अधिष्ठित रूप भस्म को धारण करने से ही चेतन अधिष्ठान का नाम भस्म हुआ। उस माया भस्म की असंख्य अध्यात्म अधिदैव विभूति हैं। इन अग्नि, सूर्यादि अधिदैव, वृक्षादि अधिभौतिक, मनुष्यादि अध्यात्म शरीरों में अहंकर्ता भोक्ता रूप से अध्यास है। यही रुद्र का चिदाभास है। "शरीरों के सब प्रकार के अध्यासों से रहित चिदाभास ही रुद्र है।"

"रुद्र ज्ञानी के शरीर में शुद्ध और अज्ञानी देहों में मलीन भासता है।" वास्तव में परिणाम रहित नित्य शुद्ध ज्ञान स्वरूप माया के समस्त प्रकार के आवरणों से रहित है। "उपासक अग्निहोत्र की भस्म धारण करते हैं, ज्ञानी ज्ञानरूप भस्म लगाते हैं।" जगत् कार्य के सहित मायाकारण को प्रलयरूप श्मशान में निर्विशेष बीज सत्ता के रूप से भस्म करके उस बीज सत्ता रूप भस्म को अपने अनन्ताकाश ज्ञानस्वरूप में एक ज्ञानाकार रूप से रमाता हुआ (रुद्र) महाप्रलय श्मशान में विराजता है। रुद्र चराचर व्यापी है तो चोर एवं सज्जन विभूति नहीं हैं, अवश्य है। अर्थात् रुद्र सभी तरह के कर्म करनेवालों में समान रूप से व्यापता है। प्राण स्वरूप रुद्र, उत्तम अधम कर्म में एवं श्रेष्ठ अश्रेष्ठ में भेद नहीं करता है। रुद्र जिस मनुष्य को सत्यलोक भेजना चाहता है, उससे ही उत्तम कार्य कराता है। इसके विपरीत जिसको नरक भेजना चाहता है, उससे नीच कर्म–दुष्कर्म कराता है। जैसे समष्टि तरंग और व्यष्टि बुब्दुदा जल के ही दो स्वरूप हैं। वैसे ही एक ही रुद्र उपाधिक व्यष्टि चेतन और कारण उपाधिक समष्टि अन्तर्य्यामी है।। कपिष्ठल कठ संहितायां सप्त विंशति तमोऽध्यायः।।अनुवाक।।2।।

नम इषुकृद्भ्यो धनुष्कृद्भ्यश्चनो नमः।।1।।

धनुष्य बाण (महातेज) और उसके स्वामी को प्रणाम है।।1।। अर्थात् दिव्यशक्ति को नमन करते हैं।

नामो इषुमद्भ्यो धन्वायिभ्यश्चवो नमः।।2।।

धनुष्य बाण धारियों को नमन और उनके अन्तर्यामी रुद्र को प्रणाम है।।2।।

नम आतन्वानेभ्यः प्रतिदधानेभ्यश्चवो नमः।।3।।

धनुष्य पर प्रत्यंचा को चढ़ानेवाले और धनुष्य पर बाण–महातेज शक्ति का अनुसन्धान करनेवाले को प्रणाम है। उनके प्रतिपालक रुद्र को प्रणाम है।।3।।

नम आयक्ष्च्छद्भ्यो विसृजद्भ्यश्चवो नमः।।4।।

प्रत्यंचा को ताननेवाले, बाण को छोड़नेवालों को नमस्कार है। उन विभूतियों के आप रुद्र विभूतिमान् को प्रणाम है।।4।।

नमोऽस्यद्भ्यो विध्यद्भ्यश्चवो नमः।।5।।

सटीक बाण का प्रहार कर मारनेवाले को प्रणाम है और आप स्वामी को प्रणाम है।।5।।

नमः स्वपद्भ्यो जाग्रद्भ्यश्चवो नमः।।6।।

स्वप्न जाग्रत् अवस्थावालों को प्रणाम है और आप स्वामी को प्रणाम है।।6।।

नमः शयानेभ्य आसीनेभ्यश्चवो नमः।।7।।

शयन करनेवालों, बैठनेवालों को प्रणाम है। परम ब्रह्म दोनों अवस्थाओं में विद्यमान है। उस सर्व विद्यमान को प्रणाम है।।7।।

नमः स्तिष्ठद्भ्योधावद्भ्यश्चवो नमः।।8।।

खड़ी हुई, धावती हुई विभूतियों और आपको प्रणाम है। परमब्रह्म स्थिर और गतिमान दोनों है। उनसे दोनों स्थितियों में परमब्रह्म को नमन करते हैं।

नमः सभाभ्यः सभापतिभ्यश्चवो नमः।।9।।

समाज सहित जन समूह के स्वामियों और आपको प्रणाम है।।9।। अधिदैविक रूप से देवसभा के सभापति रुद्र हैं। अतः रुद्र को प्रणाम है।

नमोऽश्वेभ्योऽश्वपतिभ्यश्चवो नमः।।10।।

अश्वों के सहित अश्वपालकों को और आप रुद्र को प्रणाम है।।10।। वेद में ब्रह्म का पर्याय अश्व है और ब्रह्म ही सर्वपालक है।

नम आव्याधिनीभ्यो विविध्यन्तीभ्यश्चवो नमः।।11।।

शत्रु सेना को घेर कर मारती हुई नारी सेनाओं (देवांगनाएँ) (दैवी शक्ति) और रुद्र को प्रणाम है।।11।।

नम उगणाभ्यस्तृं हतीभ्यश्चवो नमः।।12।।

सप्त मातृका ब्राह्मी आदि, युद्ध में शत्रुओं का संहार करनेवाली दुर्गादि और रुद्र को प्रणाम है। यहाँ दिव्यशक्तियाँ–देवांगनाओं को नमन किया गया है।।13।।

नमो गणेभ्यो गणपतिभ्य श्चवो नमः।।13।।

इस मन्त्र में रुद्र को गण के अधिपति से सम्बोधित किया गया है। गणपति अथर्वशीर्ष में उन्हें (महागणपति) ब्रह्म घोषित किया गया है। आगम में ''महागणपति को महेश्वर महेश्वरी भी माना गया है।'' त्र्यम्बक होम में रुद्र का वाहन मूषक है। साथ ही जगन्माता, मातृशक्ति अम्बिका रुद्र की बहिन कही गई है। इसके ठीक विपरीत आगम के गणपति का वाहन भी मूषक है। निगम में गणों को एवं गणों के अधिपति को रुद्र सहित प्रणाम कहा गया है (इस दृष्टि से शतरुद्रिय स्तोत्र पाठ से पूर्व अन्य देवों, मातृका, नवग्रह और गणपति की पूजा अर्चना की आवश्यकता नहीं है।)।।13।।

नमो व्रातेभ्यो व्रातपतिभ्यश्चवो नमः।।14।।

जातियों के सहित जाति समूहों अधिपतियों को और उन सभी के स्वामी को प्रणाम है। यहाँ रुद्र को विश्व के सभी जनों का स्वामी घोषित किया गया है।।14।।

नमः कृच्छ्रेभ्यः कृच्छ्रपतिभ्यश्चवो नमः।।15।।

दुःखियों के सहित दुःखियों के पालक रुद्र को नमस्कार है।।15।। अर्थात् रुद्र दुःख हरण करनेवाले हैं।

नमो विरूपेभ्यो विश्वरूपेभ्यश्चवो नमः।।16।।

विभिन्न रूपोंवालों, सर्व स्वरूपों को धारणकर्त्ता रुद्र को बारंबार प्रणाम है। यह स्मरण रहे कि रुद्र ही सूर्यस्वरूप, वरुणस्वरूप, अग्निस्वरूप, वायुस्वरूप, द्यौस्वरूप आदि है।।16।।

नमः सेनाभ्यः सेनानीभ्यश्चवो नमः।।17।।

देव सेनाओं, देव सेनानियों और महाशूरवीर दुर्धर्ष योद्धा, अपराजेय, शत्रुओं के बल हरण करनेवाले रुद्र को कोटि–कोटि प्रणाम है।।17।।

नमो रथिभ्यो वरूथिभ्यश्चवो नमः।।18।।

विमानवालों अथवा रथवालों के सहित कवचधारी रथवाले वीरों को प्रणाम है और आप अन्तर्यामी को प्रणाम है।।18।।

नमः क्षतृभ्यः संग्रहीतृभ्य श्चवो नमः।।19।।

क्षत्रः का अर्थ अधिराज्य, शक्ति, प्रभुता, सामर्थ्य आदि है। इसका आशय यह है कि सर्वप्रभुतावान्, सर्वसामर्थ्यवान् रुद्र और उनके प्रचण्डतम तेज को प्रणाम है। साधारण रूप से अर्थ रथ हाँकनेवालों के सहित रथ के पीछे बाण संग्रह करनेवाले और आपको प्रणाम है।।19।।

नमो बृहद्भ्योऽर्भकेभ्यश्चवो नमः।।20।।

कार्य कारण से भी अनन्त स्वरूप अतिमहान है : ''अघोरणीयान्महतोमहीयान्।।'' रुद्र महाविराट् स्वरूप हैं, रुद्र कारणों का भी महाकारण है। रुद्र के सूक्ष्मतम–वामन, बृहदतम विराट् स्वरूपों की महिमाओं में स्वयं रुद्र ही महिमावान् हैं। उन्हें कोटि–कोटि नमन है।।20।।

नमोयुवभ्या आशीनेभ्यश्चवो नमः।।21।।

वेद में ''रुद्र को नित्य तरुण'' कहा गया है। रुद्र अनादि, अनन्त है। रुद्र पँचभूतों का आदिभूत है, त्रितत्त्वों का आदितत्त्व है। उनके पुत्र मरुत् भी नित्य तरुण हैं। यहाँ काम क्रोध के स्थान पर युवतियों एवं युवाओं को प्रणाम कहा गया है। इस मन्त्र में युवती–युवा का अर्थ श्रेष्ठ, उत्तम है। साथ ही सर्वव्यापक रुद्र को प्रणाम है।।20।। यजुर्वेद मैत्रायणी संहिता मध्यमकाण्डे नवमः प्रपाठकः।।

जल तरंगवत् अनेक स्वरूपों से विशेष चेतन प्रतीत होता है, सो ही अलिंगी निराकार चेतन का विशेष लिंग है। इस विशेष लिंग रूप महिमा के द्वारा ही निर्विकारी रुद्र जाना जाता है। पहिले लिंगात्मक चराचर विभूतियों को प्रणाम है। उसके अनन्तर अलिंग स्वरूप रुद्र को मेरा कोटि–कोटि प्रणाम है। ''वेद में आकाश में सूर्य गगनलिंग है और पृथिवी पर अग्निलिंग है।'' वेद में स्पष्ट कहा है कि ब्रह्म (रुद्र) की कोई प्रतिमा नहीं है। रुद्रसूक्त निरन्तर निराकार रुद्रोपासना का सूत्र दे रहा है।

नमो ब्राह्मणेभ्यो राजन्येभ्यश्चवो नमः।।11।।

ब्रह्मविदों, प्रभुता कार्यवालों और आप रुद्र को प्रणाम है। यहाँ ''ब्राह्मण का आशय ब्रह्मविद'' लिया गया है।।1।।

नमः सूतेभ्यो विश्येभ्यश्चवो नमः।।2।।

विलोम जाति से उत्पन्न महाविद्वानों और विश्व कर्म करनेवालों एवं उनमें पूजित रुद्र को प्रणाम है। स्मरण रहे कि नैमिषारण्य में सूतजी महाराज ने सहस्रों ऋषियों को पुराण आदि का उपदेश किया। सूत पर विशेष प्रकाश सूत संहिता में डाला गया है।।2।।

नमस्तक्षभ्यो रथकारेभ्यश्चवो नमः।।3।।

विश्वकर्मा के साक्षात वंशज तर्खाण–बढ़ई, शिल्पकार, रथकार, सुतार, प्रौद्योगिकीविद, नव आविष्कारकर्त्ता आदि को रुद्र सहित प्रणाम है। इससे पूर्व रुद्र को विश्वकर्मा कहा गया है। अतः उनके अंशरूप को उनके सहित नमन किया जाना उचित है।।3।। नक्सृजनकार, नवप्रौद्योगिकी विकासकर्त्ताओं को रुद्र का दूसरा रूप माना गया है।

नमः कुलालेभ्यः कर्मारेभ्यश्चवो नमः।।4।।

लोक में प्रजापति को कुम्हार वर्ग कहा गया है। कुम्हार प्रजापति मिट्टी से सृजन करता है और प्रजापति ब्रह्म मानव की पँच भूतों से रचना (सृजन) करता है। प्रजापति कुम्भकार, लोहार एवं स्वर्णकार सहित सर्वरचनाकार रुद्र को कोटि–कोटि प्रणाम है।।4।।

नमो निषादेभ्यः पुंजिष्टेभ्यश्चवो नमः।।5।।

निषाद, धीवर, मांझी आदि नद पार करवाते हैं और रुद्र भवसागर के तारणहार है। धोबी वस्त्र धोता है और रुद्र मन, हृदय को शुद्ध करते हैं। नट कला प्रदर्शन करता है एवं नटेश्वर रुद्र जगत् में विरुपाक्ष– विविध रूप धारण करता है। चर्मकार, डोम, भृंगी आदि भी जगत् सन्तुलन रखने में अहम् भूमिका निर्वहण करते हैं। महास्वामी रुद्र जड़ चेतन में सर्वव्याप्त है, उनको एवं उनके रूपों को प्रणाम है। आगम में भृंगी ऋषि ने उमा को शाप दिया। रुद्र ने डोम स्वरूप में आचार्य शंकर को ज्ञान दिया।।5।।

नमः श्वनीभ्यो मृगयुभ्यश्चवो नमः।।6।।

श्वानों सहित वन में भ्रमण करनेवाले, शिकार खेलनेवाले व्याघ्र को प्रणाम है (इसका अध्यात्मपरक अर्थ लें।)।।6।। घोर रूप रुद्र जगत् में असत्य करनेवालों को दण्ड (शिकार) देते हैं।

नमः श्वभ्यः श्वपतिभ्यश्चवो नमः।।7।।

हे रुद्र! आप सत्य स्वरूप हो। मैं जब तक देहाभिमानी हूँ, तब तक एक शुद्ध स्वरूप नहीं हूँ। आपके अभेद स्वरूपमय जाग्रत् होते ही, देहाध्यास स्वप्नजाल विलीन हो जाता है : "तदपश्यतद् भवत्तदासीत्।।" उस अपने वास्तविक स्वरूप सो ही होता है, जीव नाम उपाधि के पहिले सो ही निरूपाधिक रुद्र ही रहा। रुद्र से कल्पित विशेष स्वरूप जीव भिन्न नहीं है। किन्तु विशेष अवस्था से निर्विशेष अवस्था अवश्य भिन्न है। इसलिये व्यवहार सत्ता को पृथक् प्रणाम और परमार्थ सत्तावान् को भिन्न प्रणाम है। जगत् व्यवहार दृष्टि से सत्य और परमार्थ दृष्टि से असत्य है। अपरिमित विभूतियों के नाम रूप वर्णन करती हुई ऋचा भी अन्त में रुद्र को सबका सत्य स्वरूप वर्णन करती हुई मौन होती है। (कुत्तों के सहित कुत्तों के रक्षक और अन्तर्यामी रुद्र को प्रणाम है।)।।7।।

नमो भवाय चशर्वायच।।8।।

जगत् सृष्टि के रचनाकार भव को और शर्व अर्थात् प्रलय करनेवाले को प्रणाम है। रुद्र ही भव एवं सर्व है।।8।।

नमो रुद्राय च पशुपते च।।9।।

ब्रह्माण्ड के पालनकर्त्ता पशुपति और स्वयं प्रकाशी अखण्ड धन अनादि अद्वितीय स्वरूप रुद्र के लिये नमस्कार है। रुद्र का शुद्ध निर्मल स्वरूप है।

"श्वेतो भवति ब्रह्मणो रूपं"।।9।।

नमो व्युप्तकेशायच कपर्दिने च।।10।।

मुण्डित केशवाले सन्यासी स्वरूपा रुद्र और जटाधारी स्वरूपी रुद्र को कोटि–कोटि प्रणाम है। तीन आश्रम शिखा सूत्रधारी हैं। उनके अनन्तर सन्यास आश्रम के लिए शिखा का मुण्डन कराते हैं और यज्ञोपवीत का त्याग करते हैं। सन्यास ग्रहण करनेवाला अपने अज्ञानादि महापाप को भस्म करता है। वह जन्म मरण के देनेवाले पाप से रहित निष्पापरूप सूक्ष्म होकर ब्रह्मलोक को प्राप्त करता है। "उपवीतं भूमावप्सुषावि सृजेत्।।" "शिखां यज्ञोपवीतं।।" "ऊँ भूः संन्यस्तं मया ऊँ भुवः सैन्यस्तं मया ऊँ स्वः संन्यस्तं मयेति त्रिः कृत्वा।।" इन मन्त्र का तीन बार पठन करके समस्त कामनाओं को त्यागें। "सखा मागोपायौजः सखायाऽ सिवार्त्रघ्नः शर्ममे भवयत्पापंतन्निवारय।।" "सर्व शक्ति सम्पन्न रुद्र का अघोर रूप मेरी रक्षा के लिये मित्र है। साथ ही पाप का समूल नाश करनेवाला घोर स्वरूप मित्र है। घोर स्वरूप मेरे पाप का नाश करे और सुख रूप हो।।" हे समष्टि–व्यष्टि ब्रह्माण्ड पिण्डमय आलय के स्वामी रुद्र! आप शरीरों के मध्य सुखरूप प्राणों का स्थिर संचार कर्त्ता हो। आप अत्यन्त करुणा के महासागर हैं। आप दैत्यों के त्रिपुरों के संहार कर्त्ता हो। आप सन्यासीगण के मित्र हैं। "वास्तोष्पते ध्रुवा स्थूणाँ सत्रँ सोम्यानां।। द्रप्सः पुरां भेत्ता शाखनी नामिन्द्रो मुनीनाँ सखा।।" आमजन धर्म कर्म से मोक्ष नहीं पाता है। किन्तु माया के समस्त इन्द्रजाल को अधिष्ठान रुद्र में लयकर, एक मात्र रुद्र में मग्न होने से ही कैवल्य मोक्ष प्राप्त होता है। क्रम मोक्ष समस्त लोकों से परे उत्तम ब्रह्मलोक है। "ब्रह्मलोक अथवा रुद्रलोक स्वयं प्रकाशमय अव्याकृत गुहा में स्थित है।" उस परमव्योमवासी परमेष्ठी में सन्यासी गण अभेदरूप से प्रवेश करते हैं। वे व्यष्टि भेद को त्यागकर समष्टि रूप हो जाते हैं (भली प्रकार कैवल्य या क्रम मोक्ष रूप ब्रह्मलोक के लिये प्रयत्न करते हैं, वे ही सन्यासी हैं।)। "ब्रह्म वै ब्रह्मा।। रुद्र ही ब्रह्मा है"।।10।।

नमो नीलग्रीवायचशितिकष्ठायच।।11।।

माया के स्वामी और माया रहित शुद्ध स्वरूप को कोटि–कोटि प्रणाम है।।11।। नीलग्रीवा का आशय पूर्व में स्पष्ट किया है। रुद्र का श्वेतकण्ठ है और सूर्य रूप में महासागर का नीला भासता जल हरण से नीला भासता है।

नमः सहस्राक्षाय चशतधन्वनेच।।12।।

अनन्त नेत्र एवं असंख्य धनुष्यवाले अर्थात् निराकार रुद्र ब्रह्म को प्रणाम है।।12।।

नमो गिरिशाय चशिपिविष्टाय च।।13।।

पृथिवी के द्युलोक कैलास–मेरु–सुमेरु–मुजवान महापर्वत और सूर्यमण्डल योनि के मध्य व्यापक भर्ग को प्रणाम।। सूर्य ही पशुरूप शिपि है। सूर्य ही यज्ञ है। गुह्येन्द्रिय रूप से व्यापक सूर्यमण्डल है। "आदित्यो वैय यज्ञः।।" "पशु वैं यज्ञः।।13।। शिपि का अर्थ किरण है और सूर्यमण्डल के मध्य स्व प्रकाशी रुद्र अवस्थित है।

नमो मीढुष्टराय चेषुमते च।।14।।

वर्षावाले और महातेजवान् (बाणवाले) रुद्र को प्रणाम है।।14।।

नमो ह्रस्वायच वामना यच।।15।।

लघु और स्वल्प स्वरूपवान् को प्रणाम है। यह स्मरण रहे कि वेदानुसार ब्रह्म की कोई प्रतिमा नहीं है। उनकी विराट् देह सभी लोकों के आरपार है। इसलिये उनके लघु से लघुतम अथवा सूक्ष्मतम और बृहदतम् विराट् स्वरूप हैं।।15।।

नमो बृहते चवर्षीय से च।।16।।

रुद्र के बृहद् स्वरूप और विशालतम स्वरूप को प्रणाम है।।16।।

नमो वृद्वाय चसुवृध्वने च।।17।।

रुद्र अनादि हैं अर्थात् वे सर्वाधिक अनन्त आयुवाले महाज्ञानवृद्ध हैं। वे ही उत्तम ज्ञानात्मक वृद्ध हैं। दोनों को बारंबार प्रणाम है।।17।।

नमोऽग्रीयाय प्रथमाय च।।18।।

जगत् उत्पत्ति के पहिले प्रगट होनेवाले ब्रह्मा एवं ब्रह्मा के पिता अनादि रुद्र को प्रणाम है।।18।।

नम आशवे चाजिराय च।।19।।

व्यापक मायिक सृष्टि संकल्प को और संकल्प की क्रिया कारण रूप से गमन करनेवाले अर्थात् रुद्र को प्रणाम है।।19।।

नमः शीभाय च शीघ्नाय च।।20।।

जल और जल के प्रचण्ड प्रवाह के स्वामी (रुद्र) को प्रणाम है। यह उल्लेखनीय है कि रुद्र ही वरुणस्वरूप है। अतः रुद्र ही जल रूप भी है।।20।।

नमा ऊर्म्याय च वस्वन्याय च।।21।।

जल तरंग को और शब्द रहित जल प्रवाह को कोटि–कोटि नमन है। यहाँ जल (आपः) रुद्र वाचक है।।21।।

नमो द्विप्याय च स्रोतस्याय च।।22।।

टापू और पर्वतवर्ती स्रोत को प्रणाम है। यह रुद्र के वरुणस्वरूप को नमन है।।22।। मैत्रायणी संहिता मध्य काण्डे नवमः प्रपाठकः।। समाप्त।।
नमो ज्येष्ठाय चकनिष्ठायच।।1।।

सर्वोच्च श्रेष्ठतमब्रह्म और कनिष्ठ देवों को प्रणाम है (वेद का ज्येष्ठ ब्रह्मसूक्त)।।1।।

नमः पूर्वजाय चापरजाय च।।2।।

अनादि काल में पहिले उत्पन्न (रुद्र) और पीछे प्रगट होनेवाले देवों को प्रणाम है।।2।।

नमो मध्यमाय चापगल्भाय च।।3।।

युवॉ एवं अतिबाल्यावस्थावान् (देवों) को प्रणाम है (रुद्र नित्य तरुण हैं।)।।3।।

नमोबुध्न्यायच जघन्याय च।।4।।

मूल अर्थात् देवों के अनादि महादेव रुद्र और पिछला भाग ब्रह्मा प्रजापति को प्रणाम है।।5।।

नमः सोभ्याय च प्रतिसयर्या च।।5।।

उनके कार्य क्रिया रूप पाप—पुण्य को और उनकी प्रतिक्रिया रूप विस्तृत समूह को प्रणाम है।।5।।

नम आशुषेणाय चाशुस्थाय च।।6।।

रुद्र पुत्र मरुत् मन की गति से चलते हैं। उनकी सेना वायुवत शीघ्रगामी है। रुद्र का रथ अत्यन्त वेगवान अथवा वायुवेग से चलता है। रुद्र की सेना और उनके रथ को प्रणाम है।।6।।

नमो विल्मिनेच कवचिने च।।7।।

(रुद्र के) शिरस्त्राण एवं अभेद्य, अपराजेय कवच को प्रणाम है।।17।। अर्थात् रुद्र अजेय रक्षक एवं दुर्धर्ष योद्धा हैं।

नमो वर्मिणेच वरूथिनेच।।8।।

(रुद्र के) बख्तरबन्द वाहन और अलौकिक अंगरखा को कोटि—कोटि नमन है।।8। अर्थात् रुद्र के अभेद्य कवच एवं विमान को नमन है।

नमः शूराय चावभेदिने च।।9।।

सर्वोत्कृष्ट रुद्र शत्रु और योद्धा दोनों का संहार करनेवाले हैं। उन्हें प्रणाम है।।9।।

नमः श्रुताय व श्रुतसेनाय च।।10।।

सुज्ञात सुप्रसिद्ध देव सेना के स्वामी (रुद्र) और उनकी प्रख्यात देव सेना को प्रणाम है।।10।।

नमो यम्याय च क्षेम्याय च।।11।।

"रुद्र के यम रूप" को प्रणाम है और स्वर्ग सुख भोगनेवालों को प्रणाम है। रुद्र ही महाकाल रूपी यमराज है और उनका रुद्रलोक कैवल्यधाम है।।11।। आगम में रुद्र ने कालरूप यम का वध किया। अर्थात् काल के संहारक महाकाल की शरण में मृत्यु क्या करेगी?

नम उर्वर्याय च खल्याय च।।12।।

वेद में रुद्र विराट् वृक्ष स्वरूप हैं। वे ही अन्न–ओषध में व्याप्त हैं। रुद्र ही भूमि है। इस पृष्ठभूमि में रुद्रस्वरूप उर्वरा भूमि और खलिहान को प्रणाम है।।12।।

नमः श्लोक्याय चावसान्याय च।।13।।

कर्म उपासनेवाले मन्त्र समूह को और अनन्त ज्ञान के अनादि स्रोत समूह को प्रणाम है। रुद्र ही वागीश और अनादिज्ञान के स्रोत हैं।।13।।

नमः श्रवाय च प्रतिश्रवाय च।।14।।

रुद्र परमव्योम स्थित हैं। आकाश का गुण शब्द करना है। परमव्योम में वेद की ऋचाएँ विराजमान हैं। रुद्र ही शब्दब्रह्म एवं नादब्रह्म है। अतः शब्द ध्वनि और प्रतिध्वनि को रुद्रस्वरूप स्वीकार कर प्रणाम है।।14।।

नमो वन्याय च कक्ष्याय च।।15।।

रुद्र वृक्ष रूप हैं। वन में प्रगट होनेवाले वृक्षसमूह–रुद्रसमूह और गुल्म, लता, कुँज आदि को प्रणाम है।।15।।

नमो दुन्दुभ्याय चाहनन्वाय च।।16।।

"राव" की अन्तिम ध्वनि दुन्दुभी है (तन्त्रालोक)। यह मोक्षदायक है। यहाँ मोक्ष प्रदाता ध्वनि और उसके उत्पन्नकर्त्ता को प्रणाम है।।16।।

नमो धृष्णवे च प्रमृशाय च।।17।।

अनादि ज्ञान स्रोत रुद्र ही महाधैर्य्यवान् एवं महाविचारशील हैं। उस धैर्य्यवान् विचारशील को प्रणाम है।।17।।

नमो निषंगिणे चेषुधिमते च।।18।।

संहारक अस्त्र–शस्त्रधारी रुद्र को प्रणाम है। रुद्र के दिव्य शस्त्र महातेज से सम्पन्न और अजेय हैं। उन्होंने पिनाकी धनुष्य से त्रिपुर विध्वंस किया।।18।।

नम स्तीक्ष्णेषवे चायुधिने च।।19।।

रुद्र का विद्युत्मय वज्र प्रलयंकर है। उन्होंने पिनाकी धनुष्य के अनन्त तेजोमय बाण से प्रजापति का (अमर्यादित कर्म करने पर) वध किया। उनके बाण का शूल भी अतुल्य तेज युक्त है। उन्हें प्रणाम है।।19।।

नमस्त्वायुधाय च सुधन्वने च।।20।।

अद्भुत धनुष्य और दिव्य त्रिशूलवज्रधारी रुद्र को कोटि–कोटि प्रणाम है।।20।।काठक संहितायां सप्तदश स्थानकं।।अनुवाक 14।।

नम स्रुत्यायच पथ्याय च।।1।।

कल्याणकारी और रसस्रवण कर्त्ता को प्रणाम है।।1।।

नमः काट्यायच नीप्याय च।।2।।

रुद्रस्वरूप वायु नगराज (पर्वत) हैं। रुद्रस्वरूप वायु साक्षात्कार का विकट पथ है, उसे प्रणाम है। साथ ही रुद्र वरुणस्वरूप है, उनके नीचले पथ को प्रणाम है।।2।।

नमः कुल्याय च सरस्याय च।।3।।

(देव) संघाध्यक्ष और महान ज्ञानी रुद्र को कोटि–कोटि नमन है।

नमो नादेयाय च वैशन्ताय च।।4।।

महाघोष कर्त्ता और सूक्ष्मतम नाद (हृदय में) करनेवाले को प्रणाम है।।4।। वेद में नदी पार्थिव देवता है। नद में सूक्ष्म नाद और महानाद में भयानक गर्जन (नाद) होता है।

नमः कूप्यायचावट्याय च।।5।।

अमृतमय जलवाले कूप और अल्प जलवाले जलाशय को प्रणाम है। क्योंकि जल ही जीवन है। आपः ही ईश्वर हैं।।5।।

नम ईध्रया यचा तप्ताय च।।6।।

निर्मल प्रकाश और तपते प्रकाश अर्थात रुद्र स्वरूप सूर्य को प्रणाम है।।6।।

नमो मेघ्याय च विद्युत्याय च।।7।।

वैदिक देवों में पर्जन्य (मेघ) और मरुत् (विद्युत्) सम्मलित हैं। दोनों को प्रणाम है।।7।।

नमो वर्ष्यायचावर्ष्याय च।।8।।

वर्षा (वर्षा के देव इन्द्र, मरुत्, वायु, रुद्र) और अवर्षा दोनों को नमन है। अर्थात् समभाव प्राप्त हो।।8।।

नमो वात्यायच रेष्मा यच।।9।।

जीवनीशक्ति सुखप्रद वायु (देवता) और संहारक वायु प्रवाह को प्रणाम है।।9।।

नमो वास्तव्यायच वास्तुपाय च।।10।।

वेद में रुद्र ही यज्ञ है। पृथिवी यज्ञ वेदी है। वायु यज्ञ का होता एवं समिधा है। रुद्र संवत्सर यज्ञ के स्वामी हैं। यज्ञशाला एवं यज्ञरक्षक को प्रणाम है।।10।।

मनः सोमायच रुद्राय च।।11।।

सोम अमृतमय है। सोम दिव्य चेतनामय है। दूसरे अर्थ में – सः वह रुद्र उमा के सहित है, सोही सोम है। ''रुत्'' – स्वयं प्रकाशी चेतन की, ''द्र'' – ज्ञानस्वरूप उमा है। वह ही रुद्र है। यहाँ उमा रुद्र पूर्वोक्त महिमाओं से ओतप्रोत हो रहा है। अतः सभी विभूतियों को प्रणाम है, सो प्रणाम रुद्र को है। तीसरे अर्थ में, संजीवनी सोम पृथिवी के द्युलोक हिमवत हिमालय से कैलास क्षेत्र में उपलब्ध है। संजीवनी सोम और मृत्युंजय रुद्र को प्रणाम है।।11।।

नम स्ताम्रायचारुणाय च।।12।।

सूर्य मण्डल के मध्य में रुद्र हैं। सूर्य रुद्रस्वरूप है। सूर्य के उदय रूप (अरुण रूप) और अस्त समयवाले (ताम्ररूप) रूप को नमन है।।12।।

नमः शंग वेच पशुपतयेच।।13।।

पशुपति रुद्र की ही उपमा है। सुखप्रदाता पशुपति को प्रणाम है।।13।।

नम उग्राय च भीमाय च।।14।।

रुद्र के घोर उग्र और अघोर सौम्य रूप को प्रणाम है।।14।।

नमोऽग्रे वंधाय च दूरे वधाय च।।15।।

उपासक की रक्षा के लिये शत्रु की अग्र सेना का संहार करनेवाले और ब्रह्मज्ञानीगणों के अज्ञान रूप मृत्यु को हमेशा के लिये नष्ट करनेवाले रुद्र को प्रणाम है।।15।।

नमो हन्त्रे चहनीयसेच।।16।।

अज्ञानी प्राणीमात्र को प्रलय में संहार करनेवाले और ज्ञानियों के अज्ञानरूप को हमेशा के लिये नष्ट करनेवाले सर्वज्ञ महाज्ञानी रुद्र को प्रणाम है।।16।।

नमो वृक्षेभ्यो हरिकेशभ्यः।।17।।

ऋग्वेद में सभी लोकों में व्याप्त वृक्ष ब्रह्म है। महाविराट् वृक्ष में सूर्य, अग्नि, वायु आदि अधिदैव स्वरूपों में अवस्थित हैं। वृक्षब्रह्म रुद्र को प्रणाम है। बाह्य विषयों में चेतन को हरण करनेवाली, जाग्रत में प्रकाशित होनेवाली चक्षुआदि इन्द्रियों को नमस्कार है। इनके नियंता–अन्तर्रात्मा रुद्र को प्रणाम है।।17।।

नम स्ताशय।।18।।

"ओंकार रूप रुद्र" को प्रणाम है। यह संसार सागर तारने का तारक मन्त्र है। इस "ऊँ" रूप नौका में बैठाकर रुद्र उपासकों को तारता है। ओंकारमय नौका के द्वारा विवेकी पुरुष तर जाता है। "ब्रह्मोडुपेन प्रतरेत विद्वान।।" धर्म रूप प्रणव नौका को चलानेवाले पाप को नाश करनेवाले ऐश्वर्य सम्पन्न रुद्र को जानकर ज्ञानी जीवन–मरण से मुक्त हो जाते हैं। "धर्मावहं पापनुदं भगेशं।। ऊँ धनुष्य है, मन ही बाण है और मन का निशाना–लक्ष्य रुद्र है। प्रणव के विराट् सूत्रात्मा अव्याकृत को तुरीय में लय करता हुआ मन स्वयं ही लवण जलवत् विलीन हो जाता है। यही लक्ष्य भेद है। "प्रणवो धनुः शरोह्यात्मा ब्रह्मतल्लक्ष्यमुच्यते।।" स्मरण रहे कि जब "मन लीन हो जाता है तब जीव रुद्र" हो जाता है। रुद्ररूप ब्रह्मवाच्यका; ब्रह्मरूप ओंकार वाचक है। प्रणव रूप का स्वामी रुद्र है। "ब्रह्म वै प्रणवः।" "रुद्र ही ऊँकार है।" उसी तारकमन्त्र का रुद्र धर्मक्षेत्र और कैलास की काशी में उपदेश करते हैं। "रुद्र प्राप्ति का स्थान रूप कोश ओंकार है।" "ब्रह्मणः कोशोऽसि ।।"18।।

नमः शम्भवेच मयो भवे च।।19।।

रुद्र इस लोक के सुख (भौतिक, दैविक, अध्यात्मिक) देनेवाले हैं और स्वर्ग सुख प्रदाता हैं, उन्हें प्रणाम है।।19।।

नमः शंकराय च मयस्कराय च।।20।।

शंकर अर्थ शांति करनेवाला और मयोभव, मयस्कर का अर्थ सुख देनेवाला है। शान्ति एव सुखप्रदाता रुद्र को प्रणाम है।।20।।

नमः शिवाय च शिवतराय च।।21।।

शिव का अर्थ शुभ, मांगलिक, सौभाग्यशाली, प्रसन्न, कल्याणप्रद आदि है। वैदिक काल से "शिवास्ते सन्तु पन्थानः" (ईश्वर आपकी यात्रा सफल करे) कहने की परम्परा रही। ऋग्वेद में वालखिल्य ऋषियों का "शिव संकल्प सूक्त" है। रुद्रशिव कल्याण स्वरूप निष्पाप है, उसको प्रणाम है। अति सुख स्वरूप, उपासकों को पाप रहित करनेवाले रुद्र को प्रणाम है। "शिवः कल्याण रूपो निष्पापस्तस्मै नमः।। शिव तरोऽत्यन्तं शिवोभक्तानपिनिः पापान् करोति तस्मै नमः।।" सुख धाम रुद्र को प्रणाम है। उपासकों को मोक्ष करानेवाले अति मंगल स्वरूप रुद्र को प्रणाम है। "तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु"।।21।।

।।सायणभाष्य काण्वसंहिता सप्तदशेऽध्याये षष्ठोऽनुवाकः।।

नमः पार्यायचा वार्यायच।।1।।

सभी लोकों से परे रहनेवाले, ब्रह्माण्ड के मध्यवर्ती एवं ब्रह्माण्ड स्वामी रुद्र को प्रणाम।।1।।

प्रतरणाय चोत्तरणाय च।।2।।

पाप से तरने का हेतु, नित्य कर्म रूप रुद्र को और अज्ञान से उत्तम ज्ञान द्वारा भवसागर पार कराने वाले रुद्र को प्रणाम है।।2।।

नम स्तीर्थ्यायच कूल्याय च।।3।।

"वेद के पार्थिव देवताओं में नदियाँ, पर्वत, पृथिवी आदि हैं। ये सभी तीर्थ हैं।" पवित्र नदियों, पवित्र नगराज और उनके समीपी क्षेत्रवर्ती रुद्र को प्रणाम है।।3।।

नम श्शब्दुयाय च फेन्याय च।।4।।

काँच कुश व्यापी और नदी आदि के फेन व्यापी रुद्र को प्रणाम है।।4।। वेद के अनुसार कुश सबसे पवित्र है। मन्त्रदृष्टा ऋषि कुशासन पर बैठकर ही तपश्चर्या एवं यज्ञ करते रहे। दूसरे, वैदिक वांगमय में फेन के माध्यम से वैदिक पृथिवी संरचना का उल्लेख किया गया है।

नमस्सिकत्याय च प्रवाह्याय च।।5।।

पार्थिव देवता पृथिवी के रेतव्यापी और अन्तरिक्ष देवता आपः स्वरूप जल प्रवाह व्यापी रुद्र को प्रणाम है।।5।।

नमः किँ शिलायचक्षयणाय च।।6।।

जड़ प्रस्तरांश कंकड़ व्यापी को और जल के स्थिर स्थान व्यापी को प्रणाम है। रुद्र जड़ और चेतन में व्याप्त है। अर्थात् रुद्र प्रत्येक रज कण और प्रत्येक नग में व्याप्त है अथवा सर्वव्यापी है। उसे हम नमन करते हैं।।6।।

नमः कपर्दिनेच पुलस्तिनेच।।7।।

जटाजूटधारी और महाचैतन्यवान्—महाप्रज्ञावान् को प्रणाम है (जल के चक्रावर्त व्यापी और जल के पुर व्यापी को प्रणाम है।)।।7।।

नम इरण्या यच प्रपथ्याय च।।8।।

बंजड़ अथवा ऊसर भूमी व्यापी और मार्गों के दर्शक रुद्र को कोटि—कोटि प्रणाम है।।8।।

नमो वृज्यायच गोष्ठयाय च।।9।।

गोचर भूमी व्यापी और गौशाला व्यापी को प्रणाम है। गो का अर्थ प्रकाश की किरण, ज्ञान, इन्द्रिय शक्ति आदि भी है। ज्ञान चर्चा स्थल एवं ज्ञान कोश को प्रणाम है।।9।।

नमः स्तल्प्यायच गेह्यायच।।10।।

शयिप्या व्यापी को और आलय व्यापी को नमन है।।10।।

नमः ह्रद्यायच निवेश्याश्च।।11।।

प्राणियों के ह्रदयव्यापी और नीहार व्यापी को प्रणाम है।।11।।

नमः काट्या यच गव्हरेष्ठायच।।12।।

दुर्गम क्षेत्र व्यापी और पर्वत गुहा व्यापी को प्रणाम है। अध्याय में रुद्र हृदय रूपी गुहा में अवस्थित है, उसका पथ दुर्गम है।।12।।

नमः शुष्कयाचय हरित्यायच।।13।।

सूखे काष्ठव्यापी और हरित काष्ठव्यापी को प्रणाम है। यह उल्लेखनीय है कि "रुद्र वृक्षाणां पतिः"।।13।। नीलमत पुराण में रुद्र काष्ठस्वरूप हैं।

नमः पाँ सव्याय चरजस्याय च।।14।।

वेद में रुद्र को सर्वत्र व्यापी घोषित किया गया है। यहाँ पृथिवी की मिट्टी की धूल और उड़नेवाले रज कण व्यापी को पुनः प्रणाम किया है।।14।।

नमो लोप्यायचो लप्मायच।।15।।

भूमि में लुप्त बीज व्यापी को और अंकुर व्यापी रुद्र को प्रणाम है। अर्थात् रुद्र ही बीज एवं उसका प्रतिफल है।।15।।

नमः ऊर्व्या यच सूर्व्यायच।।16।।

अग्नि रुद्र स्वरूप है। वडवानल व्यापी एवं महाप्रलय व्यापी अग्नि रूपी रुद्र को प्रणाम है।।16।।

नमः पर्णायच पर्ण शदायच।।17।।

रुद्र वृक्षों के स्वामी हैं। रुद्र ब्रह्म विराट् वृक्ष स्वरूप है। इस विराट् वृक्ष में देवता पर्ण एवं फल स्वरूप हैं। पर्णव्यापी और भूमि परस्थित पर्णव्यापी को प्रणाम है।।17।।

नमः उद्नरमाणाचाभिध्नतेच।।18।।

वैदिक रुद्र अन्धसस्पति, अन्नां पतिः (अन्न पालन कर्त्ता, विविध धान्य पालन करनेवाला); वाणिजः; संग्रहीता; पुष्टानां पतिः आदि हैं। उसी श्रृंखला में उद्यमशील व्यापी एव दरिद्रनाशक व्यापी को प्रणाम है।।18।।

नमः अखिदतेच प्रखीदतेच।।19।।

प्रकीर्ण पाप के अनुसार पापी को दण्ड देने के लिये दण्ड व्यापी को और महापापी को दण्ड देने के लिये महादण्ड व्यापी को प्रणाम है। रुद्र सृष्टि के परम दण्डाधिकारी हैं। वे समभाव से न्याय करते हैं।।19।।

नमो वः किरिकेभ्यो देवानां हृदयेभ्यो नमो।

विचिन्वत्केभ्यो नमो विक्षिणत्केभ्यो नम आनिर्हतेभ्यः।।20।।

असंख्य त्रिलोक व्यापी रुद्रों का मुख्य स्वरूप अपने–अपने सौर जगतों की सृष्टि, पालन, संहार करनेवाले, अग्नि–वायु–सूर्य देह व्यापी अद्वैत रुद्रों को प्रणाम है। प्राणिमात्र के शुभाशुभ कर्मानुसार फल देनेवाले रुद्र को

प्रणाम है। विश्व उत्पत्ति के आदि में सर्वत्र व्यापक रुद्र को प्रणाम है। अग्नि के असंख्य रूप रुद्र भूमिवासी, वायु के अपरिमित रूप रुद्र अन्तरिक्षवासी, सूर्य के अनन्त स्वरूप रुद्र द्यौ वासी हैं। असंख्य लोकों में सूर्य, अग्नि, वायु भी अनन्त हैं। उन सभी के चेतन का नाम रुद्र है। रुद्र का समष्टि रूप ब्रह्मा है और ब्रह्मा का सत्य स्वरूप महेश्वर रुद्र है।।20।। ।।काण्व संहिता सप्त दशेऽध्यायः।।अनुवाकः।।7।।

दापे अन्ध सस्पते दरिद्र नील लोहित।

आसाम्प्रजामेषाम्पशू नाम्माभेर्मोशेड्. मोचन किंचना ममत्।।

पापियों की दुगर्ति करनेवाला सोमपालक है। हे अद्वितीय रुद्र! आप नित्य तरुण हो। माया के सभी भोगों से रहित हो। आप कृपाकर इन प्रजाओं और हमारे पशुओं को भयाक्रान्त नहीं करें। साथ ही भंग भी नहीं करें (मृत्यु प्रदान नहीं करें)। आपके अनुग्रह में हमारी समस्त प्रजा रोग मुक्त रहे (आरोग्य प्रदान करें।)।।1।।

इमा रुद्राय तवसे कपर्दिने क्षयद्वीरायप्रभराम हे मतीः।

यथा शमसद् द्विपदे चतुष्पदे विश्वम्पुप्तड्.ग्रामे अस्मिन्ननातुरम् ।।2।।

हे रुद्र! आप समस्त पापों के मूल नष्ट करने वाले हो। महावीरों के स्वामी, जटाधारी, सर्वज्ञानाधार, महागुरुवर के लिये, इन स्तुतियों को प्रस्तुत करते हैं। आप द्विपद मनुष्यादि एवं चार पाद वाले पशुमात्र के लिये सुखपद होंवे। इस क्षेत्र के सभी प्राणिमात्र रोग रहित हस्ट पुष्ट होवें। यही आप रुद्र से हमारी प्रार्थना है।।2।।

याते रुद्र शिवा तनूश्शिवा विश्वाहा भेषजा।

शिव ऋतस्य भेषजीतयानो मृड जीवसे।।3।।

रुद्र का घोर स्वरूप सर्वकाल और अघोर रूप मंगलस्वरूप, शान्त, सौम्य है। रुद्र कल्याणमय, सुखस्वरूप है। हे रुद्र! आपका शान्त देह है, उससे हमारी जीवन अवस्था को सुखी करो।।3।।

परिणो हेती रुद्रस्य वृज्या परित्वेषस्य दुर्मति र्महीगात्।

अवस्थिरामघवद्भ्यस्तनुष्वमीस्द्वस्तोकाय तनयाय मृळ।।4।।

हे रुद्र! आप प्रलयकारी आयुध सर्वत्र परित्याग करके और अत्यन्त दुःखदायिनी संहार बुद्धि को त्याग कर प्रकाश स्वरूप में पधारें। रुद्र परिणाम रहित, एक रस, नित्य तरुण एवं माया से जगत् रचनेवाले हैं। आप विविध रूप सुखों, आरोग्यादि धन को उपासकों में वितरित करने की अनुकम्पा करें। इन धनों को उपासक एवं उनके स्वजन परिजन में रक्षार्थ बाँट देओ।।4।। यह ऋचा ऋग्वेद में भी है।

मीह्ळुष्टम शिवतम शिवो नस्सु मनाभव।

परमे वृक्ष आयुधन्निधाय कृत्तिव्वसान आचरपिनाकम्बिभ्रदा गहि ।।5।।

इस ऋचा में "मीह्ळुष्टम का अर्थ सर्व कामनाओं की वर्षा करनेवाला" है। रुद्र की सूर्य कृत्ति है। अतः सूर्यमण्डल स्थित रुद्र कृत्तिवसानः हैं। शिवतम का आशय सुन्दर मोक्ष देनेवाला है। इस ऋचा में रुद्र का आयुध पिनाकी धनुष्य है।

हे सम्पूर्ण मनोरथों को पूर्ण करनेवाले, अतिसुन्दर, मोक्ष रूप सुख दाता रुद्र! आप हमारे लिये कल्याण स्वरूप, मंगलमय स्वरूप, प्रेमास्पद होवो। आपसे करबद्ध विनती है कि आप अपने प्रलय स्वरूप भयानक पाशुपतास्त्र, पिनाकी धनुष्य, विद्युत् वज्र आदि शस्त्रों को सूर्यमण्डल किरण व्यापी ब्रह्मवृक्ष, भूस्वर्ग कैलास–मेरु–सुमेरु–मूजवान महापर्वत पर स्थापन करो। हे रुद्र! आप सिंह चर्मरूपी वस्त्र धारण करके सर्वत्र यज्ञ स्थलों में विचरण करो और आप शान्त रूप धारण किये हमारे यहाँ पधारो।।5।। रुद्र से उग्रतम, रौद्रतम भाव त्यागकर मंगलमय, कल्याणप्रद, शान्तस्वरूप में यज्ञ में आने की विनती की गई है।

विकिरिद्र विलोहित नमस्ते अस्तु भगवः।

यास्ते सहस्रँ हेतयोन्यमस्मन्निव परन्तु ताः।।6।।

"विकिरिद्र" का अर्थ "विविध दारिद्रादि पापों को भष्म" करनेवाला है। अर्थात् रुद्र दुःख दारिद्र नाशक हैं। हे रुद्र! आप दुःख दारिद्र आदि पापों को नष्ट करनेवाले हैं। आप समस्त प्रकार के माया आवरणों से रहित, शुद्ध तुरीय स्वरूप हैं। रुद्र आप सर्वैश्वर्य सम्पन्न हैं। रुद्र आपसे विनती है कि आपके पिनाक, परशु, विद्युत् वज्र आदि शस्त्रों को हम उपासकों से दूर प्रयोग करने की कृपा करें। इसी श्रृंखला में वैदिक ऋषि वसिष्ठ का दुःख दरिद्र नाशक स्तोत्र है।।6।।

सहस्राणि सहस्रशो बाव्होस्तवहेतयः।

तासा मीशानो भगवः पराचीना मुखा कृधि।।7।।

इस ऋचा में रुद्र के सहस्र हाथ और सहस्र आयुधों का आशय निराकार रुद्र से है। हे षडैश्वर्यसम्पन्न रुद्र! आपके असंख्य आयुध, असंख्य दिशाओं से संचालित हैं। आप समस्त देवताओं के स्वामी हो। आप ही प्राणिमात्र के स्वामी हो। आप उन आयुधों के रोगादि दुःखों को हमसे पराङ्. मुख करो।।7।।

असङ्.ख्याता सहस्राणि ये रुद्रा अधि भूम्याम्।

तेषाँ सहस्रयो जनेऽवधन्वानि तन्मसि।।8।।

हे रुद्र! आपके असंख्य रुद्र स्वरूप भूमि पर अवस्थित हैं। उनके मारक आयुधों को हमसे हजारों योजन दूरी पर करो। अर्थात् आपके असंख्य स्वरूप मंगलमय हों। हे रुद्र! आपकी आज्ञा में समस्त जगत् है। एक ही रुद्र अपनी अनन्त शक्ति के द्वारा असंख्य स्वरूपवान है।।8।।

अस्मिनमहत्यर्णवेऽन्तरिक्षे भुवा अधि।।
तेषाँ सहस्रयो जनेऽवधन्वा नितन्मसि।।9।।

हे रुद्र! आपके असंख्य स्वरूप परमव्योम के दिव्य महासलिल में स्थित हैं। आकाश दिव्य आपः से ओतप्रोत है। इस मन्त्र के पाठ करते ही रुद्र की आज्ञा से रुद्रस्वरूप धनुष्य पर प्रत्यंचा खींचे आक्रामक मुद्रा से शान्त सौम्य मंगलमय रूप में आ जाते हैं।।9।।

नीलग्रीवाः शितिकण्ठा दिवँ् रुद्रा उपाश्रिताः।
तेषाँ सहस्रयो जनेऽवधन्वानि तन्मसि।।10।।

इस मन्त्र में दो परस्पर विरोधी विशेषण नीलग्रीवा (नीलमणि समान कण्ठ, नीला कण्ठ) और शितिकण्ठा (श्वेत कण्ठ, काला कण्ठ) हैं। हे रुद्र! आपका विषपान से (सूर्यस्वरूप में रुद्र पृथिवी के महासमुद्रों का विषमय, नीला भासता जल हरण करते हैं।) नीलकण्ठ–नीलग्रीवा रूप है और विषपान रहित श्वेतकण्ठ है। अर्थात् ये रुद्र का घोर और अघोर रूप है। रुद्र सत्यलोक–ब्रह्मलोक–रुद्रलोक–परमेष्ठीलोक अथवा परमव्योम में विराजमान हैं। इस मन्त्र में परमेष्ठी रुद्र से पिनाक धनुष्य पर प्रत्यंचा खींचकर महातेज बाण धारण किये उग्रतम, रौद्रतम, घोर स्वरूप उपासक की प्रार्थना से त्यागने की विनती की गई है (क्योंकि रुद्र का घोर स्वरूप प्रलय, संहार का प्रतीक है, और अघोर रूप अमृत है।)।।10।।

नील ग्रीवाश्शिति कण्ठाः शर्वा अधः क्षमाचराः।।
तेषाँ सहस्रयो जनेऽवधन्वा नितन्मसि।।11।।

"शर्व का अर्थ प्रलयकर्ता" है। इसके विपरीत "भव का अर्थ सबका उत्पादक" है। इस मन्त्र में पुनः नीलकण्ठ (घोर) एवं श्वेतकण्ठ (अघोर) रुद्र से प्रलयंकर स्वरूप से पाताल में विचरण करने और उपासक को मंगलमय स्वरूप में ही दर्शन देने की प्रार्थना की गई है। यह स्मरण रहे कि रुद्र का शर्व रूप जगत् का समापन है।।11।।

ये वृक्षेषु शष्पिपंजरा नीलग्रीवा विलोहिताः।
तेषाँ सहस्रयोजनेऽवधन्वानितन्मसि।।12।।

इस मन्त्र में विलोहित का अर्थ रक्तिम वर्ण, मंगल ग्रह, ताम्रवर्ण, रुधिर, लाल रंग और शष्पः का अर्थ प्रतिभाक्षय, पिंजर का अर्थ पक्षियों का

आश्रय है। शष्पिपंजराः का एक अर्थ पीत रंग वाला है, पीत वर्ण दिव्य है। वेद में रुद्र वृक्ष वनस्पति के भी स्वामी हैं। हे रुद्र! नीलग्रीवा नीलकण्ठ आपका पीत रक्तिम वर्ण वाला स्वरूप वृक्षों में स्थित है (पीत एवं नील रंग मिश्रण से हरित रंग प्रगट होता है।)। वक्ष ही रुद्र रूप है। आपसे विनती है कि आप उपासक के प्रति अघोर रूप में ही रहें।।12।। वैसे पीत रंग सर्वोच्च अध्यात्मिक स्थिति का भी द्योतक है।

ये भूतानामधिपतियो विशिखासः कपर्दिनः।
तेषाँ सहस्रयोजनेऽवधन्वानि तन्मसि।।13।।

हे प्राणिमात्र के नाथ रुद्र! आप जटाजूटधारी और शिखारहित हैं।।।3।। आप अपना आयुध हमसे दूर करो।

ये पथाम्पथि रक्षिण ऐलवृदा आयुर्यधः।
तेषाँ सहस्र योजनेऽवधन्वानि तन्मसि।।14।।

हे रुद्र! आप ब्रह्माण्ड के सर्वत्र मार्गों के स्वामी एवं मार्ग रक्षक हैं। रुद्र! आप प्राणिमात्र का अन्नसमूह से पालन पोषण करनेवाले हो। आप सत्य रक्षा के लिये शस्त्र से युद्ध के लिये सदैव तत्पर रहते हैं। आपसे विनती है कि आप अघोर रूप में ही उपासक पर कृपा करो।।14।।

ये तीर्थानि प्रचरन्ति सृका हस्तानिषंगिणः।
तेषाँ सहस्रयोजनेऽवधन्वानि तन्मसि।।15।।

रुद्र के गण (रुद्रस्वरूप) सशस्त्र (तलवार, ढाल लिये) पवित्र तीर्थों में भ्रमण करते हैं। उनके आयुधों को हमसे हजारों योजन दूर करने का अनुग्रह करो। अर्थात् पवित्र तीर्थ में रुद्रस्वरूप मंगलमय कल्याणकारी होवे।।15।।

येऽन्नेपु विविध्यन्ति पात्रेषु पिबतो जनान्।
तेषाँ सहस्रयोजनेऽवधन्वानि तन्मसि।।16।।

रुद्र के सौम्य एवं असौम्य (घोर एवं अघोर) दो भेद हैं। रुद्र को आरोग्यदायक भेद से अघोर और रोगकारक से घोर कहा जाता है। दुःख के असंख्य भेद से घोर को भी असंख्य रुद्र कहा है। सुख के अनन्त भेद से अघोर को अनन्त रुद्र कहा गया है। इसलिये अन्न–जल भक्षण से प्राणियों में होनेवाले रोग रूप को घोर रुद्र अपने बाण से छोड़ते हैं। रुद्र ही रोग स्वरूप बाण फैंककर विविध रोग रूप जन्माते हैं। इस मन्त्र में महावैद्यनाथ रुद्र से विनती की गई है कि आप रोग उत्पत्ति के मूल को अपने दिव्य तेजरूपी बाण से नष्ट करो। प्राणिमात्र की सुख आदि महिमा रुद्र की अघोर विभूति की है। यहाँ यह रहस्योद्घाटन होता है कि परमेष्ठी रुद्र ही सभी रोगरूप दुःख के

जनक और स्वयं ही दिव्य ओषध से रोग हरण करनेवाले हन्ता हैं। उस सर्वसत्तात्मक रुद्र को प्रणाम है।।16।।

यएता वन्तश्च भूयाँ सश्चदिशो रुद्रावित स्थिरे।

तेषाँ सहस्र योजनेऽवधन्वानि तन्मसि।।17।।

हे रुद्र! आपके कुछ ही स्वरूपों (सूक्त वर्णित) के ही दर्शन होते हैं, यद्यपि आपके अपरिमित रूप हैं। इन अपरिमित रुद्रों के दर्शन नहीं होते हैं। ये अपरिमित अदृश्य रूप सर्व दिशाओं में अवस्थित हैं। रुद्र का चारों मार्गों—मनुष्य गतिरूप; पितृमार्ग यमलोक; इन्द्रलोक एवं ब्रह्मलोक में आलय है। "चतुष्पथे पै रुद्राणांगृहं।।" तीन लोकों के पिता रुद्र हैं। "भूमि के तीन भेद—उष्ण, वर्षा, शीत हैं। अन्तरिक्ष के तीन भेद—वायु, विद्युत्, वरुण लोक हैं। द्यौ के तीन भेद—इन्द्रलोक, प्रजापतिलोक, ब्रह्मलोक हैं। तीन तत्त्व—सत्, रज, तम हैं। मुख्य व्याहृति तीन हैं।" इन प्रधान नौ भेदों में रुद्र ही व्यापक है।।17।।

नमोऽस्तु रुद्रेभ्यो येदिवियेषाँ व्वर्षमिषवः।

तेभ्यो दश प्रार्चीर्दश दक्षिण दश प्रतीचीर्दशो दीचीर्दशोर्ध्वाः

तेभ्यो नमो अस्तु तेनो मृळयन्तु तेनोऽवन्तु।।

ते यन्द्विष्मोयश्चनो द्वेष्टितमेंषाजम्भे दध्मः।।18।।

यह रुद्र द्युलोकधिपति है। उनके जल वर्षा ही बाण हैं। उन रुद्रों को प्रणाम होवे। हम करबद्ध— पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और ऊर्ध्व ऊपर की दिशा के रुद्रों से प्रार्थना करते हैं। सभी को प्रणाम करते हैं। वे रुद्र हमारी रक्षा करें। रुद्र ही हमें सुखी करे। हमसे द्वेष करनेवाले शत्रु और जिस शत्रु से हम द्वेष करते हैं, उन शत्रुओं को रुद्र निवाले में स्थापित करते हैं। इस मन्त्र में "सर्वोत्कृष्ट रुद्र परमेष्ठी अरिहन्त हैं।"।।18।।

नमोऽस्तु रुद्रभ्यो येऽन्तरिक्षे येषा ब्वाताइषवः।।

तेभ्यो दशप्रार्चीर्दशदक्षिणा दशप्रतीचीर्दशोदी चीर्दशोर्ध्वाः।।

तेभ्यो नमो अस्तु तेनो मृळयन्तु तेनोऽवन्तु।

ते यद्विष्मो यश्चनो द्वेष्टि तमेषांजम्भे दध्मः।।19।।

हे रुद्र अन्तरिक्षवासी हैं। वायु बाण वाले रुद्रों को प्रणाम होवे। दोनों करों को जोड़कर पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण एवं ऊर्ध्व दिशाधिपति रुद्रों से रक्षा एवं सुख प्रदान करने की प्रार्थना है। हमसे द्वेष करनेवाले शत्रुओं और हम जिनसे द्वेष करते हैं उन शत्रुओं को रुद्र की वज्र डाढ़ में रखते हैं। इस मन्त्र में पुनः "अरिहन्त रुद्र" से सर्व प्रकार की रक्षा और सर्व सुख की विनती की गई है।।19।।

नमोऽस्तु रुद्रेभ्यो ये पृथिव्याँय्येषामन्नमिषवः।।
तेभ्यो दशप्राचीर्दशदक्षिणा दशप्रती चीर्दशोदी चीदशो र्ध्वाः।।
तेभ्यो नमो अस्तु तेनो मृळयन्तु तेनोऽवन्तु।
ये यन्द्विष्मो यश्चनो द्वेष्टि तमेषांजम्भे दध्वः।।20।।

इस मन्त्र में पृथिवीवासी रुद्र का उल्लेख है। इससे पहिले द्युलोक एवं अन्तरिक्षस्थ रुद्र का उल्लेख किया गया। दूसरे शब्दों में परमेष्ठी रुद्र तीनों लोकों का स्वामी त्र्यम्बक है। वैदिक रुद्र देवों का भी शास्ता है। रुद्र देवों में नैतिक मर्यादा पालन के लिये प्रजापति का वध करता है। रुद्र केशी के साथ विषपान करता है। दैत्यों के त्रिपुरों को नष्ट करता है। रुद्र ही सूर्यस्वरूप, वरुणस्वरूप, वायुस्वरूप, अग्निस्वरूप, आकाशस्वरूप, इन्द्रस्वरूप आदि विभिन्न रूपों वाला है। रुद्र ही संवत्सर का संचालक है। प्रजापति रुद्र के पुत्र हैं। महायोद्धा मरुत्गण एवं अश्विनौ भी रुद्र के पुत्र हैं। रुद्र मृत्युंजय हैं। रुद्र महारोग निवारक वैद्यनाथ है। रुद्र का घोर रूप संहारक और अघोर रूप मंगलमय शुभकर कल्याणकारी है। रुद्र जगत् के सभी प्राणियों (पशुओं) के पशुपति हैं। रुद्र ही वृक्ष वनस्पति में है। रुद्र की कोई प्रतिमा नहीं है। रुद्र निराकार व्यापकतम, अव्याकृत, सूक्ष्म से भी सूक्ष्म होते हुए भी सर्वव्याप्त हैं। रुद्र का तारक मन्त्र ओंकार है।

पृथिवीवासी रुद्रों का अन्न ही बाण है। उन पृथिवीचारी रुद्रों को दोनों करबद्ध कर नमन करते हैं। पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण एवं ऊर्ध्व दिशाओं में स्थित रुद्रों को प्रणाम करते हैं। रुद्र के तीन बाण–द्यौ में, अन्तरिक्ष में एवं पृथिवी भूमि में हैं। ''तिस्रो वैशख्यादि व्यापार्थिया समुद्रिया।।'' अघोर रूप रुद्र की कृपा से जगत् की उत्पत्ति, पालन, जल, वर्षा, वायु, अन्नादि होता है। जगत् का पालन–पोषण होता है। घोर रूप रुद्र के ये ही बाण संहार का कारण होते हैं।

''प्रजा मात्र के पालनकर्त्ता–स्थूलकार्य–सूक्ष्म स्थूल की अप्रगट अवस्था ही माया है। इस त्रिविध माया को धारण करनेवाली नित्य ज्ञान स्वरूप उमा–अम्बिका है। अम्बिका जगन्माता है और रुद्र भगिनी है। यही ऋग्वेदीय आदिशक्ति है। उसका स्वामी त्र्यम्बक रुद्र सर्वत्र व्यापक चेतन रूप से सर्वोत्तम यशवाला है। उस सर्वज्ञ, सर्वशक्तिवान् रुद्र का हम यजन करते हैं। जैसे पका फल वृक्ष–लता के बन्धन से छूट जाता है। उसी प्रकार रुद्र आपका घोर स्वरूप हमें जन्म–मृत्यु बन्धन से मुक्त करावे। हम आपके जीवन रूप अघोर अमृत से कभी पृथक् नहीं होवें।''

एक ही रुद्र कार्य, कारण, क्रिया की उपाधि से अनेक रुद्र हैं। हम हमसे द्वेष रखनेवाले शत्रुओं और हम जिन शत्रुओं से द्वेष करते हैं उन्हें अरिहन्त रुद्र के विराट् संहाररूप डाढ़ में स्थापन करते हैं।।20।।

।।काण्वसंहिता सप्तदशेऽध्यायेऽष्ट मोनुवाकः।।

।।यजुर्वेदीय शत रुद्रिय समाप्त।।'

शुक्ल यजुर्वेदीय शतरुद्रिय सूक्त अथवा रुद्रसूक्त में मूलरूप से मात्र 66 मन्त्र (अथवा ऋचाएँ) हैं। शतरुद्रिय सूक्त ऋग्वेद और यजुर्वेद की रुद्र ऋचाओं का सारतत्त्व है। शतरुद्रिय सूक्त में वैदिक देवों के शास्ता रुद्र के विराट् स्वरूप को परमेष्ठी के रूप में ही स्थापित किया गया है। ऋग्वेद, यजुर्वेद के रुद्र मन्त्रों में रुद्र ब्रह्माण्डाधिपति; सूर्यस्वरूप; वरुणस्वरूप; अग्निस्वरूप; वायुस्वरूप; परमव्योम स्वरूप; इन्द्रस्वरूप; जगत् सृष्टि उत्पत्ति–स्थिति–संहार कर्त्ता; जीवन–मृत्यु देव; वन वनस्पति–अन्न–पशुधन स्वामी; ग्रह नक्षत्र–दिशा अधिपति; विराट् पुरुष; संवत्सर स्वामी; गणाधिपति : मातृका शक्ति सम्पन्न; समभाववाले; महादण्डनायक; कार्य–क्रिया–कारण; विश्वकर्मा; त्रिलोक के पिता; सर्वज्ञ; महागुरु; वागीश; सर्वव्यापक; विरूपाक्ष; विरूप; सर्वाधार; प्रजापति के पिता; ब्रह्म आदि हैं।

यहाँ आठवाँ आश्चर्य है कि "शुक्ल यजुर्वेद के 66 मन्त्रों के शतरुद्रिय सूक्त में प्रकारान्तर में (पुराण काल) "चमक प्रश्न", "गणपति मन्त्र" आदि प्रक्षिप्त सम्मलित कर प्रगट हुए।" यजुर्वेदीय काण्व संहिता, यजुर्वेदीय मैत्रायणी संहिता, माध्यन्दिन यजुर्वेद संहिता (श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर); माध्यन्दिन यजुर्वेद संहिता (डॉ. रामकृष्ण शास्त्री); यजुर्वेद (स्वामी दयानन्द); शैवमत आदि अधिकारिक वेद ग्रन्थों में छियासठ मन्त्र ही वर्णित हैं (इन प्रक्षिप्त को हटाने से शुक्ल यजुर्वेद के शतरुद्रिय सूक्त का पाठ मात्र आधे घण्टे से कम का रह जाता है।)। "यह शोध अनुसंधान का प्रश्न है कि शुक्ल यजुर्वेदीय शतरुद्रिय में चमक प्रश्न, गणपति मन्त्र आदि प्रक्षिप्त कब, किस काल में, क्यों जोड़े गये?"

वैदिक परम्परा में शुक्ल यजुर्वेद शतरुद्रिय के साथ शतरुद्रिय होम–त्र्यम्बक होम का चलन रहा और है। वैदिक मान्यता में "66 मन्त्रों के शतरुद्रिय का पाठ एवं 7 मन्त्रों के त्र्यम्बक होम अथवा शतरुद्रिय यज्ञ प्रतिदिन" का भी विधान है। शुक्ल यजुर्वेदीय शतरुद्रिय सूक्त को सरलीकृत करने के लिये विभिन्न संहिताओं का उपयोग किया गया है।।ऊँ।।

शतरुद्रियहोमविधानम्

शतपथ ब्राह्मण : संचितिनाम् नवम काण्डम्

यजुर्वेद (माध्यन्दिन संहिता) का सोलहवाँ अध्याय व्यापकतम, सर्वज्ञ, अव्यक्त, परमेष्ठी रुद्र का सूक्त है। शुक्ल यजुर्वेद के रुद्रसूक्त में मात्र

''छियासठ मन्त्र'' हैं। इन छियासठ मन्त्रों में सर्वत्रव्यापक, सूर्यस्वरूप, इन्द्रस्वरूप, वायुस्वरूप, वरुणस्वरूप, अग्निस्वरूप, आकाशवत, उदात्त आदि रुद्र का दर्शन एवं महिमा का वर्णन है। मन्त्रद्रष्टा ऋषिवर ने प्रत्येक शब्द का चयन अनेक अर्थों में किया है। रुद्रसूक्त के शाब्दिक अर्थ के स्थान पर अध्यात्मिक आशय को समझना आवश्यक है। इसकी प्राथमिक शर्त – 1. ऋग्वेद की संस्कृत का ज्ञान, 2. पँच महाभूतों की वैदिक पृष्ठभूमि का गहन अध्ययन, 3. चतुर्वेदों में रुद्र सम्बन्धित ऋचाओं के अध्यात्मिकार्थ की जानकारी, 4. वेद के परमेष्ठी तत्त्व का अनुशीलन आदि है। यजुर्वेद की परम्परा में रुद्रसूक्त अथवा शतरुद्रिय सूक्त का यज्ञ विधान शतपथ ब्राह्मण के संचितिनाम नवम् काण्ड में मिलता है। रुद्रसूक्त होम विधान में 44 मन्त्र हैं।

ऊँ।। अथातः शतरुद्रियं जुहोति।

अत्रैष सर्व्वोऽग्नि संस्कृतः स ऽएषोऽत्र रुद्दोदेवता तस्मिन्देवा ऽएतदमृतं रूपमुत्तममदधुः स ऽएषोऽत्र दीप्यमानोऽतिष्ठ्ठदन्नमि–च्छमानस्तस्मा–द्देवा ऽअबिभयुर्य्यद्वै नोऽयं न हिंस्यादिति।।1।। तेऽब्रुवन्। अन्नमस्मै सम्भराम तेनैनः शमयामेति तस्मा ऽएतदन्नं समभरंछान्त–देवत्त्यं तेनैनमशमयँ–स्तद्यदेतं देवमेतेनाशमयँस्तस्माच्छान्तदेवत्त्य शान्तदेवत्त्यं ह वै तच्छतरुद्द्यमित्त्याचक्षते परोक्षं परोक्षकामा हि देवास्तथैवास्मिन्नयमेतदमृतं रूपमुत्तमं दधाति स ऽएषोऽत्र दीप्पयमानस्ति–ठ्ठत्त्यन्नमिच्छमानस्तस्मा ऽएतदन्नं सम्भरति शान्तदेवत्त्यं तनैनं शमयति।।2।।

जर्त्तिलैर्ज्जुहोति। जायत ऽएष ऽएतद्यच्चीयते स ऽएष सर्व्वस्मा
व्वऽअन्नाय जायत ऽउभयम्वेतदन्नं व्यज्जर्त्तिला यच्च
ग्ग्राम्म्यं यच्चारण्ण्यं य्यदह तिलास्तेन ग्ग्राम्म्यं
य्यदकृष्ट्टे पच्च्यन्ते तेनारण्ण्यमुभयेनैवैनमेतदन्नेन
प्प्रीणाति ग्ग्राम्म्येण चारण्ण्येन च।।3।।

अक्र्कपर्ण्णेन जुहोति। अन्नमक्र्कोऽन्नैवैनमेतत्प्रीणाति।।4।।

परिश्श्रित्त्सु जुहोति। अग्नय ऽएते यत्परिश्श्रितस्तथो हास्यैता ऽअग्निमत्त्येवाहुतयो हुता भवन्ति।।5।।

यद्वेवैतच्छतरुद्दियं जुहोति। प्रजापतेर्व्विस्त्रस्ताद्देवता ऽउदक्रामँस्तमेक ऽएव देवो नाजहान्मन्न्युरेव सोऽस्मिन्नन्तर्व्वि–ततोऽतिष्ठ्ठत्त्सोऽरोदीत्तस्य यान्यश्श्रूणि प्प्रास्कन्दँ–स्तान्यस्मिन्म्मन्यौ प्प्रत्त्यतिष्ठ्ठन्त्सऽएवशतशीर्षा रुद्द समभवत्त– सहस्राक्षं शतेषुधिरथ याऽअन्न्या व्विप्प्रषोऽपतँस्ता ऽअसङ्.–ख्याता सहस्राणीमाँल्लोकान–नुप्प्राविशँस्तद्यद्रुदितात्त्स–मभवँस्तम्माद्रुद्दाः सोऽयं शतशीर्षा

रुद्दः सहस्राक्षः शतेषु–धिरधिज्ज्यधन्वा प्रतिहितायी भीषयमाणोऽति–ष्ठ्ठदन्नमिच्छमानस्तस्माद्देवा ऽअबिभयुः ।।6।।
ते प्रजापतिमब्रुवन्। अस्माद्वै बिभीमो यद्वै नोऽयं न हिंस्यादिति सोऽब्रवी–दन्नमस्मै सम्भरत तेनैनं शमयतेति तस्मा ऽएतदन्नं समभरंछतरुद्दियं तेनैनमशमयँस्तद्यदेतं शतशीर्षाणं रुद्द्रमेतेनाशम– यँस्तसम्माच्छत–शीर्षरुद्द्र–शमनीयं शतशीर्षरुद् द्रशमनीयं ह वै तच्छतरुद्दियमित्त्याचक्षते परोक्षं परोक्षकामा हि देवास्तथैवास्म्मा ऽअयमेतदन्नं सम्भरति शतरुद्दियं तेनैनं शमयति।।7।।
गवेधुकासक्तु भिर्ज्जुहोति। यत्र वै सा देवता विस्रस्ताशयत्ततो गवेधुकाः समभवन्त्स्वेनैवैनमेतद्भागेन स्वेन रसेन प्रीणाति।।8।।
अक्र्कपर्ण्णेन जुहोति। एतस्य वै देवास्याशयादक्र्कः समभवत्त्स्वेनैवैनमेत–द्भागेन स्वेन रसेन प्रीणाति।।9।।
परिश्श्रित्त्सु जुहोति। लोमानि वे परिश्श्रितो न वै लोमसु व्विषं न किंचन हिनस्त्त्युत्तरार्द्धे ग्नेरुदङ् तिष्ठ्ठंजुहोत्त्येतस्यां ह दिश्श्येतस्य देवस्य गृहाः स्वायामेवैनमेतद्दिशि तत्त्प्रीणाति स्वायां दिश्श्यवयजते।।10।।
स वै जानुदग्घ्ने प्रथमं स्वाहाकरोति। अध ऽइव वै तद्यज्जानुदग्घ्नमध ऽइव तद्यदयं लोकस्तद्य ऽइमं लोकं रुद्दाः प्राविशँस्ताँस्त्त्प्रीणाति।।11।।
अथ नाभिदग्घ्ने। मद्धयमिव वै तद्यन्नाभिदग्घ्नं मद्धयमिवान्तरिक्षलोक–स्तद्येऽन्तरिक्षलोकं रुद्दाः प्राविशँस्ताँस्तत्त्प्रीणाति।।12।।
अथ मुखदग्घ्ने। उपरीव वै तद्यन्मुखदग्घ्नमपरीव तद्यदसौ लोकस्त–द्येऽमुं लोके रुद्दा प्राविशँस्ताँस्तत्त्प्रीणाति स्वाहाकारेणान्नं व्वै स्वाहाकारोऽन्नेनैवैनानेत्त्प्रीणाति।।13।।
''नमस्ते रुद्द्र मन्यव'' ऽइति। य ऽएवास्मिन्त्सोऽन्तर्म्मन्न्युर्व्विततोऽतिष्ठ्ठत्तस्म्मा –ऽएतन्नमस्करो ''त्त्युतो त ऽइषवे नमो बाहुब्भ्यामुत ते नम'' ऽइतीष्ट्ट्वा च हि बाहुब्भ्यां च भीषयमाणोऽतिष्ठ्ठत्।।14।।
स ऽएष क्षत्रं देव। यः स शतशीर्षो समभवद्विशऽइम ऽइतरे ते व्विप्प्रुड्भ्यः समभवँस्तस्म्मा ऽएतस्म्मै क्षत्रायैता व्विश ऽएतं पुरस्तादुद्धारमुदहरन्न्य ऽएष ष्प्रथमोऽनुवाकस्तेनैन–मप्प्रीणँस्तथैवास्म्मा ऽअयमेतं पुरस्तादुद्धारमुद्धरति तेनैनं प्रीणाति तस्म्मादेष ऽएकदेवत्त्यो भवति रौद्द्रं ऽएतं ह्येतेन प्रीणाति।।15।।
चतुर्द्दशैतानि यजूंषि भवन्ति त्रयोदश मासाः संव्वत्त्सरः प्रजापतिश्च्चतुर्द्दशः प्रजापतिरग्निर्य्यावानग्निर्य्या–वत्त्यस्य माना तावतैवैनमेतदन्नेन प्रीणाति नमो नम ऽइति यज्ञो वै नमो यज्ञेनैवैनमेतन्नमस्कारेण नमस्यति तस्म्मादु ह नायज्ञियं ब्रूयान्नमस्त ऽइति यथा हैनं बृयाद्यजस्त ऽइति तादृक्तत्।।16।।

अथ द्वन्द्विब्भ्यो जुहोति। नमोऽमुष्मै चामुष्मे चेति तद्यथा वै ब्रूयादसौ त्वं च न ऽएष च मा हिः सिष्ट्टमित्त्येवमेतदाह नतरां हि विदितऽआमन्त्रितो हिनस्ति।।17।।

''नमो हिरण्यबाहवे। सेनान्नये दिशां च पतये नम'' ऽइत्येष ऽएव हिरण्यबाहुः सेनानीरेष दिशां पतिस्तद्यत्त्किंचात्रैकदेवत्त्यमेतमेव तेन प्रीणाति क्षत्रमेव तद्विश्श्यति भागं करोति तस्म्माद्यद्विशस्तस्मिन्क्षत्रियोऽपि भागोऽथ या ऽअसङ्. ख्याता सहस्राणीमाँल्लोकाननुप्प्राविशन्नेतास्ता देवता याब्भ्य ऽएतज्जुहोति।।18।।

अथ जातेब्भ्यो जुहोति। एतानि ह जातान्न्ये ते रुद्दाऽअनु– प्रविविशुर्य्यत्रयत्रैते तदेवैनानेतत्त्प्रीणात्त्यथो ऽएवं हैतानि रुद्दाणं जातानि देवानां व्वै विधामनु मनुष्यास्तस्म्मादु हेमानि मनुष्याणां जातानि यथाजातमेवैनानेतत्त्प्रीणाति।।19।।

तेषां व्वा ऽउभ्यतो नमस्कारा ऽअन्न्ये। अन्न्यतरतो नमस्कारा ऽअन्न्ये ते ह ते घोरतरा ऽअशान्ततरा य ऽउभयतो नमस्कारा ऽउभयत ऽएवैनानेतद्यज्ञेन नमस्कारेण शमयति।।20।।

स वा ऽअशीत्त्यां च स्वाहाकरोति। प्रथमे चानुवाकेऽथासीत्त्यामथाशीत्यां च यानिचोद्ध्वर्वानि यजूंष्यावतानेब्भ्योऽन्नमशीतयोऽन्नेनै–वैनानेतत्त्प्रीणाति।।21।।

अथैतानि यजूंषि जपति।''नमो वः किरिकेब्भ्य'' ऽइत्त्येतद्धास्य प्रतिज्ञाततमं धाम यथा प्प्रियो वा पुत्रो हृदयं व्वा तस्म्माद्यत्रै–तस्माद्देवाच्छंकेत तदेताभिर्व्व्याहृतिभिर्ज्जुहुयादुप हैवेतस्य देवस्य प्प्रियं धाम गच्छति तथो हैनमेष देवो न हिनस्ति।।22।।

''नमो वः किरिकेभ्य'' इति। एते हीदं सर्व्वं कुर्व्वन्ति ''देवानां हृदयेब्भ्य''ऽइच्यग्निर्व्वायुरादित्त्य ऽएतानि ह तानि देवानांहृदयानि ''नमो विचिन्न्वत्त्केब्भ्य'' ऽइत्त्येते हीदं सर्व्वं विचिन्न्वन्ति ''नमो विक्षिणत्त्केब्भ्य'' ऽइत्त्येते वै तं विक्षिणन्ति यं विचिक्षीषन्ति''नमो ऽआर्निर्हतेब्भ्य'' ऽइत्त्येते हेब्भ्यो लोकेब्भ्योऽ निर्हताः।।23।।

अथोत्तराणि जपति।''द्रापे ऽअन्धसस्प्पत'' ऽइत्त्येष वै द्दापिरेष वै तंद्रापयति यं दिद्द्रापयिषत्त्यन्धसस्प्पत ऽइति सोमस्य पतऽइत्त्येत ''द्दरिदद्र नीललोहिते'' नामानि चास्यैतानि रूपाणि च नामग्ग्राहमेवैनमेतत्त्प्रीणा'' त्त्यासां प्रजानामेषां पशूनां मा भेर्म्मा रोङ.नो चनः किंन्चनाममदि'' ति यथैव यजुस्तथा बन्धु।।24।।

स ऽएष क्षत्रं देवः। तस्म्मा ऽएतस्म्मै क्षत्रायैता व्विशोऽमुं पुस्तादुद्धारमुद– हरन्न्योऽसौ प्प्रथमोऽनुवाकोऽथास्म्मा ऽएतमुप– रिष्ट्टादुद्धारमुदहरँस्तेनैनमप्प्रीणँ –स्तथैवास्म्मा ऽआयमेतमु–परिष्ट्टाद्धारमुद्धरति तेनैनं प्रीणाति तस्म्मादप्प्येष ऽएकदेवत्त्यो भवति रौद्द ऽएवैतं ह्येवैतेन प्रीणाति।।25।।

सप्तैतानि यजूंषि भवन्ति। सप्तचितिकोऽग्निः सप्तर्त्तवः संव्वत्सरः संवत्सरोऽग्नि–र्य्यावानग्निर्य्यावत्त्यस्य मात्रा तावतैवैनमेतदन्नेन प्रीणति तान्युभयान्येकविंशतिः सम्पद्यन्ते द्वादश मासाः पंचर्त्तवस्त्रय ऽइमे लोका ऽअसावादित्त्य ऽएकविंश ऽएतामभिसम्पदम्।।26।।

अथावतानांजुहोति। एतद्वा ऽएनान्देवा ऽएतेनान्नेन प्रीत्त्वाथैषामेतैरवताने–र्द्धनूंष्यवतनोति न ह्यवततेन धनुषा कंचन हिनस्ति।।27।।

तद्वै सहस्रयोजन ऽइति। एतद्ध परमं दूरं य्यत्सहस्रयोजनं तद्यदेव परमं दूरं तदेवैषामेतद्धनूंष्यवतनोति।।28।।

यद्वेवाह सहस्रयोजन ऽइति। अयमग्निः सहस्रयोजनं न ह्येतस्मादिति नेत्त्यन्य–त्परमस्ति तद्यदग्ग्नौ जुहोति तदैवैषां सहस्रयोजने धनूंष्यवतनोति।।29।।

''असङ्.ख्याता सहस्राणि। आस्म्मन्म्महत्त्यर्ण्णव'' ऽइति यत्र–यत्रै ते तदेवैषामे–द्धनूंष्यवतनोति।।30।।

दशैतानवतानांजुहोति। दशाक्षरा व्विराड्विराडग्नि–र्द्दश दिशो–दिशोऽग्निर्द्दश प्राणाः प्राणाः ऽअग्निर्य्यावानग्निर्य्यावत्त्यस्य मात्रा तावतैवैषामेतद्धनूंष्य–वतनोति।।31।।

अथ प्रत्त्यवरोहांजुहोति। एतद्वा ऽएतदिमाँल्लोकानित ऽऊद्र्वो रोहति स स पराङि.व रोह ऽइयमु वै प्रतिष्ठा ते देवाऽइमां प्रतिष्ठ्ठामभिप्रत्त्यायँ –स्तथैवैतद्यजमान ऽइमां प्रतिष्ठ्ठामभिप्रत्यैति।।32।।

यद्वेव प्रत्त्यवरोहति। एतद्वा ऽएनानेतत्त्प्रीणन्नन्ववैति तत ऽएवैतदात्त्मा–नमपोद्धरते जीवात्त्वै तथो हानेनात्त्मना सर्व्वमायुरेति।।33।।

यद्वेव प्रत्त्यवरोहति।एतद्वा ऽएतदेतान्रुद्द्रानित ऽऊद्ध्र्वान्प्रीणाति तान्पुनरमुतोऽर्व्वाचः।।34।।

''नमोऽस्तु रुद्द्रोभ्यो ये दिवि'' ति। तद्येऽमुष्मिँल्लोके रुद्द्रास्तेभ्य ऽएतन्नमस्करोति''येषां व्वर्षमिषव'' ऽइति व्वर्षं ह तेषामिषवो व्वर्षेण ह ते हिंसन्ति यं जिहिंसिषन्ति।।35।।

''नमोऽस्तु रुद्द्रेभ्यो येऽन्तरिक्ष'' इति। तद्येन्तरिक्षलोके रुद्द्रास्तेभ्य ऽएतन्नमस्करोति''येषां व्वात ऽइषव'' ऽइति व्वातो ह तेषामिषवो व्वातेन ह ते हिंसन्ति यं जिहिंसिषन्ति।।36।।

''नमोऽस्तु रुद्द्रेभ्यो ये पृथिव्व्यामि'' ति। तद्येऽस्म्मिँल्लोके रुद्द्रास्तेभ्य ऽएतन्नमस्करोति'' येषामन्नमिषव'' ऽइत्त्यन्नं ह तेषामिषवोऽन्नेनह ते हिंसन्ति यं जिहिंसिषन्ति।।37।।

"तेभ्यो दश प्राचीः। दश दक्षिणा दश प्रतीचीदर्दशोदीचीदर्दशोद्धर्वा"ऽइति दश–दशेति दशाक्षरा व्विराड्विराडग्निदर्दश दिशो दिशोऽग्निदर्दश प्राणः प्राणा ऽअग्निर्य्या–वानग्निर्य्यावत्त्यस्य मात्रा तावतैवैनानेत दन्नेन प्रीणाति।।38।।

यद्वेवाह दशदशेति। दश वा ऽअंजलेरङ्.गुलयो दिशि– दिश्श्येवैभ्यऽएतदंजलिं करोति तस्म्मादु हैतद्भीतोऽंजलिं करोति "तेभ्यो नमो ऽअस्त्वि" ति तेभ्य ऽएव नमस्करोति "ते नो मृडयन्त्वि"ति त ऽएवास्म्मै मृडयन्ति "ते यं द्विष्मो यश्च्च नो द्वेष्ट्टि तमेषां जम्भे दध्म" ऽइति यमेव द्वेष्ट्टि यश्च्चैनं द्वेष्ट्टि तमेषा जम्भे दधात्यमुमेषां जम्भे दधामीति ह ब्रूयाद्यं द्विष्यात्ततोऽह तस्मिन्न पुनरस्त्यपि तन्नादिदयेत स्वयं निर्दिदष्ट्टो ह्येव स यमेवं व्विद्वेष्ट्टि।।39।।

त्रिष्कृत्त्वः प्रत्त्यवरोहति। त्रिवृदग्निर्य्यावानग्निर्य्यावत्त्यस्य मात्रा तावतैवैनाने–तदन्नेन प्रीणाति स्वाहाकारेणान्नं व्वै स्वाहाकारो– ऽन्नेनैवैनानेतत्त्प्रीणाति त्रिरित ऽऊद्धर्वो रोहति तत्त्षट् तस्योक्तो बन्धुः।।40।।

यद्वेव त्रिष्कृत्त्वः प्रत्त्यवरोहति। त्रिर्हि कृत्त्व ऽऊद्धर्वो रोहति ताद्यावत्त्कृत्त्व ऽऊद्धर्वोरोहति तावत्त्कृत्त्वः प्रत्त्यवारोहति।।41।।

अथ तदक्कर्पर्ण्णं चात्त्वाले प्रास्यति। एतद्वा ऽएनेनैतद्दौद्दं कर्म्म करोति तदेतदशान्त्तं तदेतत्तिरः करोति नेदिदमशान्त्तं कश्च्चिदभिति–ष्ठ्ठात्तं नेद्धिनसदिति तस्म्माच्चात्त्वाले यद्वेव चात्त्वालेऽग्निरेष यच्चात्त्वालस्तथो हैनदेषोऽग्निः सन्दहत्त्यथातः सम्पदेव।।42।।

तदाहुः। कथमस्यै तच्छ तरुद्द्रियं संव्वत्त्सरमग्निमाप्नोतिकथं संव्वत्त्सरेणाग्निना सम्पद्यत ऽइति षष्ट्टि श्चच ह वै त्रीणि च शतान्येतच्छ तरुद्द्रियमथ त्रिंशदथ पंचत्रिंशत्ततो यानि षष्ट्टिश्च्च त्रीणि च शतानि तावन्ति संव्वत्त्सरस्याहानि तत्त्संव्वत्त्सरस्याहान्या–प्नोत्त्यथ यानि त्रिंशत्त्रिंशन्मासस्य रात्रयस्तन्मासस्य रात्रीराप्नोति तदुभयानि संव्वत्त्सर– स्याहोरात्राण्ण्याप्नोत्त्यथ यानि पंचत्रिंशत्त्स त्रयोदशो मासः सऽआत्त्मा त्रिंशदात्त्मा प्रतिष्ठ्ठा द्वे प्राणा द्वे शिर ऽएव पंचत्रिंशमेतावान्वै संव्वत्त्सर ऽएवमु हास्यैतच्छतरुद्द्रियं संव्वत्त्सर–मग्निमाप्नोत्त्येवं संव्वत्त्सरेणाग्निना सम्पद्यत ऽएतावत्त्य ऽउ वै शाण्डिलेग्नौ मद्धयतो यजुष्मत्त्य ऽइष्ट्टकाऽउपधीयन्तेऽग्नयो हैते पृथृग्ग्यदेता ऽइष्ट्टका ऽएवमु हास्यैतेऽग्नयः पृथक् शत–रुद्द्रियेणाभिहुता भवन्ति।।43।।

तदाहुः। कथमस्यैतच्छतरुद्द्रियं महदुक्थमाप्नोति कथं महतोक्थेन सम्पद्यत ऽइति यान्नयमूनि पंचविंशति–र्य्यजूंष्यभितोऽ शीतिः स पंचविंश ऽआत्त्मा यत्र वाऽ आत्त्मा तदेव शिरस्तत्त्पक्षपुच्छान्यथ या ऽअशीतयः सैवाशीतिनामाप्तिरशीतिभिर्हि महदुक्थ–माख्यायतेऽथ यदूदर्द्ध–मशीतिभ्यो यदेवादो महत ऽउक्थस्योद्द्धर्व–मशीतिभ्यऽएतदस्य तदेवमु हास्यैत–च्छतरुद्द्रियं महदुक्थमाप्नोत्त्येवं महतोक्थेन

सम्पद्यते।।44।। प्रथमाध्याये प्रथम ब्राह्मणम्।।1।। (इसके अध्याय में चित्यपरिषेकः विधि का भी वर्णन है।) (शतपथ ब्राह्मण 19.1.1.1–44।।)।।ऊँ।।

त्र्यम्बक होम

वैसे यजुर्वेदीय मैत्रायणी संहिता के प्रथम काण्ड (आदिम) के दशमः प्रपाठक चातुर्मास्यानि के अनुवाक 2 में 2 से प्रारम्भ मन्त्र संख्या त्र्यम्बक होम से सम्बन्धित है। इसमें भी शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन संहिता के अनुरूप ही मन्त्र मिलते हैं। इसके भी अन्तिम मन्त्र में रुद्र यज्ञ–त्र्यम्बक होम सम्पन्न होने पर मूजवान पर्वत पार जाने की प्रार्थना की गई है।

रुद्रैषते भागस्तेना वसेन परो मूजवतोऽती हि।
पिनाकहस्तः कृत्तिवासा अवततधन्वा।।
।।मैत्रायणी संहिता 1.10.4।।

शुक्ल यजुर्वेदमाध्यन्दिन संहिता : द्वितीय
त्र्यम्बक होम

एष ते रुद्र भागः स्वस्त्राऽम्बिकया तं जुषष्व स्वाहैष
ते रुद्र भाग आखुस्ते पशुः।।57।।
अव रुद्रमदीमह्यव देव त्र्यम्बकं।
यथा नो वस्यवस्करद्यथा नः श्रेयसस्करद्यथा नो व्यवसाययात।।58।।
भेषजमसि भेषजं गवेऽश्वाय पुरुषाय भेषजम्।
सुखं मेषाय मेष्यै।।59।।
त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्यो–र्मुक्षीय माऽमृतात्।
त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पतिवेदनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनादितो मुक्षीय मामुतः।।60।।
।।शुक्ल यजुर्वेद 3.57, 58, 59, 60।।

हे रुद्र! यह अतिरिक्त पुरोडाश आपका हविरांश है। अपनी बहिन अम्बिका के साथ आप उसका सेवन करो। यह आहुति रुद्र के लिये है। हे रुद्र! यही आपका हविरान्न है। आपका वाहन–पशु चूहा–मूषक है।।57।।अम्बिका के स्वामी व्यापक रुद्र को सबसे उत्तम जानकर हम रक्षा के लिये सेवन करते हैं। रुद्र हमें उत्तम धन (अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक) से युक्त करे। साथ ही हमें कल्याण, श्रेय मार्ग से सम्बद्ध करे। जिस प्रकार हमको 'श्रेय' हो, सब कार्यों में निश्चय से युक्त करे, उसी प्रकार की प्रेरणा करे।।58।।

हे रुद्र! आप स्वयं ओषधि स्वरूप हो। अतः आप मनुष्य, गो, अश्व आदि के लिये भेषज प्रदान करो। हमारे भेड़–भेड़ी अथवा पशुधन के लिये भी सुख दो।।59।।हम तीनों लोकों के स्वामी रुद्र की स्तुति करते हैं। आप सुगंध युक्त एवं अन्नादि की पुष्टि करनेवाले हैं। आप सृष्टि के पुष्टकर्त्ता हो। हम मृत्यु बन्धन से छूट जावें। परन्तु अमृत से नहीं (विस्तृत व्याख्या पूर्व में की जा चुकी है।)।।60।।

सोमारौद्र चरु

असावादित्यो न व्यरोचत तस्मै देवाः प्रायश्चित्तिमैच्छन्तस्म एतं सोमारौद्रं चरुं निरवपन् .... यो ब्रह्मवर्चसकामः स्यात् तस्मा एतं सोमारौद्रं चरुं निर्वपेत् .... तिष्यापूर्णमासे निर्वपेद् रुद्रो वै तिष्यः .... सोमारौद्रं चरुं निर्वपेत् प्रजाकामः सोमौ वै रतोधा अग्निं प्रजानां प्रजनयिता .... सोमारौद्रं चरुं निर्वपेदभिचरन् ... .।।कृष्ण यजुर्वेद, तैत्तिरीय संहिता 1.2.10।।

त्र्यम्बकहविर्याग

शतपथ ब्राह्मण : द्वितीयकाण्ड, पंचमप्रपाठ, तृतीय ब्राह्मण

महाहविषा ह वै देवा वृत्रं जघ्नुः। तेनो एव व्यजयन्त–येयमेषां विजितिस्तामथ यानेवैषां तस्मिन्त्सङ्ग्राम ऽइषव आर्च्छेस्तानेतैरेव शल्यान्निरहन्त तान् व्यवृहन्त यत्त्र्यम्बकैरयजन्त।।1।।

(न्ताथ) अथ यदेव ऽएतैर्यजते। तन्नाह न्वेवैतस्य तथा कं च नेषुर्ऋच्छतीति देवा अकुर्व्वन्निति त्वेवैष ऽएतत्करोति याश्च त्वेवास्य प्रजा जाता याश्चाजातास्ता

ऽउभयी रुद्रियात्प्रमुंचति ता ऽअस्यानमीवा ऽअकिल्बिषाः प्रजाः प्रजायन्ते तस्माद्वा ऽएष ऽएतैर्यजते।।2।।

ते वै रौद्रा भवन्ति रुद्रस्य हीषुस्तस्माद्रौद्रा भवन्त्येककपाला भवन्त्येकदेवत्या असन्निति तस्मादेककपाला भवन्ति।।3।।

ते वै प्रतिपुरुषम्। यावन्तो गृह्याः स्युस्तावन्त एकेनातिरिक्ता भवन्ति तत्प्रतिपुरुषमेवैतदेकैकेन या अस्य प्रजा जातास्ता रुद्रियात्प्रमुंचत्येकेनातिरिक्ता भवन्ति तद्या एवास्य प्रजा अजातास्ता रुद्रियात्प्रमुंचति तस्मादेकेनातिरिक्ता भवन्ति।।4।।

स जघनेन गार्हपत्यम्। यज्ञोपवीती भूत्वोदङ्.ङ.ासीन एतान्गृव्हाति स तत एवोपोत्थायोदङ्. तिष्ठन्नवहन्त्यु–दीच्यौ दृषदुपले ऽउपदधात्युत्तरार्द्धे गार्हप्रत्यस्य कपाला–न्युपदधाति तद्यदेव तामुत्तरां दिशां सचन्त ऽएषा ह्येतस्य देवस्य दिक्तस्मादेतामुत्तरां दिशां सचन्ते।।5।।

ते वा ऽअक्ताः स्युः। (र) अक्तँ हि हविस्त ऽउ वा ऽअनक्ता ऽएव स्युरभिमानुको ह रुद्रः पशुन्त्स्याद्य–दंज्यात्तस्माद्नक्ता ऽएव स्युः।।6।।

(स्ता) तान्त्सार्द्ध पात्र्यां समुद्वास्य। (स्यान्वा) अन्वाहार्यपचना–दुल्मुकमादायोदङ्. परेत्य जुहोत्येषा ह्येतस्य देवस्य दिक्पथि जुहोति पथा हि स देवश्चरति चतुष्पथे जुहोत्येतद्ध वा ऽअस्य जान्धितं प्रजातम–वसानं यच्चतुष्पथं तस्माच्चतुष्पथे जुहोति।।7।।

पलाशस्य पलाशेन मध्यमेन जुहोति। ब्रह्म वै पलाशस्य पलाशं ब्रह्मणैवैतज्जुहोति स सर्व्वेषामे–वावद्यत्येकस्यैव नावद्यति य एषोऽतिरिक्तो भवति।।8।।

स जुहोति। (त्ये) एष ते रुद्र भागः सह स्वस्त्राऽम्बिकया तं जुषस्व स्वाहेत्यम्बिका ह वै नामास्य स्वसा तयाऽस्यैष सह भागस्तद्यदस्यैष स्त्रिया सह भागस्तस्मात्र्यम्बका नाम तद्या ऽअस्य प्रजा जातास्ता रुद्रियात्प्रमुंचति।।9।।

(त्य) अथ य ऽएष ऽएकोऽतिरिक्तो भवति। तमाखूत्कर ऽउपकिरत्येष ते रुद्र भाग ऽआखुस्ते पशुरिति तदस्मा ऽआखुमेव पशूनामनुदिशति तेनो ऽइतरान्पशून्न हिनस्ति तद्यदुपकिरति तिर ऽइव वै गर्भास्तिर ऽइवैतद्यदुपकीर्ण तस्माद्वा ऽउपकिरति तद्या ऽएवास्य प्रजा ऽअजातास्ता रुद्रियात्प्रमुंचति।।10।।

(त्य) अथ पुनरेत्य जपन्ति। (न्त्य) अव रुद्रमदीमह्यव देवं त्र्यम्बकम्। यथा नो व्वस्यसस्करद्यथा नः श्रेयसस्करद्यथा नो व्यवसायात्। भेषजमसि भेषजं गवेऽश्वाय पुरुषाय भेषजं सुखं मेषाय मेष्या ऽइत्याशीरेवैषैतस्य कर्मणः।।11।।

(णोऽथा) अथापसलवि त्रिः परियन्ति। सव्यानूरुनुपाघ्ना–नास्त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्द्धनम्। उर्व्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतादित्याशीरे–वेषैतस्य

कर्मण आशिषमेवैतदाशासते तदु ह्येव शामिव यो मृत्योर्मुच्यातै नामृतात्तस्मादाह मृत्योर्मुक्षीय मामृतादिति।।12।।

तदु हापि कुमार्यः परीयुः। (र्भ) भगस्य भजामहा ऽइति या ह वै सा रुद्रस्य स्वसाऽम्बिका नाम सा है वै भगस्येष्टे तस्मादु ह्यापि कुमार्यः परीयुर्भगस्य भजामहा ऽइति।।13।।

तासामुतासां मन्त्रोऽस्ति। त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पतिवेदनम्। उर्व्वारुकमिक बन्धनादितो मुक्षीय मामुत इति सा यदित इत्याह ज्ञातिभ्यस्तदाह मामुत इति पतिभ्यस्तदाह पतयो ह्येव स्त्रियै प्रतिष्ठा तस्मादाह मामुत इति।।14।।

(त्य) अथ पुनः प्रसलवि त्रिः परियन्ति। दक्षिणानूरूनु–पाघ्नाना ऽएतेनैव मन्त्रेण तद्यत्पुनः प्रसलवि त्रिः परियन्ति प्रसलवि न इदं कर्मानुसन्तिष्ठाता ऽइति तस्मात्पुनः प्रसलवि त्रिः परियन्ति।।15।।

(न्त्य) अथैतान्यजमानोऽंजलौ समोप्य। (प्यो) ऊर्ध्वानुद–स्यति यथा गौर्नोदाप्नुयात्तदात्मभ्य एवैतच्छल्यान्निर्मिमते तान्विलिप्सन्त ऽउपस्पृशन्ति भेषजमेवैतत्कुर्व्वते तस्माद्विलिप्सन्त ऽउपस्पृशन्ति।।16।।

तान्द्वयोर्मूतकयोरुपनह्य। व्वेणुयष्टयां वा कुपे वोभयत आबध्योदङ्.परेत्य यदि व्वृक्षं वा स्थाणुं वा व्वेणुं व्वा व्वल्मीकं वा व्विन्देत्तस्मिन्नासजत्येतत्ते रुद्रावसं तेन परो मूजवतोऽतीहीत्यवसेन वा ऽअध्वानं यन्ति तदेनं–सावसमेवान्ववार्जति यत्र यत्रास्य चरणं तदन्वत्र ह वाऽअस्य परो मूजवद्भयश्चरणं तस्मादाह तेन परो मूजवतोऽतीहीत्यवततधन्वा पिनाकावस इत्यहिंसन्नः शिवोऽतीहात्येवैतदाह कृत्तिवासा इति निष्वापयत्येवै–नमेतत्स्वपन्नु हि न कंचन हिनस्ति तस्मादाह कृत्तिवासाऽइति।।17।।

(त्व) अथ दक्षिणान्बाहूनन्वावर्तन्ते। तेऽ प्रतीक्षं पुनरायत्ति पुनरेत्याय ऽउपस्पृशन्ति रुद्रियेणेव वाऽएतदचारिषुः शान्तिरापस्तद्भिः शान्त्या शमयन्ते।।18।।

(त्तेऽ) अथ केशश्मश्रूप्त्वा। समारोह्याग्नी ऽउदवसायेव ह्येतेन यजते न हि तदवकल्पते यदुत्तरवेदावग्निहोत्रं जुहुयात्तस्मादुदवस्यति गृहानित्वा निर्मथ्याग्नी पौर्णमासेन यजत ऽउत्सन्नयज्ञऽइव वा ऽएष यच्चातुर्मास्यान्यथैष क्लृप्तः प्रतिष्ठितो यज्ञो यत्पौर्णमासं तत्क्लृप्तेनैवैतद्यज्ञेनान्ततः प्रतितिष्ठति तस्मादुदवस्यति।।19।।2.5.3.1–19।।

।।शतपथ ब्राह्मण, पंचमप्रपाठ का तृतीय ब्राह्मण, द्वितीय काण्ड।।

देवों ने महाहवि के तेजोमय प्रभाव से ही वृत्र को मारा था। उसी महाहविर्याग से उनको विजयश्री प्राप्त हुई। उस वृत्र युद्ध में इन्द्रादि देवों को बाण लगे। उन बाणों को निकाला गया। ''त्र्यम्बकहविर्याग से इन्द्रादि देवों के शल्यों का उपचार किया गया।।1।।''

मनुष्यों द्वारा त्र्यम्बकहविर्याग कराने के पीछे अनेक प्रयोजन होते हैं। पहिला, उनसे सम्बन्धित को कोई मारक तीर नहीं लगे। दूसरा, देवों ने इस यज्ञ को किया था। तीसरा, त्र्यम्बकहविर्याग से यज्ञकर्त्ता अपने परिजनो–स्वजनों को रुद्र के कोप से मुक्त कर लेता है। चतुर्थ, रुद्र अनुग्रह से उसकी सन्तान दोष–रहित एवं रोग रहित होती है। पाँचवा, रुद्र अनुकम्पा से यजमान जन्म–मृत्यु के बंधन से छुटकारा पाता है। षष्ठ, समभाव की प्राप्ति के लिये।।2।।

त्र्यम्बक इष्टियाग वैदिक देवों के मर्यादा पालक, पातकी प्रजापति वधकर्ता, त्रिपुर संहारक, केशी के साथ विषपान कर्त्ता रुद्र के लिये किया जाता है। धनुष्य–बाण रुद्र के प्रलंयकार आयुध हैं। रुद्र सभी देवों के अधिष्ठाता हैं। इसलिये इस याग में रुद्र देवता के निमित्त हवियाँ होती हैं। रुद्र के निमित्त एक कपाल के पुरोडाश होते हैं। एक सर्वोच्च देवता के लिए सभी के एक–एक कपाल संस्कृत पुरोडाश ही होते हैं।।3।।

यज्ञ करनेवालों की संख्या के अनुसार उतनी संख्या में पुरोडाश होंगे। परन्तु एक पुरोडाश अतिरिक्त होगा। प्रति व्यक्ति एक पुरोडाश का तात्पर्य है कि वह एवं उसकी सन्तान को रुद्र की हिंसा से छुड़ा लेता है और अतिरिक्त पुरोडाश भावी संतान की रक्षा के लिये होता है।।4।।

यजमान सव्य–यज्ञोपवीत धारण कर उत्तराभिमुख गार्हपत्य के पीछे बैठकर पुरोडाश के लिये अन्न निकालता है। उसे लेकर उत्तराभिमुख बैठकर अन्न (धान) कूटता है। दृषद एवं उपल उत्तर की ओर उठाता है। दृषद एवं उपल उत्तर दिशा में रखता है। यजमान गार्हपत्य कुण्ड के उत्तरार्द्ध में कपालों को रखता है। उत्तर दिशा में रखने पीछे का गूढ़ आशय है। यह स्मरण रहे कि "रुद्र देवता की दिशा उत्तर है।" अतः वैदिक परम्परा में त्र्यम्बकहविर्याग में अधिकतर उत्तर दिशा का आश्रयण लिया जाता है। वैदिक दृष्टि से उत्तर दिशा उच्चतर प्रगति की दिशा है। वेद के दिशा सूक्त इसकी पुष्टि करते हैं।।

यह अद्भुत है कि "पुरोडाश घृत से अंजित नहीं हो।" यदि "घृत अंजित कर दिया जायेगा तो रुद्र यजमान के पशुओं के पीछे पड़ेगा"।।5, 6।।एक पात्र में सभी पुरोडाशों को रखकर दक्षिणाग्नि से एक जलता अंगारा लेकर उत्तर की ओर चतुष्पथ मार्ग में आहुति देता है। क्योंकि रुद्र देव मार्ग में ही विचरण करता है। चतुष्पथ ही रुद्र का लोकप्रसिद्ध स्थान है। इसलिये रुद्र के निमित्त त्र्यम्बकेष्टि में चतुष्पथ पर ही आहुति दी जाती है।।7।।

पलाशपत्र के मध्य के पत्ते से आहुति देता है। "परिपूर्ण ब्रह्म गुणादि पलाशपत्र में है।" पलाश वेदवृक्ष है (श्रीमद्शंकराचार्य के ब्रह्मदण्ड पलाश की काष्ठ के होते रहे हैं। यज्ञ के लिये कल्पतरु, मंदार, हरिचन्दन, सन्तानः, अश्वत्थ, श्रीवृक्ष, पलाश आदि की काष्ठ सर्वश्रेष्ठ मानी गयी है। वेदानुसार पलाशपत्र पर भोजन करने से मेधा वृद्धि होती है।)। अतः ब्रहस्वरूप पलाशपत्र से आहुति देता है। सभी यज्ञकर्ताओं के पुराडाशों में से एक–एक टुकड़ा लेते हैं, परन्तु अतिरिक्त पुरोडाश का भाग नहीं लेते हैं।।8।।

"एष ते रुद्र भागः सहस्त्राम्बिकया तं जुषस्व स्वाहा" (हे रुद्र! यह आपका भाग है। आप अपनी भगिनी अर्थात् बहिन अम्बिका के साथ प्रीतिपूर्वक ग्रहण करने का अनुग्रह करें; स्वाहा।)। मन्त्र पाठकर आहुति दी जाती है। "यहाँ सर्वज्ञ उदात्त सर्वव्यापी रुद्र की भगिनी का नाम अम्बिका है।" रुद्र एवं अम्बिका का सम्मिलित यह हविर्भाग है। इस भाग में देवांगना–दिव्य शक्ति–स्त्री शामिल है। अतः इन आहुतियों का नाम त्र्यम्बकाः पड़ा (वैसे अम्ब का अर्थ पिता है। त्र्यम्बक का अर्थ तीन लोकों–द्यु, अन्तरिक्ष, पृथिवी का पिता है।)। इन आहुतियों के द्वारा रुद्र के कोप से यजमान का परिवार मुक्त हो जाता है।।9।।

अतिरिक्त एक पुरोडाश का अवशिष्ट मूषक के बिल में डाल देते हैं। डालते हुए यह मन्त्रोच्चारण करते हैं : "एष ते रुद्र भागऽआखुस्ते पशुः।" हे रुद्र! यह आपका भाग है। मूषक आपका पशु है। यह उसको प्रदान करते हैं। मूषक को पुरोडाश अवशिष्ट देने से रुद्र किसी अन्य पशु को नहीं सताता है। मूलतः गर्भ अन्तर्हित होते हैं। मूषक का बिल भी गुप्त होता है। इसका अर्थ यह है कि यज्ञ करनेवाले की गर्भस्थ संतान रुद्र के क्रोध से मुक्त रहे।।10।।

इसके उपरान्त यजमान चतुष्पथ से यज्ञशाला वापस लौटकर मन्त्र जपता है। 1. "अव रुद्रमदीनह्यव देवं त्र्यम्बकम्। यथा नो वस्य सस्करद् यथा नः श्रेयसस्करद् यथा नो व्यवसाययात्।। 2. भेषजमसि भेषजं गवेऽश्वाय पुरुषाय भेषजम्। सुखं मेषाय मेष्यैं।। यजुर्वेद 3.58, 59।।" "हम त्र्यम्बक देव रुद्र को हवि प्रदानकर सन्तुष्ट करते हैं। रुद्र हमें सुआवास आदि से युक्त करे। हमें अध्यवसायी बनावे। हमारा कल्याण करे। हे रुद्र! आप ओषध के समान सर्वोपद्रव निवारक हैं। आप हमारे पशुधन, मनुष्य आदि के लिये सदैव सर्वोपद्रव निवारक ओषध रूप बनें। हमारे पशुधन को सुख प्रदान करें। अर्थात् समस्त प्राणियों के लिये रुद्र सुख दाता बनें। इस यज्ञ में गो–अश्व–अवि आदि के अरोग्य का आशीर्वाद चाहा है।।" यजुर्वेद 3.58, 59।।11।।

ऋत्विग्यजमान आदि चतुष्पथ पर स्थापित अग्नि की तीन वार परिक्रमा करते हैं। साथ ही "मृत्युंजय मन्त्र" पाठ करते हैं : "त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।" यजुर्वेद 3. 60।। "प्राणिमात्र के पालनकर्त्ता–स्थूल कार्य–सूक्ष्म स्थूल अप्रगट अवस्था ही माया है। इस त्रिविध माया को धारण करनेवाली नित्य ज्ञानस्वरूप उमा–अम्बिका है। रुद्र तीनों लोकों के पिता हैं। त्र्यम्बक ही तीनों लोकों के पुष्टि कर्त्ता एवं पालक हैं। रुद्र का यश ब्रह्माण्ड में सुगन्ध की तरह फैला है। त्र्यम्बक रुद्र सर्वज्ञ सर्वत्रव्यापक चेतन रूप से सर्वोत्तम यशवाला है। हम उस उदात्त सर्वव्यापी महान रुद्र का यजन करते हैं। जैसे पकी हुई काँकड़ी बेल से छूट जाती है। उसी प्रकार रुद्र आपका घोर रूप मृत्यु के बन्धन से छुड़ावे और आपका सौम्य अघोररूप अमृत से हमें कभी पृथक् नहीं करे, अर्थात् मोक्ष प्रदान करे"।।यजुर्वेद 3.60।।12।।

यज्ञ करनेवाले की कुंवारी कुमारियाँ भी अग्नि की पूर्वोक्त विधि से उल्टी परिक्रमा करें। वे यह कामना करें कि उन्हें सौभाग्य प्राप्ति हो। यह उल्लेखनीय है कि "रुद्र की भगिनी अम्बिका सौभाग्य की अधिष्ठात्रीदेवी है।" इसलिये सौभाग्य के लिये कुमारियों को परिक्रमा देनी चाहिये।।13।।कुमारियाँ भी परिक्रमा के समय यजुर्वेद (3.60) के मृत्युंजय मन्त्र का पाठ करें। कुमारियाँ कहें कि हम पतिगृह से कभी वियोजित नहीं हों। यह भी प्रार्थना करें कि पति से हमारा विछोह कभी नहीं हो।।14।।

प्रदक्षिण क्रम से अग्नि की परिक्रमा करते हैं और मृत्युंजय मन्त्र जपते हैं। प्रदक्षिण क्रम से सीधी तीन परिक्रमा तीन वार की जाती है। जिससे हमारा त्र्यम्बकेष्टि कर्म दैवी पद्धति से संसिद्ध हो जाय। अतएव ऋत्विग्यजमान आदि तीन वार प्रदक्षिण क्रम से परिक्रमा देते हैं।।15।।

यजमान "हुतशिष्ट" (बचे हुए) पुरोडाश को अपनी अंजलि में लेकर ऊपर की ओर उछालता है और उन्हें अंजलि में ही रोक लेता है। संयोग से भूमि पर गिरे हुवशिष्ट पुरोडाश को छूकर नमन करता है। अंजलि में आये हुतशिष्ट पुरोडाश दैव्य महाभिषक रुद्र की ओषध है।।16।।

अन्त में इनको दो टोकरियों में रखकर बाँस के दो छोरों पर लटकाया जाता है। उनको लटकाकर उत्तर दिशा में चलते हैं। मार्ग में वल्मीक (दीमक की बांबी), सूखा ठूँठ वृक्ष अथवा वृक्ष मिले उस पर मन्त्र पाठ कर बाँध देते हैं : "एतत् ते रुद्रावसं ते परो मूजवतोऽतीहि" ।।यजुर्वेद 3.61।। "हे रुद्र! यह आपका पाथेय अन्न है। आप इसे ग्रहण कर उत्तर दिशा में स्थित मूजवान् पर्वत के उस पार पधारने की कृपा करें।।" वैदिक काल से

जम्बूद्वीप में पाथेय अन्न लेकर ही आमजन यात्रा करते रहे हैं। इसी परम्परा में रुद्र देवता को तोशा देकर गन्तव्य स्थान को विदा करते हैं। रुद्र का विचरण स्थान मूजवान् पर्वत के पार है। इसी समय यह भी कहते हैं कि हे रुद्र! आप पिनाकी धनुष्य की प्रत्यंचा पर शर सन्धान किये बिना पधारें। ''अवततधन्वा पिनाकावसः।।'' यजुर्वेद 3.61।। इसका अध्यात्मिक अर्थ है कि हे रुद्र! आप हमारे प्रति हिंसा नहीं रखते हुए (घोर रूप त्यागकर), (अघोररूप सौम्य रूप में) कल्याण करते हुए पधारें। रुद्र सूर्यमण्डल के मध्य वास करते हैं, अर्थात् कृत्तिवासा हैं। आप सूर्यमण्डल के मध्य विराजमान होकर जगत् का कल्याण करें।।17।।

त्र्यम्बकेष्टियाग में सम्मिलित सभी दांयी ओर मुड़कर बिना पीछे देखे वेदी के समीप आते हैं। जल का स्पर्श करते हैं। अभी तक ''रुद्र यज्ञरूपी उग्र कर्म'' सम्पादन हो रहा था। जल शान्तिप्रद है। इसलिये शान्तिप्रद जलद्वारा सभी अपने को शान्त एवं पवित्र करते हैं।।18।। मुण्डन क्रिया होती है। उत्तर वेदी की गार्हपत्य आहवनीय अग्नियों का अरणि में सामारोप करते हैं। स्नान के अनन्तर ''साकमेध'' याग की शेष विधि का अनुष्ठान करते हैं। ''मेध का अर्थ संवर्धन, संगतिकरण एवं वृद्धि है।'' यह ध्यान रहे कि स्थान बदल कर पौर्णमास यज्ञ करें। घर जाकर अरणि मन्थन द्वारा अग्नि प्रगट करके पौर्णमास याग किया जाता है।

चातुर्मास्य यज्ञ पृथक् प्रकृति का नैमित्तिक याग है। वहीं पौर्णमास याग नियत और प्रतिष्ठित याग है। इसलिये वह उस नियत याग को करके अपने को प्रतिष्ठित करता है।।19।।ऊँ।।

मृत्युंजय रुद्र मन्त्र

त्र्यम्बकं यजामहे सुगंधि पुष्टिवर्धनम्।

उर्वा रुक मिव बन्धनान्मृत्यो र्मुक्षीयमामृतात।।ऋग्वेद 7.5.9.12।।

इस ऋचा में रुद्र के ''त्र्यम्बक'' का अर्थ ''त्रिलोक का पिता'' है। ''अम्ब'' का अर्थ पिता है और त्रयी का अर्थ तीन है। यद्यपि कुछ व्याख्याकार रुद्र को तीन माताओं वाला बताते हैं। प्रकारान्तर में त्र्यम्बक का अर्थ अम्बा अथवा उमा को धारण करनेवाला व्याख्या की गई। ऋग्वेद की ऋचाओं में रुद्र को त्रिलोकी के तीन पुरों को नष्ट करनेवाले, मृगरूपधारी प्रजापति का शिर विच्छेद करनेवाला मृगव्याध आदि कहा गया है। इस दृष्टि से वैदिक रुद्र त्रिलोक के पिता हैं। उनका घोर रूप मृत्यु का भय उपजाता है। सुगन्धि रूप उत्तम ज्ञान शक्ति को धारण करनेवाला, चराचर वृद्धि करनेवाला है। वे तीनों लोकों को पुष्ट करते हैं। उनका यश सुगन्ध की भाँति तीनों लोकों में व्याप्त

है। तीनों लोकों के पिता—त्र्यम्बक, रुद्र की हम उपासना करते हैं। जैसे पकी हुई काँकड़ी अपनी बेल से भिन्न हो जाती है, वैसे ही हे रुद्र! हमें क्षरात्मकघोर देह के बन्धन से मुक्त करो। आपके अक्षरात्मक अघोर अमृत शरीर (रूप) से हमको मत त्यागो। रुद्र हमारे लिये आयु का सिंचन करे। रुद्र सुख स्वरूप समृद्धिवाला है। आयु ही हिरण्य है। अमृतमय जीवन ही हिरण्य है। निश्चय अमृत ही सुखपूर्वक जीवन प्राण है। वास्तव में रुद्र दिव्य देह धारण करके समूची प्रजा की रक्षा करता है। ।।ऋग्वेद 7.59.12।। यह मृत्युंजय मन्त्र के रूप में प्रचलित है। इस त्र्यम्बक मन्त्र के बाद त्र्यम्बक होम का विधान है।

गुप्त शतरुद्रिय मन्त्र : यज्ञस्वामी रुद्र

स इद्दनाय दभ्याय बन्वंचूयवान्ः सूदैरमिमीत् वेदिम्।
तूर्वयाणौ गूर्त वचस्तमः क्षौदी नरे त इत ऊँति सिंचत्
।।ऋग्वेद 10.61.2।।

गुरु के पास विद्यार्जन कर नाभानेदिष्ठ पिता के पास जाकर अपना भाग मांगने लगा, तब श्राद्धदेव ने कहा कि हे पुत्र! मैंने समूचा धन आपके बड़े भाईयों में बांट दिया। वर्तमान में हमारे पास धन नहीं है। किन्तु "परमधाम स्वर्ग में जाने के लिए गुप्त शतरुद्रिय धन है। उस शतरुद्रिय का उपदेश देता हूँ। जिसके द्वारा विशाल धन (अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक) प्राप्त होगा।" इस समय महर्षि अंगिरा तक को यज्ञ करते हुए स्वर्ग प्राप्त नहीं हुआ। क्योंकि जब तक यज्ञस्वामी रुद्र को प्रसन्न नहीं करेंगे, उस समय तक यज्ञकर्त्ता को स्वर्ग प्राप्त होना दुलर्भ है। श्राद्धदेव ने कहा : हे पुत्र! आप उनके बहुत काल से किये आरम्भ यज्ञ को शतरुद्रिय से सफल करें। इस शतरुद्रिय के देवता की कृपा से अंगिरा सरीखे महर्षि समूह स्वर्ग गमन करे। इस प्रकार पिता से शतरुद्रिय को प्राप्तकर नाभानेदिष्ठ, अंगिराओं के यज्ञ में गया। उसने शतरुद्रिय मन्त्रों से हवन करके रुद्र की शान्ति की। नाभानेदिष्ठ को यज्ञ का समस्त धन देकर अंगिरागण स्वर्ग को गये। यज्ञ वेदी में से "काले मृग के चर्म को धारण किये हुए रुद्र परमेष्ठी" प्रगट हुए। रुद्र यज्ञ पशुओं (पशु का अध्यात्मिक अर्थ लें) घेरकर स्थित हुए। रुद्र ने नाभानेदिष्ठ से कहा कि हे ब्रह्मचारी! यह यज्ञ का अवशिष्ठ मेरा है, आपका नहीं। नाभानेदिष्ठ ने उत्तर दिया कि अंगिराओं ने स्वर्ग को जाते हुए हमें दिया था। वस्तुतः उसने रुद्र के स्वरूप को नहीं जाना। रुद्र ने कहा कि अपने पिता से जाकर पूछ कि यज्ञ का अवशिष्ठ भाग किसका है? यह सुनकर नाभानेदिष्ठ पिता के पास गया। उसने कहा कि मृगचर्मधारी पुरुष ने यज्ञ के धन को अपना कहकर आपके

पास भेजा है। वह भीषण गर्जना करनेवाला कौन है? यह सुनकर श्राद्धदेव मनु ने कहा : हे पुत्र! आप एकाग्रचित से मेरे वचन सुन। "शतरुद्रिय मन्त्र का देवता रुद्र ही कृष्ण मृगचर्म धारी पुरुष है।" इसके बाद रुद्र की शक्तियों, महिमा को विस्तार से समझाया।

अंगिराओं के यज्ञ में आप द्वारा विधिवत स्तुति से प्रसन्न होकर रुद्र ने दिव्य दर्शन दिये हैं। यह यज्ञ भाग उनका है। रुद्र की महिमा पिता से सुनकर नाभानेदिष्ठ रुद्र की अद्‌भुत स्तुति करने लगा। रुद्र ने उसकी स्तुति से प्रसन्न होकर सभी प्रकार का धन प्रदान किया। मनुष्य के उत्तम व्यवहार, उत्तम गुणों से पृथक् असुर भाव वाला अर्थात् राक्षस, वृत्र, दानव, दैत्य है। रुद्र राक्षस भाववाले मनुष्य को उसके पाप से ही नष्ट करता है। रुद्र उपासक के वैदिक कर्म से प्रसन्न हो कर सब कुछ देता है।।ऋग्वेद 10.61.2।।

रुद्र द्वारा प्रजापति, वध

मध्यायत्कर्त्वं म भवदभीके कामं कृण्वाने पितरि युवत्याम्।
मनानग्रेतो जहतु र्वियन्ता सानौ निषिक्तं सुकृतस्य योनौ।।
पिता यत्स्वाँ दुहितर मधिष्कन् क्ष्मया रेतः सं जग्मानो निषिंचत्।
स्वाध्योऽजनयन् ब्रह्म देवा वास्तोष्पति व्रतपां निरतक्षन्।।
।।ऋग्वेद 10.61.6,7।।

महे यत्पित्रे ईं रसं दिवेकरवत्सरत्पृशन्यश्चि कित्वान्।
सृजदस्ता धृषता दिद्युमस्मै स्वायां देवो दुहितरि त्विषिधात्।।
।।ऋग्वेद 1.71.5।।

प्रवः पान्तं रघुमन्यवोऽन्धो यज्ञं रुद्राय मीळुहषे भरध्वम्।
दिवो अस्तोष्य सुरस्य वीरै रिषुध्येवमरुतो रोदस्योः।।
।।ऋग्वेद 1.22.1।।

मैथुनी सृष्टि के संकल्प को करनेवाला अथर्वा प्रजापति अन्तरिक्ष के मध्य में स्थित हुई विराट् रूप स्त्री से मैथुन कर्म करने को प्रवृत्त हुआ। तब विराट्‌रूपा ने अपना रूप बदलने की इच्छा व्यक्त की। यही प्रजापति ने किया। वे दोनों ने हरिण–हरिणी आकार धारण करके परस्पर विहार को उत्सुक हुए। दोनों समागम में रत हुए। यह स्मरण रहे कि ब्रह्मा कल्पभेदों से अनेक रूपों को धारण करता हुआ जगत् को रचता है। प्रजापति ने यज्ञ के आधार स्वरूप एक उच्च स्थान में सिंचन कर "रुद्र" उत्पन्न किया।।16।।

जगत् पालक प्रजापति अथर्वा ने विराट्‌मयी दुहितर का आलिंगन किया एवं रेतस् का (वीर्य) सिंचन किया। वह रेतस् आकाश से गिरकर पृथिवी के संग मिलकर सरोवर में परिणित हुआ। व्यख्याकार स्वामी शंकरानंदगिरि

(सन् 1935 की व्याख्या) के अनुसार उत्तम कर्म विचारनेवाले महर्लोकवासी देवों ने ध्यान के द्वारा वैदिक कर्म करनेवालों को पालनेवाले प्रकाशरूप स्वामी व्यापक स्वरूप रुद्र (ब्रह्म, वास्तोष्पति) को प्रत्यक्ष स्वरूप में प्रगट करके सम्पादन किया।।7।।।।ऋग्वेद 10.61.6, 7।।

स्वामी गिरि ने व्याख्या की है कि जब प्रजापति मैथुनी सृष्टि की इच्छा करनेवाला कृष्णमृग के रूप को धारण करके अत्यन्त तीव्र वेग से अपनी विराट रूपा से प्रकाशवाली दुहितर पुत्री सरस्वती में तेजस्वी रेतस् स्थापना करने को तत्पर हुआ। उस समय इस अत्यन्त निन्दित कर्मवाले पिता अथवा पुत्र के वध के लिये निर्भय होकर बाण चलानेवाले वैदिक मार्गवान रुद्र ने चमकते हुए बाण को छोड़ा। रुद्र का प्रज्ज्वलित बाण प्रजापति के लिये मारक रहा ।।ऋग्वेद 1.71.5।।

श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर ने इस ऋचा के भाष्य में लिखा है कि इस अग्रणी देव–रुद्र के सर्वव्यापक होने से कोई भी इससे छिपकर कुछ नहीं कर सकता है। "अग्निमय रुद्र प्रत्येक को यथायोग्य दण्ड देता है।" वह अपने धनुष्य से बाण छोड़ता है।।ऋग्वेद 1.71.5।।

शत्रुओं को (त्रिलोकी को) रुलाने के कारण देव का नाम रुद्र है। यह रुद्र आनन्द प्रदान करनेवाला है, प्रशंसनीय है। इसे हवि प्रदान करो। यह धनुष्यधारी बाणों से शत्रुओं का संहार करता है। यह द्युलोकादि में असुरों को नष्ट करता है। इस रुद्र के साथ मरुत्गण रहते हैं। मरुत्गणों की विशेषता है कि वे शूरवीर रुद्र की तरह शत्रुओं से लड़ते हैं। हम रुद्र एवं उनके सैनिक मरुतों की स्तुति करते हैं (श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर)। स्वामी शंकरानन्दगिरि ने ऋचा की व्याख्या की है कि प्रजापति के मृगरूप द्वारा मृगी गमन निन्दित कर्म से शीघ्र अत्यन्त कोप में भरकर अमर स्वभाववाले देवताओं ने रुद्र को प्रसन्न किया। रुद्र उत्तम कर्म करनेवाले देवों से प्रेरित हुआ। रुद्र ने व्याध (नरव्याध्र) के समान धनुष्य से अत्यन्त चमकता बाण स्वर्ण रजत दोनों कपालों के बीच आकाश में विश्वपालक प्रजापति पर छोड़ा।

शतपथ ब्राह्मण (1.6.2.3) के अनुसार देवताओं ने रुद्र से कहा : "देवों में प्रसिद्ध प्रजापति पिता मर्यादा रहित विचरता है। प्रजापति अपनी पुत्री एवं हमारी बहिन को कामातुर होकर आलिंगन करता है। इस निन्दित कर्म करनेवाले मृगरूपधारी प्रजापति का हमारे रचे बाणों से वध करो। देवों की प्रार्थना पर रुद्र ने धनुष्य तानकर उस मृगदेहधारी प्रजापति को मार दिया।।" तेह देवा ऊचुः योऽयं देवः पशुना मीष्टेऽति सन्धंवा अयं चरति य इत्यँ स्वाँ दुहितरमस्माकँ स्वसारं करोति विध्येमिति तँ रुद्रोऽभ्यायत्य विव्याध तस्य सामि

रेतः प्रचस्कन्द तथेन्नूनं तदास।। (शतपथ ब्राह्मण)। रुद्र को देवताओं ने पशुओं की अध्यक्षता प्रदान की। देवताओं के वर से ''रुद्र का नाम पशुपति'' हुआ। ऐतरेय ब्राह्मण (13.9.33) के अनुसार बाण से ताडित हुआ मृग ऊपर से मुख करके नीचे गिरने लगा। उसे देखकर सभी देवता उसे ''मृगशीर्ष'' कहने लगे। यह ''मृगशीर्ष'' नक्षत्र कहलाया। मृगहन्ता रुद्र आकाश में मृगव्याध रूप में स्थित हुआ। लाल मृगी थी, सो ही रोहिणी नक्षत्र के नाम से आकाश में स्थित हुई। ''आर्द्रा नक्षत्र'' रुद्र का अघोर रूप है।

यहाँ उपदेश यह है कि ''उत्तम पुरुष के शुभ लक्षण, कर्म, आचार को ग्रहण करना चाहिये और अशुभ लक्षण का त्याग करना चाहिये।'' इसतरह ''रुद्र ऋग्वेद में ही देवों के मर्यादापालक शास्ता कहलाये।'' देव गाथाओं में रुद्र ने नैतिक मर्यादा निर्वहन के लिये ब्रह्माजी का शिर विच्छेद किया, नृसिंह रूपी विष्णु का संहार किया और दक्षराज प्रजापति का वध किया। वैदिक देवताओं में शास्ता रुद्र ने पौराणिक काल में कामदेव मन्मथ का संहार कर नया इतिहास रचा। एकमात्र रुद्र ही देव, दैत्य और मनुष्य में पूज्य हैं। वैदिक काल से इतिहास काल (पुराण, रामायण, महाभारत) तक रुद्र वृक्ष–वनस्पति के भी अधिपति हैं।।ऋग्वेद 1.122.1।।

रुद्र शब्द रहस्य!

वेद में रुद्र बहुत ही अध्यात्मिक रहस्यमय परम ब्रह्म है। रुद्र अक्षय अनन्त अखण्ड तेजस शक्ति और शान्ति करनेवाली शक्ति दोनों ही है। ''रुद्र'' शब्द का अध्यात्मपरक अर्थ–''महाज्ञानी, परमगुरु, आदि– उपदेशक, ब्रह्मज्ञान–सृष्टिज्ञान का व्याख्यान करनेवाला है।''

''रुद् दुःखं द्रावयति विनाशयति इति रुद्रः।'' ''रुत् का अर्थ है दुःख। दुःख का नाश करनेवाला रुद्र कहलाता है।'' इसी श्रृंखला में ''क्षत्र'' शब्द का अर्थ ''क्षतात् त्रायते'' अथवा जो दुःखों से बचाता है। रुद्र–रुद् + द्र का आशय दुःख को दूर करनेवाला और क्षत्र–क्षत् + अ का तात्पर्य दुःख से बचानेवाला है। रुद्र एवं क्षत्र दोनों शब्दों के अर्थ समान हैं।

''उणादि कोश'' (2.22) में रुद् + णिच्–रोदेर्णि लुक च। इति रक्। णेच लुक् च।। आदित्यपत्रवृक्षः। इति राजनिघण्टुः।। गणदेवता विशेषः।

इत्यमरः।। रोदिति रुद्–रक्।। शब्दस्तोम–महानिधि।। वैदिक कोश ''निघण्टु'' (3.16) में रुद्र स्तोतृनामों में है। निघण्टुकार की व्याख्यानुसार रुद्र–स्तुति योग्य अथवा स्तुति करनेवाला है। निरुक्त (1.13) में स्पष्ट कहा है कि केवल मात्र एक रुद्र है, वह अद्वितीय है। वहीं पृथिवी पर असंख्य और हजारों रुद्र हैं।

एक एव रुद्रोऽवतस्थे न द्वितीयः।

असंख्याताः सहस्राणि ये रुद्रा अधिभूम्याम्।..... इति।।

''निरुक्त'' रचयिता ने असंख्य रुद्रों के रहस्य को स्वयं ही उजागर किया। ''उन देवताओं में एक–एक देवता का महत्व विशेष होने के कारण एक–एक देवता के अनेक नाम हुए।'' ''परन्तु उन स्थानों से और भोग से एकत्व देखना चाहिए।'' ''जैसा मनुष्यों का राष्ट्र।।'' निरुक्त 7.2.5।।

तासां महाभाग्यादेकैकस्या अपि बहूनि नाम धेयानि भवन्ति।।1।।

....तत्र संस्थानैकत्वं संभोगैकत्वं चोपेक्षितव्यम्।।

....तत्रैतन्नरराष्ट्रमिव।।5।। निरुक्त दै. 7.2.5।।

इससे स्पष्ट है कि ''एक–एक वैदिक देवता के दिव्य गुणों–विशेषताओं के कारण असंख्य नाम होते हैं। परन्तु नामों की भिन्नता– अनेकता होने पर भिन्न देवता नहीं होते हैं। अनेक नामों से एक ही देवता का बोध होता है।'' मूलभूत रूप से देवता के स्थान और भोग की एकता देखकर उनके विभिन्न रूपों–विविधता में एकता–एकत्व मानना उचित है। रुद्र शब्द की व्युत्पत्ति को लेकर वैदिक अध्येताओं के अनेक मत हैं।

निरुक्त, दैवतकाण्ड (10.1.1–6) में कहा है कि अब मध्य स्थान देवताओं का वर्णन है। निरुक्तकार ने मध्य स्थान को अन्तरिक्ष माना है। 'रु' का अर्थ ''शब्द करना'' है। यह शब्द करता हुआ पिघलता है। हारिद्रविक एवं काठक शाखा वालों का मत इसको अधिक स्पष्ट करता है। ''वह रुद्र अपने पिता प्रजापति को बाण से विद्ध करता है और यह देखकर रोया। इसलिये उसका नाम रुद्र हुआ।। निरुक्त भाष्य 10.1.6।।

स किल पितरं प्रजापतिमिषुणा विध्यन्तमनुशोचन्नरुदत् तद्रुद्रस्य रुद्रत्वम्।। यदरोदीत्तद्रुद्रस्य रुद्रत्वम्।।निरुक्त भाष्य 10.1.6।।

''अक्षमालिकोपनिषद्'' के ''एकैकाक्षस्य एकैकेन मन्त्रेण संयोजनम्'' रुद्र शब्द की व्याख्या में सहायक है। इसमें 'र' एवं 'द' अक्षरों के मन्त्र हैं : ''रंकार दाहकर विकृत त्रिचत्वारिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ।'' ''दंकार पुष्टिवृद्धिकर प्रियदर्शन चतुस्त्रिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ।''

वैदिक कोश में कहा गया है कि अग्नि को भी रुद्र कहते हैं। ''अग्निरपि रुद्र उच्यते।। निरुक्त 10.7.2।।'' उधर शतपथ ब्राह्मण में रुद् धातु के आधार पर रुलानेवाला अर्थ किया है।

निरुक्त भाष्य (दुर्गाचार्य टीका 1.14) में कहा है कि ''रुद्र एक ही है, दूसरा रुद्र नहीं है।'' रुद्र शत्रुओं को युद्ध में पराजित करता है। रुद्र ही समस्त भुवनों को उत्पन्न करता है। वह ही भुवनों का पालन, पोषण, संरक्षण करता है। रुद्र अन्तकाल में सभी भुवनों का संकोच करता है (सृष्टि, स्थिति, संहार)।

एक एव रुद्रोऽवतस्थे न द्वितीयो रणे निघ्नन् पृतनासु शत्रून्।।
संसृज्य विश्वा भुवनानि गोप्ता प्रत्यङ्. जनान्संचुकोचान्तकाले।।
।।निरुक्त 1.14 दुर्गाचार्य टीका।।

वैदिक भाष्यकार ''सायणाचार्य'' के अनुसार रुद् का अर्थ दुःख या पाप को दूर करना (द्रावण) है। इस कारण अग्नि को रुद्र कहते हैं।

रुद् दुःखं दुःखहेतुर्वा पापादिः। तस्य द्रावयिता
एतन्नामको देवो असि, रुद्रो वै एष यदग्निः
इत्यादिषु अग्नेः रुद्रशब्देन व्यवहारात्।। सायणाचार्य।।

''आचार्य सायण'' ने रुद्र शब्द की अन्य व्युत्पत्ति में लिखा है कि रुद्र रौति (अन्तर्भावितण्यर्थरावयति) से बना है। रुद्र का पूजन नहीं करके मनुष्य दुःख में रोते हैं : ''यद्वा त्वं रुद्रः। रौति। माम् अनिष्ट्वा नराः दुःखे पतिष्यन्ति। रुद्रस्तादृशो असि।।''

शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है : ''दश प्राण और आत्मा को मिलाकर रुद्र कहते हैं। ये एकादश रुद्र शरीर से निकलते हुए रुलाते हैं।।11.6.3.7।।''

कतमे रुद्रा इति। दशमे पुरुषे प्राणः आत्मैकादशः।
ते यदा अस्मात् मर्त्याच्छरीराद् उत्क्रामन्ति
अथ रोदयन्ति। यद्रोदयन्ति तम्माद् रुद्राः।।11.6.3.7।।

''शतपथ ब्राह्मण'' (6.1.3.8; 11.6.3.7) में पितामह प्रजापति द्वारा एक कुमार की उत्पत्ति का प्रसंग है। वह कुमार उत्पन्न होते ही रुदन करने लगा और उसने अपना नाम रखने की प्रार्थना की। पितामह ने उत्पन्न होते ही रुदन के कारण उसका प्रथम नाम रुद्र रखा (रुदिर् अश्रुविमोचने, धातुपाठ 1067)।

कुमारः अजायत। स अरोदीत् तस्माद रुद्रः।

यह अभूतपूर्व है कि प्रजापति पुत्र के रोने से रुद्र नाम हुआ। शतपथ ब्राह्मण में वृत्तान्त है कि सृष्टि रचना से श्रान्त प्रजापति को छोड़कर सभी

देवगण चले गये। यह आश्चर्यजनक रहा कि "मन्यु–क्रोध, कोप, उत्साह, ओज, व्यथा, यज्ञ, अग्नि, धैर्य, आत्मिक सामर्थ्य" नहीं गया। इस परिस्थिति में प्रजापति रुदन करने लगे। उनकी आँखों से भूमि एवं मन्यु पर आँसू गिरे। परिणामतः रुद्र की उत्पत्ति हुई। "तद् यद् रुदितात् समभवन् तस्माद्रुद्राः।।" शतपथ ब्राह्मण 9.1.1.6, 7।।

"तैत्तिरीय संहिता" में रुद्र की व्युत्पत्ति का अलग ही रूपक है। देवासुर संग्राम में सभी देवों ने अपना–अपना धन–वसु अग्नि के पास निक्षिप्त कर दिया। अग्नि को उस धन को लेने का विचार आया। वह धन लेकर चला गया। देवासुर संग्राम समापन के बाद देवताओं ने अपना धन अग्नि से बलात् लेने की चेष्टा की। परिणामतः अग्नि रोने लगा। अग्नि के रुदन के कारण उसे रुद्र कहा गया।।1.5.1।।

देवासुराः संयत्ता आसन्। ते देवा .... अग्नौ वामंवसु
संन्यदधत .... तदग्निर्न्यकामयत तेनापाक्रमत्
तद् देवा अवरुरुत्समाना अन्वायन्। तदस्य सहसा आदित्सन्त।
सः अरोदीत् यदरोदीत् तद्रुद्रस्य रुद्रत्वम्।।
।।तैत्तिरीय संहिता 1.5.1।।

"अथर्वशिर–उपनिषद् में रुद्र शब्द" की व्याख्या की गई है। इस व्याख्यानुसार केवल मात्र एक ही रुद्र है। वह लोकों का ईश, सृष्टिकर्ता, सृष्टि पालनहार एवं प्रलय करनेवाला है।

अथ कस्मादुच्यते एको रुद्रः –
एक एव रुद्रो न द्वितीयाय तस्थुः
इमान् लोकानीशत ईशनीयर्जननीयुः।
प्रत्यंजनास्तिष्ठति संचुकोचान्तकाले
संसृज्य विश्वा भुवनानि गोप्ता।।
तस्मादुच्यते एको रुद्रः।।55।। अथर्वशिर–उपनिषद्।।

रुद्र के तेजोग्र रूप को उद्घाटित करनेवाली दुर्लभ उपनिषदों में "शरभोपनिषद्" का नाम उल्लेखनीय है। इसमें महर्षि पैप्पलाद से ब्रह्म जिज्ञासुओं ने प्रश्न किया कि रुद्र, ब्रह्मा, विष्णु में श्रेष्ठतम और वरिष्ठतम कौन हैं? महर्षि पैप्पलाद ने कहा कि एकमात्र रुद्र ही श्रेष्ठतम (ज्येष्ठ) एवं वरिष्ठतम हैं। वे सृष्टि, स्थिति एवं संहार के नियामक हैं। रुद्र देवताओं के पितर हैं (2, 3, 4, 5)

तस्मै स होवाच पितामहश्च हे पैप्पलाद श्रृणु वाक्यमेतत्।।2।।
बहूनि पुण्यानि कृताति येन तेनैव लभ्यः परमेश्वरोऽसौ।

यस्यांगजोऽहं हरिरिन्द्रमुख्या मोहान्न जानन्ति सुरेन्द्रमुख्याः।।3।।
प्रभुं वरेण्यं पितरं महेशं यो ब्रह्माणं विदधाति तस्मै।
वेदांश्च सर्वान् प्रहिणोति चाग्र्यं तं वै प्रभुं पितरं देवतानाम्।।4।।
ममापि विष्णोर्जनकं देवमीड्यं योऽन्तकाले सर्वलोकान् संजहार।
स एकः श्रेष्ठश्च वरिष्ठश्च।।5।।शरभोपनिषद् 2, 3, 4, 5।।

उपनिषत्कारों ने रुद्र के विषय में स्पष्ट किया कि "रुद्र शब्द परमात्मा–परमेष्ठी–ब्रह्म सूचक" है। साथ ही जैसे एक परमात्मा है, उसी प्रकार एक रुद्र है। तैत्तिरीय संहिता में कहा है : "एक एव रुद्रो न द्वितीयाय तस्थे।। 1.8.6.1।।" श्वेताश्वतरोपनिषद् में इसी कथन को दोहराया गया (3. 2)।

एको ह रुद्रो न द्वितीयाय तस्थुर्य इमांल्लोकानीशत ईशनीभिः।
प्रत्यङ्. जनास्तिष्ठति संचुकोचाम्तकाले
संसृज्यः विश्वा भुवनानि गोपाः।।श्वेताश्वतरोपनिषद् 3.2।।

"श्वेताश्वतरोपनिषद्" में कहा है : "जो समस्त देवताओं को उत्पन्न करता है, जो सर्वदृष्टा और समूचे जगत् का अधिपति है। जिसने प्रथम हिरण्यगर्भ को उत्पन्न किया है, वह एक मात्र प्रभु रुद्र हम सभी को शुभ बुद्धि प्रदान करे।।" 3.4; 4.12।।"

यो देवानां प्रभवश्चोद्भवश्च विश्वाधिपो रुद्रो महर्षिः।।
हिरण्यगर्भं जनयामास पूर्वं स नो बुद्धया शुभया संयनक्तु।।
।।श्वेताश्वतरोपनिषद् 3.4।।

यो देवानां प्रभवश्चोद्भवश्च विश्वाधिपो रुद्रो महर्षिः।।
हिरण्यगर्भं पश्यति जायमानं स नो
बुद्धया शुभया संयुनक्तु।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 4.12।।

"श्वेताश्वतरोपनिषद्" के चौथे अध्याय में रुद्र का सर्वप्रथम जगत् की सक्रिय सृजनशक्ति के रूप में प्रकृति का उल्लेख मिलता है। सृजनशक्ति प्रकृति पुरुष अथवा परमब्रह्म–परमेष्ठी या रुद्र की शक्ति है। जिसके द्वारा पुरुष–परमेष्ठी विविध रूप विश्व की सृष्टि करता है। वह शक्ति अनादि, अनन्त, अक्षय, अखण्ड है। अतः पुरुष–परमेष्ठी की समावर्त्तिनी है (3.6)। वह रक्तवर्ण, श्वेतवर्ण एवं कृष्णवर्ण की है, अर्थात् त्रिगुणमयी है। वह जगत् की सृष्टिकर्त्री है। श्वेताश्वतरोपनिषद् में रहस्योद्घाटन किया है कि "पुरुष –परमब्रह्म स्वयं स्रष्टा नहीं है, अपितु प्रकृति को एक बार क्रियाशील करके स्वयं पृथक–निर्लिप्त हो जाता है। विराट् पुरुष अर्थात् परमेष्ठी मात्र प्रेक्षक के रूप में स्थित है (4.5)।" श्वेताश्वतरोपनिषद् में (4.10, 4.9, 6.13) में "प्रकृति"

को ''माया'' कहा गया है। वहीं ''विराट् पुरुष'' मात्र ''मायी अथवा मायिक'' के रूप में स्रष्टा कहलाता है। उपनिषद् के अन्तिम अध्याय में स्पष्ट किया है कि ''पुरुष स्वरूप रुद्र को सांख्य एवं योग द्वारा ही साक्षात किया जा सकता, अथवा जाना जा सकता है।'' इस दृष्टि से ऋग्वेद के ''पुरुष सूक्त'' का ''परमेष्ठी पुरुष रुद्र'' है।

''जैमिनीय ब्राह्मण'' (3.261.63) में रुद्र उत्पत्ति का वृत्तान्त नये कलेवर में है। ''समस्त देवताओं ने प्राणिमात्र के कर्मों का अवलोकन करने एवं धर्म विरुद्ध आचरण करनेवाले का विनाश करने के उद्देश्य से रुद्र की सृष्टि की।'' यह रुद्र का सर्वोच्च नैतिक उत्कर्ष रहा (इससे पूर्व दो ब्राह्मण ग्रन्थों–''शतपथ ब्राह्मण'', ''ऐतरेय ब्राह्मण'' में प्रजापति के सरस्वती के प्रति अगम्य गमन और वध का वृत्तान्त है। यह वैदिक ऋचा का विस्तार है। देवतागण प्रजापति से क्रुद्ध होकर रुद्र को दण्ड देने के लिये नियुक्त करते हैं।)। ''जैमिनीय ब्राह्मण'' (3.261.263) ने रुद्र प्रगटीकरण में नया प्रसंग जोड़ा। ''यज्ञ में जाते हुए देवताओं ने अपने–अपने क्रूर एवं घोर अंशों को अलग कर दिया। इन समस्त क्रूर एवं घोर अंशों से रुद्र की उत्पत्ति हुई।''

''कौशीतकी ब्राह्मण'' (3.6) के अनुसार ''वायु, अग्नि, चन्द्रमस् एवं आदित्य से रुद्र का जन्म हुआ।'' उधर शतपथ ब्राह्मण (6.1.3) में ''सवंत्सर एवं उषा के संगम से रुद्र की उत्पत्ति'' कही गयी है। ''केन उपनिषद'' में ''रहस्यमय यक्ष'' अग्नि, वायु, इन्द्रादि देवों का गर्वहरण कर विलुप्त हो जाता है। ''उमा हैमवती'' इन्द्रादि देव को ब्रह्मज्ञान देती है। उमा हैमवती चेतन प्रज्ञा है। देवों को पता चलता है कि ''यक्ष'' कोई ओर नहीं परमेष्ठी रुद्र है। श्रीमद्आदिशंकराचार्य ने ''केन उपनिषद्'' में ''यक्ष को रुद्र और उमा हैमवती को रुद्राणी घोषित किया है।'' आचार्य शंकर के अनुसार गणेशाकार मूलाधार से सुषुम्ना आगे बढ़ती है। मार्ग में सूर्य, चन्द्र नाड़ियां (इडा, पिंगला) मिलती हैं। यह सहस्रार अथवा ब्रह्मरन्ध्र स्थित रुद्र से मिलती है। वास्तव में केन सूक्त कुण्डलिनी जागरण को रहस्योद्घटित करता है। रुद्र को समर्पित पन्द्रह उपनिषदों में से एक ''गणपत्युपनिषद्'' है। यह स्मरण रहे कि यजुर्वेद के रुद्रसूक्त में गणों के अधिपति–गणपति, गणाधिपति रुद्र हैं। गणपत्युपनिषद् में रुद्र को परमेष्ठी तत्त्व कहा गया है।

त्वमेव प्रत्यक्षं तत्त्वमसि।
त्वमेव केवलं कर्ताऽसि।
त्वमेव धर्ताऽसि।
त्वमेव केवलं हर्ताऽसि।

त्वमेव सर्वं खल्विदं ब्रह्मासि।
त्वं साक्षादात्माऽसि।।2।।
नित्यमृतं वच्मि। सत्यं वच्मि।।3।।
अव त्वं माम्। अव वक्तारम्।
अव श्रोतारम्। अव दातारम्।
अव धातारम्। अवानूचानमव शिष्यम्।।
अव पुरस्तात्तात्। अव दक्षिणात्तात्।
अव पश्चात्तात्। अवोत्तरात्तात्।
अव चोर्ध्वात्तात्। अवाधरात्तात्।
सर्वतो मां पाहि पाहि समन्तात्।।4।।
त्वं वाड्.मयस्त्वं चिन्मयः।
त्वमानन्दमयस्त्वं ब्रह्ममयः।
त्वं सच्चिदानन्दाद्वितीयोऽसि।
त्वं प्रत्यक्षं ब्रह्मसि।
त्वं ज्ञानमयो विज्ञानमयोऽसि।।5।। गणपत्युनिषद्।।

"मैत्रायणी उपनिषद्" (4.5) में रुद्र का सम्बन्ध "तमोगुण" से वर्णित है। मैत्रायणी उपनिषद (5.8) के अनुसार "रुद्र और आत्मा एक है।" रुद्र की उपाधि शम्भु (शान्तिदाता) कही गयी है। मैत्रायणी उपनिषद् में "सविता देवता के विख्यात गायत्री मन्त्र में भर्ग का संकेत रुद्र ही माना गया है।" "प्रश्नोपनिषद्" (2.9) में रुद्र का प्रजापति से तादात्म्य किया गया है। साथ ही रुद्र को "परिरक्षिता" (रक्षण करने वाला, अभिभावक, अच्छी तरह रक्षा की गयी हो, हर प्रकार से रक्षा करना) कहा गया है।

"मुण्डकोपनिषद्" (2.1.4) में परमेष्ठी (रुद्र) के स्वरूप के बारे में कहा है : "अग्नि जिसका मस्तक है। दोनों नेत्र सूर्य–चन्द्रमा हैं। दिशाएँ श्रोत्र हैं। वेद वाणी है। विश्वव्यापी वायु प्राण रूप में हृदय में है। पृथिवी पाद रूप है। वह समस्त भूतों का अन्तरात्मा है।"

अग्निर्मूर्धा चक्षुषो चन्द्रसूर्यौ
दिशः श्रोत्रे वाग्विवृताश्च वेदाः।
वायुः प्राणो हृदयं विश्वमस्य
पद्भयां पृथिवी ह्येषं सर्वभूतान्तरात्मा।। मुण्डकोपनिषद् 2.14।।

"ऐतरेय ब्राह्मण" में "अग्नि को ही रुद्र" कहा गया है। "अग्निर्वा रुद्रः तस्य द्वैतन्वौ घोरान्या च शिवान्या च।।" दूसरे शब्दों में रुद्र वायु रूप भी है और अग्नि रूप भी है। ये अध्यात्मपरक अग्नि एवं वायु हैं। भौतिक अग्नि वायु

नहीं है, यह प्राण रूप है। रुद्र प्राण त्रिलोकी में व्याप्त है। यह रुद्र प्राण शुभ एवं अशुभ दोनों प्रकार के फल उत्पन्न करता है। रुद्र की उपाधि ''कृशानुरेता'' इस पहेली को हल करती है। ''कृशानु'' का अर्थ अग्नि है। अतः रुद्र का तेजस (रेतस अथवा वीर्य) अग्नि है। रुद्र रूपा अग्नि घोर एवं अघोर है। सूर्यमण्डल से ऊपर के लोकों का (रुद्र रूप) वायु हमेशा कल्याणप्रद है। वह ''सोम प्रधान'' है। ''सोम की स्थूल अवस्था जल'' (वैदिक शब्द अम्बा) है। सोम प्रधान अग्नि–वायु अर्थात् रुद्र कल्याणकारक है।

''बृहज्जावालोपनिषद्'' के दूसरे ब्राह्मण में कहा है कि इस समस्त जगत् के आत्मा अग्नि एवं सोम हैं। ''रुद्र का शरीर घोर तेज–अग्नि'' है। ''सोम अमृतमय शक्ति प्रदाता शक्तिरूप है।'' अमृत रूप सोम सभी की प्रतिष्ठा है। विद्या और कला आदि तेज–अग्नि में व्याप्त है। समस्त स्थूल एवं सूक्ष्म भूतों में सोम–रस और अग्नि–तेज सर्वत्र व्याप्त है। सोम के दो रूप–रस (आपः, जल) और अनिल (वायु) हैं। तेज के दो प्रकार–सूर्य एवं अग्नि हैं। यह सम्पूर्ण जगत् तेज एवं रस से सृजित है। चौंकें नहीं! ''अग्नि से ही अमृत–सोम उत्पन्न होता है और सोम से ही अग्नि में वृद्धि होती है।'' अर्थात् अग्नि एवं सोम के हविर्यज्ञ से सम्पूर्ण जगत् की उत्पत्ति होती है। ''मूलभूत रूप से अग्नि ऊर्ध्वशक्तिमय होकर सोम रूप में परिणत होता है। सोम अधःशक्तिमय (नीचे आकर) होकर अग्नि रूप बन जाता है।'' इन दोनों के सम्पुट में चराचर जगत् है। यहाँ रहस्य यह है कि सोम अमृत रूप परिणत कैसे होता है? सोम रूप में परिणत नहीं होने तक अग्नि ऊपर जाती है। सोम–अमृत जब तक अग्नि नहीं बनता, तब तक नीचे ही गिरता है। इस तरह ''रुद्र की जीवनीशक्ति सोम–अमृत'' है और ''विनाशक–प्रलयंकर शक्ति अग्नि'' है। अर्थात् रुद्र ज्ञानस्वरूप (परमज्ञानी) (रस स्वरूप) हैं और शक्ति क्रिया रूप है।

शतपथ ब्राह्मण (काण्ड 1, अध्याय 1, ब्राह्मण 4) में ''कृष्ण मृग'' को यज्ञ का स्वरूप कहा गया है। ऐतरेय महर्षि ने कहा है कि ''मन का प्राण में आकर वाक् बनना और वाक् का पुनः मन में परिवर्तित होना, इस क्रम को यज्ञ कहते हैं।'' ''वाचश्चित्तस्योत्तरोत्तरक्रमो यज्ञः।'' मन और वाक् ये दोनों उसी प्राणरूप यज्ञ के साथ चलते हैं। अध्यात्मपरक अर्थों में ''सोम को कभी नष्ट नहीं होने के कारण अमृत कहा गया है।'' जब सोम सम्पूर्ण आकाश में व्याप्त रहता है, तब सोम में रूप, रस, गन्धादि नहीं होता है। सोम के ही संयोग से रूप, रस, गन्धादि की उत्पत्ति होती है। एक सोम के दूसरे सोम से आघात प्रत्याघात से सहः (बल विशेष) की उत्पत्ति होती है। यह सहः ही

अग्नि उपजाता है। यह समूची प्रक्रिया यज्ञ कहलाती है। ''श्रुतियों में यज्ञ को रुद्र कहा गया है।''

शतपथ ब्राह्मण में अग्नि को रुद्र कहने को परिभाषित किया गया है। इसमें ''यजुर्वेद के शतरुद्रिय'' के मन्त्रों की व्याख्या में कहा है : ''अग्नि की प्रचण्ड दाहकता शक्ति से परिपूर्ण, अमर रूप रुद्र है।'' ''अग्नि अपने इस अविनाशी रूप से सर्वसंहारक एवं सर्वभक्षी है। अतः उसे रुद्र कहते हैं।'' देवताओं ने रुद्र के सर्वसंहारक रूप से भयाक्रान्त होकर उन्हें शांत करने के लिये मन्त्र पाठ किया। ।9.1.1.1।।

अथातः शतरुद्रियं जुहोति। अत्रैष सर्वोग्निः संस्कृतः।
स एषो अत्र रुद्रो देवता। तस्मिन् देवा एतद्
अमृतं रूपम् उत्तमम् अदधुः। स एषो अत्र
दीप्यमानो अतिष्ठद् अन्नमिच्छमान्ः।
त स्माद् देवा अबिभ्युः यद्वै नो अयं हिंस्याद् इति।।
।।शतपथ ब्राह्मण 9.1.1.1।।

इन दृष्टान्तों से स्पष्ट है कि रुद्र का अग्नि और सोम से तादात्म्य है। शतपथ ब्राह्मण के ''गवेधुक होम'' (9.1.1.5; 1.7.3.1–8) में ''रुद्र वास्तव्य हैं।'' गवेधुक होम प्रसंग के अनुसार जिस समय देवता स्वर्ग को गये, उस समय रुद्र को पीछे यज्ञस्थल पर छोड़ गये। इस कारण ''रुद्र का नाम वास्तव्य कहलाया।'' वास्तव्य का अर्थ है – जो घर पर ही रहे। प्रकारान्तर में देवताओं ने प्रजापति को छोड़ दिया, परन्तु रुद्र ने उन्हें नहीं छोड़ा। ''तैत्तिरीय ब्राह्मण'' (1.6.10) एवं ''ताण्ड्य ब्राह्मण'' (7.9.16) के अनुसार देवताओं ने सृष्टि के सभी पशुओं को आपस में बाँट लिया। उन्हें सर्वज्ञ रुद्र का ध्यान नहीं रहा। बाद में उन्हें विचार आया कि कहीं कोप में पशुपति रुद्र सृष्टि का संहार नहीं कर दें, उन्हें पशुरूप में ''मूषक'' समर्पित किया।

श्रुति में ''ऋत के मूर्त्तिमान स्वरूप रुद्र हैं।'' रुद्र ऋत है। महामहोपाध्याय श्री हरप्रसाद शास्त्री के अनुसार ''रुद्र व्रात्य'' है। यह व्रात्य रहस्य है। त्रिपुरातापिन्युपनिषद् में रहस्योद्घाटन किया है कि ''त्र्यम्बक का अर्थ तीनों लोकों का स्वामी है।'' साथ ही इसमें ऋग्वेद के महामृत्युंजय मन्त्र की अध्यात्मपरक व्याख्या की गई है।

श्रौतसूत्र ब्राह्मण ग्रन्थों का सारांश भर है। श्रुतियों में निरन्तर एक सत्य कहा गया है कि ''रुद्रादि सभी देवताओं में स्वभावगत एकात्मकता है। एक ही सदरूप महान आत्मा ही परमेष्ठी–परम ब्रह्म है। परमेष्ठी ही भूतात्मा एवं भूतप्रकृति है।'' ब्रह्मविद–आत्मज्ञानी की दृष्टि में रुद्र में समस्त देवताओं

का ऐकात्म्य पक्ष प्रस्तुत होता है। यह पहेली भी इस सिद्धान्त से हल होती है कि रुद्र एक है अथवा अनेक है। यहाँ मूलभूत एकत्व को व्यवहारार्थ–कार्यार्थ स्वीकृत नानात्व के साथ समन्वित किया जाना चाहिये। रुद्र का औपाधिक नानात्व एक इन्द्रजाल है। "रुद्र देवता ब्रह्म ज्ञान के उपदेशक, आदि व्याख्याता आदि गुरु हैं : रुत् ज्ञानं तत् ददाति इति रुद्रः।" अर्थात् ब्रह्मज्ञान के गुप्त से गुप्त रहस्य का उपदेश देनेवाला महाज्ञानी रुद्र है। "दुःख को नष्ट करनेवाला रुद्र है : रुद् दुःखं द्रावयति विनाशयति इति रुद्रः।"

रुद्र के भाष्यकार एकमात्र परमेश्वर की रुद्र रूप में व्याख्या करते हैं। यह बात अलग है कि एक ही परमेश्वर रुद्र–अग्नि, सूर्य, वायु, वरुण–जल–आपः, द्यौ, पृथिवी और अनेकानेक नाना रूपों में प्रकट होता है। ये ही असंख्य रुद्र हैं। सर्वव्याप्तता से रुद्र सद्कर्म–दुष्कर्म करनेवालों, वन–वनस्पति, नद, पर्वत आदि के रूप में है। यानी स्थावर जंगम रुद्ररूप हैं। इस दृष्टि से रुद्रों का एकत्व भी सत्य है और अनेकत्व भी सत्य है।।ऊँ।।

रुद्र के चार अक्षरों की माया

वैदिक स्फोटवाद, स्फोटसिद्धि, शब्दब्रह्म, नादब्रह्म की अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक शक्ति से परिचय करवाते हैं। वेद में शब्दब्रह्म की महिमा का अद्भुत वर्णन किया गया है। अक्षर का स्पन्दन, स्फुरण, तरंग दैर्घ्य, आवृत्ति, स्वर आदि के रहस्य को श्रुति में अत्यन्त कूट शैली में कहा गया है। यद्यपि स्फोटाचार्य ने इसकी गहन व्याख्या की, किन्तु आचार्य द्वारा रचित मूल ग्रन्थ विस्मृत है। युग प्रवर्तक महर्षि दुर्वासा के वंशज स्वामी सोमानन्द ने शिवदृष्टि में स्फोट एवं अक्षरब्रह्म की व्याख्या का जतन किया है। तीसरी सदी के महान आचार्य भर्तृहरि ने वाक्यपदीयम् में शब्दब्रह्म के सिद्धान्त को पुनर्स्थापित किया। ऋषियुग में आकाश भैरवकल्प में अक्षरों की त्रिविध शक्ति का वर्णन किया गया। मुनि जिनविजय ने एकाक्षरनाम–कोषसंग्रह में इसे प्रकाशित किया है।

रुद्र शब्द में चार अक्षर र + उ + द +र हैं। रुद्र शब्द के प्रथम अक्षर "र" की व्याख्या वैदिक रुद्र के गुण–धर्म की प्रतिकृति है। "र" अक्षर अग्नि–तेज–सूर्य का बीज है। इसकी रक्तिम्–लाल आभा है अथवा लाल वर्ण है। यह सर्वसंहार–नाश करनेवाला है। यह लोक को सम्मोहित अथवा

आकर्षित करनेवाला है। यह शत्रु का बिना लड़े बल हरनेवाला, हरानेवाला है। वैदिक रुद्र ही अग्नि–तेज–सूर्य स्वरूप है। वेद में रुद्र का बभ्रु–ताम्र–सुनहला वर्ण है। रुद्र सृष्टि का प्रलयकर्ता है। रुद्र के कोप से तीनों लोक काँपते हैं। उनके महाघोष से शत्रु सेना भाग जाती है। श्रुति में उन्होंने प्रजापति का वध किया, दैत्यों के तीन लोकों में स्थित तीन पुरों का संहार किया और विषपान किया। वे मृत्यु निवारक हैं, कालातीत हैं। रुद्र के भय से देवताओं को यज्ञ समापन बाद पुनः रुद्र को आहुति दिलवानी पड़ी। "र" अक्षर का बीजाक्षर मन्त्र बहुत सुन्दर है।

रेफं कृशानुबीजं स्याद् रक्ताभं सर्वनाशनम्।
जंगमाकर्षणं युद्धे दिष्टसेनाबलं तथा।।18.42।।

दूसरा अक्षर "उ" कालदैवत्व है (रुद्र काल–मृत्यु के देवता हैं।)। रुद्र तीनों लोकों को वश में करनेवाला है। यह मातृका–दिव्य–दैवी शक्तियों का उत्थापन करनेवाला है। श्रुति में रुद्र के साथ उनकी बहिन अम्बिका है। अम्बिका मातृशक्ति की अधिष्ठात्री है। अम्बिका जगन्माता है, दैवी शक्ति है। यह पुण्य में अभिवृद्धि करता है। इससे क्रूर रोग का निश्चित रूप से विनाश होता है।

उकारं कालदैवत्वं शामलोकवशंकरम्।
मातृकोत्थापनं पुण्यं क्रूररोगविनाशनम्।।18.5।।

तीसरा अक्षर "द" है। यह दुर्गा का बीज है। यह सर्वार्थ सिद्धिप्रदाता है। यह नियंत्रित करनेवाला, वश में करनेवाला, दमन करनेवाला, परास्त करनेवाला आदि है। यह उपकार– कृपा करनेवाला, प्रसाद देनेवाला आदि है। यही "द" भोग एवं मोक्ष प्रदाता है।

दकारं दुर्गाबीजं स्यात् शामं सर्वार्थसिद्धिदम्।
निग्रहऽनुग्रहकरं भोग मोक्षैकसाधनम्।।18.33।।

चौथा अक्षर पुनः "र" है। रुद्र शब्द के चार अक्षरों की व्याख्या ब्रह्मविद्या अर्थात् वेद की परिभाषा के एकदम अनुरूप है। चारों अक्षरों के अनुसार रुद्र का रक्तिम वर्ण, शत्रुओं को महासंग्राम से बिना लड़े हरानेवाले, प्रलयंकर–घोरतम–क्रूरतम शक्ति, साक्षात काल–मृत्यु अधिष्ठाता, त्रिलोकी का अधिपति, अग्नि–सूर्य–तेज स्वरूप, नैतिक मर्यादा का नियंत्रक, यम–नियम का कठोरता से पालन करवानेवाला, नियन्त्रक, लोक को वशीकृत करने की शक्ति का स्वामी आदि है। ये सभी वेद वर्णित रुद्र के घोर एवं अघोर स्वरूप के द्योतक हैं। वेद में रुद्र सृष्टि–स्थिति–प्रलय का नियामक है। रुद्र की क्रूर घोर शक्तियों से प्राणिमात्र ही नहीं वैदिक देवता भी भयभीत रहते हैं। दूसरी

ओर, चारों अक्षरों के मन्त्रों के अर्थों में रुद्र के अघोर–सौम्य–कल्याणपरक विराट् रूप का वर्णन है। रुद्र सर्वार्थ सिद्धि देनेवाला, अध्यात्मिक–दैविक–भौतिक ऐश्वर्य प्रदाता, ब्रह्मविद्याज्ञान का महाज्ञानी गुरु, दिव्य भैषज्य के रूप में समस्त क्रूर–भयावह–असाध्य रोगों को निवारण करनेवाला, दिव्य शक्ति–दैवी शक्ति अम्बिका सम्पन्न, मातृका शक्ति का उत्थापन करनेवाला, उपकार करनेवाला–महादयावान आदि है। एकमात्र रुद्र ही कैवल्य प्रदान करता है।

रुद्र शब्द के चारों अक्षर रुद्र के परमेष्ठी स्वरूप से परिचय करवाते हैं। रुद्र शब्द की ध्वनि घोर और अघोर दोनों दिव्य शक्तियों से सम्पन्न है। इनके समन्वय से चराचर जगत् का व्यापार चलता है। रुद्र के अक्षरों की यह भौतिक–दैविक–अध्यात्मिक व्याख्या वैदिक कोश– निरुक्त एवं निघण्टु, ब्राह्मण ग्रन्थ, उपनिषद्, आचार्य सायण के भाष्य, ऋग्वेद के भाष्यकार महापण्डित रावण, आचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री, आचार्य श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, आचार्य एच.डी. वेलणकर, आचार्य भगवद्दत्त आदि के अनुरूप है। रुद्र के रहस्योद्घाटन में आकाशभैरव कल्पोक्तम्, एकाक्षरनामकोषसंग्रह, शब्द कल्पद्रुम (राजा राधाकान्तदेव बहादुर), अमरकोश, संस्कृत–हिन्दी शब्दकोश, हलायुध कोश, धर्मकोश, वैयाकरणाचार्य भर्तृहरि, स्फोटाचार्य, स्वामी सोमानन्द, आचार्य नागेश भट्ट, आचार्य मण्डन मिश्र आदि की भूमिका नाभकीय है। रुद्र शब्द के अक्षरब्रह्म की अध्यात्मिक–दैविक–भौतिक शक्तियों का ज्ञान ब्रह्मविद्या के मायाजाल भेदन की कुंजी है। पश्चिमी वैदिक व्याख्याकार को वेद की संस्कृत, अक्षरों की त्रिविध शक्तियों आदि के गूढ़ ज्ञान नहीं होने के कारण रुद्र को प्रकृति की विनाशकारी शक्ति (झंझावात, विद्युत्, रोग आदि) का प्रतीक कहकर मध्यम स्तर के देव घोषित करते रहे। वैदिक देवों के शास्ता रुद्र अज्ञानियों पर कोप नहीं करें, क्षमा करें!।।ऊँ।।

रुद्र व्याख्या और वेद भाष्यकार

ब्रह्मविद्या वेद के अधिकारिक भाष्यकार वैदिक देवों के शास्ता–परमेष्ठी रुद्र के स्वरूप को अभेद्य रहस्यों के मायाजाल से निकाल कर प्रस्तुत करते हैं। आचार्य सायण ने चारों वेदों और प्रमुख ब्राह्मण ग्रन्थों का भाष्य

किया। श्री महीधराचार्य और श्री उवटाचार्य ने वाजसनेयी शुक्ल यजुर्वेद का भाष्य किया। महाज्ञानी रावण ने ऋग्वेद एवं यजुर्वेद का भाष्य किया और साथ ही साम गान किया। महापण्डित रावण ने ऋग्वेद का दार्शनिक भाष्य किया। परम आचार्य रावण रुद्र के प्रथम व्याख्याकार हैं। इनके अलावा वेद के अनेक प्राचीन भाष्यकार रहे।

यह दुःखद है कि अधिकांश वैदिक भाष्य विस्मृति के गर्भ में हैं। यह उल्लेखनीय है कि तेइस सौ वर्ष (2300 वर्ष) पहिले यूनानी आक्रामक अलक्जेण्डर (सिकन्दर) ने विश्वविख्यात तक्षशिला विश्वविद्यालय के विशाल ग्रन्थागार को लूटा। वे प्रमुख आर्ष ग्रन्थों को अपने साथ ले गये और बचे ग्रन्थों के ग्रन्थागार को छह माह तक जलाया गया। यही कारण है कि सृष्टिविद्या वेद की दुर्लभतम पाण्डुलिपियाँ विदेशों में है। यह शोध का विषय है कि देश में कहाँ अन्य आचार्यों द्वारा किये गये वेद भाष्य की पाण्डुलिपि उपलब्ध हैं? यह स्मरण रहे है कि दक्खन में आचार्य यास्क के अलावा दूसरे वैदिक कोश प्रचलन में रहे। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद का रावण भाष्य अनुसंधान शोध का विषय है।

आचार्य सायण ने ऋग्वेद के छठे मण्डल के 28वें सूक्त की सातवीं ऋचा के भाष्य में लिखा है : "रुद्र काल स्वरूप परमेश्वर है।। रुद्रस्य कालात्मकस्य परमेश्वरस्य।। ऋग्वेद 6.28.7।।" "इस यज्ञ में रुद्र देवता के प्रीति के लिये सुन्दर स्तोत्र गाया जाता है : स्तोमं रुद्राय दृशीकम्।। ऋग्वेद 1.27.10।।" यह यज्ञ मनुष्य कल्याण के लिये हो रहा है। महाज्ञानी रुद्र मरुतों की दिशा में जाता है। वह उषा एवं मरुतों के संयोग से महान तेज प्रकाशित करता है। इस ऋचा में इन्द्र रुद्रवाचक है। रुद्रस्वरूप इन्द्र की मनुष्यों की मननीय वाणी स्तुति करती है। ऐसे मरुतों से युक्त रुद्रस्वरूप इन्द्र को मित्रता के लिये आमन्त्रित करते हैं : "रुद्राणामेति प्रदिशा विचक्षणो रुद्रेभिर्योषा तनुते पृथु जयः। इन्द्रं मनीषा अभ्यर्चति श्रुतं मरुत्वन्तं सख्याय हवामहे।।" ऋग्वेद 1. 101.7।।

हे महान शक्तिवान देवों! आप बसानेवाले और शत्रुओं को रुदन करवाने वाले, ज्येष्ठ–वरिष्ठ और महाज्ञानी हो। आप हमें यथेष्ट दान देने का अनुग्रह करो। यह स्मरण रहे कि महर्षि उचथ्य के पुत्र ऋषिश्रेष्ठ दीर्घतमा ने आपसे जब धन (अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक) देने की प्रार्थना की, तब आप दौड़ते हुए पधारे थे।। "वसू रुद्रा पुरुमन्तु वृधन्ता दशस्यतं नो वृषणावभिष्टौ। दस्रा ह यद् रेक्णं औचथ्यो वां प्र यत् सस्राथे अकवाभिरूती।। ऋग्वेद 1.158.

1।।'' इस सूक्त का विषय–देवता अश्विनौ है। वेद में दोनों अश्विनी कुमार रुद्र के पुत्र हैं। इस ऋचा के अनुसार रुद्र महाज्ञानी एवं महादानी हैं।

महान् रुद्र विशेष ज्ञानी (प्रचेतसे) और अत्यन्त सुखदायी है। उस महान रुद्र के लिये हम कब हृदय से शान्तिपाठक के स्तोत्र गान करेंगे? अथवा रुद्र का हृदय से शान्तिपाठ करना चाहिये। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 43वें सूक्त की प्रथम ऋचा में रुद्र को महाज्ञानी कहा है। इसी सूक्त की तीसरी ऋचा में रुद्र दैव्य भिषज् के रूप में हितकारी हैं। साथ ही चौथी ऋचा में रुद्र भिषज् गाथाओं के स्वामी हैं। अर्थात् आदिकाल से रुद्र भिषज् कर्म के महाज्ञाता हैं। ''मेध'' ओषधियों के मिश्रण का नाम है। भिषज्–वैद्य–चिकित्सक को यह ज्ञान आवश्यक है कि किन ओषधियों के, किस मात्रा, किस पुट से रोग शमन होता है। ''शं'' रोगों को शांत करने का नाम और ''थु'' अनिष्ट दूर करने का नाम है। इससे सुख होता है और मन प्रसन्न होता है।। ''कद रुद्राय प्रचेतसे मीळ्हुष्टमाय तव्यसे। वोचेम शंतमं हृदे।।1।। गाथपतिं मेधपतिं रुद्रं जलाभेषजम्। तच्छंयोः सुम्नमीमहे।।4।। ....यथा रुद्रश्चिकेतति।।3।।'' ऋग्वेद 1.43.1,3,4।।

इस ऋचा में रुद्र (अथवा उसके पुत्र मरुत्) से संरक्षण की प्रार्थना की गई है। उन्हें स्मरण कराया गया कि आप भयभीत महर्षि कण्व की रक्षा के लिये तत्क्षण पधारे। अतः आप उसी संरक्षण शक्ति के साथ जितनी जल्द हो सके, उतनी शीघ्र आकर हमारी रक्षा करो। अर्थात् रक्षण का कार्य महावीर, अजेय देव रुद्रादि पर निर्भर है।। ऋग्वेद 1.39.7।। ''आ वो मक्षू तनाय कं रुद्रा अवो वृणीमहे। गन्ता नूनं नोऽवसा यथा पुरेत्था कण्वाय बिभ्युषे।।'' ऋग्वेद 1.39.7।।

आचार्य सायण ने ऋग्वेद के द्वितीय मण्डल के ग्यारहवें सूक्त की तीसरी ऋचा का उदाहरण लिया। इसमें इन्द्र रुद्र रूप है। रुद्र रुलानेवाले को कहते हैं। जब मानवीय देह से आत्मा रूपी इन्द्र निकलता है, तब वह सभी को रुदन पर विवश करता है। इसीलिये यह आत्मा अथवा इन्द्र रुद्र कहलाता है। अतः ''रुद्र के रूप में जानेवाली स्तुति आत्मा की है। यही रुद्र इन्द्र वायु है, क्योंकि यह शरीर को गतिमान करती है।'' यह ऋचा ''रुद्र, इन्द्र, वायु एवं आत्मा में तादात्म्य'' की सूचक है। अर्थात् रुद्र ही आत्मा है, रुद्र ही इन्द्रस्वरूप है और रुद्र ही वायुस्वरूप है। अथवा रुद्र सर्वदेवात्मक है। ''उक्थेष्विन्नु शूर येषू चाकन् त्स्तोमोष्विन्द्र रुद्रियेषु च। तुभ्येदेता यासु मन्दसानः प्र वायवे सिस्रते न शुभ्राः।।'' ऋग्वेद 2.11.3।।

आचार्य सायण ने ऋग्वेद के तृतीय मण्डल के बत्तीसवें सूक्त की द्वितीय ऋचा के आधार पर "रुद्र को सर्वकामनाओं को पूर्ण करनेवाला कहा है।" "रुद्रैस्तृपदा वृषस्व।।" ऋग्वेद 3.32.2।। ऋग्वेद के अष्टम् मण्डल के छब्बीसवें सूक्त की पाँचवी ऋचा में अश्विनौ देवता रुद्रवाचक है। इसमें कहा है कि आप शत्रुओं को रुलानेवाले हो। आप द्वेष करनेवाले कुटिल प्रकृतिवानों को, शत्रुओं को रुलाओ।। "युवं हि रुद्रा पर्षथो अति द्विषः।।" ऋग्वेद 8.26. 5।। इसे "रुद्रौ संग्रामे रुदन्तौ" भी कह सकते हैं।

ऋग्वेद के भाष्य में आचार्य सायण ने रुद्र के दार्शनिक पक्ष, आत्मा–रुद्र एक्य, सर्वदेवमयता, दिव्य भिषज्, ओषधियों के अधिष्ठाता, सर्वकामना पूर्णकर्ता, मृत्यु रूप काल, उपासकों–सद्ज्ञानियों की हर स्थिति में रक्षा करनेवाला, दीर्घायुष्य प्रदाता, आन्तरिक–बाह्य शत्रुओं के संहारक पक्ष आदि की प्रस्तुति की है। यह निरन्तर कहा गया है कि रुद्र उपासना हृदय में ही करनी चाहिये।

अथर्ववेद के भाष्य में श्री सायणाचार्य ने ऋग्वेद के क्रम को नवविस्तार दिया। अथर्ववेद के रुद्र जगत् स्रष्टा और प्रलयकर्ता हैं। रुद्र उपासकों–ब्रह्मविदों के दुःख से द्रवित होनेवाले करुणासागर हैं। वे दुःख हरनेवाले हैं। रुद्र उदात्त, यशस्वी, महाप्रतापी, ओजस्वी, महाप्रज्ञावान् हैं। वे देवों के अभिमान का हरण करनेवाले हैं (केन सूक्त)। वे रोग कर्ता और हरण कर्ता हैं। उनके प्रहार से शत्रु रुदन करते हैं।

श्री सायणाचार्य के भाष्य में इसकी पुष्टि अथर्ववेद भाष्य की प्रथम काण्ड से 19वें काण्ड की ऋचाएँ करती हैं : "रुत् दुःखं दुःखहेतुर्वा तस्य द्रावको देवो रुद्रः परमेश्वरः"।।11.2.3।। "स्वसेवकानां दुःखस्य द्रावकत्वं (रुद्रस्य)"।।18.1.40।। "महानुभावं रुद्रं"।।18.1.40।। "तस्मै जगत्स्रष्ट्रे सर्वं जगदनुप्रविष्टाय रुद्राय।।" 7.92.1।। "रौति शब्दायते तारकं ब्रह्म उपदिशतीति रुद्रः।" तथा च जाबालश्रुतिः। "अत्र हि जन्तोः प्राणेपूत्क्रामत्सु रुद्रस्तारकं ब्रह्म व्याष्टे"।।2.27.6।। जाबालोपनिषद्।1।। "रोदयति सर्वं अंतकाले इति रुद्रः संहर्ता देवः।।" 1.19.3।। "सर्वप्राणिनो मामनिष्ट्वा विनश्यन्ति इति स्वयं रौति रुद्रः।।" 18.1.40।। "रुद्रस्य हिंसकस्य देवस्य"।।6.59.3।। "रुद्रः रोदयिता शूलाभिमानी देवः"।।6.90.1।। "रुद्राः रोदयितारः अन्तरिक्षस्थानीया देवाः।।" 19. 11.4।। "रुद्रा रोदकाः"।।19.9.10।। "रोदयति उपतापेन अश्रूणि मोचयति इति रुद्रो ज्वराभिमानी देवः"।। "6.20.1।। "रुद्रः पशूनां अभिमन्ता पीडाकरो देवः"।।6.14.1।। "रुद्रस्य ज्वराभिमानिदेवस्य हेतिः आयुधं"।।4.21.7।।

''श्री उवटाचार्य'' का रुद्र विषय में मत श्री सायणाचार्य के अनुसरण में है। शुक्ल यजुर्वेद के भाष्य में श्री उवटाचार्य का रुद्र सम्बन्धित मत है : ''रुद्रैः धीरैः'' ।।यजुर्वेद 11.55।। ''रुद्रैः स्तोतृभिः।।'' 38.16।। रुद्रौ शत्रूणां रोदयितारौ।।'' 20.81।। ''रुद्रवर्तनी रुग्णवर्तनी।।'' 18.82।।

''शुक्ल यजुर्वेद'' के भाष्य में ''श्री महीधराचार्य'' ने पुनः कहा कि रुद्र दुःख से द्रवित होनेवाला और दुःखों को नाश करनेवाला है। रुद्र दुःख विनाशक है। रुद्र महाबौद्धिक–महाज्ञानी–महाप्रज्ञावान्–महाचैतन्य है। रुद्र स्तुति योग्य है। रुद्र शुभ करनेवाला, समृद्धि देनेवाला, आनन्द प्रदाता, शुभकारक एवं मंगलमय है। इसके अलावा ऋग्वेद के क्रम में रुद्र रोगोत्पादक और रोग निवारक है, साथ ही क्रूर रूप भी है।

श्री महीधराचार्य के भाष्य में रुद्र विषय में कहा है : ''रुद्रैः धीरैः बुद्धिमद्भिः।।'' शुक्ल यजुर्वेद 11.55।। ''रुद्रैः स्तोतृभिः।।'' 38.16।। ''रुद्रस्य शिवस्य'' ।।16.50।। ''रुद्रस्य शंकराय।।'' 16.48।। ''रुत् दुःखं द्रावयति रुद्रः। रवणं रुत् ज्ञानं राति ददाति। पापिनो नरान् दुःखभोगेन रोदयति।।'' 16.1।। ''रुद्रस्य क्रूरदेवस्य।।'' 11.15।। ''रुद्रो दुःखनाशकः।।'' 16.39।। ''रोदयति विरोधिनां शतं इति रुद्रः।।'' 16.28।। ''रुद्रवर्तनी रुग्णवर्तनी भिषजौ अश्विनौ।।'' 19.82।। ''कदन्नभक्षणे चौर्ये वा प्रवर्त्य, रोगमुत्पाद्य, जनान्, घ्नान्ति तेभ्यः पृथ्वीस्थेभ्यो अन्नायुधेभ्यो रुद्रेभ्यः।।'' 16.66।।

इसप्रकार वैदिक भाष्यकार श्री सायणाचार्य और यजुर्वेद के भाष्यकार श्री उवटाचार्य–श्री महीधराचार्य रुद्र देवता को सृष्टि–स्थिति– संहार का अधिष्ठाता परमेश्वर घोषित करते हैं। यद्यपि रुद्र का घोरतम–क्रूरतम–महाविनाशक स्वरूप है, किन्तु इसके विपरीत रुद्र ही समस्त आधि–व्याधि, रोग–दोष, आन्तरिक–बाह्य शत्रुओं के विनाशक; ब्रह्मज्ञान के आदिप्रवक्ताः महागुरुः, सुख–सौभाग्यदायक; मोक्षप्रदाता; अमृतमय और शत्रु विनाशक–महारक्षक हैं। आचार्य सायण, श्री उवटाचार्य एवं श्री महाधराचार्य के मत में परमेष्ठी परमब्रह्म रुद्र हैं। रुद्र देवता अनादि, अनन्त, अव्यक्त, व्यापकतम, सर्वज्ञ परमेष्ठी तत्त्व है। रुद्र सर्वदेवमय अर्थात् वायु स्वरूप, अग्नि–सूर्य–तेज स्वरूप, वरुण स्वरूप, द्यौ स्वरूप, पृथिवी स्वरूप अथवा पँचभूतों के भी आदि भूत हैं। रुद्र सत्य है और उनके नियम अलंघनीय हैं। रुद्र तत्त्व का ज्ञान ही ब्रह्मविद्या–आत्मविद्या है। रुद्र मनुष्यों के ही नहीं, अपितु देवताओं के भी ब्रह्मज्ञानोपदेशक हैं (केन उपनिषद्)। सभी रुद्र को हृदय–अन्तःकरण में प्राप्त कर सकते हैं।।ऊँ।।

रुद्र विश्वरूपम्
रुद्र के सैकड़ों नामरूप का इन्द्रधनुष

त्रयी वेद–ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद की ऋचाएँ परमेष्ठी रुद्र के सैकड़ों–सैकड़ों नामरूप, विशेषणों, उपाधियों का रूपहला इन्द्रधनुष चित्रलिखित करती हैं। वास्तव में तीनों वेद ही रुद्र के शतनामों एवं सहस्रनामों का उद्‌गम हैं। तीनों वेदों में एकमात्र यजुर्वेद वाजसनेयी संहिता के सोलहवें रुद्राध्याय में छियासठ ऋचाएँ–मन्त्र हैं। रुद्राध्याय अकेले में रुद्रवाचक पदों की संख्या लगभग 240 है। यजुर्वेद की काण्वसंहिता (2.9) में रुद्रसूक्त सत्रहवाँ अध्याय है। मैत्रायणी संहिता में भी रुद्र अध्याय है। काठक संहिता का 17.13–14 अध्याय रुद्रसूक्त है। कपिष्ठल संहिता का 17.3–4 अध्याय रुद्र को समर्पित है। यजुर्वेद की तैत्तिरीय संहिता का 7.5.4–5 अध्याय रुद्र का है। यजुर्वेद में रुद्रवाचक नाम ऋग्वेद का ही विस्तार है।

"रुद्रतत्त्व" के तिलिस्मी रहस्य भेदन की अदृश्य कुंजी–वेद में प्रयुक्त रुद्र पदनामों के अध्यात्मपरक, दैविक, अधिभौतिक आदि आशय का ज्ञान है। यह पुनरुक्ति है कि वैदिक संस्कृत के शब्द अभिव्यंजनापूर्ण, अलंकारपूर्ण, ध्वन्यात्मक, कूटात्मक, सूत्रात्मक, प्रतीकात्मक, गूढ़, रहस्यात्मक, अध्यात्मपरक, संक्षिप्त, संहत, बहुअर्थी, लक्षणात्मक आदि हैं। इसलियें वैदिक शब्दों के अभिप्राय के अज्ञानवश, "प्रधानतम सर्वश्रेष्ठ आदिज्ञानी आदिगुरु सर्वज्ञ रुद्र को वैदिक देवशास्त्र के कुछ अध्येताओं, विशेषकर पश्चिमी अथवा पश्चिमी विचार से ओतप्रोतों ने रुद्र को गौण अथवा अप्रधान वैदिक देवता घोषित किया।" महान् विद्वान महामहोपाध्याय श्री मधुसूदन ओझा ने "इन्द्र विजय" में आर्य प्रवर्त्तक इन्द्र देव को उत्तरी ध्रुव के समीप साईबेरिया का कहा। श्री बाल गंगाधर तिलक ने "ओरायण" में आर्यों का उद्‌गम उत्तरी ध्रुव सिद्ध किया। कुछ वैदिक विद्वानों ने रुद्र के पृथिवी पर आलय–मेरु, सुमेरु, मूजवान आदि को उत्तरी ध्रुव की संज्ञा दी। हमें संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान डॉ. सम्पूर्णानन्द का कोटि–कोटि आभारी होना चाहिये कि उन्होंने सन् 1943 में कारावास में ऋग्वेद की ऋचाओं के आधार पर प्रमाणित किया कि "आर्यों का आदिदेश" जम्बूद्वीप का भारतवर्ष है। "ऋग्वेदादि की रचना भारतवर्ष के दो महानदों–सरस्वती, दृषद्वती के मध्य हुई।" डॉ. सम्पूर्णानन्द ने "वेद का

रचनाकाल 39 लाख वर्ष पूर्व निर्धारित किया।'' ''ऋग्वेद और पश्चिमी एशिया'' में सुप्रसिद्ध अध्येता डॉ. रामविलास शर्मा ने और ''वेद परिचय'' में आचार्य गुरुदत्त ने दोहराया कि भारतवर्ष ही आर्यों का उद्गम स्थल है। साथ ही घोषित किया कि वेद का सृजन दृषद्वती एवं सरस्वती महानदों के मध्य हुआ। दोनों ने पुष्टि की कि उनतालिस (39) लाख वर्ष पहिले वेद की रचना हुई।

वेद में स्पष्ट रूप में ''हिमालय–तिब्बत क्षेत्र को द्युलोक–पृथिवी आकाश क्षेत्र'' कहा है। द्युलोक–स्वर्ग को ''त्रिविष्टपम्'' कहा गया है। आर्षग्रन्थों में ''तिब्बत को त्रिविष्टपम्'' और ''नेपाल को नीलकण्ठ'' नाम से सम्बोधित किया गया है। साथ ही कैलास महापर्वत को मेरु, सुमेरु, मूजवान माना गया है। पवित्रतम कैलास महापर्वत का महारहस्य आज भी वैज्ञानिकों के लिये पहेली बना है।

इस परिदृश्य में वैदिक देवों के शास्ता–नैतिक मर्यादा पालक रुद्र के वेद वर्णित संज्ञात्मक शब्दों में से चयनित के अर्थ–व्याख्या की गयी है। जिससे वैदिक रुद्र के अध्यात्म, दर्शन, दैविक शक्तियों एवं अधिभौतिक स्वरूप को समझना सरल हो।

''गृत्सपति''–श्रेष्ठतम ज्ञानी, गृत्सों का अधिष्ठाता। ''गृत्स''–ज्ञानी, ऋषि, कवि। ''उद्गुरमाण''–श्रेष्ठ ज्ञान का उपदेशक। ''श्रुत''–श्रुति का वेत्ता, सुविख्यात, विद्वान। ''अधिवक्ता''–सत्य उपदेशक, गुरु। ''दैव्या भिषक्''– दिव्य आयुर्विद। ''देवानां हृदयः''–जो देवताओं के हृदय में विराजमान, जिसने देवों के लिये अपना हृदय दिया। ''त्र्यम्बक''–तीनों लोकों का पिता (सृष्टि, स्थिति, संहार कर्त्ता) (इसका तीन नेत्र वाला अर्थ अनर्थ है।)। ''विरूपाक्ष''–विभिन्न रूप धारण करनेवाला (रुद्र ही सूर्यस्वरूप, वरुणस्वरूप, अग्निस्वरूप, वायुस्वरूप, द्योस्वरूप, विश्वकर्मास्वरूप, त्वष्टास्वरूप, प्रजापतिस्वरूप, इन्द्रस्वरूप, अश्विनौस्वरूप, मरुत्स्वरूप, पृथिवीस्वरूप, हिरण्यगर्भस्वरूप, महाप्रकृति स्वरूप, विराट् पुरुष स्वरूप आदि है। अर्थात् रुद्र के ये विविध रूप हैं।)।

''नीलशिखण्डन्'' – नीला आकाश ही जिस रुद्र के केश हैं (यह रुद्र के विराट् पुरुष परंब्रह्म स्वरूप का द्योतक है।)। ''आयुर्वृध''–आयुष्य में वृद्धि करनेवाला। ''गणपति''–गणों के अधिपति। ''रुद्र''–(रु) शब्द शास्त्र का (द्र) पारंगत महाज्ञानी। ''मंत्री''–हित की मन्त्रणा देनेवाला। ''प्रतिश्रव''– उपदेश करनेवाला गुरु। ''सोभ्यः''–पुण्य कर्म करने वाला। ''श्लोक्य–प्रशंसनीय महाविद्वान, पद्य रचनाकार।

''स्थपतिः''—स्थानों का पालक। ''दिशां पतिः''— दिशाओं का अधिष्ठाता, अन्त भाग रक्षक। ''विश्वरूपः'' — विश्व का रूप धारण करनेवाला। ''भगवः'' — भगवान्। ''ईशानः—ईश्वर। ''भव''—सृष्टि कर्ता, सबको उत्पन्न करनेवाला। ''शर्व''—संहार करनेवाला, प्रलयकर्ता। ''भवस्य हेतिः''—जगत् के दुःखों को दूर करनेवाला। ''शिव''—शुभ, मांगलिक, सौभाग्यशाली, मोक्ष, वेद। ''शिवतर'', ''शिवतम''—मांगलिक, कल्याण कर्ता, आनन्ददाता। ''शंभु''—शान्तिकर्ता, समृद्धि प्रदाता, आनंद देनेवाला। ''शङ्.—कर''—शुभ, मंगलमय, आनंद—समृद्धि कर्ता। ''शंगु''—सुखदाता। ''मीढुष्टम''—सुखदाता। ''त्विषीमत्''—तेजस्वी। ''शिपिविष्ट''—सहस्रों प्रकाश किरणयुक्त, स्वयं प्रकाशी। ''सहस्राक्ष''—किरणपति सूर्य की अनन्त किरणें, अव्यक्त, अमूर्त्तिमान। ''कक्षाणां पतिः''—पृथिवी की चारों ओर की परिधि के महारक्षक, गोपन स्थानों के रक्षक। ''एकादशप्राणः''—शरीर में पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ एवं एक आत्मा। ''परमेश्वर''—सर्वव्यापक ईश्वर। ''भुवनस्य पिता''—भुवनों के स्वामी। ''भुवनस्य ईशान्''—भुवनों के ईश्वर। ''भीम''—सर्वशक्तिमान।

''ज्येष्ठ''—श्रेष्ठ ब्रह्म (अथर्ववेद का ज्येष्ठ ब्रह्मसूक्त)। ''ओजीयः''—महाबली। ''सुषुम्न''—उत्तम विचारशील। ''बृहन्तं''—महान्। ''ऋष्वं''—श्रेष्ठ ज्ञानी। ''विचेतसः''—विशेष ज्ञानी लोक। ''महावीर''— महान्वीर। ''न्यायाधीश''—असत्य एवं अनैतिक कार्यों के पाप कर्मो का न्याय करनेवाला। ''वणिज''—जगत् व्यापार संचालक। ''पशुपति''—प्राणिमात्र के अधिपति। ''अन्नांपति''—विविध धान्यों—अन्न के पालक। ''वृक्षाणां पति''—वृक्ष वनस्पति के अधिष्ठाता। ''दुंदुभ्य''—मोक्ष प्राप्ति की ध्वनि, ''राव'' शब्द की अन्तिम दिव्य मोक्षप्रद ध्वनि दुंदुभि की है। ''पथीनां पति''—समस्त मार्गों के संरक्षक। ''हिरण्य बाहवे''—सुवर्ण सरीखी बाहुवाले अर्थात् सूर्य देव। ''हरिकेशेभ्यः''— वन वनस्पति के हरित पत्र ही रुद्र के केश हैं, अर्थात् रुद्र सर्व वनस्पति में व्याप्त है। ''मन्यु इषव''—अग्नि अथवा ओज, उत्साह, क्रोध ही बाण स्वरूप है। ''श्रुतसेन''—अपराजित, अजेय सेनानी। ''आसुसेन''—अपने गणों, सेना को हमेशा सिद्ध रखनेवाले। ''ओषधीनां पतिः''—ओषधियों के अधिष्ठाता। ''सभापति''—देवों एवं प्राणियों के सभाओं के अध्यक्ष। ''सभा''—तीनों लोकों के सभाओं में अहम् सभासद अथवा प्रमुख। ''श्रव''—सभी के (देव, दैत्य, मनुष्य) कार्यों का श्रवण करनेवाले। ''प्रमृशः''—परामर्श कर्ता, विद्वान। ''पुलस्ति''—महाज्ञानी, ऋषि। ''स्वस्त्राऽम्बिकया''—रुद्र की भगिनी अम्बिका, वैदिक मातृशक्ति दैवीशक्ति अधिष्ठात्री। ''संविदानौ''—उत्तम ज्ञान वाले। ''आखुस्ते पशुः''—मूषक रूपी पशु।

''पृश्निः''–विविध रूपवाली माता पृथिवी। ''यव्ह''–रुद्र की शक्ति का नाम। ''मनीषया''–बुद्धि के द्वारा।

वेद में रुद्र देवता के विराट् रूप–पुरुष, परमब्रह्म स्वरूप में विश्व के सभी वर्गों–सभी कर्मों के अंश रूप होने का वर्णन अद्‌भुत है। इसके अलावा वन–वनस्पति, नदियों, पर्वतों एवं जीवों में रुद्र की सत्ता व्याप्त है। उनके विश्वरूप में जड़ और चेतन को समान स्थान प्राप्त है। जगत् आदि में व्याप्त रुद्र के नाम रूप प्रस्तुत हैं। ''वनानां पति''–वनों के पालक, अधिष्ठाता।''अरण्यानां पतिः''–अरण्यों के संरक्षक। ''ऐलबृदाः''–अन्य की वृद्धि कर्ता। ''सूर्व्य''– उपजाऊ भूमि के जीव। ''खल्यः''–खलिहान के जीव। ''शुष्क्यः''–शुष्क भूमि के जीव। ''अवर्ष्यः''–वर्षा नहीं होनेवाली भूमि के जीव। ''पांसव्यः'', ''रजस्यः''–धूली एवं रजकण में व्याप्त अदृश्य सरीखे जीव। ''सिकत्यः''–रेतीले बजरी में विद्यमान जीव। ''किंशिलः''–पत्थरों, चट्टानों में व्याप्त जीव। ''इरिण्यः''–बंजड, ऊसर भूमि के प्राणी। ''ऊर्व्यः''–सरसब्ज भूमि के जीव। ''शष्प्यः''–कोमल घास के कृमि। ''हरित्यः''–हरित क्षेत्र में रहनेवाले जीव। ''वर्ष्यः''–वर्षा के क्षेत्र में होनेवाले जीव जन्तु। ''उलप्यः''–दूब, घास क्षेत्र में होनेवाले जीव। ''गव्हरेष्ठः''– सघन वनों, पहाड़ों की गुहाओं रहनेवाले जीव जन्तु एवं मानव। रुद्र ही ''किरिक''–किसान हैं, वे ही अन्न हैं।

''तलप्यः''–बिछौना, शैय्यादि में रहनेवाले जीव, खटमलादि। ''रेष्म्यः''–हिंसक कृमि कीट। ''अश्वः''–घोड़ा। ''श्वा''–कुत्ता। ''व्रज्यः''–ग्वालों में रहनेवाले पालतु पशु–गो आदि। ''गोष्ठयः''–गोशाला की धेनु आदि। ''गेह्यः''–घरों में पाले गये–गो, महिषा, वृषभ, बैल, कुत्ता, बिल्ली आदि। ''किरिकः''–सूकर।

''वैशन्त''–छोटे तालाब के जीव। ''कुल्यः''–जल प्रवाहों के समीप रहनेवाले प्राणी एवं जन्तु। ''काट्यः''–कुवे के समीप रहनेवाले प्राणिमात्र। ''कूप्यः''– कूप के पास रहनेवाले मनुष्य अथवा जीव। ''सरस्यः''–तालाब के समीपस्थ जीव एवं मनुष्य। ''नादेयः''–नदी अथवा नदी के निकट रहनेवाले प्राणिमात्र। ''फेन्यः''–जल के फेन में व्याप्त जीव। ''ऊर्म्यः''–लहरों में रहनेवाले जीवमात्र। ''प्रवाह्यः''–प्रवाहों में रहनेवाले जीव। ''पार्यः''–परतीर में रहनेवाले। ''अवार्यः''–नदी तीर पर रहनेवाले जीव। ''द्वीप्यः''–द्वीप में रहनेवाले प्राणी। ''निवेष्यः''–पानी के भंवर में रहनेवाले प्राणिमात्र। ''क्षयणः''–पानी में रहनेवाले जीव। ''तीर्थ्यः''–पवित्र स्थान में रहनेवाले। ''तीर्थानि प्रचरन्ति''–तीर्थों में विचरण करनेवाले प्राणिमात्र। ''मेघ्यः''–मेघ में रहनेवाले जीव। ''वीध्न्यः''–शुष्क अभ्र रूप में रहनेवाले। ''वाल्यः''–वायु रूप में व्याप्त प्राणिमात्र। ''आतप्यः''–धूप

में व्याप्त जीव। ''नीप्यः''—पर्वतों की तराई के प्राणिमात्र। ''पर्णः''—पत्तों पर रहनेवाले कीट। ''पर्णशदः''—पत्तों में व्याप्त कृमि कीट। ''पथ्यः''—मार्गों में रहनेवाले जीव। ''प्रपथ्यः''—मार्गों के रक्षक। ''अश्वपतिः''—घोड़ों को पालनेवाला। ''श्वपतिः''—श्वानों का पालन करनेवाला। ''वास्तव्यः''—घरों में रहनेवाला जीव। इससे स्पष्ट है कि प्रकाश किरण, वायु, जल, पत्थर, रजकण, मिट्टी, वृक्ष, वनस्पति, पशु आदि रुद्र रूप हैं। अन्न, जल, वायु, प्रकाश एवं भूमि के सूक्ष्मतम जीवाष्णु, कीट, रोगकृमि रुद्र के ही रूप हैं। ''विश्वकृष्टि'' का आशय—मानवमात्र है।

इसके ही साथ जगत् के सभी मानवों में रुद्र रूप का वर्णन वेद में किया गया है। इससे रहस्योद्घाटन होता है कि शुभ एवं पाप करनेवाले अथवा करवानेवाला दोनों ही रुद्र रूप हैं। दूसरे शब्दों में समूचा जगत् रुद्र रूप है। इनमें रुद्र कहनेवाले प्रमुख शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं। ''उपवीति''— यज्ञोपवीत, उत्तरीय धारण करनेवाले। ''याम्यः''—नियम पालक। ''सौम्यः''—शान्त। ''बुध्न्य''—तह में रहनेवाले। ''अप्रगल्भ''—अज्ञानी। ''ताम्र''—ताम्र, रक्त वर्ण वाला। ''बभ्रु''—सुनहला। ''तिष्ठत्''—खड़ा रहनेवाला। ''आसीनः''—आसन पर विराजमान्। ''शयानः''—शैय्या पर लेटा हुआ। ''जाग्रत्''—चेतनावान्। ''स्वपत्''— निद्रामग्न। ''उच्चैर्घोषः''—गर्जना करनेवाला, महानाद करनेवाला। ''शीघ्न्य''—शीघ्रता करनेवाला। ''व्युप्तकेशः''—जिसके केश संस्कारयुक्त हैं। ''कपर्दी''—जटा जूटधारी। ''विशिखासः''—मुण्डन किया सिरवाला।

''पत्तीनां पतिः''— सेनाओं का पालक। ''विकृन्तानां पतिः''—शत्रु सेना का अधिपति। ''व्रातपतिः''—वीरों के समूह का अधिपति। ''शूरः''—वीर। ''क्षयद्वीरः''—शत्रु सेना का संहारक वीर। ''उग्रः''—भयानक कर्म करनेवाला। ''कुलुंचानां पतिः''—शत्रुसेना के वीरों का नाश करनेवाला। ''आव्याधिनीनां पतिः''—अचूक निशाना लगानेवाला। ''सुधन्वन्''—उत्तम धनुष्यधारी। ''स्वायुधः''—सर्वोत्तम आयुध रखनेवाला। ''तीक्ष्णेषुः''—तीक्ष्ण लक्ष्य भेदी बाणों से सुसज्जित। ''शतधन्वा''—एक साथ सौ आयुधों से प्रहार कर्ता। ''धन्वायी''—आयुध के साथ शत्रु पर आक्रमण करनेवाला। ''इषुधिमान्''—भरा हुआ तर्कस हर समय रखनेवाला, सदैव आयुध रखनेवाला। ''निषंगी''—खड्गधारी वीर। ''सृकायी''—तीक्ष्ण मर्म भेदी बाण रखनेवाला। ''सृकाहस्ताः''—शस्त्र धारण करनेवाला। ''इषुमान्''—बाणों से प्रहार कर्ता। ''असिमान्''—खड्ग से युद्ध करनेवाला। ''सेनानी''— सेनाध्यक्ष। ''विचिन्वत्कः''—शूरवीर। ''रथी''—रथारुढ़। ''अरथी''—पैदल युद्ध करने वाला

प्रवीण वीर। ''आशुरथ''–तेज गति के रथ से युद्ध रत। ''उगणा''–शस्त्रास्त्रों को ऊपर उठाकर मारक हमला करनेवाला। ''ककुभः''– प्रमुख। ''वर्मी'', ''कवची'', ''वरूथी''–अनेक प्रकार के कवच धारण कर्ता। ''कृत्स्त्रायतया धावन्''–धनुष्य को कर्ण तक खींचकर शरसंधान करनेवाला। ''तृंहती''–शत्रु संहारक वीर सेना। ''मृगयु''–मृग अर्थात् मृगरूपी प्रजापति का वध करनेवाला। ''अवसान्यः''–सेना के अन्तिम भाग से रक्षणकर्ता वीर। ''विविध्यन्ती''–शत्रु सेना का विशेष रूप से वेधकर्ता सेनानी। ''विसृजत्''–विशेष विधि से प्रहार करनेवाला। ''अस्यत्''–शत्रु पर शस्त्र फेंकनेवाला। ''धृष्णुः''–शत्रु का वध कर्ता वीर। ''अग्रेवधः''–प्रथम पंक्ति में रहकर शत्रु संहारक। ''हन्ता''–शत्रु का हनन कर्ता। ''अभिघ्नत्''–शत्रु पर प्रहार कर्ता। ''हनीयान्''–शत्रु को नष्ट कर्ता। ''आहनन्यः''–शत्रु पर आघात कर्ता। ''सहमानः''–शत्रु का पराभव कर्ता। ''दूरेवधः''–शत्रु का दूर से संहार करनेवाला। ''जिघांसत्''–शत्रु को मृत्यु देनेवाला। ''विध्यत्'''– शत्रु का वेध कर्ता। ''अवभेदी''–शत्रु का निःशेष वेध करनेवाला। ''पथीनां पतिः''–मार्ग रक्षक वीर।

एक ओर क्षत्र–रक्षा का कार्य करनेवाला रुद्र रूप है। दूसरी ओर, जगत् के सबसे घृणित–निंदित कार्य करनेवालों के अधिष्ठाता रुद्र हैं, अर्थात् वे भी रुद्र रूप हैं। ''तस्कराणां पतिः''–तस्कर, चोरवृत्ति करनेवालों के अधिपति। ''स्तेनानां पतिः''–चोर लुटेरों के अधिपति रुद्र। ''मुष्णतां पतिः''–डाकुओं–चुरानेवालों के अधिपति रुद्र। ''स्तयूनां पतिः''–ठगनेवालों के अधिपति रुद्र। ''वंचत्''–जालसाज, फरेबी, मक्कार, धोखेबाज, कपटी वर्ग का अधिष्ठाता रुद्र। ''परिवंचत्''–छल करनेवाला वर्ग के अधिपति रुद्र। ''आततायी''–घातपात करनेवाले वर्ग के स्वामी रुद्र। ''लोपः''–नियमों का लोप करनेवाले रुद्र। ''नवतं चरत्''–रात्री के समय दुष्ट इच्छा से भ्रमण करनेवाले पातकी वर्ग के स्वामी रुद्र।'' ''प्रतरण''–धोखेबाज आदि रुद्र। आचार्य सायण ने काण्व संहिता–यजुर्वेद के अध्याय सत्रह के भाष्य में कहा है कि रुद्र–चोरों का स्वामी (स्तेनानां पतिः अस्मि), ठगों का मुखिया (स्तायूनां पतिः अस्मि), डाकुओं के सरदार (तस्कराणां पतिः अस्मि)। लुटेरों में सर्वश्रेष्ठ रुद्र (मुष्णतां पतिः अस्मि)। (गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि मैं कपटियों का द्यूत हूँ : छलयता द्यूतं अस्मि)। यही नहीं रुद्र शरीर व्यापार करनेवाली नारियों के भी अधिपति है। उनका एक विशेषण ''जघन्यः''–अधिपतित मनुष्य, नीच वृत्तिवाला, अन्त्यज, हीन है। इसके अलावा ''नि–चेरूः'' नीचे के स्थान में रहनेवाला का भी उल्लेख है, वह भी रुद्र है।

इसमें रुद्र के रचनात्मक, सृजनधर्मी, विश्वकर्मा स्वरूप के प्रतिनिधि रुद्रों का नक्षत्र मण्डल मन्त्रमुग्ध करता है। ये रुद्र रूप हैं : ''क्षत्ताः''–शिल्पकार। ''तक्षाः''–तक्षण करनेवाला, काष्ठकर्मी, प्रस्तर–धातु सृजनकार। ''रथकार''–विमान (वाहन) निर्माता। ''धनुष्कृत''– शस्त्रकार। ''इषुकृत्''–बाण, गोला–बारूद निर्माता। ''कुलालः''–प्रजापति कुम्हार। ''कर्मारः''–धातुकर्मी। ''निषादः''–जलपरिवहनकर्ता, वन में रहनेवाला। ''गिरिचरः''–पर्वतों में रहनेवाले। ''सूतः''–सारथी, दिव्य वीरगाथावाचक। ''उत्तरण''–नदी को पार करवानेवाला। ''प्रतरण''–नदी पार करवाने में सिद्धहस्त। ''तार''–जीवनरूपी नदी तारक। ''संग्रहीता''– पदार्थों को संग्रहीत रखनेवाला, व्यवसायी, जगत् के सभी पदार्थों का संग्रहक ब्रह्म।

''भूतानामपति''–प्राणिमात्र के अधिष्ठाता। ''कनिष्ठाय''–छोटे देवों के रूप में रुद्र। ''वामनाथ''–दक्षिण दिशा का दिक्पाल, हाथी, बोना। ''विद्युताय''–वाताय कपिला, आकाशीय विद्युत्। ''मेघ्याय''–मेघ, बादल। ''विलोहिता''–लोहित। ''वृद्धाय''–वरिष्ठ जन, ज्ञानवृद्ध। ''शितिकण्ठाय''–श्वेत कण्ठ वाला। ''नीलग्रीवाय''–नीलमणि सरीखा कण्ठ, जल को निगलनेवाला सूर्य, सूर्य मण्डल में रहनेवाला। ''शतइषुधे–असंख्य शिरवाला, निराकार। ''बाहुभ्यां''–दोनों–घोर, अघोर बाहु। ''चसुवृध्वने''–ज्ञानात्मक वृद्ध। ''सोमायच'' –रुद्र उमा सहित सोम। ''स्ताम्रायचारूणाय''–उदयरूप एवं अस्त काल का सूर्य। ''रुताराय''– ओंकार स्वरूप रुद्र। ''द्रापे''–पापियों की दुर्गति करनेवाला। ''नीललोहित''–नित्य तरूण। ''अन्तरिक्षे''–अन्तरिक्ष में। ''दिवं''–स्वर्ग, द्युलोक। ''शष्पिपंजराः''–पीत वर्ण वाला रुद्र, पीत रंग अध्यात्मिक रूप से सर्वोच्च है। ''विशिखासः''–शिखा रहित। ''सुकृाहस्ताः''–हाथ में ढाल धारण कर्ता। ''वितस्थिरे''–अवस्थित। ''दश प्राचीः''–दोनों करबद्ध। ''दिष्मः''–द्वेष। ''ऽपापकाशिनी''–पापियों के नाश करने वाली माया ज्ञान का प्रकाश करनेवाला। ''मन्यवे''–कोपात्मक, ओजात्मक, उत्साहात्मक। ''शिवतमा''–शान्त। ''शख्या''–संहार करनेवाली शक्ति। ''तनूः''–शरीर। ''अभिचाकशीहि''–सर्वत्र देखनेवाला। ''अग्निषोमौ''–घोर अघोर रूप अग्नि सूर्य है, रुद्र अग्नि एवं सूर्य स्वरूप है। ''वदामसि''–प्रार्थना करते हैं। ''अयक्ष्मं''–रोग रहित। ''यातुधान्यः'' –रोगकारक जीवाणु। ''निशीर्य''– कुण्ठित करना। ''अनेशन्''–अदृश्य होना। ''परिब्भुज''–रक्षा करना। ''परिवृणक्तु''–परित्याग करना। ''रोहिताय''–सूर्य मण्डल में स्थित। ''कक्षाणां पतये''–नक्षत्रों के स्वामी। ''उच्चेर्घोषाय''–महानाद कर्ता, गगनभेदी रक्त संचारी गर्जना करनेवाला। ''ककुभाय''–पुरुषो वै ककुभः, अर्थात् पुरुष रूप ईश प्राण ही ककुभ है। ''गोपा''–गो अर्थात् सूर्य किरण,

इन्द्रिय शक्तियाँ, ज्ञान, गो रक्षक, रक्षक। ''ओषधीनां पतये''–ओषधियों के अधिष्ठाता। यह स्मरण रहे कि रुद्र ही रोग उत्पन्न कर रुलाता है और रोग हरण करनेवाला है। ''अरुण''–उदय होने सूर्य का सिन्दूरी लाल रंग। ''सुमंगल''–सुन्दर मंगल रूप।

''पुष्टिनां पति''–रुद्र अमृत स्वरूप से पृथिवी सहित सभी भुवनों के पुष्टि कर्ता हैं। ''रुद्रः दुःखनिवारकः''–रुद्र दुःख निवारक है। ''रुद्र सर्वदुः खनिवारकः''–रुद्र सभी दुःखों से मुक्ति दिलवाते हैं। ''रुत् दुःख द्रावयति रुद्रः। रवणं रुत् ज्ञान राति ददाति''–रुद्र दुःख से द्रवित होकर (उपासक को ब्रह्म) ज्ञान देते हैं।

सारसंक्षेप में रुद्र वाचक शब्दों के अर्थ, विशेषरूप से अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक परमेष्ठी रुद्र के विराट् परमब्रह्म (पुरुष) स्वरूप के साक्षात्कार में नवदृष्टि प्रदान करते हैं। महारुद्र और रुद्रों के नामों के आशय से यह स्पष्ट होता है कि सृष्टि में सभी कुछ रुद्रमय है। अनादि रुद्र ने ही सृष्टि सृजन के लिये प्रजापति (महाप्रकृति) की उत्पत्ति कर सक्रिय किया और स्वयं निर्लिप्त रहे। सारतः ''एक सर्वव्यापक सर्वाधार आत्मतत्त्व ही रुद्र'' है।।ऊँ।।

सर्वजनीन रुद्र

यह सबसे महत्वपूर्ण है कि रुद्र सबसे सम्बन्ध रखनेवाला अर्थात् ''सर्वजनीन'' है। ऋग्वेद के तृतीय मण्डल के छब्बीसवें सूक्त की पाँचवीं ऋचा में ''विश्वकृष्टय'' शब्द का प्रयोग हुआ है। ''विश्वकृष्टि'' का अर्थ मनुष्यमात्र, मानवजाति, प्राणिमात्र है। अर्थात् वैदिक मन्त्रद्रष्टा ऋषि ''वैयक्तिक'' के स्थान पर ''सर्वजनीन, सार्वजनिक'' भाव को अभिव्यक्त कर रहा है। वैदिक धर्म, अध्यात्म, विचार सर्वजनीन है। ''वे रुद्र के पुत्र मरुत् अग्नि के समान तेजस्वी, उत्तम वचन बोलनेवाले, सिंह के समान गर्जना करनेवाले, वृष्टि के द्वारा शुद्ध होनेवाले, उत्तम दानकर्ता, सर्व मनुष्य हैं। उनसे हम सभी तेजस्वी शौर्यमय संरक्षण प्राप्त करते हैं।'' ऋग्वेद 3.26.5।।

अग्निश्रियो मरुतो विश्वकृष्टय आत्वेषमुग्रमव ईमहे वयम्।
ते स्वानिनो रुद्रिया वर्षनिर्णिजः सिंहा न हेषक्रतवः सुदानवः।।
।।ऋग्वेद 3.26.5।।

इसप्रकार ऋग्वेद से अथर्ववेद तक वैदिक रुद्र सर्वोच्च, श्रेष्ठतम् देव हैं।

स्वस्तिकर्ता रुद्र

घोरतम, क्रूरतम, नैतिक मर्यादा पालन के लिये मृत्यु दण्ड देनेवाले रुद्र का दूसरा पक्ष ''क्षेम, कल्याण'' का आशीर्वाद देने का है। वे स्वस्तिप्रद हैं। स्वस्ति का अर्थ क्षेम, कल्याण हो आशीर्वाद; समृद्धि दिलाने का उपाय; अव्यय; कल्याण हो; दान स्वीकार मन्त्र है। रुद्र का अनुनय कल्याण प्राप्ति के लिये किया जाता है। यह रुद्र का करुणामय, अमृतमय अघोर स्वरूप है।

स्वस्ति नो रुद्रः पात्वंहसः।।ऋग्वेद 5.51.13।।

रुद्र का आयुध : धनुष्य

चौंकें नहीं! ऋग्वेद में रुद्र का आयुध त्रिशूल नहीं है (आगम में रुद्र को त्रिनेत्र एवं त्रिशूलधारी कहा गया है।)। वेद में रुद्र के आयुध धनुष्य से इन्द्र तक भयभीत रहते हैं। उनके धनुष्य पर हर समय प्रत्यंचा चढ़ी रहती है। उनका बाण कोटि–कोटि अग्निमय है। अधिकांश वैदिक ऋचाओं में रुद्र से प्रार्थना की गयी है कि वे अपने धनुष्य का रूख उपासक की ओर से हटा लें। यजुर्वेद में रुद्र के धनुष्य का नाम ''पिनाक'' का उल्लेख आता है। ऋग्वेद के दूसरे मण्डल के तेतीसवें सूक्त की तीसरी ऋचा में रुद्र के हाथ में ''विद्युत्मय वज्र'' नामक शस्त्र भी है। ''हे रुद्र! आप अपने ऐश्वर्य से सभी उत्पन्न पदार्थों में श्रेष्ठतम हैं। आप ''विद्युत् मय वज्र'' शस्त्र धारण करनेवाले हैं। आप बलवानों में सर्वाधिक बलवान हैं। हे रुद्र! आप हमें पापों से पार कर कल्याणपूर्वक ले जाने का अनुग्रह करें। हमसे पाप की ओर जानेवाले सभी मार्गों को दूर करने की कृपा करें।।'' ऋग्वेद 2.33.3।। ऋग्वेद के सातवें मण्डल के छियालीसवें सूक्त की तृतीय ऋचा में नया रहस्योद्घाटन किया है कि रुद्र के हाथ में ''आकाशीय विद्युत् का पाश'' है।

रुद्र का यह ''विद्युत् पाश'' आकाश से छूटकर समूची पृथिवी पर विचरण कर संहार करता हुआ भूमि को चीर देता है। रुद्र से प्रार्थना की गयी है कि उनका आकाशस्थ विद्युत् पाश किसी प्राणिमात्र का वध नहीं करे। उससे प्राणिमात्र एवं ओषधि सुरक्षित रहे।।ऋग्वेद 7.46.3।।

श्रेष्ठो जातस्य रुद्र श्रियासि तवस्तमस्तवसां वज्रबाहो।
पर्षि णः पारमंहसः स्वस्ति विश्वा अभीती रपसो युयोधि।।
।।ऋग्वेद 2.33.3।।ऊँ।।

मायाधिपति रुद्र

त्रयी वेद–ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद में रुद्र की सुदर्शन विराट् देह का वर्णन सम्मोहित करता है। ऋग्वेद में रुद्र का वर्ण, श्वेत एवं ताम्र (बभ्रु) (सुनहला) है। उनके अधर चुम्बकीय आकर्षण वाले हैं। रुद्र के महाबाहु हैं और पैर अत्यन्त सुदृढ़ हैं।

रुद्र स्वर्णालंकारों से सुशोभित हैं। उनके कण्ठ में विद्यमान अनेकों बहुरंगी रत्नों से सजे गलहार वशीकृत करते हैं। यह उल्लेखनीय है कि रुद्र बहुरूप धारण करते हैं। "कभी रुद्र के शिर पर जटाएँ हैं तो कभी रुद्र केशरहित हैं।" उनका "कण्ठ श्वेत" है और सूर्यरूप में सप्त सिन्धुओं के नील दिखायी देते जल हरण से नीला भी भासता है। उनके विराट् स्वरूप में आकाश व्यापी केश होने से वे नीलशिखण्डिन् हैं। उनका रूप महातेजस्वी है। इससे रुद्र सुवर्ण की भांति कोटि–कोटि जाज्वल्यमान सूर्य के समान प्रदीप्त हैं। उनका रूप चकाचौंध करनेवाला है। ऋग्वेद के बाद वाजसनेयी शुक्ल यजुर्वेद में रुद्र को सहस्राक्ष अर्थात् अनन्त नेत्रवाला कहा गया है। साथ ही रुद्र का वर्ण लोहित बताया गया है।

ऋग्वेद में सर्वत्र "रुद्र रथ पर विराजमान" रहते हैं। ऋग्वेद में रुद्र इन्द्र से भी श्रेष्ठतम धनुर्धर हैं। रुद्र अपने धनुष्य पर सदैव प्रत्यंचा खींचे और शर लगाये रहते हैं। वे व्योम से ही तीनों लोकों में अपने महाग्निमय–महाविद्युतमय बाण से अचूक निशाना लगाते हैं। ऋग्वेद के एक प्रसंग में रुद्र का वज्र विद्युत् स्वरूप होने का उल्लेख आया है। उनका प्रक्षिप्त विद्युत् शर पृथिवी के सीने को चीरता चला जाता है। मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने कहा है कि उनके आयुध महाशक्तिशाली, मन के वेग के समान चलनेवाले और संहारक हैं। रुद्र के आयुध अजेय हैं। इसकी पुष्टि रुद्र द्वारा एक ही शर से दैत्यों के द्युलोक, अन्तरिक्षलोक, पृथिवीलोक के तीन पुरों का एकसाथ विध्वंस करता है। अथर्ववेद में रुद्र के आयुधों में गदा आदि का समावेश हुआ। वहीं यजुर्वेद में रुद्र के धनुष्य का नाम "पिनाक" आया है। ऋग्वेद, यजुर्वेद में रुद्र वृक्ष–वनस्पति के भी अधिपति हैं। उनको हरिकेश–हरित पत्तों रूपी केशवाला कहा गया है।

यह पुनः दोहरा रहे हैं कि ऋग्वेद के त्र्यम्बक रुद्र तीनों लोकों के स्वामी हैं। यजुर्वेद में रुद्र की भगिनी–बहिन अम्बिका है और वाहन चूहा है। ''चतुर्वेदों में कहीं भी रुद्र का आयुध त्रि–शूल नहीं है और वाहन वृषभ–नंदी भी नहीं है।'' चौंके नहीं! ऋग्वेद में रुद्र को वृषभ नाम उपाधि से भी सम्बोधित किया गया है। ऋग्वेदीय वृषभ साक्षात वेदस्वरूप, अग्निस्वरूप, वाक्स्वरूप, धर्मस्वरूप, ब्रह्मस्वरूप है। ऋग्वेद में आकाश को लोहित वृषभ कहा गया है।

सबसे महत्वपूर्ण यह है कि ऋग्वेद में ही रुद्र को अनेक देवों के साथ समीकृत किया गया। ऋग्वेद में सविता देवता, अग्नि देवता, वरुण देवता, वायु देवता, सूर्य देवता, द्युदेवता, इन्द्र देवता, सोम देवतादि को रुद्र के साथ समीकृत किया गया है। सभी देवों के गुण–धर्म, दिव्य शक्तियाँ, विशेषतादि रुद्र के समान हैं। ऋग्वेद में रुद्र दैव्य भिषक् एवं ओषधियों के नव अवतार में प्रगट होते हैं। वैदिक ऋचाओं का सौन्दर्य है कि स्वतन्त्र देवता एकाएक रुद्रवाचक रूप ग्रहण करता है। अतः रुद्र भिन्न–भिन्न देवों के रूप में अवतरित होते हैं। उनके धनुष्य और शर से सभी को हिंसा का अदृश्य भय सताता रहता है। ऋग्वेद का रुद्र साक्षात ''काल अथवा यम'' है। इसके ठीक विपरीत आशु प्रसन्न होनेवाले रुद्र ''अमृत'' हैं। उनका मृत्युंजय मन्त्र (ऋग्वेद) इसका साक्ष्य है। ऋग्वेदीय काल में ''इकलौते रुद्र जीवन–मृत्यु और प्रलय के अधिष्ठाता'' के रूप में स्थापित हो चुके थे।

यही नहीं ऋग्वेदीय काल में ही रुद्र ने ''विष से मृत्यु'' की अवधारणा के धुर्रे उड़ा दिये। रुद्र के अध्यात्मिक–दार्शनिक पक्ष का संकेत उनके साथ मुनियों, केशियों, आदिऋषियों की संगत दे रहा है। ऋग्वेद में मनुष्यों के रोगों का निवारण करनेवाले वैद्य–चिकित्सक– आयुर्विज्ञानविद को रुद्र की संज्ञा दी गई है। वेद में पृथिवी के रुद्र आयुर्विज्ञानविदों–चिकित्सकों–वैद्यों की अत्यन्त कड़ी आचार संहिता घोषित की गई है। ऋग्वेद के अनुसार ये रुद्र वैद्य रोगी का उपचार निःशुल्क करेंगे, ओषधिदान देंगे, भविष्य में आनेवाली महामारी–रोग के निदानार्थ ओषधि वर्षों पूर्व तैयार करेंगे, रोगी को अपने लाभ के लिये लम्बे समय तक बीमार नहीं रखेंगे, वनोषधि का अंधाधुंध दोहन नहीं करेंगे और सद् आहार का प्रचार करेंगे। इसप्रकार ऋग्वेद का महारुद्र रुद्ररूपी वैद्य का चरित्र लोककल्याण सर्वकल्याण निश्चित करता है। महाज्ञानी अथवा आदिज्ञानी रुद्र ''विद्यादान'' का संकेत करते हैं। सारसंक्षेप में सर्वज्ञ रुद्र ''ओषधिदान एवं विद्यादान'' का संदेश देते हैं। ''विश्व के किसी भी प्राचीन धर्म–दर्शन में विद्यादान, ओषधिदान की अवधारणा नहीं मिलती है।''

ऋग्वेदीय रुद्र महादानी के रूप में त्रिपुरों को विध्वंस करके भी स्वयं अलग हो जाते हैं। उनके महात्याग के कारण ही वे ''भुवनों के पिता'' कहलाये। ऋग्वेदीय भुवनों के पिता रुद्र को प्राणिमात्र का राजा घोषित किया गया है।

रुद्र के सम्बन्ध में सबसे विचित्र तथ्य यह है कि वे ''मरुत् गणों के पिता'' है। ऋग्वेद में मरुतों को रुद्रिय की संज्ञा दी गई। रुद्र ने मरुत् गणों की उत्पत्ति ''पृश्नि'' से की। यह पृश्नि पृथिवी है। मरुत् गण भी रुद्र की भांति सुवर्ण आभूषणों, सुवर्ण के कवच आदि धारण करते हैं। सुदर्शन मरुत् साज–सज्जा के प्रेमी और महायोद्धा हैं। मरुत् गणों ने इन्द्र वृत्र महासंग्राम में इन्द्र का साथ दिया। मरुत् की विशेषता है कि वे युद्ध में कभी पीछे नहीं हटते हैं। अध्यात्मिक रूप से ''मरुत् प्राण है, वायु है।'' अतः ''रुद्र महाप्राण और महावायु हैं।''

वेद में रुद्र को ''शर्व एवं भव'' कहा गया है। यह स्मरण रहे कि शर्व का अर्थ प्रलय करना और भव का अर्थ पालन–पोषण है। यह ऋग्वेदीय त्रिलोक के पिता त्र्यम्बक के सृष्टि सृजन, पालन और संहार तीनों की व्याख्या है। ऋग्वेद, यजुर्वेद की तरह अथर्ववेद में भी रुद्र की विनाशक शक्तियों का वर्णन है। सभी वेदों में रुद्र के शर एवं आकाशस्थ विद्युत् वज्र से स्वजनों–परिजनों की हिंसा नहीं करने की विनती की गयी है। वेद में अग्नि सप्त जिव्हा है। इसी श्रृंखला में वैदिक सप्त रुद्र अवधारणा प्रस्तुत हुई। वेद की दिशाओं के नाम, देवता और अधिष्ठाता शक्ति के नाम वर्तमान में प्रचलित नामों से एकदम भिन्न हैं। वैदिक दिशाओं के अध्यात्मिक अर्थ नये रहस्यलोक में ले जाते हैं। वैदिक नामकरण का मानवीय कल्याण–अभ्योदय से सीधा सम्बन्ध है। ''दिशाओं की अधिष्ठाता शक्ति'' को ''इषवः'' कहा गया है। यह अवश्य है कि वेद में मात्र पाँच अथवा छह दिशाएँ हैं। इन सभी दिशाओं में रुद्र रूपी अधिपति हैं।

ऋग्वेद से अथर्ववेद की महायात्रा में रुद्र–महादेव, ईशान, भगवान, पशुपति, त्रिलोकपति–त्र्यम्बक, भव, शर्व, शिव, शंकर, शम्भु, नीलकण्ठ, नीलशिखण्डिन्, नीलग्रीवा, महा असुर, दिवो वराह, गणपति, प्रचेतस आदि के रूप में मायावी विस्तार लेते हैं। ऋग्वेद के रुद्र– महाविनाशक, शक्ति में अद्वितीय, आत्म वैभव सम्पन्न, स्वप्रकाशी, महाप्रज्ञावान असुर, अघृष्य, द्रुतगामी, निराकार, क्षित्र, नित्य तरुण, अमर, गर्जनकर्ता, महामेधावान, महाज्ञानी, महा उपदेशक, अत्यन्त करुणावान, उदारतम, उपकारी, नियोजक, सार्वभौम आधिपत्यवान, देवों एवं मनुष्यों के कर्मों के निरीक्षक, पृथिवी पर जलधारा प्रवाहित करनेवाले, आर्द्र, मृगव्याध, अपराजित यौद्धा, भयंकर दण्ड देनेवाले

न्यायधीश, दुःख–कष्ट हरण कर्ता, सूर्य को प्रकाशित करनेवाले, सत्यधर्म के प्रतिपादक, स्वयं यशवान, प्रदीप्त अन्न देनेवाले, जगत् के शुभाशुभ देखनेवाले, ऋष्व, भीम, उग्र, कवि आदि हैं।

यजुर्वेद में "रुद्र के समभाव" को निराले रूप में प्रस्तुत किया है। परमेष्ठी रुद्र ही सभी जीवों के अधिपति हैं। शुक्ल यजुर्वेद की वाजसनेयी संहिता में रुद्र को अज्ञान, दुष्टकर्म–छल, कपट, चोरी, डकैती, लूट, जालसाजी, द्यूत क्रीड़ा, काम क्रीड़ा आदि वीभत्स कर्मों का भी अधिपति कहा गया है। अध्यात्मिक रूप से प्रत्येक जीवात्मा उस परमात्मा का ही अंश है। परमेष्ठी रुद्र संग्रहित कर्मों के अनुसार जीव को सत्कर्म अथवा अनैतिक–घोर पातकी क्रम की ओर प्रवृत्त करता है। ऋग्वेद के अनुसार रुद्र सभी में आनेवाली असहिष्णुता, असहनशीलता, ईष्यायुक्त क्रोध, व्यभिचार के भाव (अमर्ष) और कुचेष्टा, अपराध, निन्दा, कलंक, खिन्नता (एनस) को समाप्त करते हैं। ऋग्वेद के रुद्र के हाथों में शुचि, पीयूषपाणि (जलाष–भेषज), उग्र और आयुध का वर्णन भी है। इसे उनका घोर (आयुध लिये) और अघोर (शुचि, जलाष भेषज) कहा जा सकता है।

"वनानां पति", "वृक्षानां पति" की उपाधियों से "रुद्र प्रकृति के महासंरक्षक अवतार" में प्रगट होते हैं। वन एवं वृक्षों को रुद्र रूप स्वीकारते ही प्राकृतिक असंतुलन स्वयं रुक जायेगा। इसी क्रम में बहुत अप्रचलित "नीलमत पुराण" में "रुद्र काष्ठ स्वरूप" प्रगट होते हैं। वेद में अमृतत्व पेय सोम से रुद्र का तादात्म्य है। यजुर्वेद के रुद्रिय सूक्त में ऋषि रुद्र को उसका उपयुक्त भाग प्रस्तुत कर, बिना हिंसा किये, बहिन अम्बिका (दिव्य माता) के साथ मूजवान् पर्वत के पार जाने की प्रार्थना करता है। उधर अथर्ववेद में रुद्र का मारक बाण मनुष्य के ह्वदय और शरीर के अंगों में प्रविष्ट होता है। वेद में स्तुतिकर्ता रुद्र से हमेशा भयाक्रान्त रहता है। अतः वह सदैव रुद्र से प्रार्थना करता है कि वे उसके शत्रुओं, कृपणों, समाजकण्टकों, असत्य वक्ताओं, दुष्ट कर्मकर्ताओं और राक्षस–पिशाच आदि का वध करें।

शतरुद्रिय के तेरह मन्त्रों में रुद्र के गणों का वर्णन है। इन्हें रुद्रगण–रुद्राः कहा गया है। ये रुद्राः रुद्र के आधिपत्य में रहनेवाले अनुचर हैं। इनका कार्य मनुष्यों को कष्ट देना है। इन रुद्रगणों की अनन्त संख्या है।

अथर्ववेद का पँचदश काण्ड "व्रात्यकाण्ड" है। व्रात्य का रुद्र से घनिष्ठतम सम्बन्ध है। डॉ. सम्पूर्णानन्द ने "व्रात्य काण्ड ऑफ अथर्ववेद" ग्रन्थ की रचना की। व्रात्यकाण्ड के प्रथम सूक्त के चौथी एवं पाँचवीं ऋचा में कहा है कि "व्रात्य का उत्कर्ष हुआ, वह महान् हुआ और महादेव रूप" हुआ। उसने

देवों के ऊपर आधिपत्य–ईश स्थापित किया और ईशान कहलाया। "सः अवर्धत स महानभवत् स महादेवः अभवत्। से देवानाम् ईशां पर्यैत् स ईशानः अभवत्।।" पँचम सूक्त में रुद्र के विभिन्न रूपों–भव, शर्व, पशुपति, रुद्र, ईशान, उग्र एवं महादेव को व्रात्य का अनुष्ठाता बताया है। रुद्र के ये विविध रूप व्रात्य सभी दिशाओं की रक्षा करते हैं। "व्रात्य ब्रह्मविद्या के दार्शनिक सिद्धांत प्रतिष्ठित रहे।"

यज्ञपरक (अध्यात्मपरक अर्थ में यज्ञ) यजुर्वेद की परम्परा में त्र्यम्बक होम, शतरुद्रिय यज्ञ, गवेधुक होम एवं शूलगव होम ब्राह्मण ग्रन्थों –श्रौतसूत्रों में उल्लेखित हैं। ये सभी यज्ञ जीवन–मृत्यु के देवता (रुद्र) को समर्पित हैं। "ब्रह्मविद्या के प्रथम प्रवक्ता रुद्र ऋग्वेद में कर्मकाण्ड से अछूते हैं।" ऋग्वेद का स्पष्ट निर्देश है कि अन्तर्मुखी होकर रुद्र का अनुसंधान अन्तःकरण में करें। वेद में "रुद्र ही ओंकार" हैं। ऋग्वेदीय मृत्युंजय मंत्र – "त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।।" से त्र्यम्बक होम किया जाता रहा। गवेधुक होम एक विशेष प्रकार की सहस्रपर्णी बीज अथवा उच्छिष्ट सामग्री से किया जाता है। शतरुद्रिय यज्ञ में जतिल से यज्ञ का विधान है। इसमें रक्तार्क–मन्दार पत्र से यज्ञ किया जाता है। रक्त मन्दार वृक्ष असम, ओडिशा आदि में पाया जाता है।

रुद्र की "वैदिक सप्तमूर्त्ति" "ब्राह्मण ग्रन्थों में अष्टमूर्त्तियाँ" हुई। शतपथ ब्राह्मण के अष्टमूर्त्ति–रुद्र, शर्व (जल), पशुपति (वनस्पति), उग्र (वायु), अशनि (विद्युत्), भव (पर्जन्य), ईशान् (सूर्य) और महादेव (चन्द्रमा) हैं (6.1.3. 8–17)। "कौषीतकि ब्राह्मण" में अष्टमूर्त्तियाँ – अग्निः (शर्व), आपः (भव), ओषधयः (उग्र), वायुः (पशुपति), अशनिः (इन्द्र), चन्द्रमाः (रुद्र), आदित्य (महान् देव अथवा महादेव) और जीवात्मा हैं। रुद्र की अष्टमूर्त्तियों में पँच भूत, सूर्य, चन्द्रमा और जीवात्मा (यजमान) सम्मिलित हैं।

ऋग्वेद की तरह उपनिषद् में रुद्र के दार्शनिक तत्त्व की व्याख्या की गई है। उपनिषद् में ब्रह्म के लिये रुद्र, ईशान, महेश्वर आदि शब्दों का प्रयोग किया गया है। ये ब्रह्म तत्त्व के विशेषण हैं। उपनिषद् में मृत्युंजय मंत्र के दार्शनिक पक्ष को ही केन्द्र में रखा गया है। उपनिषदों में वेदों में आये रुद्रवाचक शब्दों–भव, शर्व, ईशान्, महेश्वर, महादेव, त्र्यम्बक आदि को परिभाषित किया गया है। "उपनिषद् रुद्र को कर्मकाण्ड से स्वतन्त्र जगत् के सर्वोत्कृष्ट रूप में प्रस्तुत करता है।""औपनिषिदक रुद्र में योग, सांख्य, वेदान्त, ब्रह्मविद्या आदि के तत्त्व समाहित हैं।" रुद्र को पँच भूतों का आदिभूत कहा गया। त्रिगुणमयी (सत्, रजस, तमस्) तत्त्व अर्थात् माया को जगत् की

कारण शक्ति माना गया है। "रुद्र उस माया के अधिपति अथवा ईश हैं।" श्वेताश्वतरोपनिषद् में घोषणा की गई कि इस जगत् को एकमात्र रुद्र ही अपनी शक्ति से संचालित करते हैं। रुद्र ही जगत् के प्राणियों की सृष्टि करते हैं। रुद्र ही रक्षक एवं पोषक हैं और अन्त में प्रलय करते हैं। रुद्र ही सभी के अन्दर व्याप्त हैं।

एको हि रुद्रो न द्वितीयाय तस्थुः न य
इमाँल्लोकानीशत ईशनीभिः।
प्रत्यङ्.जनांस्ति, संचुकोचान्तकाले,
संसृज्य विश्वा भुवनानि गोपाः।। श्वेताश्वतरोपनिषत्।।

श्वेताश्वतरोपनिषद् में कहा है कि रुद्र ईश महान् और श्रेष्ठतम् परंब्रह्म है। रुद्र के ज्ञान से मनुष्य अमर हो जाता है (3.7)। यह वैदिक रुद्र का सर्वोच्च औपनिषिदिक उत्कर्ष है। उपनिषद् में यह भी स्पष्ट किया है कि रुद्र ही समस्त देवों की उत्पत्ति एवं अस्तित्व का कारण है। रुद्र से ही हिरण्यगर्भ एवं प्रजापति आदि उत्पन्न हुए (3.4)।

ततः परं ब्रह्मपरं बृहन्तं यथानिकायं सर्वभूतेषु गूढम्।
विश्वस्यैकं परिवेष्टितारमीशं तं ज्ञात्वा अमृता भवन्ति।।3.7।।
यो देवानां प्रभवश्चोद्भवश्च विश्वा धियो रुद्रो महर्षिः।
हिरण्यगर्भं जनयामास पूर्व स नो बुद्धया शुभया संयुनक्तु।।3.4।।

औपनिषिदिक एकादश रुद्र का आशय दश प्राण एवं आत्मा है। यह उल्लेखनीय है कि यजुर्वेद के रुद्रसूक्त में रुद्र का एक नाम अथवा विशेषण "गणपति" है। गणपत्योपनिषद् में रुद्र गणपति को ब्रह्म की संज्ञा दी गयी है। शरभोपनिषद् में रुद्र द्वारा नृसिंह रूपी विष्णु के वध का वृत्तान्त है। इसमें रुद्र न केवल विष्णु को पराजित करते हैं, अपितु वध करते हैं। यह पुनः रुद्र की अजेय शक्तियों की उत्कर्ष गाथा है। वेदानुसरण में उपनिषद् में भी रुद्र पर्वत और वन के अधिपति हैं। आश्वलायन गृह्यसूत्र, कौशिक सूत्र आदि में मानवों और पशुओं को व्याधि से रक्षा के लिये (रुद्र) यज्ञों के विधान का उल्लेख मिलता है।

वेद से उपनिषद् तक अर्थात् श्रुति में निरन्तर रुद्र के क्रोध प्रशमन के लिये प्रार्थना की गई है। यह अवश्य है कि वैदिक रुद्र का स्वरूप कुछ ब्राह्मण ग्रन्थों आदि से मेल नहीं खाता है। यह पुनः स्मरण रहे कि घोर रूप वाले रुद्र का सौम्य, सौख्यपरक, कल्याणमय, मंगलमय, अघोर स्वरूप भी है। यह ब्रह्मजिज्ञासु की दृष्टि है कि वह घोर अथवा अघोर किस रूप का अनुशीलन करता है? "वैदिक रुद्र स्वाध्याय से अनुभवगम्य है।" रुद्रविद्या पथ

में जगत् को विभूति–भष्म की तरह निःस्सार समझकर, जानकर चलना होता है। श्रुति में रुद्र के नैतिक उत्कर्ष के सभी वृत्तान्तों का संदेश है कि ''सत्य नैतिकता की स्थापना के लिये सम्बन्धों–माया–मोह–पद–स्वजन–परिजन का कोई अस्तित्व नहीं है।'' ''रुद्र दर्शन में मंगल–अमंगल, शत्रु–मित्र, पक्ष–विपक्ष, राजा– प्रजा, प्रतिष्ठा–अप्रतिष्ठा, समृद्धि–असमृद्धि, आभूषण–सर्प, सदाचारी–कदाचारी के प्रति समदृष्टि रखना मूलभूत विचार है।'' लोक अभ्युदय–कल्याण के लिये वैदिक रुद्र की तरह गरलपान (विषपान) करना होता है।

यह चर्चा निरर्थक है कि वैदिक माइथौलोजी में पश्चिमी श्री मैक्समूलर, श्री ए.ए. मैकडौनेल, श्री ए. वेबर, श्री ओ. श्रोडर, श्री एच. ओल्डबर्ग, श्री एच.एच. विल्सन आदि की रुद्र के बारे में क्या अवधारणा है? हम यहाँ पुनः दोहरा रहे हैं कि भारतीय अध्यात्म का सिद्धान्त है कि जैसी दृष्टि, वैसी ही सृष्टि। यही मूलभूत कारण रहा कि सर्वश्री– मैकडौनेल, वेबर, श्रोडर, विल्सन आदि ने रुद्र को आकाशस्थ विद्युत्, झंझावात के भीषण रव, मृतक आत्माओं का प्रधान, वायु के प्रबल वात की भाँति गतिशीलता, क्रूरतम, हिंसक, पर्वत–अरण्य देवता, लाल वर्णवाला, विनाशक देवता घोषित किया। उनके विचार में अग्नि अथवा इन्द्र का ही रूप रुद्र रहा। झंझावात एवं अग्नि के संयोग से रुद्र उत्पत्ति हुई। इसके ठीक विपरीत रुद्र शब्द की भारतीय मनीषा में व्याख्या पृथक् स्वरूप में है। साथ ही रुद्र शब्द के चार अक्षरों की अध्यात्मिक–दैविक–भौतिक व्याख्या भी वैदिक रुद्रानुरूप है। सारसंक्षेप में चारों वेदों में रुद्र सम्बन्धित ऋचाएँ पश्चिमी विद्वानों द्वारा रुद्र के बारे में रचे गये महामायाजाल को ध्वस्त करती हैं।।ऊँ।।

एकादश रुद्र : जगत् का आदि कारण

वैदिक विज्ञान के एकादश रुद्र के नामों का नव इन्द्रजाल आगम में सर्वत्र छाया है। यद्यपि ''वैदिक अध्यात्म में पँच कर्मेन्द्रियाँ, पँच ज्ञानेन्द्रियाँ और मन अथवा आत्मा एकादश रुद्र'' हैं। इन ''एकादश रुद्रों को साधना ही एकादशी'' है।

वेदोत्तर ग्रन्थों में एकादश रुद्रों में – हर रुद्र, बहुरूप, अपराजित रुद्र, वर्षाकपि, त्र्यम्बक, शम्भु, कपर्दी, रैवत, मृगव्याघ्र, शर्व, कपाली हैं। इनमें से अधिकांश वेद सम्मत हैं। "शिल्पशास्त्र" के एकादश रुद्र में – महादेव, शिव, शंकर, नीललोहित, ईशान्, भीम, कपालीश, देवदेव, मयोद्भाव, रुद्र नामों का उल्लेख मिलता है। "रूपमण्डल" में – तत्पुरुष, अघोर, ईशान, महादेव, सद्योजात, वामदेव, मृत्युंजय, श्रीकण्ठ, अहिर्बुध्न्य, बहुरूप, त्र्यम्बक एकादश रुद्र बताये गये हैं।

"अंशुमद्भेदागमा" के एकादश रुद्रों के नाम हैं : अज, एकपाद, अहिर्बुध्न्य, रैवत, हर, बहुरूप, त्र्यम्बक, सुरेश्वर, जयन्त। "शैवागम" में वर्णित एकादश रुद्र–शम्भु, गिरीश, स्थाणु, पिनाकी, भर्ग, सदाशिव, हर, शर्व, कपाली, भवादि हैं। उधर "भागवत" में – मन्यु, मनु, महिनस, महान्, शिव, ऋतध्वज, उग्ररेता, भव, काल, महादेव, धृतव्रत एकादश रुद्र हैं। महाभारत दानधर्म्म में एकादश रुद्र–अजः एकपाद, अहिर्बुध्न्य, पिनाकी, अपराजित, त्र्यम्बक, महेश्वर, वृषाकपि, शम्भु, हरणः, ईश्वर हैं।

मत्स्य पुराण में – अजैकपाद, अहिर्बुध्न्य, विरूपाक्ष, रैवत, हरण, बहुरूप, त्र्यम्बक, सुरेश्वर, पिनाकी, जयन्त आदि उल्लेखित हैं। "गरुड पुराण" में त्वष्टा आत्मज, विश्वरूपो महातपा आदि नये नाम एकादश रुद्रों में संलग्न किये गये। "सौर पुराण" और "वायु पुराण" में रुद्र को शिव, आत्मसंयमी, ऊर्ध्वरेता एवं ब्रह्मचारी कहा गया है। "सौर पुराण" में रुद्र को ज्ञानमयी शक्ति, परमशक्ति, मायिन महेश्वर की माया से सम्बोधित किया गया है। महाभारत में इन्हें (रुद्र) सांख्य, सांख्य उद्भव, सांख्यात्मा, मौलिक सांख्य के विशेषण से सुशोभित किया गया। "वायु पुराण" में शिव रुद्र को "नारायण" की उपाधि दी गई है।

"विष्णु पुराण" में रुद्र को नई उपाधि "पिनाकधृक" मिलती है। "लिंग पुराण" में रुद्र अथवा शिव स्वयंभू हैं, जो विश्व का सृजन, पालन एवं संहार करते हैं। "अग्निपुराण", "ब्रह्मपुराण" आदि में रुद्र रूपी शिव परमपुरुष–परमब्रह्म हैं। वे ही जगत् के आदि कारण एवं स्रष्टा हैं। वे अध्यात्म–दार्शनिकों के ब्रह्म हैं। वे ही शाश्वत हैं। आत्मा हैं। असीम हैं। यह अद्भुत है कि उपनिषदों, वेदान्त आदि में उनकी महिमा का गान– आदिपुरुष, परमसत्य, आत्मतत्त्व के रूप में किया गया है। वे अव्यक्त होते हुए भी व्यक्त (अदृश्य) रूप से जीवात्मा में हैं।

वैदिक रुद्रधर्म का नवनाम शैवधर्म–शैवमत भी एकेश्वरवादी है। केवल मात्र रुद्र के कल्याणमय स्वरूप शिव एक देव की उपासना प्रचलन में रही।

इस एकेश्वरवाद में किसी अन्य देवता से उनका ऐक्य सम्भव नहीं रहा। ''एकोऽहं न द्वितीय'' का भाव छाया रहा एवं है।

पुराण अनुशीलन से स्पष्ट होता है कि ''मत्स्य पुराण (261.23) में मूत्तियों के निर्माण के विस्तृत निर्देश मिलते हैं।'' यह वेद की मूल अवधारण के बिलकुल प्रतिकूल था। वेद में यह लगातार निर्देश है कि ''ब्रह्म की प्रतिमा नहीं हो सकती है।'' ब्रह्म की प्रतिमा तीनों लोकों से बृहद हो, अर्थात् ब्रह्म निराकार है।

''वेदान्त–गणित'' में रुद्र शब्द ''अंक प्रणाली'' है। ''आयुर्वेद'' में ''रुद्रजटा'' ओषधि है। ''ज्योतिष'' में बृहस्पति के साठ वर्षीय चक्र के चौवनवे वर्ष का उल्लेख है। ग्यारहवें वर्ष के पाँच वर्षों के नाम–पिंगल, कालयुव, सिद्धार्थ, रौद्र, दुर्मति हैं (ये सभी रुद्र के विशेषण हैं।)। ''नाट्यशास्त्र'' के रचनाकार भरतमुनि के पुत्र का नाम ''रुद्र'' रहा। नाट्यशास्त्र में रुद्र का रौद्र रस है।

वैदिक काल से प्रारम्भ ''रुद्र सम्प्रदाय'' को भक्तों में सर्वश्रेष्ठ माना गया है (वैसे प्रमुख रूप से रुद्र सम्प्रदाय, ब्रह्म सम्प्रदाय, हंस सम्प्रदाय एवं श्री सम्प्रदाय हैं।)। कुण्डलिनी जागरण में ताण्डव नर्तन–सृष्टि सृजन; स्थिति–संरक्षण; संहार–तिरोधन; माया; अनुग्रह–मुक्ति सौंपान है।ऊँ।।

शतपथ ब्राह्मण
अष्टमूर्त्ति रुद्र
अबादिसृष्टिः

प्रजापतिर्व्वाऽइदमग्रआसीत।
एक ऽएव सोऽकामयत स्यां प्रजायेयेति सोऽश्राम्यत्स तपोऽतप्यत तस्माच्छ्रान्तात्तेपानादोऽसृज्यन्त तस्मात्पुरुषा–त्तप्तादापो जायन्ते।।1।। आपोऽब्रुवन्। क्व व्वयं भवामेति तप्यध्वमित्यब्रवीत्ताऽअतप्यन्त ताः फेनमसृजन्त तस्मादपां तप्तानां फेनो जायते।।2।। फेनोऽब्रवीत्।क्वाहं भवानीति तप्यस्वेत्य ब्रीवत्सोऽतप्यत स मृदमसृजतैतद्वै फेनस्तप्यते य्यदप्स्वावेष्टमानः प्लवते स य्यदोपहन्यते मृदेव भवति।।3।। मृदब्रवीत्। क्वाहं भवानीति

तप्यस्वेत्यब्रवीत्साऽतप्यत सा सिकताऽअसृजतैतद्वै मृत्तप्यते य्यदेनां व्विकृषन्ति तस्माद्यद्यपि सुमात्र्स्नं व्विकृषन्ति सैकतमिवैव भवत्येतावन्तु तद्यत्क्वाहं भवानि क्वाहं भवानीति।।4।।

अर्द्धप्रपाठकः

सिकताभ्यः शवर्करामसृजत। तस्मात्सिकताः शर्क्करैवान्ततौ भवति शर्क्कराया ऽश्मानं तस्माच्छर्क्कराश्मैवान्ततौ भवत्यश्मनोऽयस्तस्मादश्मनोऽयो धमन्त्ययसो हिरण्यं तस्मादयो बहुध्मातं हिरण्यसंकाशमिवैव भवति।।5।। तद्यदसृज्यताक्षरत्। तद्यदक्षरत्तस्मादक्षरं य्यदष्टौ कृत्वोऽक्षरत्सैवाष्टाक्षरा गायत्र्यभवत्।।6।। अभूद्वाऽइयं प्रतिष्ठेति। तद्भूमिरभवत्तामप्रथयत्सा पृथिव्यभवत्सस्याम–प्रतिष्ठायां भूतानि च भूतानां च पतिः संवत्स– रायादीक्षन्त भूतानां पतिर्गृहपतिरासीदुषाः पत्नीः।।7।।

तद्यानि तानि भूतानि ऋतवस्तेऽथ यः स भूतानां पतिः संवत्सरः सोऽथ य्या सोषाः पत्न्यौषसी सा तानीमानि भूतानि च भूतानां च पतिः संवत्सरऽउषसि रेतोऽसिंचन्त्स संवत्सरे कुमारोऽजायत सोऽरोदीत्।।8।।

तं प्रजापतिरब्रवीत्। कुमार किं रोदिषि यच्छ्रमात्तपसोऽधि जातोऽसीति सोऽब्रवीदनपहतपाप्मा वाऽअस्म्यहितनामा नाम मे धेहीति तस्मात्पुत्रस्य जातस्य नाम कुर्यात्पाप्मानमेवास्य तदपहन्त्यपि द्वितीयमपि तृतीयमभि पूर्व्वमेवास्य तत्पाप्मानमपहन्ति।।9।।

तमब्रवीद्रुद्रोऽसीति। तद्यदस्य तन्नामाकरोदग्निस्तद्रूप–मभवदग्निर्व्वै रुद्रो यदरोदीत्तस्माद्रुद्रः सोऽब्रवीज्ज्याया–न्वाऽअतोऽस्मि धेह्येव मे नामेति।।10।। तमब्रवीत्सर्व्वोऽसीति। तद्यदस्य तन्नामाकरोदापस्तद्रूपमभवन्नापो वै सर्व्वोऽद्भयो हीदं सर्व्वं जायते सोऽब्रवीज्ज्यायान्वा ऽअतोऽस्मि धेह्येव मे नामेति।।11।। तमब्रवी–त्पशु–पतिरसीति तद्यदस्य तन्नामाकरोदोषध– यस्तद्रूपमभवन्नोषधयो वै पशुपति–स्मास्माद्यदा पशवऽओषधीर्लमन्तेऽथ पतीयन्ति सोऽब्रवीज्ज्यायान्वा ऽअतोऽस्मि धेह्येव मे नामेति।।12।। तमब्रवीदुग्रोऽसीति। तद्यदस्य तन्नामाकरोद्वायुस्तद्रू– पमभवद्वायुर्व्वाऽउग्रस्तस्माद्यदा बलवद्वात्युग्रो व्वातीत्याहुः सोऽब्रवीज्ज्यायान्वाऽअतोऽस्मि धेह्येव मे नामेति।।13।। तमब्रवीदशनि रसीति। तद्यदस्य तन्नामाकरोद्विद्युत्तद्रूपमभ–द्विद्युद्वा ऽअशनिस्तस्माद्यं विद्युद्धन्त्यशनिरवधी दित्याहः सोऽब्रवीज्ज्यायान्वाऽअतोऽस्मि धेह्येव मे नामेति।।14।। तमब्रवीद्भवोऽसीति। तद्यस्य तन्नामाकरोत्पर्ज्जन्यस्त– द्रूपमभवत्पर्ज्जन्यो वै भवः पर्ज्जन्याद्धीदं सर्व्वं भवति सोऽब्रवीज्ज्यायान्वाऽअतोऽस्मि धेह्येव मे नामेति।।15।। तमब्रवीन्महान्देवोऽसीति। तद्यदस्य तन्नामाकरो– च्चन्द्रमास्तद्रूपमभवत्प्रजापंतिर्व्वै चन्द्रमाः प्रजापतिर्व्वै महान्देवः सोऽब्रवीज्ज्यायान्वाऽअतोऽस्मि धह्येव मे

नामेति।।16।। तमब्रवीदीशानोऽसीति। तद्यस्य तन्नामाकरोदादित्यस्तद्रू–पमभवदादित्यो वाऽईशान ऽआदित्यो ह्यस्य सर्व्वस्येष्टे सोऽब्रवीदेतावान्वाऽअस्मि मामेतः परो नाम धाऽइति।।17।। तान्येतान्यष्टावग्निरूपणि। कुमारो नवमः सैवाग्नेस्त्रिवृत्ता।।18।। य्यद्वेवाष्टावग्निरूपाणि। अष्टाक्षर गायत्री तस्मादाहुर्ग्गायत्रोग्निरिति सोऽयं रूपाण्यनुप्रावि–शन्न वाऽअग्निं कुमारप्रिय पश्यन्त्येतान्येवास्य रूपाणि पश्यन्त्येतानि हि रूपाण्यनुप्राविशत्।।19।।।6.13. 1–19।। शतपथ ब्राह्मण, प्रथम पाठ का तृतीयं ब्राह्मणम्।।

अथर्ववेद के सप्त मूर्त्ति रुद्र से शतपथ ब्राह्मण के अष्ट मूर्त्ति रुद्र

अथर्ववेद के सूक्त में "रुद्र की सप्तमूर्त्ति" की व्याख्या की गई है। शतपथ ब्राह्मण शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिनी और काण्व शाखाओं का ब्राह्मण ग्रन्थ है। इसमें "शत अध्याय" होने से इसका नामकरण "शतपथ" पड़ा। इसमें बारह सहस्र ऋचाएँ, आठ सहस्र यजुष् एवं चार सहस्र साम प्रयुक्त हैं। इसके तीन प्रमाणिक भाष्यकार–आचार्य सायण, हरिस्वामी एवं कवीन्द्र सरस्वती हैं। शतपथ ब्राह्मण के प्रथम पाठ के तृतीय ब्राह्मण में प्रजापति द्वारा पृथिवी संरचना प्रक्रिया का वर्णन बहुत ही अद्भुत है। शतपथ ब्राह्मण में कहा है कि पृथिवी अग्निगर्भा है : "अग्निगर्भा पृथिवी।।" 14.9.4.21।। प्रजापति ने श्रान्त और तप करते हुए नौ सृष्टियाँ उत्पन्न की : 1. फेन को उत्पन्न किया। ..... प्रजापति ने श्रान्त और तप करते हुए – 2. मत्, 3. शुष्कापम्, 4. ऊष, 5. सिकता, 6. शर्करा, 7. अश्मा, 8. अयः और 9. ओषधि–वनस्पति को उत्पन्न किया। "स श्रान्तस्तेपान फेनमसृजत। .... स श्रान्तस्तेपानो मृदं शुष्कापमूष सिकतं शर्कराम् अश्मानम् अयो हिरण्यम् ओषधि–वनस्पति–असृजत। तेनेमां पृथिवीं प्राच्छादयत।।13।। ता वा एता नव सृष्टयः।।14।। शतपथ ब्राह्मण 1.1. 1।।

शतपथ ब्राह्मण में फेन सृजन (6.1.3.2), मृत् मिट्टी (6.1.3.3), पशव ऊषा (7.1.1.6), सिकता (6.1.3.4), शर्करा (6.1.3.5), अश्मा (6.1.3.3), अयः एवं हिरण्यम्, ओषधि वनस्पति (2.2.4.3) आदि सृजन का सविस्तार वर्णन मिलता है। शतपथ ब्राह्मण के प्रथम पाठ के तृतीय ब्राह्मण (6.1.3.1–19) में प्रजापति के समक्ष जीव प्रकट होने और उसका रुदन एवं नाम चाहने का चित्रलिखित करनेवाला रूपक है। पहिले उसका नाम "रुद्र" दिया। बाद में उसे क्रमशः "शर्व, पशुपति, उग्र, अशनि, भव, महादेव और ईशान नाम दिया गया।"

इस प्रकार शुक्ल यजुर्वेद (माध्यन्दिनी शाखा) के शतपथ ब्राह्मण में "अष्टमूर्त्ति रुद्र–रुद्र, शर्व, पशुपति, उग्र, अशनि, भव, महादेव और ईशान" कहलाये। इसी आधार पर अष्टरुद्र–पाँच महाभूत (आकाश, वायु, अग्नि–तेज, आपः–जल, पृथिवी); प्राण, अपान (सूर्य एवं चन्द्र) और मन प्रतिपादित हुए।

कौशीतकी ब्राह्मण में भी अष्टमूर्त्ति रुद्र का उल्लेख है। "यद् भव आपस तेन। यत् सर्वो अग्निः तेज। यत् पशु पतिर वायु तेन। यद् अग्नो देव ओषधयो वनस्पति तेन। यं महं देवा आदित्यस तेन। यद् रुद्रश्च चन्द्रमास तेन। यद् ईशानो अन्त तेन।।"

वेदोत्तर काल में, अर्थात् आगम में वेद के शास्ता रुद्र का शिव के रूप में रूपान्तरण किया गया। महातेजोग्र रुद्र के अवतार श्री शरभ के आठ चरण कहे गये हैं। श्री शरभ भी अष्टमूर्ति रुद्र है। वहीं आगम में शिव की अष्टमूर्त्ति – 1. शर्व–क्षितिमूर्त्ति, 2. भव–जलमूर्त्ति, 3. रुद्र–अग्निमूर्त्ति, 4. उग्र–वायुमूर्त्ति, 5. भीम–आकाशमूर्त्ति, 6. पशुपति– यजमानमूर्त्ति, 7. महादेव–चन्द्रमूर्त्ति और 8. ईशान–सूर्यमूर्त्ति हैं (अग्नि, सूर्य, चन्द्रमा, भूमि, जल, वायु, आकाश एवं यजमान आठ महादेव मूर्त्तियाँ हैं।)। यानी आगम में अथर्ववेद की सप्तमूर्त्ति रुद्र और शतपथ ब्राह्मण के अष्टमूर्त्ति रुद्र को नई साजसज्जा में प्रस्तुत किया गया। आगम में वेद एवं शतपथ ब्राह्मण के तत्त्व को यथावत ही रखा गया है।।ऊँ।।

शतपथ ब्राह्मण :

रुद्र सर्वोच्च नैतिक उत्कर्ष पातकी प्रजापति वध

चतुर्वेद के परमेष्ठी रुद्र का "सर्वोच्च नैतिक उत्कर्ष पातकी प्रजापति वध" प्रसंग है। ऋग्वेद से अथर्ववेद में कहा गया है कि रुद्र ने प्रजापति को सृष्टि रचना के लिये उत्पन्न किया। अर्थात् रुद्र के पुत्र प्रजापति हैं। इसके ठीक विपरीत शतपथ ब्राह्मण में प्रजापति से रुद्र की उत्पत्ति हुई अर्थात् प्रजापति को रुद्र का पिता कहा गया है। दोनों आख्यानों में रुद्र के पुत्र अथवा पिता प्रजापति हैं। प्रजापति द्वारा कामवासना (मैथुन) के लिये अपनी

दुहिता–पुत्री के पास जाना "घोर पातकी" प्रसंग है। वैदिक देवों में किसी की सामर्थ्य नहीं था कि वे पातकी कर्म करनेवाली प्रजापति को उनके दुःसाहस एवं पातकी कर्म के लिये दण्ड दें। इस विकटतम महासंकट में रुद्र नैतिक मर्यादा के नियम पालनार्थ प्रजापति को असाधारण अभूतपूर्व मृत्युदण्ड देते हैं। पिता के रूप में रुद्र द्वारा अपने ही घोर अनैतिक पापकर्म में रत पुत्र प्रजापति का वध दृष्टान्त सर्वोच्च नैतिक उत्कर्ष है। वेद में इस दृष्टान्त के माध्यम से सभी देवताओं को सन्देश है कि नैतिक लक्ष्मणरेखा उल्लंघन का अर्थ मृत्यु है (यही नैतिक सन्देश लोक के लिये है।)।

सत्यपालक, उदात्त, सर्वव्यापी रुद्र पातकी प्रजापति के वध से वैदिक देवों के "शास्ता" कहलाये। इस दृष्टान्त के बाद कभी भी किसी भी वैदिक देव ने नैतिक नियमों का उल्लंघन करने का विचार तक नहीं किया। इस प्रकार वैदिक रुद्र न्याय के देव के नवातार में प्रस्तुत हुए। वेद में बृहस्पति भी प्रायश्चित को विवश हुए। आगम में भी रुद्र द्वारा प्रजापति अथवा दक्षराज प्रजापति या ब्रह्मा को मृत्यु दण्ड देने का रूपक मिलता है। आगम में रुद्र यमराज एवं कामदेव मन्मथ तक का वध करते हैं। इतना ही नहीं उग्र नृसिंह अवतार का संहार रुद्र के तेजोग्रावतार शरभ करते हैं। इस प्रकार आगम में भी रुद्र नृसिंह, यमराज, कामदेव, दक्षराज प्रजापति, ब्रह्मा, रुद्राणी के मानस पुत्र गणेश आदि का वध करते हैं। आगम में यही रुद्र का सर्वोच्च नैतिक उत्कर्ष है।

शतपथ ब्राह्मण के सप्तम अध्याय के चतुर्थ ब्राह्मण में प्रजापति वध प्रसंग है।

प्रजापतिर्ह वै स्वां दुहितरमभिदध्यो।
दिवं वोषसं वा मिथुन्येनया स्यामिति तां सम्बभूव।।1।।
तद्वै देवानामाग ऽआस।
य ऽइत्थं दुहितरमस्माकं स्वसारं करोतीति।।2।।
ते ह देवा ऊचुः।
योऽयं देवः पशूनामीष्टेऽतिसन्धं वा ऽअयं चरति
य ऽइत्थं स्वां दुहितरमस्माकं स्वसारं करोति
व्विध्येमतिति तं रुद्रोऽभ्यायत्य व्विव्याध
तस्य सामि रेतः प्रचस्कन्द तथेन्नूनं तदास।।3।।
तस्मादेतदृषिणाभ्यनूक्तम।
पिता यत् स्वा दुहितरम–धिष्कन् क्ष्मया रेतः
संजग्मानो निषिंचदिति तदाग्निमारुतमित्युक्थं...।।4।।

प्रजापति अपनी पुत्री उषस् अथवा सरस्वती पर मोहित हो गया। प्रजापति की इच्छा पुत्री से मैथुन (सहवास) की हुई। प्रजापति ने अपनी दुहिता से मैथुन का घोर पातकी प्रसंग किया।।1।।इसे देखकर देवों को घोरतम अपराध हुआ कि प्रजापति–पिता अपनी ही सुपुत्री और हमारी बहिन के साथ निकृष्ट कर्म करता है।।2।।

देवों ने पशुओं के अधिष्ठाता पशुपति रुद्र को देखा। उन्हें विश्वास हुआ कि पशुपति ही प्रजापति को दण्ड देने में सक्षम है। देवों ने पशुपति देव रुद्र से कहा : "यह (प्रजापति) नैतिक मर्यादा का अतिक्रमण कर रहा है। यह हमारी बहिन एवं अपनी पुत्री के साथ घोर पातकी कर्म (मैथुन) करता है। अतः हे पशुपति! इसको बाणों से बींध दो।"

पशुपति रुद्र ने अपने पिनाकी धनुष्य की प्रत्यंचा खींचकर महातेज युक्त बाण से प्रजापति को बींध दिया।।2, 3।। ऐतरेय ब्राह्मण एवं शतपथ ब्राह्मण के दृष्टान्त के अन्तिम भाग में कुछ अन्तर है।

ऋग्वेद के दशम मण्डल के इकसठवें सूक्त की सातवीं ऋचा में पिता (प्रजापति) द्वारा अपनी कन्या उषा से संगत का उल्लेख मिलता है।

पिता यत् स्वां दुहितरमधिष्कन् क्ष्मया रेतः
संजग्मानो नि षिंचत्।।ऋग्वेद 10.61.7।।ऊँ।।

रुद्र : अध्यात्मिक दार्शनिक "समभाव"

उनतालीस लाख वर्ष पहिले जम्बूद्वीप के भारतवर्ष के दृषद्वती एवं सरस्वती महानदों के मध्य सृजित अथवा देववाणी अपोरुषेय ऋग्वेद के सर्वाधिक अध्यात्मिक रहस्यपूर्ण देवता रुद्र हैं। आदिगुरु रुद्र का अध्यात्मिक दार्शनिक पक्ष सर्वोत्कृष्ट "समभाव" का है। वैदिक ऋचाओं के अनुसार ब्रह्माण्डों की संरचना से पहिले आदिभूत आदितत्त्व रुद्र विद्यमान रहे। वैदिक ऋचा में स्पष्ट किया है कि रुद्र सृष्टि रचना के लिये महाप्रकृति को क्रियाशील कर स्वयं निर्लिप्त रहते हैं। एक अन्य वैदिक ऋचा के अनुसार माया के अधिष्ठाता मायिक रुद्र सृष्टि रचना के लिए प्रजापति को प्रगट करते हैं। सभी वैदिक ऋचाओं का सार है कि रुद्र देवता सर्वज्ञ, सर्वव्यापक, सर्वसामर्थ्यवान्, महाप्रज्ञावान, अक्षय अखण्ड चेतना ऊर्जा के स्वामी, अव्यक्त

आदि हैं। रुद्र असुर देवता, दैत्य, मनुष्य अथवा प्राणिमात्र आदि को समभाव से देखते हैं।

वैदिक रुद्र ऋत (सृष्टि नियम, शाश्वत नियम, स्थिर एवं निश्चित नियम, दिव्य नियम), सत्य नैतिक आचरण संहिता के पालक हैं। ये नियम देवता, दैत्य, प्राणिमात्र के लिये अलंघनीय हैं। रुद्र इनके पालन में चूक के लिये वैदिक देवताओं से लेकर मरणधर्मा प्राणिमात्र के "अनृत" को दण्ड देने में कोई विलम्ब नहीं करते हैं। रुद्र के दर्शन एवं अध्यात्म को जन–जन तक पहुँचाने का भागीरथी कार्य–महामुनि दुर्वासा, नवनाथों में प्रमुख दत्तात्रेय स्वामी, महर्षि वसिष्ठ, मुनिश्रेष्ठ याज्ञवल्क्य, मुनिवर अगस्त्य, महर्षि परशुराम, यक्षराज पुष्पदन्त, महर्षि उपमन्यु, लंकेश्वर दशानन दशकन्धर रावण अथवा वेदज्ञ महर्षि रावण, आचार्य शंकर, आचार्य विष्णुगुप्त कौटल्य चाणक्य आदि ने किया।

चतुर्वेदों के महापण्डित लंकेश्वर रावण ने रुद्र अर्चना में "ताण्डव स्तोत्रम्" की रचना की। रावणकृत ताण्डव स्तोत्रम् में "रुद्र के समभाव" के अध्यात्मिक दर्शन को प्रस्तुत किया है।

दृषद्विचित्र तल्पयोर्भुजंग मौक्तिकस्रजो
गरिष्ठरत्नलोष्ठयोः सुहृद् विपक्ष पक्षयोः।
तुणारविन्द चक्षुषोः प्रजामही महेन्द्रयोः
समं प्रवर्तयन् मनः कदा सदाशिवं भजे।।12।।

इस दिव्य गीत में महापण्डित रावण ने महारुद्र शिवे से चाहा है कि उसका – राजप्रसाद की शय्या एवं प्रस्तर खण्ड, महल एवं झोपड़, चमकती मोतियों की माला एवं सर्प की आँख, बहुमूल्य रत्न एवं कंकड़, शत्रु एवं मित्र, चक्रवर्ती सम्राट एवं आमजन आदि में समान भाव कब होगा? अर्थात् विषमतम और अनुकूलतम दोनों ही अवस्थाओं में समान भाव कब होगा? उसे समभाव के माध्यम से रुद्र के कल्याणकारी स्वरूप दर्शन का सौभाग्य कब प्राप्त होगा? वेदज्ञ रावण ने इस स्तोत्र में अनुकूल–घोर प्रतिकूल सभी परिस्थितियों में रुद्र शिव की भाँति समभाव का अनुग्रह चाहा है। स्मरण रहे कि वैदिक रुद्र ने ऋग्वेद में ही असत्य के मार्ग पर चलनेवाले अपने पुत्र प्रजापति का दण्ड स्वरूप वध किया। रुद्र ने केशी के साथ विषपान किया। असुरों के त्रिपुरों को ध्वस्त किया। यजर्वुेद के रुद्रसूक्त में रुद्र स्वयं को छल कर्त्ताओं, धोखेबाजों, लुटेरे, चोर, दस्यु, व्यभिचारी आदि दुष्कर्मकर्त्ताओं का अधिपति कहते हैं। इसका अध्यात्मिक अर्थ यह है कि परमेष्ठी अथवा परमब्रह्म रुद्र समस्त प्राणिमात्र– सदकर्मकर्त्ताओं, दुष्कर्मकर्त्ताओं में समान रूप से विद्यमान हैं। महापण्डित "रावण ने परमेष्ठी रुद्र से भौतिक एषणाओं के स्थान पर सर्वोच्च

अध्यात्मिक समभाव प्रदान करने की विनती'' की है। यह बहुत ही दुःखद है कि रावण के समभाव के दर्शन के विपरीत फलश्रुति नत्थी की गई : ''जो भक्त सायंकाल प्रदोष काल में शम्भु पूजन समापन पर रावणकृत दश गीतों के इस स्तोत्र का श्रद्धान्वित होकर पाठ करता है, उन्हें शम्भु के अनुग्रह से लक्ष्मी, रथ, हाथी, घोड़ों से युक्त सुन्दर सम्पत्ति आदि प्राप्त होती है। इसमें कोई संशय नहीं है।।17।।''

पूजाऽवसानसमये दशवक्त्रगीतं
यः शम्भुपूजनमिदं पठति प्रदोषे।
तस्य स्थिरां रथ गजेन्द्र तुरंगयुक्तां
लक्ष्मीं सदैव सुमुखीं प्रददाति शम्भुः।।17।।

लंकेश्वर रावण कृत'' ताण्डव स्तोत्रम् में यह प्रक्षिप्त'' है। यह पुनः उल्लेखनीय है कि लंकेश्वर ने समान भाव प्रदान करने की विनती की है। जयपुर के राजगुरु रहे पण्डित विद्यानाथ ओझा ने ताण्डव स्तोत्र के सत्रहवें पद को सम्मिलित करने पर आपत्ति की। तंत्रज्ञों के अनुसार ''रावणकृत शिवताण्डव स्तोत्रतम् के अन्त में इस फलश्रुति का पाठ करनेवालों में से अधिकांश रुद्र के कोपभाजन बनकर विक्षिप्त हो जाते हैं।'' सारसंक्षेप में रावणकृत ताण्डव स्तोत्रम् का पाठ ''निष्काम'' करना चाहिये।

ऋग्वेद के भाष्य में दशानन रावण ने रुद्र के दार्शनिक पक्ष को ही प्रस्तुत किया है। ऋग्वेद के दशम मण्डल के एक सौ चौदहवें सूक्त की तीसरी ऋचा के भाष्य में महापण्डित रावण ने अपनी दार्शनिक पहचान अंकित की है। ''चार कपर्द—उत्कर्षों वाली पहिले वर्णित माया है। उन उत्कर्षों का वर्णन करते हैं : ''सदैव तरुण (युवॉ), कभी भी वृद्धता को प्राप्त नहीं होता है।'' यह एक उत्कर्ष है। भली प्रकार पेशल—कुशल—अघटित को भी घटित करने में कुशल है। यह भी कहा गया है : ''जैसे स्वप्न में एक मूहुर्त में भी सैकड़ों वर्षों का भ्रम हो जाता है, वैसे जागते हुए को यह माया का विलास रूप भ्रम हो जाता है।'' यह दूसरा उत्कर्ष है। (घृत प्रतीक) घी के समान मधुर प्रारम्भ वाली अर्थात् परिणाम में विषतुल्य है। यह तीसरा उत्कर्ष है। ''ज्ञानों को आच्छादित कर लेती है। क्योंकि उससे विपरीत स्वभाववाली है।'' जब चार उत्कर्षों वाली माया ही है, तब परमेश्वर की प्रसिद्धि कैसे है, यह बताते हैं। ''उस ऊपर वर्णित माया में शोभन पतन वाले जीव और परमेश्वर दो पक्षियों के समान सत् एवं असत् फल के वर्षक बैठे हैं। यह कहाँ से पता चला यह स्पष्ट करते हैं। जहाँ अर्थों के प्रकाश के सामर्थ्य को द्योतित करते हैं, अर्थों को प्रकट करते हैं। वे आँख आदि इन्द्रियाँ धारण किये हुए हैं। इस

ज्ञान को छिपा देनेवाली माया के पास से ब्रह्म की विलक्षणता प्रगट हुई है।।" ऋग्वेद 10.114.3।। रावणभाष्यम्: डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता।।

चतुष्कपर्दा युवतिः सुपेशा घृतप्रतीका वयुनानि वस्ते।
तस्यां सुपर्णा वृषणा नि षेदतुर्यत्र देवा दघिरे भागधेयम्।।
।।ऋग्वेद 10.114.3।।

त्रिविष्टपम् भूस्वर्ग कैलास में सीधे रुद्र से "रुद्ररहस्य" प्राप्त करनेवाले महामुनि दुर्वासा रहे। महामुनि दुर्वासा वेदोत्तर काल में काल प्रवर्त्तक रहे। ऋषियुग में महामुनि दुर्वासा ने भगवान नारायण (देव सम्राट वरुण) की दिव्य माला का इन्द्र देवता द्वारा अपमान करने पर त्रिलोक को श्रीविहीन किया। परिणामतः देवता एवं दानवों को मिलकर समुद्र मंथन करना पड़ा। त्रेतायुग में महारुद्र ने दुर्वासा को अयोध्या के राजा श्री रामचन्द्र को अवतार का निमित्त समापन पर स्वरूप में लौटने का संदेश देने का निर्देश दिया। महामुनि दुर्वासा अयोध्या के महल में गये और परिणामस्वरूप राजकुमार लक्ष्मण को श्री रामचन्द्र ने त्यागा और राजकुमार लक्ष्मण ने सरयू में जल समाधि ली। द्वापरयुग में एकबार फिर महामुनि दुर्वासा कुरुक्षेत्र महासमर समापन पर द्वारकाधीश श्री कृष्ण को अवतार का निमित्त समापन कहने पहुँचे। उन्होंने श्री कृष्ण के वंशजों को मसूल से लड़कर समापन का शाप दिया। अर्थात् तीनों युगों में युग प्रवर्त्तक की अहम् भूमिका का निर्वहन महामुनि दुर्वासा ने किया। महामुनि दुर्वासा ने 18 अक्षरों का श्रीविद्या का महामन्त्र दिया। उन्होंने "परशंभुमहिम्नस्तव" की अमर रचना की। इसके अलावा "आर्या द्विशती", "ललितास्तवरत्नम्" आदि कालजयी रचना भी की। परशंभुमहिम्नस्त्व के एकादशं प्रकरणम् में महामुनिदुर्वासा ने कहा है :

का पूजा पूजकः कः शिवगुरुरिति कः को विधिः कश्च मन्त्रः
किं पीठं किं प्रसूनं किममलसलिलं केऽत्र सर्वोपचाराः।
निर्द्वंद्वस्यात्मनस्ते द्वयमिति रचितं सर्वमेतत्कथं स्या–
त्संतोषार्थे महेश त्रिकरण विमलज्ञानपूजाप्रसन्नाः।।
।।परशंभुमहिम्नस्तव 11.1।।

यक्षराजा पुष्पदंत द्वारा रचित महिम्न स्तोत्रम् रुद्र की मानसिक उपासना है। इस रचना की पृष्ठभूमि चकित करती है। यक्षराज पुष्पदंत कैलास महापर्वत पर रुद्राराधना के लिये प्रतिदिन विश्वानाथपुरी काशी के उद्यान से अदृश्य होकर पुष्प ले जाते रहे। काशी नरेश ने विश्वनाथ बाबा से अदृश्य चोर द्वारा पुष्प ले जाने को रोकने का अनुरोध किया। परिणामतः साक्षात विश्वनाथ उद्यान की रक्षा में खड़े हुए। बाबा विश्वनाथ के सामने

अदृश्य होकर भी यक्षराज पुष्पदंत पुष्प नहीं तोड़ सकते थे। इस महाविकट संकट में यक्षराज पुष्पदंत ने रुद्र की अन्तःकरण में उपासना का महामार्ग चुना। इसमें मिट्टी–पत्थर–धातु के रुद्र लिंग, पवित्र मानस सरोवर जल, श्रीपत्र, अष्टगंध, दीपक, नैवेद्य, धूप आदि की कोई आवश्यकता नहीं है। यक्षराज पुष्पदंत ने इसमें कहा है : "हे रुद्र! हे शिव! जिस प्रकार भिन्न–भिन्न मार्गों में सहज एवं वक्र गति से प्रवाहित नदियों का जल एकमात्र समुद्र में ही स्थान पाता है। उसी प्रकार वेदत्रयी, सांख्य, योगशास्त्र, रुद्रमत, वैष्णव मत आदि भिन्न–भिन्न मार्ग हैं। सभी अपनी–अपनी रुचि अनुसार अपने अध्यात्मिक मार्ग को श्रेष्ठतम घोषित करते हैं। उन सरल अथवा जटिल मार्गों के अनुसरणकारी मनुष्य द्वारा एकमात्र आप ही प्राप्तव्य हैं।।"7।।

त्रयी साङ्.ख्यं योगः पशुपतिमतं वैष्णवमिति
प्रभिन्ने प्रस्थाने परमिदमदः पश्यमिति च।
रुचीनां वैचित्र्यादृजु कुटिल नानापथजुषां
नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव।।7।।

।।पुष्पदंतकृत शिवमहिप्न स्तोत्रम्।।

इसी श्रृंखला में त्रेतायुग की "शिवगीता" है। शिवगीता में परमरुद्र उपासक महर्षि अगस्त्य श्री रामचन्द्र को दिव्यास्त्र प्राप्ति के लिए "शिवसहस्रनाम" का गुह्य स्तोत्र प्रदान करते हैं। यह प्रश्न आमतौर पर उठता है कि क्या रुद्र शिव उपासना तीर्थ विशेष में जाकर, विशेष आसन आदि में करनी चाहिये? क्या रुद्रोपासना में लिंग, पँचगव्य, गंगाजल, श्रीपत्र, रक्त चन्दन, दीपक, धूप, पुष्पादि आवश्यक हैं? शिवगीता में स्वयं रुद्र शिव श्री रामचन्द्र से कहते हैं : "किसी (तीर्थ) क्षेत्रादि में जाने का विचार नहीं करें। साथ ही कोई योगमुद्रा आवश्यक नहीं है। जहाँ जिस मुद्रा में चित्त शान्त एवं प्रसन्न हो, वहाँ मेरा स्मरण कर।" अर्थात् शिव महिम्न स्तोत्र के अनुसरण में शिवगीता रुद्र की मानस पूजा का निर्देश दे रही है।

मन्त्रद्रष्टा महर्षि वसिष्ठ ने अपने पुत्र शक्ति मुनि की मृत्यु पर "दारिद्रय दहन शिवस्तोत्रम्" की रचना की। यह भी महर्षि वसिष्ठ की आर्तभाव से रुद्र स्तुति है। बत्तीस हजार श्लोक वाले "योग वासिष्ठ" में महर्षि वसिष्ठ ने श्री रामचन्द्र को समभाव का दार्शनिक उपदेश दिया। महर्षि वसिष्ठ ने पृथिवीपुत्र भोमासुर–नरकासुर के कारण "कामख्या देवी" को शक्तिहीन–तेजहीन होने का शाप दिया। महर्षि वसिष्ठ श्रीविद्या प्राप्ति के लिये श्री महाविष्णु अर्थात् रुद्र की शरण में महाचीन– त्रिविष्टपम्–तिब्बत–कैलास क्षेत्र गये। महर्षि वसिष्ठ ने ऋग्वेद की ऋषिका की ऋचा को दोहराते हुए

योग वासिष्ठ में कहा है : "प्रत्येक व्यक्ति मनवांक्षित भाग्य स्वयं लिख सकता है, शुभ कर्मों से।" उनके अनुसार "जिन्होंने आशा को दासी बना लिया है, तीनों लोक उनके दास हैं।" अर्थात् समभाव प्राप्त करें।

मन्त्रद्रष्टा ऋषिवर अत्रि के पुत्र नवनाथों में प्रथम दत्तात्रेय स्वामी हैं। दत्तात्रेय स्वामी ने चौबीस गुरु बनाये। इनमें से एक "गणिका" रही। गणिका से स्वामी दत्तात्रेय ने समभाव की शिक्षा ली। आर्ष ग्रन्थों के अनुसार एक समय श्री केदारनाथ की दत्तात्रेय गुफा से ज्ञानगंज सिद्धाश्रम एवं रुद्रालय कैलास का गुप्त मार्ग रहा (स्रोत : श्री राम ठाकुर)। यह मान्यता है कि दत्तात्रेय गुफा द्वार से आचार्य शंकर अदृश्य हुए। गुप्तज्ञान संहिता में ब्रह्मविद सुश्री हेलना पी. ब्लैवेत्सकी ने रहस्योद्घाटन किया कि (हजारों वर्षों से) आचार्य शंकर रुद्रपुरी कैलास की गुहा में साधनारत हैं। आचार्य शंकर ने अद्वैत के वैदिक विचार की सिंहगर्जना की। उन्होंने केनोपनिषत् के भाष्य में देवताओं के गर्वहरण करनेवाले "यक्ष" और "हैमवती" देवी के रहस्य को उद्घाटित किया। अध्यात्मिक रूप से सहस्रार–ब्रह्मरन्ध्र स्थित परमेष्ठी रुद्र हैं। मूलाधार से कुण्डलिनी जागरण से रुद्र रुद्राणी मिलन होता है। परन्तु ये "भौतिक रुद्र रुद्राणी नहीं हैं।" उन्होंने "चर्पट मंजरी" स्तोत्र में अपरोक्ष रूप से समभाव को प्रतिपादित किया।

कैलास में रुद्रोपासना कर्त्ताओं में श्रीविद्या के महान आचार्य परशुराम का नाम अग्रिम पंक्ति में है। उस समय कैलास के समीप ब्रह्मपुत्र महानद का उदगम रहा। ब्रह्मपुत्र महाचीन को चीरती चीन की ओर प्रवाहित रही। आद्यशक्ति कामख्या में जल का महासंकट था। कैलासपति रुद्र ने महर्षि परशुराम से चीन से लेकर अरुणाचल, असम के पर्वतों को काटकर ब्रह्मपुत्र को असम, बंगप्रदेश ले जाने का आदेश दिया। यह परशुराम की विलक्षण अभियान्त्रिकी और दैव्य प्रौद्योगिकी का चमत्कार है कि ब्रह्मपुत्र कामख्या के समीप पधारी। महर्षि परशुराम ने इक्कीस बार राजाओं का संहार कर शासन आमजन को सौंपा।

तेइस सौ वर्ष पूर्व तक्षशिला विश्वविद्यालय के आचार्य विष्णुगुप्त कौटल्य चाणक्य ने नया इतिहास रचा। महान आचार्य चाणक्य के सूत्रों में समभाव का अन्तर्निहित सन्देश है। चीनी यात्री फाह्यान ने लिखा है कि मगध साम्राज्य का सर्वशक्तिमान प्रधानमंत्री (महामन्त्री) वन में एक सामान्य कुटिया में रहता है। जम्बूद्वीप भारतवर्ष के बृहदतम मगध साम्राज्य को रूपाकार देनेवाले आचार्य चाणक्य ने कभी राजमहल में निवास नहीं किया। उनके "जीवनवृत्त का उल्लेख उनकी नौ कृतियों में कहीं नहीं" है। स्वाध्याय मण्डल

द्वारा सन् 1946 में प्रकाशित चाणक्यसूत्राणि में प्रकाशित चाणक्य वृत सबसे अधिकारिक माना गया है। पूर्व प्रधानमन्त्री पी.वी. नरसिम्हा राव ईसा पूर्व द्वितीय सदी के सम्राट पुष्यमित्र शुंग, भारद्वाज गोत्र को चाणक्य वंशज मानते थे। सम्राट पुष्यमित्र ने मगध साम्राज्य में बौद्ध धर्मादि का वर्चस्व समाप्त कर वैदिक धर्म की स्थापना की। उन्होंने यूनानी हमलावर सेनापति मिलन्दर को गन्धार तक खदेड़कर संधि की। सेनानी पुष्यमित्र भी स्वयं को चाणक्य वंशज मानते रहे। शुंग वंश ने लगभग 160 वर्ष से अधिक शासन किया। शुंग काल वैदिक रुद्र उपासना का स्वर्ण काल रहा।

वैदिक युग से रुद्रमत अनुयायियों ने निर्गुण, निरंजन, निष्काम कर्म, समभाव, लोकमंगल अर्थात् ''श्रेय'' के मार्ग को चुना। उन्होंने ''प्रेय, लोक एषणा को त्यागा''। इसका ज्वलन्त उदाहरण सातवीं सदी तक संस्कृत वांगमय के पहरुओं ने कालजयी रचनाओं में काल और स्वयं का परिचय तक लिखना उचित नहीं समझना है। रुद्रमत वालों के लिये उपनिषत् का ''प्रतिष्ठा सूकरी विष्टा'' वाक्य आदर्श प्रतिमान रहा और है। वैदिक धर्म के अध्यात्म, दर्शन के ब्रह्मविद सैकड़ों–हजारों वर्षों से एक ही ऋषि के नाम से आर्ष ग्रन्थों की रचना करते रहे। परमपवित्र कैलास के हिमनदों में वैदिक सप्त ऋषियों के गुह्य सिद्धाश्रमों में वैदिक विद्याओं की शिक्षा–दीक्षा (निःशुल्क) दी जा रही है। ब्रह्मविद और वैदिक ऋषि नाम वाले महातपाओं के लिये श्रेय अर्थहीन है। ये गुह्य सिद्धाश्रम वेदविद्या के पहरुवे हैं। यह रुद्रमत का सर्वोच्च दार्शनिक उत्कर्ष रहा और है। विश्व के किसी भी अन्य प्राचीन धर्म–दर्शन–अध्यात्म में रुद्रमत के समकक्ष कोई उदाहरण नहीं मिलता है। यह सुखद आश्चर्य है कि जम्बूद्वीप भारतवर्ष में अदृश्य रूप में संसारिक यशादि से दूर वैदिक रुद्रमत के, समभाव के दर्शन की प्रचण्ड महाधारा अदृश्य रूप से कल–कल बह रही है।।ऊँ।।

ऋग्वेद : मन्यु सूक्त
मन्युरूप रुद्र

ऋग्वेद के दशवें मण्डल में 83वाँ एवं 84वाँ सूक्त "मन्यु सूक्त" है। वहीं अथर्ववेद के चतुर्थ काण्ड के 31वाँ एवं 32वाँ मन्यु सूक्त है। ऋग्वेद और अथर्ववेद के पाठ में तनिक भेद है। परन्तु अर्थ समान है।

"मन्यु" का शाब्दिक अर्थ–कोप, रोष, क्रोध, ओज, व्यथा, शोक, कष्ट, दुःख, धैर्य, आत्मिक सामर्थ्य, शारीरिक उत्साह, यज्ञ, अग्नि का विशेषण, रुद्र का विशेषण, विपद्ग्रस्त स्थिति आदि है। मन्युः–मन्+युच्। इस प्रकार मन्यु का अर्थ अग्नि, रुद्र एवं शिव (रुद्र की मंगलमूर्त्ति) है। यजुर्वेद के सोलहवें अध्याय रुद्रसूक्त (शतरुद्रिय) में रुद्र को मन्यु रूप में बताया गया है। "नमस्ते रुद्र मन्यवे।" हे रुद्र! आपके मन्युरूप (ओज रूप, उत्साह रूप, क्रोध रूप, अग्नि रूप) के लिये नमस्कार हो। क्योंकि ये सभी जीव प्रजापति के मन्युरूप सूक्ष्म तत्त्व में समाविष्ट हैं। अतः यह मन्यु ही रुद्र है। ये जीव अनन्त होते हुए भी मन्यु अर्थात् रुद्र की दृष्टि में एक ही रुद्र हैं। इसलिये मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने श्रुति में कहा है : "एक एव रुद्रोऽवतस्थे न द्वितीयः।" एक ही मन्युरूप रुद्र है, द्वितीय नहीं है।

मन्यु की दृष्टि एकत्व की, विविधता–अनेकता में एकता की है। इसके विपरीत व्यक्ति एवं आकृति की दृष्टि से भूलोक–पृथिवी पर असंख्य रुद्र हैं : असंख्यता सहस्राणि ये रुद्रा अधिभूम्याम्।।"(मूलतः सभी प्राणिमात्र, जड़, चेतनादि रुद्र रूप हैं।)। इसी एकत्व की पुष्टि "रूपं रूपं मघवा बोभवीति" कर रहा है। प्रजापति में स्थित मन्यु ही असख्य रुद्रों की प्रेरणा है। एकमात्र रुद्र के गण ही असंख्य रुद्र हैं। अथवा ये रुद्र के बहुरूप हैं। यह स्मरण रहे कि देवता एवं मानव आदि की क्रोध में विवेक शून्यता अथवा बुद्धि लोपित हो जाती है। ये सभी उस समय रुद्र की प्रेरणा से कार्य करते रुद्र ही कहलाते हैं। रुद्र रूप से विभूषित में युद्ध मन्त्रणा करनेवाले, षड़यंत्र रचनेवाले भी सम्मलित हैं। विषैले साँप, बिच्छू आदि भयानक कार्य करनेवाले भी रुद्र हैं। महायुद्धों से राष्ट्रों का विनाश होता है। वह भी रुद्र कार्य है। यजुर्वेद के रुद्रसूक्त में सभी भयंकर रूपवालों (रुद्र रूपों) को नमस्कार कहा है। रुद्रसूक्त

के मन्त्रों में ''घोरतर'', ''अशान्ततर'' के आगे पीछे नमः का प्रयोग किया गया है।

शतपथ ब्रह्माण (9.1.1) में इसी क्रम में कहा है : 'तेषां वा उभयतो नमस्कारा अन्ये। अन्यतरतो नमस्कारा अन्ये ते ह घोरतरा अशान्ततरा य उभयतो नमस्कारा उभयत एवैनानेतद् यज्ञेन नमस्कारेण शमयति।'' रुद्रसूक्त में सभा एवं सभापति उभयतो नमस्कारवाले हैं, अर्थात् वे घोरतर, अशान्ततर हैं। वे भयंकर विनाश पर उतारू हैं। दूसरे शब्दों में ''जो मन्यु के अधीन होकर कार्य करते हैं, वे संहार में किसी न किसी रूप में (प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष) सहायक हैं, सभी रुद्र के गण हैं। शतपथ ब्राह्मण (9.1.1.14) में कहा है : ''सोऽन्तर्मन्युर्विततोऽतिष्ठत्।।'' विनाशक और सृजनधर्मी दोनों रुद्र के अन्दर प्रच्छन्नरूप से मन्यु विराजमान रहता है। अर्थात् सभी विनाश लीलाओं में रुद्र है। महर्षि याज्ञवल्क्य ने शतपथ ब्राह्मण (9.1.1.14) में कहा है : रुद्र के मन्यु रूप को नमस्कार करने के बाद उसके विशाल बाहुओं को नमस्कार है। यह उल्लेखनीय है कि रुद्र अपनी सर्वसामर्थ्यवान बाहुओं से प्रजा को भयभीत करता है, साथ ही पालन भी करता है। रुद्रस्वरूप सूर्य रौद्र रूप धारण करने पर प्रलंकर हो जाते हैं। यहाँ सूर्य देवता की रश्मियाँ ही बाहु हैं। परन्तु सूर्य पालक भी है।

उतो त इषवे नमो बाहुभ्यामुतते नमः
इतीब्द्धवा च हि बाहुभ्यां च भीषयमाणोऽतिष्ठत्।
।।शतपथ ब्राह्मण 9.1.1.14।।

ऋग्वेद के मन्युसूक्त (10.83.1.7) के ऋषि मन्युस्तापसः और देवता मन्यु है। इस सूक्त का विषय मन्यु है। यह पुनः स्मरण रहे कि यह मन्यु रुद्र के कल्याण स्वरूप एवं रौद्र स्वरूप और ''अग्नि'' का नाम है। श्रुति के अनुसार अग्नि भी रुद्र है। अतः मन्यु सूक्त का रुद्र परक अर्थ भी है।

यस्ते मन्योऽविधद्वज्र सायक सह ओजः पुष्यति विश्वमानुषक्।
साह्याम दासमार्यं त्वया युजा सहस्कृतेन सहसा सहस्वता।।1।।

इस ऋचा में मन्यु का रुद्रपरक, ओजपरक, उत्साहपरक आदि अर्थ लिया गया है। ''वज्रं'' – यह एक महाभयानक शस्त्र है, जो शत्रु का संहार करता है। ''सायकः'' शत्रु संहारक बाण है। मन्यु भी शत्रु का विनाश करता है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि का आशय है कि मन्यु रुद्र वज्र एवं बाण के समान शत्रुहन्ता है। ''मन्युः विश्वं सहः ओजः आनुषक्'' – इस ऋचा में कहा है कि ओज, उत्साह स्वरूप रुद्र ही समस्त प्रकार का सामर्थ्य है। यह बल वृद्धि के साथ–साथ शत्रु का नाश करनेवाला है। ''दासं आर्यं साह्याम'' – इस उत्साह

से दास एवं आर्य दो प्रकार के शत्रुओं का पराभव करें। ''सहस्कृतेन सहस्वता सहसा'' – हमारे ''मन में शत्रु को पराजित करने का आत्मविश्वास एवं साहस हो।'' इस संकल्प से युक्त को सदैव विजयश्री प्राप्त होगी। ऋचा का आशय है कि साहस– ओज–उत्साह के साथ बल होने पर ही सफलता प्राप्त होती है।

हे वज्र के समान कठोर प्रलयंकर और बाण के समान मारक ओज–उत्साह–रुद्र! जो आपका सत्कार करता है, वह ही विश्व में समस्त शत्रु को पराभव करने का सामर्थ्य रखता है और बल का एक साथ पोषण करता है। आपकी सहायता से बल वृद्धि कर दास एवं आर्य शत्रुओं का पराभव करें।।1।।

मन्युरिन्द्रो मन्युरेवास देवो मन्युर्होता वरुणो जातवेदाः।
मन्युं विश ईळते मानुर्षीयाः पाहि नो मन्यो तपसा सजोषाः।।

मन्यु रुद्र ओज, उत्साह है। यही मन्यु ''इन्द्र, वरुण एवं अग्नि'' है। मन्यु ही यज्ञ करनेवाला ''होता'' बनता है। अनन्त उत्साह एवं दिव्य ओज के कारण मन्यु ही देवत्व को प्राप्त होता है। समस्त देवों में आन्तरिक ओज एवं उत्साह के कारण देवत्व है। इसलिये समस्त मानव ओज एवं उत्साह की प्रशंसा करते हैं : ''मानुषीः विशः मन्युं ईळते।'' ''हे मन्यो! तपसा सजोषाः नः पाहि'' – हे उत्साहस्वरूप, ओजस्वरूप रुद्र! आप तप के साथ मिलकर उत्तम स्फूर्तियुक्त होकर हमारा संरक्षण करें। उत्साह ओज के साथ शीतोष्ण सहन करने का तप हो। उससे होनेवाला शक्तिवर्धन अवर्णनीय होगा। अतः ''मन्यु रुद्र ही तप का संरक्षण करता है।

ऋचा में कहा है कि मन्यु ही देव है, मन्यु ही रुद्रवाचक इन्द्र है। मन्यु होता वरुण और जातवेद (सूर्य, परमेश्वर, चित्रक) अग्नि है। मन्यु की समस्त मानवीय प्रजाएँ प्रशंसा करती हैं, स्तुति करती हैं। अतः हे मन्यु! तप से शक्तिमान् होकर हमारा संरक्षण करने का अनुग्रह कर।।2।।

अभीहि मन्यो तवसस्तवीयान् तपसा युजा विजहि शत्रून्।
अभित्रहा वृत्राहा दस्युहा च विश्वा वसून्या भरा त्वं नः।।3।।

''मन्यो! अभि–इहि'' – हे ओज–उत्साह! आप हमारे पास पधारें। ''तवसः तवीयान्'' – आप अपने बल से महाबलवान् हो। ''तपसा युजा शत्रून् विजहि'' – तप अर्थात् शीत एवं उष्ण द्वन्दों को सहन करने की शक्ति में वृद्धि करने से शत्रु को पराजित करना सुगम हो जाता है। ''अमित्र–हा वृत्र–हा दस्यु–हा''–शत्रुओं का, दुष्टों का एवं उपद्रवकारियों का संहार कर।

"त्वं नः विश्वा वसूनि आभर" – आप हमें भौतिक, दैविक एवं अध्यात्मिक धन प्रदान करने का अनुग्रह करें।

हे रुद्रस्वरूप ओज–उत्साह! आप पधारने की कृपा करें। आप अपने बल से महाबलवान् हो। द्वन्द्व सहन करने की शक्ति से युक्त होकर शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर आप दुःखदायिओं को नष्ट करनेवाले, शत्रु संहारक–अरिहन्त एवं दुष्टों के दमनकर्त्ता हो। आप हमें सभी प्रकार का धन भरपूर दो।।3।।

त्वं हि मन्यो अभिभूत्योजाः स्वयंभूर्भामो अभिमातिषाहः।
विश्वचर्षणिः सहुरिः सहावान् अस्मास्वोजः पृतनासु धेहि।।2।।

"अभिभूति ओजः" – शत्रु को पराजित करने की सामर्थ्य से युक्त ओज, उत्साह। "स्वयं–भूः भामः" – अपनी शक्ति से अपने स्थान पर रहनेवाला महातेजस्वी महावीर। जो अपने रहने के लिये दूसरे की सहायता नहीं चाहता। अर्थात् स्वसामर्थ्यवान् है। "अभिमाति–साहः" – शत्रु को हराने में समर्थ। "विश्व–चर्षणिः" – विश्व में सूर्य रश्मियों, वायु, वरुण आदि के द्वारा अनन्त नेत्रों से समस्त प्राणिमात्र का निरीक्षण करनेवाला। "सहावान्" – महाबलवान्। "अस्मासृ पृतनायु ओजः धेहिः" – हमारी सेना में ओज एवं बल वृद्धि। सेना का बल अजेय शूरवीरों से बढ़ता है।

हे मन्यु! आपमें शत्रु को हरानेवाला सामर्थ्य है। आप स्वयं तेजस्वी हैं। आप अपनी शक्ति से रहनेवाले हो। आप शत्रु पर विजयश्री प्राप्तकर्त्ता हो। हे महाबलवान्! हमारी सेनाओं में ओज एवं बल वृद्धि करो।।4।।

अभागः सन्नप परेतो अस्मि तव क्रत्वा तविषस्य प्रचेतः।
तं त्वा मन्यो अक्रतुर्जिहीळ अहं स्वा तनूर्बलदेयाय मेहि।।5।।

"प्रचेताः मन्युः" – विशेष ज्ञान युक्त ओज–उत्साह रहता है। ज्ञान, ओज और उत्साह का अन्तर्सम्बन्ध है। "तविषस्य क्रत्वा अभागः परेतः अप अस्मि" – महान् सामर्थ्य युक्त ओज–उत्साह के कारण करने योग्य कर्म में योग्य भाग नहीं लेने के कारण मैं पराभूत हो गया हूँ। योग्य कार्य में सम्पूर्ण ओज एवं उत्साह से भाग लेना चाहिये, ताकि पराभव नहीं हो। "अक्रतुः अहं जिहीळ" – आपको हमने कार्य (सद्) नहीं करने से क्रोधित किया। अर्थात् रुद्र सद्कार्य अथवा यज्ञ नहीं करने से क्रोधित होते हैं। "स्वा तनूर्बलदेयाय महि" – आप बल देने के लिये हमारे पास पधारें। यह शरीर आपका है।

हे सर्वज्ञ मन्यु! महत्व से युक्त सद्कर्म नहीं करने, यज्ञ में भाग नहीं लेने के कारण हम पराभूत हुए हैं। उस आपमें यज्ञ नहीं करने के कारण क्रोध

उत्पन्न किया है। हे रुद्र! यह देह आपकी है। इस शरीर में ओज एवं बल वृद्धि की कृपा करें।।5।।

अयं ते अस्म्युप मेह्यर्वाड्. प्रतीचीनः सहुरे विश्वधायः।

मन्यो वजिन्नभि मामा ववृत्स्व हनाव दस्यूँरुत बोध्यापेः।।5।।

"सहुरिः मन्युः विश्वधाया" – समस्त कर्तृत्व का आधार शत्रु को पराजित करनेवाला ओज, उत्साह है। "हे वज्रिन् मन्यो" –ओज, उत्साह रूपी रुद्र वज्रधारी है। ऋग्वेद में रुद्र का वज्र विद्युतमय है। समस्त प्रशन्त कार्य ओज एवं उत्साह से सम्पन्न होते हैं। "दस्यून् हनाव" –ओजस्वी वीर उत्साह में कहते हैं कि हम शत्रुओं को मारें। "आपेः बोधि" –ओज, उत्साह ही बन्धुभाव का जनक है। बन्धुप्रेम में वृद्धि होती है। "उप मेह्यर्वाड्." आप हमारे पास पधारें।

शत्रु का पराभव करनेवाले एवं सभी के धारणकर्त्ता, रुद्ररूपी ओज एवं उत्साह! यह मैं आपका हूँ। आप मेरे पास पधारें और रहें। हम मिलकर शत्रुओं को नष्ट करें। आप निश्चित रूप से हमारे बन्धु हैं।।6।।

अभि प्रेहि दक्षिणतो भवा मे अधा वृत्राणि जङ्.घनाव भूरि।

जुहोमि ते धरुणं मध्वो अग्रं उभा उपांशु प्रथमा पिबाव।।7।।

"दक्षिणतो भवा मे" – हमारे दक्षिण की ओर होकर रहो। हे मन्यु! आप हमारे यहाँ पधारने का अनुग्रह करो। आप मेरे दक्षिण की ओर हो कर ही रहो। इससे हम अनेक शत्रुओं को नष्ट करें। आपके लिये मधुर रस (सोम) के भाग का मैं यज्ञ करता हूँ। इस मधुर रस–सोम को हम दोनों एकान्त में पहिले पीयेंगे।।7।।ऋग्वेद 10.83.1–7।।

ऋग्वेद के दशम मण्डल का 84वाँ सूक्त मन्यु का है। इसमें भी 7 ऋचाएँ हैं।

त्वया मन्यो सरथमारुजन्तो हर्षमाणासो धृषिता मरुत्वः।

तिग्मेषव आयुधा संशियाना अभि प्रयन्तु नरे अग्निरूपाः।।1।।

ऋग्वेद (10.84.1) ऋचा में शत्रु पर आक्रमण करनेवाले शूरवीरों के गुणों का वर्णन है : "हर्षमाणासः धृषिताः तिग्मेषवः, आयुधा संशिशानाः अग्निरूपाः नरः अभि प्रयन्तु।" इसका अर्थ है – आनन्दित, धर्यवान्, तीक्ष्ण मारक शस्त्रवाले, आयुधों को तीक्ष्ण करके रखनेवाले, अग्नि के समान तेजस्वी। इन शूरवीरों को अग्रिम पंक्ति में रखना चाहिये। यह आश्चर्यजनक है कि ऋचा में कहा है कि रथ पर मन्यु वाचक रुद्र भी सवार है।

हे मन्यु! आपके साथ रथपर आरुढ़ होकर हर्षित एवं धर्यवान् होकर हे योद्धाओं–तीक्ष्ण मारक बाणवाले, घातक आयुधोंवाले एवं अग्नि के समान तेजस्वी आगे चलें।।10.84.1।।

अग्निरिव मन्यो त्विषितः सहस्व सेनानीर्नः सुहरे हूत एधि।
हत्वाय श त्रून् वि भजस्व वेदः आजो मिमानो वि मृधो नदुस्व।।2।।

इस ऋचा में कहा है कि सेना का ओजस्वी, उत्साही, दुर्धर्ष योद्धा सेनापति होना चाहिये। सेनानी ही सेना में ओज–उत्साह का रक्त संचार कर सकता है। सैनिकों का ओज एवं उत्साह ही शत्रु को हरा सकता है। ''सहस्व''–शत्रुओं का पराभव कर। ''नः सेनानीः एधि'' – हमारा सेनापति होकर हमारे पास रह। ''ओजः मिमानः मृधः नुदस्व'' – हमारे ओज, बल में वृद्धि कर, शत्रुओं को दूर कर।

हे मन्यु! अग्नि के समान ओजस्वी, तेजस्वी होकर शत्रुओं का पराभव कर। हे शत्रु का पराभव करनेवाले मन्यु! आपको आमन्त्रित किया गया है। आप हमारे सेनापति हो। यह स्मरण रहे कि रुद्र महाविनाशक धनुष्य एवं बाण हमेशा साथ रखते हैं। उनके धनुष्य की प्रत्यंचा पर संहारक शक्ति सम्पन्न बाण सदैव चढ़ा रहता है। रुद्र त्रिपुरों का संहार कर चुके हैं। उन्होंने पातकी प्रजापति का वध किया है। हे हमारे सेनापति रुद्र! शत्रुओं (आन्तरिक–काम, क्रोध, मद, मोह, लोभ, मत्सर और बाह्य) का संहार कर अध्यात्मिक, दैविक एवं भौतिक धन हमें विभक्त करके प्रदान करें। हमारा ओज बल बढ़ाकर शत्रुओं को मारें।।2।।

सहस्व मन्यो अभिमातिमस्मे रुजन् मृणन् प्रमृणन् प्रेहि शत्रून्।
उग्रं ते पा जो नन्वा रुरुध्रे वशी वशं नयस एकज त्वम्।।3।।

इस ऋचा में ''अभि–मातिं सहस्व'' का अर्थबहुत गूढ़ है। शत्रु आक्रमण से पराभूत नहीं करना, बल्कि शत्रु के स्थान को भ्रष्ट करना भी है। यहाँ आशय चारों ओर से शत्रु पर अचानक हमला कर पराभूत करना है। ''रुजन् मृणन् प्रमृणन्'' – शत्रुओं को कुचलना, काटना आदि। शत्रु को विनष्ट करने के अनेक प्रकार। ''एकजः वशी नयति'' – सामर्थ्यशाली शूरवीर अकेला भी शत्रुओं को अपने वश में कर पराभूत करता है। ''उग्रं पाजः'' – अपने बल में वृद्धि।

हे रुद्र मन्यु! हमारे लिये शत्रु का पराभव करने का अनुग्रह कर। आपका बल महान् है। अतः शत्रुओं को कुचलकर, मारकर एवं नष्ट करता हुआ दूर कर। आपके बल पर कौन प्रतिबन्ध कर सकता है। आप अकेले ही सबको वश में करनेवाला होकर सभी को अपने वश में करते हो। अर्थात् रुद्र

एकमात्र सर्वशक्तिमान् हैं और सभी को वश में करनेवाले हैं।।3।। (एकाक्षरनामकोष संग्रह "र" अक्षर का वर्णन देखें।)

एको बहूनामसि मन्यवीळितो विशविंश युधये सं शिशाधि।
अकृत्तरुक् त्वया युजा वयं द्युमन्तं घोषं विजयाय कृण्महे।।4।।

इस ऋचा में "वयं विजयाय द्युमन्तं घोषं कृण्महे" का आशय है कि हम अपने लिये तेजस्वी–ओजस्वी घोषणा करें। जिससे हमारी विजय उद्घोषित हो जाये। अर्थात् विधायकी सकारात्म विचार से निश्चित रूप में विजय होती है। "बहूना ईळितः एकः" – अनेकों में ओज–उत्साह युक्त अकेला प्रशंसित होता है। ओज–उत्साह से ही प्रशंसा होती है।

हे रुद्र! आप बहुतों में अकेले ही प्रशंसित हैं। आप प्रत्येक को युद्ध कौशल सम्पन्न करने की कृपा करें। आपके साथ होने से हमारा तेज–ओज–उत्साह चरमोत्कर्ष पर होगा। हम अपनी विजयश्री के लिये तेजस्वी–ओजस्वी घोषणा करें।।4।।

विजेषकृदिन्द्र इवानवब्रवो3 अस्माकं मन्यो अधिपा भवेह।
प्रियं ते नाम सहुरे गृणीमसि विद्या तमुत्सं यत आ बभूथ।।5।।

इस ऋचा में "अनवब्रवः" का अर्थ स्तुति के योग्य। "इन्द्रः इव विजेषकृत्" का आशय देवता के समान उत्साह, ओज, आत्मशक्ति, विजय करानेवाला। "यतः आ बभूथ" का अर्थ–जहाँ उत्साह–ओज प्रगट होता है, उसका ज्ञाता।

हे मन्यो! आप इन्द्र के समान विजय प्राप्त करवानेवाले एवं स्तुति योग्य हो। हे दुर्धर्ष योद्धा! हमारा संरक्षक यहाँ हो। अर्थात् मन्यु संरक्षक है। हे शत्रु को पराजित करनेवाले! आपका प्रिय नाम हम लेते हैं, अथवा सदैव स्मरण करते हैं। हम बल वृद्धिकारक ओज–उत्साह को जानते हैं। हमें यह भी ज्ञात है कि जहाँ से रुद्र प्रगट होते हैं।।5।।

आभृत्या सहजा वज्र सायक सहो बिभर्ष्यभिभूत उत्तरम्।
क्रत्वा नो मन्यो सह मेद्येधि महाधनस्य पुरुहूत संसृजि।।6।।

"वज्र सायक मन्यो" – रुद्र वज्र के समान सर्वशक्तिमान् और बाण के समान मारक (अर्थात् आत्मविश्वास, विधायकी शक्ति, ओज–बल शत्रु वध करने का सामर्थ्यवान्)। "अभिभूत! उत्तरं सह बिभर्षि" – शूरवीर पराभूत होने पर ओज–उत्साह–सामर्थ्य–शक्ति का चर्मोत्कर्ष करता है। वह द्विगुणित कार्य करके दिखाता है।

हे वज्र के समान महाबली और बाण के समान मारक रुद्र! आप शत्रु को पराभव प्राप्त करने के कारण उत्पन्न हुए। इससे आप अधिक उच्च

सामर्थ्य धारण करते हो। आपका सामर्थ्य एवं शक्ति महामायावी विस्तार लेता है। आपकी बहुत स्तुति होती है। हे मन्यो! हमारे कर्म से आप सन्तुष्ट हों। युद्ध प्रारम्भ होने पर बुद्धि सहित आप हमारे समीप पधारने का अनुग्रह करें।।6।।

संसृष्टं धनमुभयं समाकृतं अस्मभ्यं दत्तां वरुणश्च मन्युः।
भियं दधानांः हृदयेषु शत्रवः पराजितो अप नि लयन्ताम्।।7।।

वरुण और ओजस्वी उत्साहवाचक रुद्र उत्पन्न किया हुआ अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक धन हमें प्रदान करें। पराजित हुए शत्रु अपने हृदयों में भय धारण करते हुए हमसे दूर भाग जायें।।7।। मुनि जिनविजय सम्पादित एकाक्षरनामकोशसंग्रह में "र" अक्षर की अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक शक्तियों का वर्णन है। "र" का वर्ण लाल है। यह अग्नि अथवा सूर्य है। सबका संहारकर्त्ता, जगत् को आकर्षित करनेवाला और "युद्ध में शत्रु से बिना लड़े बल हरनेवाला है।" यहाँ मन्यु की भी यही विशेषतायें हैं। ।।ऋग्वेद 10.84. 1–7।।

मन्यु मूलभूत रूप से अमूर्त संज्ञाओं का दैवीकरण; मन्यु अथवा क्रोध, ओज, उत्साह, धैर्य, यज्ञ, अग्नि, रुद्र का मूर्तीकरण रुद्र, रुद्रवाचक अग्नि, रुद्रस्वरूप इन्द्र, रुद्रस्वरूप सूर्य, रुद्रस्वरूप वरुणादि आदि के भयंकर ओज, क्रोध से उत्पन्न हुआ। अग्नि की भाँति जाज्वल्यमान देवता रुद्र, सूर्य, वरुण, जातवेदस् हैं। ऋग्वेद की ऋचाओं में रुद्र शब्द अग्नि के विशेषण के रूप में प्रयुक्त हुआ है।

अग्निं सुम्नायं दधिरे पुरोजनाः वाजश्रवसमिह वृक्तबर्हिषः।
यतस्रुचः सुरुचं विश्वदेव्यं रुद्रं यज्ञानां साधदिष्टिमपसाम्।।
।।ऋग्वेद 4.3.1।।

आ वो राजानम् अध्वरस्य रुद्रं होतारं सत्ययजं रोदस्योः।
अग्निं पुरा स्तनयित्नोः अचित्ताद् हिरण्यरूपम् अवसे कृणुध्वम्।।
।।ऋग्वेद 4.3.1।।

ब्राह्मण ग्रन्थों और संहिताओं में रुद्र देवता के भौतिक स्वरूप को अधिक स्पष्ट किया गया है। तैत्तिरीय संहिता में अग्नि को रुद्र बताया गया है : "रुद्रो वा एष यदग्निः।।5.4.3।।" शतपथ ब्राह्मण (5.2.4.13 एवं 5.3.1.10) में अग्नि को ही रुद्र कहा है : "अग्निर्वै रुद्रः।" "यो वै रुद्रः सो अग्निः।।" शतरुद्रिय मन्त्रों की व्याख्या करते हुए शतपथ ब्राह्मण (9.1.1.1, 2) में ऋषि ने कहा है कि ओजस्वी अग्नि की दाहकता शक्ति से पूर्ण, अमर रूप ही रुद्र है। अपने इस अविनाशी रूप में अग्नि सर्वभक्षी एवं सर्वविनाशक है। अतः उसे रुद्र

कहते हैं। देवताओं ने अग्नि से भयभीत हो कर उसे शान्त करने के लिये इन मन्त्रों का पाठ किया (शतपथ ब्राह्मण 9.1.1.1)। ऋग्वेद (2.1.6) में अग्नि को रुद्र की तरह ''असुर'' आदि की संज्ञा दी गयी है : ''त्वमग्ने रुद्रो असुरो महो दिवस्त्वं शर्धो मारुतं पृक्ष ईशिषे।।'' ऋग्वेद में रुद्र एवं अग्नि के तादात्म्य की अनेक ऋचाएँ हैं। रुद्र का एक प्रमुख नाम ''उग्र'' अग्नि के विशेषण के लिये प्रयुक्त हुआ है। अथर्ववेद (7.87.1) के मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने परम सामर्थ्यवान् अग्निरूपी रुद्र को नमन किया है : ''य इमा विश्वा भुवनानि चक्लृपे तस्मै रुद्राय नमो अस्तु अग्नये।।'' निरुक्त (10.7) में कहा है : ''अग्निरपि रुद्र उच्यते।।'' निरुक्तकार ने अग्नि को रुद्र कहकर इस शब्द की तीन व्याख्यायें की हैं।

वैदिक संहिताओं में रुद्र का भयानक, उग्र और प्राणिमात्र एवं पशुओं को नष्ट करनेवाला स्वरूप भी है। ऋग्वेद में रुद्र के लिये भीम (भयानक), उग्र एवं उपहत्नु (घातक) विशेषण प्रयुक्त हुए हैं। स्तोता रुद्र से बारंबार प्रार्थना करता है कि वे उस पर क्रुद्ध (कुपित) नहीं हों : ''मा त्वा रुद्र चुक्रुधाम।। ऋग्वेद 2.33.4।।'' अर्थात् ''रुद्र के मन्यु से सभी भयाक्रान्त हैं।'' शुक्ल यजुर्वेद (3.61) में ऋषिवर ने रुद्र को उनका उपयुक्त भाग देने के उपरान्त, उनसे बिना किसी हिंसा के मूजवान् पर्वत् के पार जाने की प्रार्थना की है : ''अहिंसान् नः शिवः परो मूजवतः अतीहि।'' अथर्ववेद (11.2.22, 26) में मन्त्रद्रष्टा ने क्रोधित रुद्र से अपने विद्युत्–वज्र को कहीं अन्यत्र गिराने की विनती की है : ''अन्यत्र विद्युतं पातयैताम्।।''

यह उल्लेखनीय है कि वैदिक देवशास्त्र में मन्यु से सम्बन्धित देवता–इन्द्र, वरुण एवं जातवेदस् का सम्बन्ध मरुत् से भी बताया गया है। वैदिक संहिताओं के अनुसार मरुत् रुद्र के पुत्र हैं।

शुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिन शाखा का मन्त्र है : नमस्ते रुद्र मन्यव उतो इषवे नमः। बाहुभ्यामुत ते नमः।।''कृष्ण यजुर्वेद तैत्तिरीय शाखा का मन्त्र है : ''नमस्ते रुद्रं मन्यक उतो त इषवे नमः। नमस्ते अस्तु धन्वने बाहुभ्यामुत ते नमः।।1।।'' यहाँ रुद्र के रूठै अथवा क्रोध या महा ओजस्वी रूप को नमस्कार है। शतपथश्रुति में ''प्राणो वे रुद्रः'' कहा है। आर्ष ग्रन्थों के अनुसार रुद्र अशास्त्रीय संकल्प उठते ही दण्ड देते हैं। ''अंतःशरीरेष्वपि यः प्रजानां प्रत्यादिदेशाविनयं विनेता।'' रुद्र का क्रोध(महातेज) जगत् को भस्म करने में समर्थ है। वैदिक साहित्य में रुद्र के उग्र (घोर) और सौम्य (अघोर) (शिव) रूप का वर्णन है। अग्नि घोर है और अघोर सोम है। यह समूची सृष्टि

''अग्निषोममय'' है। रुद्रसूक्त (शुक्ल यजुर्वेद, सोलहवाँ अध्याय) में प्रधानतः रुद्र से प्रार्थना है कि वे हमें कभी घोर रूप में दर्शन नहीं देने का अनुग्रह करें।

यजुर्वेद की इस ऋचा में मन्यु का अर्थ रूठना, मान करना, क्रोध, ओज आदि है। रुद्र की पीठ होने (रूठने) से वे सत्, चित् आनन्द रूप के स्थान पर असत्, जड़, दुःखरूप प्रतीत होते हैं। यह विकट परिस्थिति रुद्र के मन्यु होने से है। यह भी सच है कि अज्ञान भी रुद्राश्रित, रुद्रविषयक और रुद्र से भिन्न नहीं है। शुक्ल यजुर्वेद के महर्षि याज्ञवल्क्य ने रुद्र से विनती की है कि वे अज्ञानशक्ति को, तिरोधानशक्ति को ज्ञानशक्ति से, अविर्भावशक्ति से, करुणाशक्ति से दूर कर दें। इस करुणाशक्ति को मानवीय अहं अवरुद्ध करता है। महर्षि याज्ञवल्क्य द्वारा नमः से इस अहं को त्यागने का संकल्प किया जा रहा है। उनका भाव है कि हे रुद्र! आपकी प्राप्ति के लिये निमित्त यह कर रहा हूँ। आपके ''जगद्रूप–मन्यु'' को नमन करता हूँ, जिससे वह आपके दर्शन करने दे। यहाँ नामरूपात्मक अविद्या से विनती है कि नामरूप की निवृत्ति करे, विद्या का तेजपात हो और रुद्र से साक्षात्कार हो। यह निश्चित है कि नामरूप निवृत्ति से आत्मदर्शन होता है। अन्त में ज्ञान से भ्रांति विलुप्त हो कर नित्य स्थित अहं की ब्रह्मरूपता प्रगट होती है।

इस पृष्ठभूमि में ऋग्वेद के मन्युसूक्त (10.83, 84), शुक्ल यजुर्वेद के रुद्रसूक्त (सोलहवाँ अध्याय) की रहस्यमय कुंजी है। मन्युसूक्त के जप करने की विशेष विधि है। जपकर्त्ता के हृदय में भाव हो कि 'विजय हो।'' इसका पाठ करने से पूर्व सूक्त का अर्थ भी समझना आवश्यक है। योगदर्शन में कहा है : ''तज्जपस्तदर्थभावनम्।'' मन्त्र का जप मन्त्र के अर्थ की भावना को मन में स्थिर करने से ही होता है। अर्थ की भावना ही जप है। मन्युसूक्त के सुविचार मन में धारण करने से जीवन निश्चित रूप से (सर्वज्ञ रुद्र अनुग्रह से) यशस्वी हो सकता है।।ऊँ।।

वैदिक सप्तमूर्त्ति रुद्र!

तस्मै प्राच्या दिशो अन्तर्देशाद् भवमिष्वासमनुष्ठातारमर्कुवन्।
भव एनमिष्वासः दिशो अन्तर्देशादनुष्ठातानु
तिष्ठति नैनं शर्वो न भवोनेशानः।।2।।

नास्य पशून् न समानान् हिनस्ति य एव वेद।।3।।
तस्मै दक्षिणाया दिशो अन्तर्देशाच्छर्वमिष्वासमनुष्ठातारमकुर्वन।
शर्व एनमिष्वासो दक्षिणाया
शर्व एनमिष्वासो दक्षिणाया दिशो अन्तर्देशादनुष्ठातानु
तिष्ठति नैनं शर्वो न भवो नेशानः।।5।।
तस्मै प्रतीच्या दिशो अन्तर्देशात् पशुपतिमिष्वासमनुष्ठातारकुर्वन्।।6।।
पशुपतिरेनामिष्वासः प्रतीच्या दिशो अन्तर्देशादनुष्ठातारमकुर्वन।।7।।
तस्मा उदीच्या दिशो अन्तर्देशादुग्रं देवमिष्वासमनुष्ठातारमकुर्वन।।8।।
उग्र एनं देव इष्वास उदीच्या दिशो अन्तर्देशादनुष्ठातारमकुर्वन्।।9।।
तस्मै ध्रुवाया दिशो अन्तर्देशाद् रुद्रमिष्वासमनुष्ठातारमकुर्वन्।।10।।
रुद्र एनमिष्वासो ध्रुवाया दिशो अन्तर्देशादनुष्ठातारकुर्वन्।।11।।
तस्मा ऊर्ध्वाया दिशो अन्तर्देशान्महादेवमिष्वासमनुष्ठातारमकुर्वन्।।12।।
महादेव एनमिष्वास ऊर्ध्वाया दिशो अन्तर्देशादनुष्ठातारमकुर्वन्।।13।।
तस्मै सर्वेभ्यो अन्तर्देशेभ्य ईशानमिष्वासमनुष्ठातारमकुर्वन्।।14।।
ईशान एनमिष्वासः सर्वेभ्यो अन्तर्देशेभ्योऽनुष्ठातानु
तिष्ठति नैनं शर्वो न भवो नेशानः।।15।।
नास्य पशून् न समानन् हिनस्ति य एवं वेद।।16।।

।।अथर्ववेद 15.5.1–16।।

अथर्ववेद के पन्द्रहवें सूक्त के पँचम पर्याय सूक्त में रहस्योद्घाटन किया है : ''समस्त दिशाओं एवं अन्तर्दिशाओं में सप्तदेव – भव, शर्व, पशुपति, उग्रदेव, रुद्र, महादेव एवं ईशान पिनाक धनुष्य और महातेज शर प्रत्यंचा महाबाहुओं में धारण किये हुए रक्षा करते हैं।'' ये सभी रुद्र हैं, यानी ''सप्त रुद्ररूप हैं।'' यहाँ यह समझना हिमालयी भूल होगी कि ये सात देव भिन्न–भिन्न हैं। ये सर्वोच्च ब्रह्म ''ईशान'' अथवा महारुद्र के ही सात नाम हैं। ''ईशान ही एक परमब्रह्म–महारुद्र है, जिसके गुणधर्म बोधक सप्त नाम हैं।''

''यह देव (महारुद्र) सबका ईश–स्वामी होने से इसको 'ईशान' कहते हैं।'' इसके अधीन अनन्त देव हैं। उन देवों पर मुख्य अधिष्ठाता होने से इसको ''महादेव'' कहते हैं। यही ईश्वर समूचे दुष्ट एवं पापकर्मियों को योग्य दण्ड देकर रूलाता है। इसलिये इसको ''रुद्र'' कहते हैं। यही सद्कार्य वालों को सुख देने से एवं उपदेश देने से रुद्र कहाता है। पापियों को यही भयंकर स्वरूप ''उग्र'' वीरभद्र प्रतीत होता है। रुद्र के पास अतुल पाशवी शक्ति रहती है। अर्थात् यह समस्त पशुओं–प्राणिमात्र–जीवों का पालक होने से ''पशुपति'' कहलाया। यह अत्यन्त गतिमान् प्रचण्ड वेगवान् होने से इसको ''शर्व'' (शर्वति

गच्छति) कहते हैं। यह समस्त जगत् को भूति एवं ऐश्वर्य प्रदान करता है। अतः इसको "भव" कहते हैं। यह सुस्पष्ट है कि "ये सातों शब्द एक ही देव के गुणधर्म बोधक अथवा वाचक हैं।" दूसरे शब्दों में "एक ही रुद्र देव प्रमुख सात कर्म करता है। इसलिये इसको ये सप्त नाम प्राप्त होते हैं।"

वैदिक काल में देवों के शास्ता के सप्त – "भर्व, शर्व, पशुपति, उग्र, रुद्र, महादेव, ईशान" स्वरूपों (गुणधर्म, कर्म) को प्रतिपादित किया गया (प्रकारान्तर में भाष्यकारों ने इन्हें–आकाश, वायु, अग्नि, सूर्य–चन्द्र, जल, पृथिवी एवं यज्ञ, कुल सप्त, की संज्ञा दी।)। कौषीतकि ब्राह्मण में इसे नये स्वरूप में प्रस्तुत किया गया।

यद् भव आपस तेन।
यत् सर्वो अग्निस तेना।
यत पशु पतिर वायुस तेन।
यद् उग्रो देवा ओषधयो वनस्पतयस तेना।
यद् रुद्रशं चंद्रमास तेन।
यद् ईशानो अन्नम तेन।
अशनिर इन्द्रस तेना।।कौषीतकि ब्रह्मण।।

यहाँ पुनः लिख रहे हैं कि वेद में "सप्त रहस्यपूर्ण अध्यात्मिक संख्या है।" वेद में सप्तरश्मि, सप्तऋषि, सप्तप्रजापति, सप्तवायुस्कन्ध, अग्नि की सप्तजिव्हा, सप्तस्वर, सप्तप्रकृति, सप्तलोक, सप्तव्याहृति आदि हैं।" इनमें "अथर्ववेद ने सप्तरुद्र का नया अध्याय सम्मिलित किया है। कुछ भाष्यकार इसे सप्त विभक्तियाँ भी कहते हैं।

यह अप्रत्याशित अभूतपूर्व है कि निगम से आगम में रुद्र का नया भव्य नामकरण शिव (शाब्दिक अर्थ–शुभ, मांगलिक, सौभाग्यशाली, प्रसन्न, समृद्धादि) किया गया। शिवमहापुराणम् की विश्वेश्वर संहिता में "शिव की अष्टमूर्त्ति" प्रगट होती है।

पूजयेदष्टमूर्तीश्चत्रेवत्रिजगन्मयी।।45।।
क्षितिरापोनलोवायुराकाशः सूर्य्यसोमकौ।
यजमानइतित्वष्टौमूर्तयः परिकीर्तिताः।।46।।
महादेवःपशुपतिरेतान्मूर्तिभिरर्चयेत्।।47।।
।।श्री शिवमहापुराणम्, विश्वेश्वर संहिता।।

वैदिक देवों के शास्ता रुद्र की आगम में "शिव की अष्ट मूर्त्तियाँ – भव, शर्व, पशुपति, उग्र, रुद्र, महादेव, ईश्वर, भीम हैं।" इस प्रकार "अथर्ववेद के सप्त रुद्र के छह नाम – भव, शर्व, पशुपति, उग्र, रुद्र, महादेव आगम में

यथावत" लिये गये और वेद के "सप्तम नाम ईशान के स्थान पर ईश्वर जोड़ा गया (दोनों का शाब्दिक अर्थ एक ही है) एवं आठवाँ नाम "भीम" जोड़ा गया है। अष्टमूर्त्ति के आठ अक्षर की शुभता का माध्यन्दिनीय शतपथ ब्राह्मण के मन्त्र में उल्लेख किया गया : "अष्टा ऽउत्तमानालभते। अष्टाक्षर गायत्री ब्रह्म गायत्री तद्ब्रह्मैवैतदस्य सर्व्वस्योत्तमंकरोति तस्माद्ब्रह्मास्य सर्व्वस्योत्तममित्त्याहुं।। शतपथ ब्राह्मण 13.6.27।।" वेद और आगम में एक साम्यता है कि रुद्र–शिव को देवाधिदेव कहा गया है। यद्यपि वेद में मात्र सप्त रुद्र हैं। आगम में सप्त रुद्र को अष्टमूर्त्ति शिव कहने से नया विभ्रम उत्पन्न हुआ।।अथर्ववेद 15.5. 1–16।।

महादेव : पाप कर्मियों का संहारक

हेतिः शफानुत्खिदन्ती महादेवो 3 पेक्षमाणा।।

।।अथर्ववेद 12.7.8।।

महादेव रुद्र की इच्छा रूप शक्ति पाप कर्म करनेवालों के मूलों को उखाड़ती शोभा पाती है।।अथर्ववेद 12.7.8।।

रुद्र : उपासक वृद्धि कर्त्ता

मृत्यु हिंकृण्वत्यु 1 ग्रोदेवः पुच्छं पर्यस्यन्ती।।अथर्ववेद 12.7.10।।

महाकाल रूप रुद्र द्वारा छोड़ी गई व्यापकतम शक्ति उपासक की वृद्धि करती है और पापी गणों के पिछले मूल को नष्ट करती है।।अथर्ववेद 12.7.10।।

रुद्र : सभी नक्षत्र ग्रह अधीन

सरुद्रो वसुनिर्वसुदेये नमोवाकेवषट्कारोनु संहितः।।5।।
तस्येमे सर्वे यांतषु उपप्रशिषमासते।।6।।
तस्यामू सर्वान क्षत्रावशे चन्द्र मसासह।।7।।

।।अथर्ववेद 13.6.5, 6, 7।।

"स्वाहा" शब्द से रुद्र व्यापक हवि ग्रहण करता है। रुद्र धनदाता (भौतिक, दैविक, अध्यात्मिक) है। रुद्र–नमस्कार सहित हवि अर्पण करनेवाले उपासक के लिये अनुकूल उत्तम सुख स्थापन करता है।।5।।उस रुद्र महेश्वर की आज्ञा से सभी श्वास–प्रश्वास रूप क्रिया करनेवाले देवता पालन करते हैं।।6।।रुद्र के अधीन सभी गतिशील नक्षत्र समूह (चन्द्रमा सहित) हैं।।7।।अथर्ववेद 13.6.5, 6, 7।।

महारक्षक रुद्र

अपश्चादग्धान्नस्य भूयासम्।
अन्नादामान्नपतये रुद्राय नमो अग्नये।

सभ्यः सभांमे पाहिये च सभ्या सभासद।।
।।अथर्ववेद 19.56.5।।

हवि के भोग करनेवाले अन्न के स्वामी व्यापक रुद्र को प्रणाम है। हवन किये हुए अन्न के व्यापक शेष भाग को हम भोगनेवाले बहुत होवें। हे रुद्र! आप हमारे स्वजन परिजनों और वैदिक धर्मसभा के सुयोग्य सभासदों की रक्षा करो।।अथर्ववेद 19.56.5।।

रुद्र : मायाजालमय बन्धन मुक्तिदाता

अर्यमणं यजामहे सुबन्धुं पतिवेदनम्।
उर्वारु कमिव बन्धनात्प्रेतो मुंचामि नामुतः।।
।।अथर्ववेद 14.1.7।।

हम हवि से माया का भी अधिष्ठान रूप, उत्तम कारण, श्रेष्ठ स्वयं प्रकाश, सबके पालक रुद्र को नमस्कार सहित पूजते हैं। रुद्र की उपासना, अर्चना, नमनादि से हम इस माया रूपी जगत् में बारंबार महादुःख (जन्म–मृत्यु) माया के बन्धन से मुक्त होते हैं। करुणासिंधु, ओढ़रदानी, आसुप्रसन्न, सर्वज्ञ, सर्वव्याप्त, सर्वातीत, सर्वजनीन रुद्र की कृपा से ही हम मायाजालमय बन्धन से छुटकारा पाते हैं।।अथर्ववेद 14.1.17।।

रुद्र का भोजन : अग्निहोत्र

सत्यं ब्रवीमि वधइत्स तस्य।
नार्यमणं पुष्यतिनो सखायं केवलाघो भवति केवलादी।।

मन्त्र दृष्टा अंगिरा ऋषि ने कहा : "मैं सत्य कहता हूँ कि जो ब्रह्मजिज्ञासु अन्न रूप हवि सर्वोत्तम महातेजस्वी रुद्र को प्रदान नहीं करता और पाप का नाश करनेवाले सन्यासी का पोषण नहीं करता, दोनों को अर्पण किये बिना सपरिवार खाता है, वह केवल पापी है। उस पापी का कभी उद्धार नहीं होता है।" अर्थात् "अग्निहोत्र ही रुद्र का भोजन" है। साथ ही अतिथि को भोजन देना ही पोषण करना है। परम वैदिक अग्निहोत्र का प्रतीक रूप परिपक्व अन्न ही रुद्र का भोग है।।ऋग्वेद 10.117.6।। इस ऋचा को अथर्ववेद में नये कलेवर में कहा गया है।

सर्वस्व रुद्र

ब्रह्म होता ब्रह्म यज्ञ ब्रह्मणा स्वरवोमिताः।
अध्वर्यु ब्रह्मणो जातो ब्रह्मणो न्तर्हितं हवि।।
।।अथर्ववेद 19.42.1।।

रुद्र के मायिक स्वरूप से हवनकर्त्ता अग्नि प्रगट हुआ। असंख्य यज्ञों का स्वरूप सूर्यवेदिः प्रगट् हुई। वेद मन्त्र प्रगट हुए। रुद्र से आकाश चारी

वायु उत्पन्न हुआ। सात स्वर के रूप में साम गान की ऋचाएँ (परमव्योम से) प्रगट हुई। रुद्र के मध्य में समस्त चराचर जगत् रूप हवि स्थित है। "ब्रह्मा परं युज्यतां ब्रह्म पूर्वं ब्रह्मान्ततो मध्यतो ब्रह्म सर्वतः।।" रुद्र आगे, रुद्र ही पीछे, रुद्र मध्य में अर्थात् रुद्र आदि अन्त रहित सर्वत्र व्यापक है। अधिष्ठान रुद्र महेश्वर की व्यापक कार्य कारण रूप माया हवि है। "आत्मा वै हविः।।" ब्रह्माण्डरूप यज्ञ के स्वामी रुद्र को जानो। "ब्रह्मवास्तोष्पतिं।।" ब्रह्मवाचक शब्द–रुद्र, सूर्य, वायु, सोम, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा, यज्ञ, वेद, प्रणव आदि हैं। "ऋग्वेद के दशम मण्डल के इकसठवें सूक्त का सातवाँ मन्त्र–ऋचा में ब्रह्म का नाम रुद्र है।" वही रुद्र ब्रह्म अथर्ववेद के इस मन्त्र में है।।अथर्ववेद 19. 42.1।।

रुद्र–यक्ष–ब्रह्म : ईशान

सदेवाना मीशां पर्यैत्स ईशानो भवत्।।

।।अथर्ववेद 25.1.5।।

उस रुद्र ने समस्त देवताओं के अभिमान (गर्व) को यक्ष के रूप से नाश करके हैमवती उमा रूप धारण करके देवताओं को अपने स्वरूप का उपदेश दिया। जिस उपदेश रूप महिमा से एक अखण्ड रस अद्वैतात्मक प्रसिद्धि को सभी देवताओं से सर्वत्र पाया। उन्होंने कहा कि ब्रह्म रुद्र–यक्ष से बड़ा कोई ओर नहीं है। अतः वह प्रख्यातिवाला ईशान नामवाला हुआ।।अथर्ववेद 25.1.5।।(विवरण वायुविद्या एवं आचार्य शंकर केनोपनिषत् भाष्य में)

अग्नि सूर्य में रुद्र

यो अग्नौ रुद्रो यो अपस्वे1 न्तर्य ओषधी वीरुध आविवेश।

यइमा विश्वाभुवनानि चाक्लृपे तस्मै रुद्राय नमो अस्त्वग्नये।

।।अथर्ववेद 7.92.1।।

जो रुद्र अग्नि में अन्तर्यामी रूप से एवं व्यापक रश्मि समूह के सूर्य मण्डल के मध्य में भर्ग रूप से विराजमान है। साथ ही वायु में एवं चन्द्रमा में विद्यमान है। वही रुद्र प्राणिमात्र के मध्य में जीव रूप में अवस्थित भी है। वही विरूप रुद्र ही वनस्पतियों में एवं लता–गुल्म–अन्नादिक–घास में अवस्थित है। रुद्र इन समस्त भुवनों के सहित चराचर की उत्पत्ति–पालन–संहार–तिरोभाव–अनुग्रह आदि करने में समर्थ है। उस सर्वेश्वर रुद्र को हमारा बारंबार प्रणाम है।।अथर्ववेद 7.92.1।।

अन्नरूपी रुद्र : अग्नि रुद्र तादत्म्य

अपश्चा दग्धान्नस्य भूयासम्।

अन्नादायान्नपतये रुद्राय नमो अग्नये।
सभ्यः सभां मे पाहि ये च सभ्याः सभासदः।।
।।अथर्ववेद 19.55.5।।

मैं अन्न का स्वीकार करनेवाले अन्न के पति, रुद्ररूपी अग्नि के लिये नमस्कार करता हूँ। आप सभा के योग्य हैं, हमारी सभा की रक्षा करें। साथ ही सभा में बैठनेवाले सभासद आदि एवं सभा की रक्षा करें। हम जले अन्नवाले के पीछे नहीं होवें।।अथर्ववेद 19.55.5।।

पशुपति रूप अग्नि

यो नो अग्निर्गार्हपत्यः पशूनामधिपा असत्।।
।।अथर्ववेद 19.31.2।।

हमारा गार्हपत्य अग्नि पशुओं का अधिपति अर्थात् पशुपति (रुद्र) है।।अथर्ववेद 19.31.2।।

सोमारुद्र : सुरक्षा

सोमं ते रुद्रवन्तमृच्छन्तु।
ये माघायवो दक्षिणाया दिशोऽऽभिदासात्।।
।।अथर्ववेद 19.18.3।।

जो पापी दक्षिण दिशा से आकार हमें दास बनाना चाहते हैं, वे रुद्र से युक्त सोम के अधीन हों। दक्षिण "यम" का विशेषण है। अतः यह मन्त्र यम को रुद्र के अधीन कर सुरक्षा का है। आगम में रुद्र ने यम का वध किया, अर्थात् अधीन किया।।अथर्ववेद 19.18.3।।

सोम रुद्र : रक्षक

सोमो मा रुद्रैर्दक्षिणाया दिशः पातु तस्मिन्क्रमे तस्मिंछ्रये तां पुरं प्रैमि।
स मा रक्षतु स मा गोपायतु तस्मा आत्मानं परि ददे स्वाहा।।
।।अथर्ववेद 19.17.3।।

रुद्र एवं सोम हमें दक्षिण दिशा से सुरक्षित रखे। उसके लिये हम अपने आपको देते हैं। अर्थात् हम समर्पण करते है। यहाँ पुनः रुद्र एवं सोम से यम से मुक्ति की प्रार्थना है। दिव्य सोम अमृत है।।अथर्ववेद 19.17.3।।

रुद्र शान्ति मन्त्र

शं रुद्राः।।अथर्ववेद 19.9.10।।

रुद्र हमें शान्ति प्रदान करे।।अथर्ववेद 19.9.10।।

नील, हरित रुद्र ब्रह्म

नीलनखेभ्यः स्वाहा।।4।। हरितेभ्यः स्वाहा।।5।।
महागणेभ्यः स्वाहा।।17।।अथर्ववेद 19.22.4, 5, 17।।

यजुर्वेद शतरुद्रिय में रुद्र वृक्षों के अधिपति हैं। रुद्र हरे पत्तों के केशवाले हैं। रुद्र गणों के महा अधिपति हैं। अथर्ववेद के अंगिरा ऋषि ने इसे नये कलेवर में प्रस्तुत किया है। नीले नखोंवाले (नील आकाशवत केश एवं हाथ वाले) के लिये, हरे रंग (पत्तों) के लिये और महा गणों के लिये हम स्वयं अर्पण करते हैं।।अथर्ववेद 19.22.4, 5, 17।।

रुद्र : शान्ति मन्त्रम्

आदित्य रुद्रा वसवो जुषन्तामिदं ब्रह्म क्रियमाणं नवीयः।।

।।अथर्ववेद 19.11.4।।

यह नवीन स्तोत्र रुद्र, आदित्य एवं वसु सेवन करें। इस सूक्त के ऋषि वसिष्ठ हैं और देवता (विषय) बहुदैवत्यम् है। इसे अथर्ववेद का शान्ति सूक्त भी कहा गया है।।अथर्ववेद 19.11.4।।

ब्रह्म रुद्र : पंचभूत धारक

प्रयोजज्ञे विद्वानस्य बन्धुर्विश्वदेवानां जनिमा विविक्ति।
ब्रह्म ब्रह्मणउज्जभार मध्यान्नीचैरुच्चैः स्वधा अभि प्रतस्थौ।।

।।अथर्ववेद 4.1.3।।

इस प्रपंच का कारण सर्वज्ञ ब्रह्मा सम्पूर्ण प्राणियों के सहित देवताओं के जन्मों को भिन्न करने में समर्थ है। ब्रह्मा की सूत्रात्मक देह से व्यापक आकाश, वायु, अग्नि, जल और भूमि रूप अन्न प्रगट हुआ। अमृत शक्ति का भाग आकाशादि है।" तीन भूत ऊर्ध्व गतिवाले और मृत्यु शक्ति का भाग अधोगतिवाला जल भूमि है।" अमृत मृत्युक्रिया कार्य रूप से स्थित है। इन पँचभूतों को (रुद्र पुत्र) ब्रह्मा धारण करता है।।अथर्ववेद 4.1.3।।

रुद्रादि स्थान अगम्य

यत्रादित्याश्च रुद्राश्च वसवश्च समाहिताः।
भूतं च यत्र भव्यं च सर्वे लोकाः प्रतिष्ठिताः
स्कम्भं तं ब्रूहि कतमः स्विदेव सः।।अथर्ववेद 10.7.22।।

जहाँ रुद्र, वसु एवं आदित्य रहते हैं और जहाँ भूत, भविष्य, वर्तमान एवं सभी लोक आधार लिये हैं। उस सर्वाधार के विषय में कौन कह सकता है? यह ऋग्वेद के नासदीय सूक्त का नवविस्तार है।।अथर्ववेद 10.7.22।।

रुद्र : समष्टि व्यष्टि

पुण्डरीकं नवद्वारं त्रिभिर्गुणेभिरावृतम्।
तस्मिन्यद् यक्षमात्मन्वदत्तद्वै ब्रह्म विदो विदुः।।43।।
यत्र देवाश्च मनुष्या श्चारा नाभा विवश्रिताः।
अपांत्वा पुष्पं पृच्छामि यत्र तन्माययाहितं।।34।।

त्वं स्त्री त्वं पुमानसि त्वं कुमार उतवा कुमारी।
त्वं जीर्णोदण्डेन वंचसित्वं जातो भवसि विश्वतो मुखः।।27।।
उतैषां पितोतवा पुत्र एषामुतैषां व्येष्ठउतवाकनिष्ठः।
एको देवो मनसि प्रविष्टः प्रथमो जातः सउ गर्भे अन्तः।।28।।
।।अथर्ववेद 10.8.43, 34, 27, 28।।

तीन कार्य क्रिया कारणमय मूल (सत्, रज्, तम्) धर्मों से आवृत्त नवछिद्रवाला अथवा नव पंखड़ियों वाला कमल (नवदल कमल) समष्टि व्यष्टि हृदयाकाश है। उस हृदय में सभी द्वारा पूज्य रुद्र स्थावर जंगम व्यापी स्वरूप है। उस अद्वैत का श्रद्धायुक्त ध्यान के द्वारा ही वेदज्ञ साक्षात्कार करते हैं। व्यष्टि हृदय अपना अधिदेव सूर्यमण्डल हृदय है। समष्टि सत्यलोक है। तीन लोक आवरणों से परे आवरण रहित ब्रह्मलोक है। स्थूल मण्डल–जल–तेज इन तीनों से परभर्ग है। चेतन–देह, प्राण, अन्तःकरण से परे है।।43।।

होता सर्व कर्म के ज्ञाता ब्रह्मा नाम के ऋत्विक् से प्रश्न करता है। हे यज्ञकुशल ऋत्विक्! कृपया मेरे प्रश्नों का उत्तर दो। जैसे रथ के चक्र में आरे लगे होते हैं, उसी प्रकार सूत्रात्मक देहधारी ब्रह्मा में देव, दैत्य, राक्षस, गन्धर्व, पितर, मनुष्यादि प्राणिमात्र स्थित हैं। व्यापक प्राणशक्ति के प्रथम विकास रूप सभी के पितामह (ब्रह्मा) हैं। जो रुद्र स्वरूपा ब्रह्मा जिस समष्टि व्यष्टि देह में माया के द्वारा स्थित है, वह रुद्ररूप ब्रह्मा अनन्त स्वरूप है (समष्टि व्यष्टि देह में रुद्र ही ब्रह्मजीव रूप माया से स्थित है।)।।34।।

हे रुद्र! आप ही हैमवती उमा रूप से स्त्री–देवांगना–दैवीशक्ति मात्र हैं। हे रुद्र! आप महेश्वर रूप से पुरुष मात्र हैं। आप ही बाल मात्र हैं। आप ही कन्या (कात्यायनी) मात्र हैं। आप ब्रह्मारूप में वृद्ध हैं। आप सर्वव्यापी होने पर भी माया के द्वारा प्रगट होते हैं। यही सर्वाधार रुद्र की अद्भुत माया है।।27।।

रुद्र ही प्राणियों का उत्पादक पिता है और इनका पुत्र है। स्वयं रुद्र ही सर्वश्रेष्ठ (ज्येष्ठ) और लघु देव (कनिष्ठ) है। स्वयं प्रकाशी अद्वितीय रुद्र अपनी सृष्टि रचनात्मक क्रिया रूप अव्यक्त में एक रहा। एक से अनेक होऊँ के लिये माया के द्वारा प्रवेश किया। सो ही मायिक रुद्र सबकी उत्पत्ति से पहिले ब्रह्मारूप से अव्यक्त के मध्य में प्रगट हुआ।।अथर्ववेद 27, 28, 34, 43।।

रुद्र परमब्रह्म : विराट् रूप

यस्य भूमिः प्रमान्तरिक्ष मुतोदरम्।
दिवंयश्चक्रे मूर्धानं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः।।अथर्ववेद 10.7.32।।

ऋग्वेद के पुरुष सूक्त के अनुसरण में ही अथर्ववेद के दशम काण्ड का सातवाँ सूक्त है। यह उल्लेखनीय है कि पुरुष सूक्त को रुद्र का ही सूक्त माना गया है। अर्थात् विराट् पुरुष रुद्र परमब्रह्म है। इस पृष्ठभूमि में इस ऋचा को समझना सरल होगा।

उस विराट् का चरण भूमि और उदर अन्तरिक्ष है। विधाता विराट् का मस्तक स्वर्ग है। उस आदिपुरुष परमब्रह्म के प्रति मेरा प्रणाम है।।अथर्ववेद 10. 7.32।।

परमब्रह्म को नमन्

यस्य वातः प्राणावानौ चक्षुरंगिरसोभवन्।
दिशो यश्चक्रे प्रज्ञानी स्तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः।।
।।अथर्ववेद 10.7.34।।

विराट् पुरुष (ब्रह्म) देह का वायु प्राण अपान है। नक्षत्र गण प्रकाश है। उस विधाता ने दश दिशाओं के लिये चिन्ह बनाया। समस्त देवों में सर्वश्रेष्ठ ब्रह्म (स्वयं प्रकाशी रुद्र) की प्राप्ति के लिये हम नमस्कार करते हैं।।अथर्ववेद 10.7.34।।

रुद्र ही प्राण : रोग हरण प्रार्थना

अधि ब्रूहि मा रभथाः सृजेमं तवैव सन्त्सर्वहाया ऽहास्तु।
भवाशर्वो मृडतं शर्म यच्छतमपसिध्य दुरितं धत्तमायुः।।7।।
अस्मे मृत्यो अधि ब्रूहीमं दयस्वोदितां 3 यमेतु।
अरिष्टः सर्वांगः सुश्रुज्जरसा शतहायन आत्मना भुजमश्नुताम् ।।8।।
कृणोमि ते प्राणापानौ जरां मृत्युं दीर्घमायुः स्वस्ति।
वैवस्वतेन प्रहितान् यमदूतांश्चरतोऽप सेधामि सर्वान्।।11।।
।।अथर्ववेद 8.2.78।।

एकमेव रुद्र उत्पन्न पालन करने से "भव" पशुपति है, और संहार करने से "शर्व" है। रुद्र का द्विवचन में सम्बोधन भव शर्व है। हे रुद्र! आप प्राणशक्ति के आधार हैं। इस रोगी के प्राण नहीं लें, प्राण को छोड़ने का अनुग्रह करें। यह उपासक आपका ही है। यह सर्वरोग रहित सामर्थ्यवाला होवे। हे करुणामय रुद्र! इस यजमान पर भव शर्व नामवाले देवता दया करें एवं आप पापरूप व्याधि को नष्ट करके दीर्घ जीवन का स्थापन करो। "प्राणा वै वसवः।। प्राणाहीदं सर्वेवस्वाददते।।" प्राण ही अष्ट वसु हैं। प्राण ही इस

समूचे जगत् को वास कराते हैं। "प्राण वै रुद्राः।। प्राणाहीदं सर्वं रोदयंति।।" "प्राण ही रुद्र है।" प्राण ही इस समूचे शरीरों को शोक कराते हैं। "प्राणा वा आदित्याः।। प्राणाहीदं सर्व माददते।" "प्राण ही आदित्यं है। प्राण ही सम्पूर्ण जगत् को ग्रहण करता है। इस प्रकार प्राण के भिन्न–भिन्न नाम हैं। प्राण की उपाधियों से "एक ही रुद्र के इकतीस नाम हैं।" प्राण ही सबका रक्षक है। "प्राणो वै गोपाः।।" अतः प्राण ही रुद्र है। यह प्राण ही सभी को रुदन कराते हैं। "प्राणवावरुद्रा एतेहीदं सर्वं रोदयन्ति।।" यह भी पुनः प्रश्न उठा कि कितने रुद्र हैं? उसका उत्तर है : "पाँच प्राण एवं पाँच उपप्राण कुल दश प्राण देह में हैं और प्राणयुक्त ग्यारहवाँ जीवरूप रुद्र है। परन्तु उन अध्यात्म रुद्रों का अधिदेव स्वरूप ग्यारहवाँ रुद्र अन्तरिक्ष में है।" असंख्य त्रिलोक व्यापी अधिदैव रुद्रों का एक प्राणशक्ति अधिष्ठान महेश्वर रुद्र ही समष्टि स्वरूप है।।7।।

इसको आरोग्य प्राप्ति का उपदेश दो। इस पर इस समय मृत्यु दया करे। यह सभी प्रकार का अभ्युदय प्राप्त करे। इसके समस्त अवयव पूर्ण रीति से विकसित हों एवं निर्दोष रहें। यह ज्ञानवान होकर पूर्णायु होवे। यह अन्त तक अपने प्रत्यत्न से अपने लिये आवश्यक भोग प्राप्त करे।।8।।

प्राण–अपान, वृद्धावस्था, दीर्घायु आदि के कारण उपासक को सुख प्राप्त हो। उपासक को कष्ट देनेवाले को हम दूर करते हैं।।11 ।।अथर्ववेद 8. 2.7, 8, 11।।

YAJNAVIDYA : RT & SATYA

Yajna : The Life Giving Reality

यज्ञविद्या : ऋत एवं सत्य

Research & Compilation

RAM SHASTRI

TO BE PUBLISHED.....

वरुणविद्या रहस्यम्

VARUNVIDYA RAHASYAM

VARUN : Emperor of Gods Reigns Over Cosmic Oceans

Divine Water is Varun **Nectar is Water Water is Life**

Research & Compilation

RAM SHASTRI

Compilation : 5
Panch Mahabhoot : 2

PRITHVI VIDYA

Encyclopaedia of Spiritual, Divine and Material Knowledge

।।पृथिवीविद्या।।

Research & Compilation
RAM SHASTRI

Research & Compilation : 6
Panch Mahabhoot : 3

AKASHVIDYA

Science of Abundance

MAHA AKASH

Life Energy Of Cosmos : Essence Of Existence

Research & Compilation
RAM SHASTRI

Panch Mahabhoot : 4

SURYAVIDYA

SUN : SOUL OF EXISTANCE

सूर्यविद्या

Research & Compilation

RAM SHASTRI

Research & Compilation : 8
Panch Mahabhoot : 5, Last

Encyclopaedia of Life Energy

Research & Compilation

RAM SHASTRI

Research Compilation Series : 2

VED AOSHADHI KALPTARU

Vaidic Medicine Encyclopaedia

Sri Vaidyanath Rudra

Research & Compilation

RAM SHASTRI

कैलास महारहस्यम्
राम शास्त्री

KAILAS MAHARAHASYAM

Ram Shastri
Rashtriya Adhyatmik Punarjagran Abhiyan
Parmarth Nyaas

Research & Compilation :

KALPVRIKSHAVIDYA

Kalptaru : The Tree Of Emperor of Varun

Research & Compilation

RAM SHASTRI

Rashtriya Adhyatmik Punarjagran Abhiyan, India

To Be Published

Research & Compilation : 9

RUDRAVIDYA

RUDRA : The Primoradial Sat & Rt, Creator Of The Panch Bhoot & Tri Tattva

रुद्रविद्या

Research & Compilation

RAM SHASTRI

Catalogue of Catalogues of Sanskrit & Spiritual Book Publishers
National Register

प्रकाशकों के सूचीपत्रों का राष्ट्रीय रजिस्टर

ADHYATMIK GRANTHA GANGOTRI

RASHTRIYA ADHYATMIK PUNARJAGRAN ABHIYAN
PARMARTH TRUST
NATIONAL SPIRITUAL REJUVENATION ABHIYAN
SPIRITUAL THINK TANK OF INDIA
71, ARYA NAGAR ALWAR 301001 NCR RAJASTHAN
CHAIRPERSON : RAM SHASTRI # 09810267700
adhyatmikpunarjagran@gmail.com

Updated : 1 Jan, 2018

दिव्य संगीत : आध्यात्मिक धार्मिक महासंगीत रजिस्टर

REGISTER OF SPIRITUAL, RELIGIOUS MUSIC OF INDIA

RASHTRIYA ADHYATMIK PUNARJAGRAN ABHIYAN

PARMARTH TRUST

NATIONAL SPIRITUAL REJUVENATION ABHIYAN

SPIRITUAL THINK TANK OF INDIA

71, ARYA NAGAR ALWAR 301001 NCR RAJASTHAN

CHAIRPERSON : RAM SHASTRI # 09810267700

adhyatmikpunarjagran@gmail.com

Updated : 1 Jan, 2018

VISHNUVIDYA

VISHNU : Brahmandavyapini Tej
Bhāg : Vaidic Devta – Prarabdh, Bhagya, Sri, Samagra Aishvarya

विष्णुविद्या

\

Angkor Wat, Cambodia-Champadesh

Research & Compilation

RAM SHASTRI

Rashtriya Adhyatmik Punarjagran Abhiyan, India